RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 57
लखनऊ, मंगलवार, 15 दिसंबर, 2020
पृष्ठ 20 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
पायनियर
www.dailypioneer.com



सारा अली खान ने बताए पोज़ करने के राज विविध-12

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने अप्रवासी उद्यमियों और निवेशकों से आह्वान किया कि देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डालर और यूपी की अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर बनाने में वह अपना सहयोग प्रदान कर प्रधानमंत्री के सपने को साकार करें। उद्यमियों और निवेशकों के सहयोग से देश व प्रदेश को आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक तौर पर नई ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है। इन सभी के सहयोग से हम प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बनाने में सफल होंगे। मुख्यमंत्री रविवार देर रात वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप्र एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट एण्ड टूरिज्म ईवेन्ट को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि निवेशकों की सहूलियत के लिए राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक एमओयू हस्ताक्षरित करने वाले उद्यमी के साथ एक नोडल अधिकारी लगाया गया है जो उनसे फीडबैक लेकर उनकी समस्याओं का समाधान करता है और

## इंडो-अमेरिकी उद्यमियों को मुख्यमंत्री ने दिया निवेश का न्यौता

एमओयू के क्रियान्वयन की विभिन्न स्टेजों के विषय में भी जानकारी देता है। योगी ने कहा कि भारतवंशियों ने अपने परिश्रम और पुरुषार्थ से विश्व में अपनी पहचान स्थापित की है। मातृभूमि के प्रति उनका लगाव सराहनीय है। भारत और उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास में प्रवासी भारतवंशियों की रुचि और सकारात्मक सहयोग की इच्छा सराहनीय है। इस अवसर पर उद्यमी राकेश अग्रवाल, आकाश अग्रवाल, राजेश श्रोत्रिय, देवेन्द्र शुक्ला, डॉ. अनिल चोपड़ा तथा राजीव अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से संवाद किया और अपने विचार व्यक्त किए। इन उद्यमियों ने उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले 3 वर्षों में राज्य में निवेश का बेहतर माहौल बना है। अब बाहर रहने वाले निवेशक भी उत्तर



प्रदेश में निवेश करना चाहते हैं। वे सभी राज्य के सामाजिक कार्यों में भी सरकार के साथ सहयोग करना चाहते हैं। उद्यमियों ने नोएडा में शिक्षा, मनोरंजन, चिकित्सा-नेत्र चिकित्सालय के मेगा प्रोजेक्ट स्थापित करने में रुचि दिखायी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश आबादी की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। लगभग 24 करोड़ जनसंख्या का यह प्रदेश एक बड़ा बाजार भी है। प्रदेश पर प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा है। इस कृपा को सौभाग्य में बदलने की जरूरत है, जिससे प्रदेशवासियों का आर्थिक उन्नयन कर उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाया जा सके। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों से युक्त है। साथ ही हमारी सरकार प्रदेश में अवस्थापना विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। दुनिया की प्राचीनतम नगरी काशी, कुम्भ की धरती प्रयागराज, कृष्ण की जन्मस्थली मथुरा, गंगा, यमुना, सरयू जैसी पवित्र नदियां यहां हैं। आध्यात्मिक पर्यटन के साथ ही प्रदेश में ईको व हेरिटेज पर्यटन के भी व्यापक अवसर विद्यमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने भारत की सांस्कृतिक धरोहर को विश्व में मान्यता दिलायी है। भारतीय ऋषि परम्परा की देन योग को वैश्विक स्तर पर मान्यता मिली है। प्रधानमंत्री की पहल पर यूनेस्को ने कुम्भ को मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की मान्यता दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने प्रयागराज कुम्भ 2019 का भव्य एवं दिव्य आयोजन कर इसे सुरक्षा, सुव्यवस्था, स्वच्छता के आयोजन के रूप में वैश्विक मानचित्र पर स्थापित (शेष पेज 9)

## फिर औचक निरीक्षण पर निकलेंगे मुख्यमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सरकारी** योजनाओं का आईपैड से फीडबैक लेने और फाइलों के मूवमेंट की जांच करने वाले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जल्द नये अन्दाज और तेवर में दिखेंगे। मुख्यमंत्री जनता का मिजाज और साफ सफाई तथा अन्य सरकारी व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत जानने के लिए अचानक ही किसी भी शहर में कार से पहुंचेंगे। बीते शनिवार को मुख्यमंत्री ने अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना मुरादाबाद से गाजियाबाद की यात्रा करके अपनी आगे की रणनीति का संकेत भी दे दिया है। मुरादाबाद से गाजियाबाद जाते हुए मुख्यमंत्री को कई जगहों पर गंदगी दिखी और उन्हें कई शहरों में अफसरों के लापरवाह मिजाज का पता चला। जिसके चलते सोमवार को मुख्यमंत्री ने लखनऊ में साफ-सफाई का कार्य देखने वाले उच्चाधिकारियों को तलब कर सूबे के कई शहरों की साफ-सफाई की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने का निर्देश दिया। चर्चा है कि सूबे की चिकित्सा, शिक्षा और साफ-सफाई की हकीकत जानने के लिए मुख्यमंत्री राज्य के किसी भी जिले में अचानक कार से पहुंच सकते हैं। विदित हो कि मुख्यमंत्री बीते शनिवार को मुरादाबाद गए थे। वहां से उन्हें गाजियाबाद में कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन का लोकार्पण करने जाना था। कैलाश मानसरोवर भवन सीएम योगी का ड्रीम प्रोजेक्ट है। मुरादाबाद में कई कार्यक्रमों में शामिल (शेष पेज 9)

# दस किसान संगठनों ने कृषि मंत्री को दिया समर्थन पत्र

कृषि कानून

## छह राज्यों से हैं ये संगठन, तोमर बोले- आंदोलनकारी किसानों से बातचीत के लिए तैयार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**नए कृषि** कानूनों के खिलाफ किसानों का आंदोलन जारी है। सोमवार को आंदोलन का 19वां दिन था और किसान दिल्ली की सीमाओं पर सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक भूख हड़ताल पर बैठे। इस बीच, कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि उत्तर प्रदेश, केरल, तमिलनाडु, तेलंगाना, बिहार और हरियाणा के 10 किसान संगठनों ने कृषि कानूनों को सही बताया है और उनका समर्थन करते हुए पत्र सौंपा है। इससे पहले हरियाणा और उत्तराखंड के किसानों का प्रतिनिधिमंडल भी कृषि मंत्री से मिल चुका है। रविवार को उत्तराखंड के 100 से ज्यादा किसानों का प्रतिनिधिमंडल तोमर से मिला और उनसे आग्रह किया कि इन किसान हितैषी कानूनों को निरस्त नहीं किया जाए। उधर, आंदोलनकारी किसान इन तीनों कानूनों को वापस लेने से कम पर सुलह करने को राजी ही नहीं हैं। वहीं आंदोलन कर रहे किसानों के लिए तोमर ने कहा कि हम बातचीत के लिए तैयार हैं। वो हमारे प्रस्ताव पर अपना विचार बताएंगे तो हम निश्चित रूप से आगे बातचीत करेंगे। ऑल इंडिया किसान कोऑर्डिनेशन कमेटी (एआईकेसीसी) के बैनर तले इन किसान संगठनों ने केंद्र सरकार के तीनों नए कृषि कानूनों का खुलकर समर्थन किया। उन्होंने (शेष पेज 9)



नई दिल्ली में कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर से वार्ता करते किसान संगठनों के नेता। इन संगठनों ने कृषि कानूनों का किया समर्थन

### किसानों के हित के लिए लाए गए हैं कानूनः राजनाथ

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा लाए कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का विरोध तेज होने के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को जोर देकर कहा कि कृषि क्षेत्र 'जननी' है और इसके खिलाफ प्रतिगामी कदम उठाने का सवाल ही नहीं है। औद्योगिक संगठन फिक्की की आम बैठक को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि हाल में कृषि क्षेत्र में किए गए सुधार किसानों के बेहतर हित को ध्यान में रखकर किए गए हैं और सरकार हमेशा चर्चा और संवाद के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'कृषि क्षेत्र के खिलाफ प्रतिगामी कदम उठाने का सवाल ही नहीं है। हालिया सुधार भारत के किसानों की बेहतरी को ध्यान में रखकर किए गए हैं।' सिंह ने कहा, 'फिर भी हम अपने किसान भाइयों की हमेशा सुनने को (शेष पेज 9)

# भारतीय बलों के पराक्रम से चीन पीछे हटाः रक्षा मंत्री



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**वास्तविक** नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर तनाव के बीच रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि हिमालयी सीमाओं पर बिना उकसावे आक्रामकता दिखाती है कि दुनिया कैसे बदल रही है। चीन इस क्षेत्र में मौजूदा समझौतों का पालन नहीं कर रहा है। चीन का नाम लिए बिना राजनाथ ने कहा कि यह इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भी अपनी ताकत बढ़ाने की कोशिश में जुटा है। राजनाथ ने सशस्त्र बलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि सेना ने अनुकरणीय साहस और धैर्य का परिचय दिया और पूरी बहादुरी के साथ लड़ते हुए चीनी सेना पीएलए को वापस खदेड़ दिया।

### भारत किसी भी स्थिति के लिए तैयारः रावत

**कोलकाता।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने सोमवार को कहा कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) लद्दाख में चीन-भारत गतिरोध के बीच चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में विकास गतिविधियों को अंजाम दे रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय बल किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और देश में भी वैसी ही गतिविधियां अंजाम दी जा रही हैं। जनरल रावत ने यहां रडार की नजरों में न आने वाले स्वदेशी पोत हिमगिरि के जलावतरण के मौके पर संवाददाताओं से कहा, लद्दाख में गतिरोध अभी जारी है। चीन के तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र में कुछ विकास संबंधी (शेष पेज 9)

## एक घंटे तक ठप रहीं जीमेल समेत गूगल की कई सेवाएं

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**गूगल की** जीमेल, यूट्यूब समेत तमाम सेवाएं सोमवार शाम सवा पांच बजे अचानक ठप पड़ गईं। इससे लाखों यूजर्स को परेशानी का सामना करना पड़ा। तकनीकी कंपनी डाउनडिटेक्टर का कहना है कि गूगल सेवाएं काम न करने के बाद यूट्यूब पर बोझ पड़ा तो वह भी ठप हो गया। इस बारे में गूगल की ओर से कोई बयान जारी नहीं किया गया है। इससे यह पता नहीं चल पाया कि यह समस्या क्यों उत्पन्न हुई। शाम करीब 5.20 बजे गूगल की जीमेल सेवा और हैंगआउट समेत कई सेवाओं पर एरर का पेज दिखने लगा। कुछ देर यूट्यूब पर भी यही हाल था। बताया जाता है कि अन्य सेवाएं ठप होने से यूट्यूब पर बढ़े दबाव के कारण वह भी ठप हो गया। देखते ही देखते अमेरिका, यूरोप के साथ भारत में भी गूगल कॉन्टेक्ट्स, गूगल डॉक्स, गूगल ड्राइव समेत तमाम सेवाएं प्रभावित रहीं। एक घंटे तक यही हाल रहा। यहां तक कि गूगल प्ले स्टोर, शेयर डॉक्यूमेंट और (शेष पेज 9)

उद्योग मंडलों के संगठन फिक्की की वार्षिक आम बैठक को संबोधित कर रहे सिंह ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ सात महीने (शेष पेज 9)

# प्रत्येक सत्र में 100-200 लोगों को लगेगा टीका

## कोविड-19 टीकाकरण पर केंद्र ने जारी किए दिशानिर्देश, सबसे पहले स्वास्थ्य कर्मियों व 50 से अधिक के उम्र के लोगों को दी जाएगी डोज

## पहले चरण के तहत करीब 30 करोड़ आबादी का होगा टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** कोविड-19 टीकाकरण अभियान की तैयारी कर रहा है। सरकार ने एक विस्तृत टीकाकरण योजना तैयार की है, जिसके मुताबिक हर सत्र में केवल 100 लोगों को वैक्सीन दी जाएगी और यह प्रक्रिया चुनाव प्रक्रिया जैसी ही होगी। यदि व्यवस्था अनुमति देगी तो प्रत्येक सत्र में यह संख्या 200 तक जा सकती है। टीका देने के



बाद 30 मिनट तक निगरानी की जाएगी। टीकाकरण स्थल पर एक समय में केवल एक व्यक्ति को अनुमति होगी। हाल में राज्यों को जारी दिशा-निर्देशों के मुताबिक कोविड वैक्सीन इंटेलिजेंस नेटवर्क (को-विन) प्रणाली का इस्तेमाल टीकाकरण के लिए सूचीबद्ध लाभार्थियों का पता लगाने में किया जाएगा। टीकाकरण जिस स्थान पर होगा, वहां प्राथमिकता में रखे गए केवल पहले से पंजीकृत लोगों का ही टीकाकरण होगा और उसी स्थान पर पंजीकरण कराने की सुविधा नहीं होगी। ''कोविड-19 टीका संचालन दिशा-निर्देश' के मुताबिक टीके की शीशियों को सूरज की रोशनी से बचाकर रखने के लिए व्यवस्था की जाएगी। टीकाकरण के लिए व्यक्ति के पहुंचने पर टीके की शीशी को खोलना होगा। दिशा-निर्देश में कहा गया, 'सत्र के बाद आईस पैक के साथ बिना इस्तेमाल वाले सभी टीके को विवरण कोल्ड चेन स्थानों पर वापस भेजना होगा।' दिशा-निर्देश में कहा गया है टीका के संबंध में कई चुनौतियां से भी निपटना होगा। इसमें कहा गया, 'भारत में 1.3 अरब से ज्यादा लोगों का टीकाकरण सुनिश्चित करना एक चुनौतीपूर्ण काम है। इस संबंध में लोगों को समय पर सूचना मिलनी चाहिए। कम समय में परीक्षण के बाद टीका इस्तेमाल को लेकर लोगों के मन में सुरक्षा संबंधी, टीका के कारगर होने को लेकर कई तरह की धारणा और आशंकाएं हो सकती हैं। इस संबंध में सोशल मीडिया या मीडिया में अफवाह या नकारात्मक बातें भी फैलायी जा सकती है।'

टीकाकरण टीम में पांच सदस्य होंगे। हर दिन सत्र में 100 लोगों का टीकाकरण होना चाहिए। अगर टीकाकरण वाले स्थान पर समुचित व्यवस्था है और प्रतीक्षा कक्ष का इंतजाम है तो एक और सत्र का इंतजाम हो सकता है। सबसे पहले स्वास्थ्यकर्मियों, अग्रिम मोर्चे के कर्मियों और 50 (शेष पेज 9)

# आपातकाल को पूरी तरह असंवैधानिक घोषित करने की याचिका पर केंद्र को नोटिस

## 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश पर थोपी थी इमरजेंसी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने 1975 में देश में लागू किए गए आपातकाल को पूरी तरह असंवैधानिक घोषित करने के लिए दायर याचिका पर सोमवार को केंद्र को नोटिस जारी किया। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की अध्यक्षता वाली पीठ ने 94 वर्षीय महिला की याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त करते हुए कहा कि वह इस पहलू पर भी विचार करेगी कि क्या 45 साल बाद आपातकाल लागू करने की वैधानिकता पर विचार करना व्यावहारिक या आवश्यक है। पीठ ने इस याचिका पर सुनवाई के दौरान टिप्पणी की, हमारे सामने परेशानी है। आपातकाल कुछ ऐसा है, जो नहीं होना चाहिए था। पीठ सोच रही थी कि इतने लंबे समय बाद वह किस तरह की राहत दे सकती है। वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने वयोवृद्ध वीरा सरीन की ओर से बहस करते हुए कहा कि आपातकाल छल था और यह संविधान पर सबसे बड़ा हमला था क्योंकि महीनों तक मौलिक अधिकार निलंबित कर दिए गए थे। देश में 25 जून, 1975 की आधी रात को तत्कालीन प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी ने देश में आपातकाल की घोषणा कर दी थी। यह आपातकाल 1977 में खत्म हुआ था। साल्वे ने कहा कि याचिकाकर्ता ने आपातकाल के दौरान बहुत दुख झेले हैं और न्यायालय को देखना चाहिए कि उस दौर में इस वृद्धा के साथ किस तरह का व्यवहार हुआ। साल्वे ने कहा, दुनिया में, युद्ध अपराध के लिए सजा दी जा रही है। लैंगिक अपराधों के लिए सजा हो रही है। इतिहास को खुद को दोहराने की अनुमति नहीं दी जा सकती। महीनों तक नागरिकों के (शेष पेज 9)

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 46,253 | 154 |
| निफ्टी | 13,558 | 44 |
| सोना | 48,371 | 460 /10g |
| चांदी | 62,469 | 629 /kg |

### क्विक न्यूज

#### राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित होगा कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ से कानपुर के बीच प्रस्तावित एक्सप्रेस-वे को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया जाएगा। कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने राज्य सरकार से मंजूरी मांगी थी, जिसे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वीकार कर लिया है। शीघ्र ही इस बाबत राज्य सरकार द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र भारत सरकार को भेज दिया जाएगा। विदित हो कि कानपुर-लखनऊ एक्सप्रेस-वे राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण करने हेतु परियोजना की डीपीआर का कार्य मैसर्स इजिस (इंडिया) कन्सल्टिंग इंजीनियर्स प्रा.लि. द्वारा किया जा रहा है जिसकी कुल लम्बाई 63 किमी है। उक्त परियोजना का सरेखण भी निश्चित किया जा चुका है।

# अटल सुरंग की जानकारी व यात्रा के लिए छात्रों को प्रोत्साहन

## यूजीसी ने विश्वविद्यालयों व इंजीनियरिंग कालेजों से कहा-तकनीक की शानदार मिसाल है यह टनल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) ने विश्वविद्यालयों एवं इंजीनियरिंग कॉलेजों से कहा है कि वे छात्रों के बीच हिमाचल प्रदेश स्थित अटल सुरंग की जानकारी साझा करें और उन्हें प्रौद्योगिकी के इस प्रतीक की यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करें। आयोग ने निर्देश दिया है कि छात्र सुरंग की यात्रा करते समय केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जारी कोविड-19 के दिशानिर्देशों का अवश्य पालन करें। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अक्टूबर में रोहतांग स्थित अटल सुरंग का उद्घाटन किया था। इससे मनाली और लेह के बीच की दूरी 46 किलोमीटर कम हो जाएगी और चार से पांच घंटे समय की बचत होगी। यह दुनिया की सबसे बड़ी हाइवे सुरंग है। यूजीसी के सचिव रजनीश जैन ने विश्वविद्यालयों के




कुलपतियों को लिखे पत्र में कहा, बेहद कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों वाले क्षेत्र में निर्मित यह 9.02 किलोमीटर लम्बा सुरंग 10 हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित है और इसके लिए अत्याधुनिक एवं श्रेष्ठ सुरंग प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है। इसमें अग्निशमन, निगरानी सहित अन्य अत्याधुनिक प्रणाली एवं सुविधाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह अपेक्षित है कि देश में प्रौद्योगिकी के इस प्रतीक से जुड़ी विशिष्टताओं, इंजीनियरिंग कौशल, डिजाइन, योजना, निर्माण एवं परियोजना प्रबंधन के बारे में इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्रों को जानकारी प्रदान की जाए और उन्हें सुरंग देखने जाने के लिए प्रेरित किया जाए।

# बड़े सर्राफा कारोबारी के यहां आयकर विभाग का छापा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आयकर** विभाग की टीम ने सोमवार दोपहर चौक स्थित सर्राफा कारोबारी कैलाश चंद जैन के चार ठिकानों पर छापा मारा। आयकर विभाग की कार्रवाई शुरू होते चौक सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। कैलाश चंद जैन के चौक सर्राफा स्थित आदेश कुमार जैन और सिद्धार्थ जैन के दो शोरूम और उनके दोनों के स्थानीय आवासों पर छापे की कार्रवाई की गई। जांच के दौरान काफी दस्तावेज पाए गए हैं, जिनमें गड़बड़ी का अंदेशा व्यक्त किया गया है। आयकर विभाग की टीम ने सोमवार को दोपहर चौक स्थित सर्राफा कारोबारी कैलाश चंद जैन के सभी शोरूम पर छापे की कार्रवाई की। सर्राफा कारोबारी के शोरूम पर दोपहर में 2 घंटे तक चली कार्रवाई के उपरांत आयकर की टीम ने सर्राफा कारोबारी कैलाश चंद जैन की आवास की ओर रुख किया और देखते ही देखते कैलाश चंद जैन के आवासों पर छानबीन की कार्रवाई शुरू कर दी। आयकर विभाग की छापे की कार्रवाई देर शाम तक चलती रही। आयकर टीम के साथ में बड़े पैमाने पर पुलिस फोर्स भी मौजूद थीं। सर्राफा कारोबारी कैलाश चंद जैन के दुकानों व आवास पर आयकर विभाग द्वारा की जा रही कार्रवाई में सर्राफा व्यापार एसोसिएशन के महासचिव विनोद महेश्वरी को गवाह बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक सर्राफा व्यवसाई के यहां मारे गए छापे के दौरान कई महत्वपूर्ण दस्तावेज मिले हैं, जिनमें गड़बड़ी का अंदेशा व्यक्त किया जा रहा है जिसको देखते हुए आयकर विभाग ने सर्च कार्रवाई को रेड में तब्दील कर दिया। सर्राफा व्यापारी के दुकानों व आवास पर आयकर विभाग की (शेष पेज 9)

## फिल्म सिटी का डीपीआर बनाने वाली कंपनी का नाम तय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**दिल्ली से** सटे गौतमबुद्धनगर के यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के रबूपुरा और जेवर क्षेत्र में बन रही फिल्म सिटी के निर्माण के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) बनाने वाली कंपनी का नाम फाइनल हो गया है। पिछले शुक्रवार को टेक्निकल बिड में चयनित हुई चार कंपनियों ने प्रस्तुतीकरण दिया था, जिसमें से सोमवार को फिल्म सिटी की विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट के लिए सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का चयन किया गया है। यमुना प्राधिकरण की ओर से एक हजार एकड़ में दुनिया की सबसे बेहतरीन फिल्म सिटी के निर्माण कराने की योजना है। पिछले सप्ताह डीपीआर बनाने के लिए एनडीएस आर्ट वर्ल्ड प्राइवेट लिमिटेड, सीपी कुकरेजा आर्किटेक्ट्स, सीबीआरई साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड और एगिस इंडिया कंसल्टिंग इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड ने (शेष पेज 9)

# विकास प्राधिकरण अपने कामकाज में सुधार लाएं

## योजनाएं समयबद्ध होने के साथ-साथ जनहित पर केंद्रित हों और नागरिकों को अनावश्यक परेशान न किया जाए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने सूबे के सभी विकास प्राधिकरणों की कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार की जरूरत जताते हुये कहा कि प्राधिकरणों की योजनाएं समयबद्ध होने के साथ साथ जनहित पर केंद्रित हों और अनावश्यक नागरिकों को परेशान न किया जाए।

सीएम योगी ने सोमवार अपने आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा कि विकास प्राधिकरणों में कई स्तरों पर कार्यप्रणाली में व्यापक सुधार की जरूरत है। पहले सम्बंधित विभाग स्थानीय स्तर पर इनकी समीक्षा कर संचालित परियोजनाओं की स्थिति का परीक्षण कर लें, इसके बाद वह स्वयं भी एक-एक प्राधिकरण की समीक्षा करेंगे।

उन्होंने किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि सभी धान क्रय केन्द्रों पर प्रोक्योरमेन्ट की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि एमएसपी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) का लाभ किसानों को समय से मिले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी धान क्रय केंद्रों की समीक्षा की जाए।

सीएम योगी ने कहा कि कुछ अराजक तत्व व्यवस्था में गड़बड़ी करने की फिराक में हैं। कतिपय शिकायतें भी मिली हैं। इन लोगों पर सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। मुख्यमंत्री ने औद्योगिक निवेश के लिए ईज ऑफडूइंग बिजनेस को और सरल करने के निर्देश देते हुए इन्वेस्ट यूपी, यूपीसीडा और विकास प्राधिकरणों में योग्य और कर्मठ अधिकारियों की तैनाती की जरूरत बताई। उन्होंने बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षकों के अंतर्जनपदीय तबादलों की प्रक्रिया शीघ्रता से पूरी करने के निर्देश भी दिए और कहा कि इस संबंध में जो भी गतिरोध थे, अब समाप्त हो चुके हैं। यह युवाओं की सुविधा का विषय है। इसमें तत्परता बरती जाए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही केंद्रीय शहरी विकास मंत्री के साथ प्रदेश की स्मार्ट सिटी और अमृत योजना की समीक्षा की जाएगी। यह कार्य जनहित से जुड़े हैं। इनकी सतत निगरानी की जाए। अधिकारी इन्हें प्राथमिकता में रखें।

सीएम योगी ने नवलोकर्पित कैलास मानसरोवर भवन को प्रदेशवासियों के लिए बेहतरीन तोहफा बताते हुये कहा कि यह भवन कैलाश मानसरोवर यात्रा, सिन्धु दर्शन यात्रा, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री आदि यात्राओं के श्रद्धालुओं को समर्पित है। सीएम योगी ने सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों में व्यवस्था सुधार के निर्देश दिए और कहा कि अब हम सभी कोविड अनलॉक के एक नए चरण में प्रवेश कर रहे हैं, कोविड वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होने के आसार हैं, लेकिन इस बीच अन्य रोगों से ग्रसित रोगियों के उपचार में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चहिए। प्रदेश के सभी मेडिकल संस्थानों में ओपीडी की व्यवस्था सुचारु की जाए। इससे आम जनमानस को बड़ी सहूलियत होगी।

मुख्यमंत्री ने सहारनपुर, अलीगढ़ और आजमगढ़ में प्रस्तावित राज्य विश्वविद्यालयों तथा अटल बिहारी बाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय, लखनऊ के निर्माण शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन संस्थानों की स्थापना सरकार की प्राथमिकता में है। इनके डीपीआर शीघ्र तैयार कर लिए जाएं। यह परियोजनाएं जन महत्व की हैं, इनमें कतई विलम्ब नहीं होना चाहिए।

# ऊर्जामंत्री ने किया सोलर रूफटॉप पावर प्लांट का लोकार्पण



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऊर्जा** संरक्षण दिवस के अवसर पर यूपीनेडा भवन में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने ऊर्जा संरक्षण माह का शुभारम्भ किया। इससे पूर्व मंत्री ने यूपीनेडा की छत पर स्थापित 40 किलोवॉट क्षमता की सोलर रूफटॉप पावर प्लाण्ट का लोकार्पण भी किया। मंत्री ने यूपीएसडीए की वेबसाइट के माध्यम से आयोजित उत्तर प्रदेश ऊर्जा संरक्षण एवार्ड-2020 के विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं की घोषणा की, जिसमें इण्टर तक के स्कूल की श्रेणी में 6 स्कूलों को तथा विभिन्न उद्योगों एवं भवनों की 8 सेक्टर के 21 विजेता शामिल है। साथ ही सर्वाधिक ऊर्जा बचत करने वाले 5 उद्योगों एवं संस्थानों तथा डिस्कॉम श्रेणी में लक्ष्य से अधिक टीएण्डडी लॉसेज कम करने वाले पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम तथा केस्को को पुरस्कृत किये जाने की घोषणा की।

मंत्री ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण हमारी सरकार की प्राथमिकता है। उप्र शासन द्वारा इसके लिए काफी प्रयास किए जा रहे है। पहले एलईडी बल्ब की कीमत बहुत ज्यादा थी अब सरकार के प्रयासों से कीमत काफी कम हो गयी है। प्रदेश में अब तक लगभग 2.6 करोड़ एलईडी बल्ब के वितरित किये गये है जिससे 680 मेगावॉट विद्युत माँग में कमी आयी है। ऊर्जा संरक्षण की प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों का योगदान सराहनीय है क्योकि बच्चों के योगदान से बिजली एवं पर्यावरण बचाने में काफी मदद मिलेगी।

# प्रतापगढ़ में सड़क दुर्घटना पर सीएम ने दुख जताया

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रतापगढ़ में एक सड़क दुर्घटना में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को इस हादसे में घायल हुए लोगों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए हैं।

## शहीद के परिजनों को 50 लाख की मदद और नौकरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने छत्तीसगढ़ में कर्तव्य पालन के दौरान मुजफ्फरनगर निवासी सीआरपीएफ के शहीद डिप्टी कमाण्डेण्ट विकाश कुमार के शौर्य और वीरता को नमन करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है।

मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने शहीद के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने तथा जनपद की एक सड़क का नामकरण शहीद विकाश कुमार के नाम पर करने की भी घोषणा की है।

मुख्यमंत्री ने शहीद के परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि शोक की इस घड़ी में राज्य सरकार उनके साथ है। प्रदेश सरकार द्वारा शहीद के परिवार को हर सम्भव मदद प्रदान की जायेगी।

# यूपी में किसान सम्मेलन की शुरुआत

● कृषि कानून के बारे में जागरूक करेगी भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**यूपी** में बीजेपी ने केंद्रीय कृषि कानून को लेकर किसानों का भ्रम दूरे करने का काम शुरू कर दिया है। इसकी शुरूआत बस्ती और अयोध्या में बीजेपी प्रदेश प्रभारी राधा मोहन ने किसान सम्मेलन के जरिए की है। 17 दिसंबर को सीएम योगी बरेली में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे।

पार्टी के प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने कहा कि प्रदेश में हो रहे किसान सम्मेलनों में पहुंच रहे अन्नदाता किसानों का अभूतपूर्व समर्थन पीएम मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार को मिल रहा है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह 15 दिसम्बर को गोण्डा में दोपहर 2 बजे गौरव सिंह मेमोरियल डिग्री कालेज में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे जबकि उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या वाराणसी में दोपहर 1 बजे इण्डियन पब्लिक स्कूल में आयोजित किसान सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे। इसके साथ ही कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी वर्मा अमेठी, डा महेन्द्र सिंह मुरादाबाद व राज्यमंत्री नीलकंठ तिवारी प्रतापगढ में पार्टी द्वारा आयोजित किसान सम्मेलनों को सम्बोधित करेंगे। वहीं राधा मोहन सिंह ने बस्ती व अयोध्या में आयोजित किसान सम्मेलनों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया नया कृषि कानून किसान के हित में है।

नए कानून जहां एक तरफ देश के अन्नदाताओं की समृद्धि के नए रास्ते खोल रहा है वहीं किसानों को अपनी आय को दोगुना करने के लिए नए अवसर भी प्रदान कर रहा है। साथ ही दशकों से किसानों को बिचैलियों, मंडियों व दलालों की गिरफ्त में रखने वाली कांग्रेस की किसान विरोधी सोच की भी याद दिलाता है।

# कोविड-19 एक मुश्त समाधान योजना लागू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**श्रीकांत** ने बताया है कि सीएम योगी आदित्यनाथ उद्योग एवं व्यापार को अत्यधिक बढ़ावा दे रहें हैं। उनके निर्देश पर कोविड-19 एक मुश्त समाधान योजना लागू की गयी है जो 15 दिसम्बर से शुरू होकर 31 जनवरी 2021 तक लागू रहेगी। इस योजना में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के समस्त एलएमवी-2 (वणिज्यिक), एलएमवी-4बी (निजी संस्थान) एवं एलएमवी-6 (औद्योगिक) श्रेणी के बकायेदारों को उनके 30 नवम्बर 2020 तक के विद्युत बकाये पर सरचार्ज के रूप में लगायी गयी धनराशि में 100 प्रतिषत की छूट दी जायेगी।

उपभोक्ता को योजना में पंजीकरण सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता, एसडीओ कार्यालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीएससी केन्द्रों पर ऑनलाइन कराना होगा। कोविड-19 को देखते हुये पहली बार ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा दी गयी है। जिससे उपभोक्ता अपने घर से ही पूरी प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है। पंजीकरण के समय उपभोक्ताओं को उनके नवम्बर 2020 तक के विद्यत बीजक में प्रदर्शित मूल धनराशि का 30 प्रतिशत एवं 30 नवंबर 2020 के उपरान्त के वर्तमान देयों के साथ जमा कराना होगा।

अपर मुख्य सचिव ऊर्जा अरविन्द कुमार ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजना का लाभ उपरोक्त श्रेणी के प्रत्येक बिजली बकायेदार को मिले इसके लिये व्यापक अभियान चलाया जाये। सभी अधिकारी प्रतिदिन योजना की समीक्षा करें साथ ही उपभोक्ताओं के पंजीकरण एवं बिल संषोधन के लिये नियमित रूप से कैम्पों का आयोजन किया जाए।

# मथुरा जेल में बंद पीएफआई सदस्य मसूद ने दंगा भड़काने के लिए जुटाया था फंड

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने खुलासा किया है कि मथुरा जेल में बंद पीफआई सदस्य मसूद अहमद निवासी बहराइच ने ही हाथरस कांड के दौरान दंगा भड़काने के लिए फंड एकत्र किया था। एसटीएफ का यह भी मानना है कि मसूद के चलते ही बहराइच पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया एवं केंपस फ्रंट ऑफ इंडिया संगठन का नया केंद्र बनता जा रहा है। इस खुलासे के बाद नोएडा एसटीएफ ने अपनी जांच तेज कर दी है।

उल्लेखनीय है कि बीते अक्टूबर माह में हाथरस में एक दलित युवती की हत्या और कथित दुराचार के मामला देशभर में सुर्खियों में बना था और इस हत्या का आरोप गांव के ही युवकों पर लगा था। इस केस की जांच वर्तमान में सीबीआई कर रही है। हाथरस कांड पर बवाल के दौरान सात अक्टूबर को मथुरा के मांट टोल के समीप से पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया था। जिनके नाम अतिकुर्ररहमान, आलम, सिद्दीकी व मसूद अहमद से एसटीएफ नोएडा यूनिट ने पूछताछ की थी और इस पूछताछ में अहम जानकारियां मिली हैं। एसटीएफ ने रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी। एसटीएफ सूत्रों के अनुसार इनसे पूछताछ में जो तथ्य मिले हैं, उनकी पुष्टि रऊफ शरीक ने भी की है। उसकी गिरफ्तारी बीते शनिवार को त्रिवेंद्रम एयरपोर्ट से हुई है। रऊफ, मसूद और अतिकुर्ररहमान के बीच बैंक खातों में करोड़ों का लेनदेन मिला है, जिसका प्रयोग दंगा भड़काने में किया जाना था। वर्तमान में मामले की जांच यूपी एसटीएफकर रही है। एसटीएफ नोएडा यूनिट ने जब आरोपितों से पूछताछ की तो पता चला कि कुछ फर्जी कंपनियों के नाम पर बैंक में खाते खुलवाए गए थे। उनका प्रयोग दंगा भड़काने के लिए विदेश से मिलने वाली मोटी रकम के लिए किया जाता है। भारत में उन खातों का प्रयोग मसूद, अतिकुर्ररहमान व रऊफ कर रहे थे। यूपी एसटीएफ के आईजी अमिताभ यश का कहना है कि आरोपियों से रिमांड पर हुई पूछताछ में कुछ अहम जानकारी हाथ लगी है। हर बिंदु पर टीम जांच कर रही है।

## वन विभाग प्रदेश के विद्यालयों में करेगा पौधरोपण

**लखनऊ।** प्रमुख वन संरक्षक ने बताया कि हरियाली को बढ़ावा देने के लिए वन विभाग भारत सरकार की विद्यालय नर्सरी योजना के तहत प्रदेश में प्रतिवर्ष 1,000 विद्यालय चयनित कर प्रत्येक विद्यालय में 1000 पौधे लगाएगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश में प्रथम वर्ष 45 पौधशाला स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। पाठशाला की पौधशाला नाम से संचालित इस योजना में पर्यावरण में सुधार के साथ ही विद्यार्थियों में प्रकृति संरक्षण एवं पौध रोपण संस्कार के रूप में विकसित करने में भी सहायता मिलेगी। मुख्य वन संरक्षक ने बताया कि विद्यालय में प्रारम्भ से ही विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा विद्यालय नर्सरी योजना का शुभारम्भ किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद में भूमि की उपलब्धता के अनुसार विद्यालय का चयन कर नर्सरी स्थापित कर यह योजना वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 तक क्रियान्वित की जायेगी।

# ईज आफ डूइंग में कितने रोजगार उत्पन्न हुए बताए सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा है कि राज्य की योगी सरकार झूठ बोलने का रिकॉर्ड बना रही है। रोजगार देने के उसके दावे धरातल पर कहीं दिखायी नहीं दे रहे हैं। बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। राज्य कैबिनेट के पारित प्रस्ताव हों या ईज आफ डूइंग हो, वह कहीं यथार्थ के धरातल पर नहीं है। योगी सरकार के रोजगार देने के वादे और दावे पूरी तरह झूठ और जनता को भ्रमित करने वाले हैं। रोजगार पर योगी सरकार द्वारा रोजाना किये जा रहे दावे सिर्फ जुमला साबित हो रहे हैं।

लल्लू ने योगी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बेरोजगारों की आंखों में धूल झोंकने के लिये झूठ दर झूठ बोल रही है। बेरोजगारी विकराल रूप ले चुकी है। बेरोजगारों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में नाकाम सरकार बताये कि उसके द्वारा ईज आफ डूइंग में 2,35,492 इकाईयों में कितनी संचालित हो रही हैं, उसमें कितने बेरोजगारों को अब तक रोजगार प्राप्त हुआ, रोजगार के मुद्दे के साथ साथ कैबिनेट में अब तक पारित कितने प्रस्ताव धरातल पर आकार ले पाए हैं, ये आज यक्ष प्रश्न बना हुआ है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि यही नहीं उसकी भ्रष्टाचार व कानून व्यवस्था पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का हश्र यह हुआ है कि राज्य के उच्च पद पर बैठे अधिकारी की गिरफ्तारी के लिये इनाम घोषित करना पड़ रहा है और अधिकारी आराम से पुलिस की पकड़ से इनाम घोषित होने के बाद भी फरार चल रहे हैं और वह पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि योगी सरकार सिर्फ झूठे वादे और दावे करने एवं इवेंट मैनेजमेंट के जरिए प्रदेश के युवाओं और बेरोजगारों को सब्जबाग दिखाने का काम कर रही है किन्तु जमीनी सच्चाई ठीक इसके विपरीत हैं। उन्होने कहा कि यदि योगी सरकार में नैतिक साहस है तो उसे ईज आफ डूइंग में जितनी नई इकाइयों की घोषणा की गयी है उनमें कितनी संचालित हो रही हैं और उनसे कितने बेरोजगारों को रोजगार मिला, उसे सार्वजनिक करना चाहिए।

## प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मनाई गई संजय गांधी की जयंती

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्व. संजय गांधी की जयन्ती मनाई गयी। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि से हुई। इस मौके पर मौजूद वरिष्ठ नेताओं ने स्व. संजय गांधी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वण् संजय गांधी युगदृष्टा थे। स्व. संजय गांधी ने शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया और 20 सूत्रीय कार्यक्रम के जरिये समाज के निचले स्तर तक विकास को पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। स्वण् गांधी समाज में समानता के प्रमुख हिमायती रहे एवं दहेज प्रथा के प्रबल विरोधी रहे जिसके कारण उन्होने दहेज उन्मूलन पर जोर दिया था। इसी प्रकार स्व. गांधी ने श्रमदान, परिवार नियोजन एवं सफाई पर भी अधिक जोर दिया था। वरिष्ठ नेताओं ने कांग्रेसजनों से आवाहन किया कि आज के दिन स्व. गांधी के विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लें। इस मौके पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ल, प्रभारी प्रशासन दिनेश सिंह, शाहनवाज आलम, प्रवक्ता अशोक सिंह एवं बृजेंद्र कुमार सिंह, जावेद अहमद, वेद प्रकाश त्रिपाठी, मो. शोएब आदि कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# नए साल में आकार लेगा एसएसएफ पुलिस अफसरों की होगी तैनाती

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के विशिष्ट स्थानों व प्रतिष्ठानों की सुरक्षा के लिए योगी सरकार द्वारा बनाया गया विशेष सुरक्षा बल (एसएसएफ) नए साल में विधिवत आकार लेगा। दिसंबर के अंत में आईपीएस अधिकारियों के प्रमोशन के बाद नए साल की शुरुआत में एसएसएफ में सृजित किए गए पदों को भरा जाएगा। इसमें एडीजी से लेकर आईजी, डीआईजी और कमांडेंट तक की तैनाती की जाएगी। न्यायालयों समेत प्रतिष्ठित स्थानों की सुरक्षा के लिए एसएसएफ का गठन इसी वर्ष किया गया है। इसके लिए तमाम प्रक्रियाएं चल रही हैं। इस बल में अभी अधिकारियों की तैनाती नहीं की गई है। पहले चरण में पीएसी से निकाल कर पांच कंपनियों का गठन किया जा रहा है। इसके लिए फिलहाल एडीजी पीएसी को ही इस विंग का एडीजी बनाया गया है। एडीजी पीएसी के पास एडीजी सुरक्षा की जिम्मेदारी पहले से है। माना जा रहा है कि इस महीने के अंत में या फिर साल के शुरुआत में एसएसएफमें अधिकारियों की तैनाती की जाएगी। 31 दिसंबर से पहले आईपीएस अफसरों के प्रमोशन की प्रक्रिया भी पूरी हो जाएगी। इसमें 10 सेलेक्शन ग्रेड, 10 डीआईजी, 7 आईजी और चार नए एडीजी बनेंगे। इनमें से कुछ अधिकारियों की तैनाती एसएसएफमें भी की जाएगी।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद घाटमपुर कानपुर नगर।**

पत्रांक : 497/संशोधित सूचना/जलाऊ लकड़ी/2020-21 दिनांक-14-12-2020

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्र संख्या 494/जलाऊ लकड़ी/न0पा0प0घा0/2020-21 दिनांक 11.12.2020 के द्वारा जलाऊ लकड़ी क्रय करने हेतु निविदा सूचना इस समाचार पत्र के दिनांक 13 दिसम्बर 2020 के अंक में पृष्ठ 2 पर प्रकाशित की गयी थी। जिसमें त्रुटिवश निविदा खुलने का दिनांक 18.12.2020 के स्थान पर 10.12.2020 अंकित हो गया है।

अतः निविदा खुलने का दिनांक 10.12.2020 के स्थान पर 18.12.2020 पढ़ा जाए। शेष नियम एवं शर्त यथावत् रहेगी। सूचना तद्‌दिनांक तक संशोधित समझी जाए।

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद घाटमपुर
कानपुर नगर

**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, लखनऊ**

संख्या-2196/जि.आ.अधि./प्रतिभूति/वापसी/लखनऊ/दिनॉक 14, दिसम्बर, 2020

**विज्ञप्ति**

जनपद लखनऊ स्थित देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर एवं माडल शॉप के पूर्व अनुज्ञाषी, जो वर्ष 2009-10 से 2017-18 एवं 2019-20 तक की अवधि में अनुज्ञापी थे, तथा जिनके द्वारा अपनी जमा प्रतिभूति धनराशियाँ अद्यतन प्राप्त नही की गयी हैं ऐसे समस्त अनुज्ञापियों को सूचित किया जाता है कि अपनी-अपनी जमा प्रतिभूति धनराशि वापसी हेतु कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, लखनऊ में दिनॉक 15.12.2020 तक प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत कर दें, जिससे प्रतिभूति धनराशि वापसी हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुए भुगतान प्रकिया को शीघ्र निस्तारित किया जा सके। अन्यथा की स्थिति में विलम्ब से भुगतान हेतु वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**(विनेश कुमार शर्मा)**
**जिला आबकारी अधिकारी**
**लखनऊ।**

# किसानों के समर्थन में सपा ने किया धरना प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी** पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर किसानों के समर्थन में लखनऊ समेत प्रदेश के सभी जिलों में पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत सोमवार को सपा कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा शांतिपूर्ण ढंग से धरना दिया। सपा प्रवक्ता ने बताया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन के बावजूद भी पुलिस ने बर्बरता से लाठीचार्ज किया और हजारों की संख्या में गिरफ्तारी की गई। सभी जनपदों में पार्टी के जिला तथा महानगर अध्यक्षों ने धरना प्रदर्शन का नेतृत्व किया। हर जगह सैकड़ों की संख्या में लोग जुटे थे, कासगंज में बैलगाड़ी और भदोही तथा बुलन्दशहर में ट्रैक्टर भी प्रदर्शन में शामिल किए गए।

पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर रोक लगाकर लोकतंत्र की हत्या हो रही है। भाजपा सरकार चाहे जितना दमन और अत्याचार कर ल, अन्नदाता से अन्याय पर समाजवादियों का संघर्ष सड़क से लेकर सदन तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा किसान नाराज हैं और दिल्ली में धरने पर बैठे हैं। आखिर ऐसी स्थिति क्यों उत्पन्न हुई। श्री यादव ने कहा कि सन् 2022 में प्रदेश में समाजवादी सरकार बनेगी। किसानों के माफिक जनहित के कदम उठाए जाएंगे। किसान को पूरा सम्मान और सुरक्षा मिलेगी। किसानों ने अंगड़ाई ली है। उनको अपमानित करने का भाजपा जो खेल खेल रही है उसका खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ेगा। सत्ता के नशे में भाजपा संवेदनहीन बनती जा रही है। सपा प्रवक्ता के मुताबिक लखनऊ में जिला तथा महानगर के पदाधिकारियों के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय, कैसरबाग से जब कलेक्ट्रेट की ओर कूच करना चाहा तो पुलिस ने बल प्रयोग कर उन्हें रोक दिया। पुलिस के लाठीचार्ज में तमाम कार्यकर्ता घायल हो गए। पुलिस ने बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया। नेता विरोधी दल रामगोविन्द चौधरी ने घर पर पुलिस द्वारा नज़रबंद किए जाने का विरोध करते हुए किसानों के समर्थन में अपने गौतमपल्ली लखनऊ स्थित आवास के बाहर धरना दिया।

प्रदर्शन में जयसिंह जयंत, सुशील दीक्षित, अनुराग यादव, पूर्व मंत्री केके गौतम, पूर्व विधायक इंदल रावत एवं रविदास मेहरोत्रा, रेहान नईम, गोमती यादव, डॉ रामकरन निर्मल, विकास यादव, विजय सिंह, रामसागर, दीपक रंजन, सीएल वर्मा, नवीन धवन बंटी, टाइगर एवं जीतू पार्षद, महेन्द्र यादव, डॉ राजवर्धन जाटव आदि शामिल थे।

# किसान आन्दोलन के समर्थन में रालोद ने किया हवन



**लखनऊ।** किसान विरोधी कृषि कानूनों को वापस लेने की मांग को लेकर किसान आन्दोलन के समर्थन में पूरे उप्र में सोमवार को राष्ट्रीय लोकदल के जिला मुख्यालयों पर केन्द सरकार की सदबुद्धि के लिए राष्ट्रीय लोकदल के पदाधिकारियों और कार्यकर्ता द्वारा हवन किया गया। वहीं राजधानी लखनऊ में प्रदेश कार्यालय पर स्थित चौधरी साहब की प्रतिमा के सम्मुख रालोद पदाधिकारियों द्वारा बुद्धि शुद्धि हवन किया गया। यज्ञ के पश्चात रालोद पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुये प्रदेश अध्यक्ष डॉ मसूद अहमद ने कहा कि केन्द्र सरकार की हठधर्मिता के कारण पूरे देश का किसान आन्दोलित है। भीषण ठण्ड के मौसम में सरकार ने इन निहत्थे किसानों पर आंसू गैस तथा वाटर कैनन का भी बलपूर्वक प्रयोग किया लेकिन उनकी मांगों पर विचार नहीं किया। कृषि प्रधान देश में इन डबल इंजन की सरकारों द्वारा देश के किसानों का यह ऐतिहासिक अपमान भारतीय लोकतंत्र पर बदनुमा दाग है जिसकी निंदा विश्व पटल पर भी हो रही है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने भी किसानों के समर्थन में कहा कि 19 दिनों से लगातार किसान आन्दोलनरत् हैं, भीषण शीतलहर में अन्नदाता अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है लेकिन सरकार अपने घमण्ड में चूर किसानों की बात नहीं मान रही है।

**भारतीय रिज़र्व बैंक**
पर्यवेक्षण विभाग,
8-9, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

यू.पी. सिविल सेक्रेटेरिएट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि., लखनऊ, उत्तर प्रदेश

**प्रेस प्रकाशनी**

**भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा जारी निदेश की वापसी – यू.पी. सिविल सेक्रेटेरिएट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि., लखनऊ, उत्तर प्रदेश**

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 35क के यू.पी. सिविल सेक्रेटेरिएट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि., लखनऊ, उत्तर प्रदेश को दिनांक सितंबर 19, 2018 के निदेश जारी किए गए थे। उपर्युक्त निदेश को भारतीय रिज़र्व बैंक के निदेशों द्वारा संशोधित किया गया/उसकी वैधता अवधि को बढ़ाया गया था जो कि दिनांक 18 सितंबर, 2020 के निदेश पवि.कें.का.एआईडीसं0/डी-22/12.28.029/2020-21 के तहत दिसंबर 25, 2020 तक वैध है।

इस पर संतुष्ट होने पर कि जनहित में ऐसा करना आवश्यक है, भारतीय रिज़र्व बैंक ने बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 (सहकारी समितियों पर यथा लागू) की धारा 35क की उपधारा (2) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्‌द्वारा यू.पी. सिविल सेक्रेटेरिएट प्राइमरी को-आपरेटिव बैंक लि., लखनऊ, उत्तर प्रदेश पर लागू निदेशों (समय – समय पर संशोधित) को वापस ले लिया है।

इस निदेश की प्रतिलिपि इच्छुक आम जनता के अवलोकनार्थ बैंक परिसर में प्रदर्शित की गई है। इसके बाद बैंक नियमित रूप से बैंकिंग कारोबार जारी रखेगा।

लखनऊ
15 दिसम्बर 2020

क्षेत्रीय निदेशक

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# ऐसे विद्यार्थी गढ़ें, जो विश्व कल्याण की भावना से ओत-प्रोत हों: राज्यपाल

## हम सब पीएम के आभारी हैं कि उन्होंने विकलांगता शब्द को दिव्यांगता का नाम दिया: योगी

## डॉ. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षान्त समारोह सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल ने कहा कि वास्तव में शिक्षा के माध्यम से हमें ऐसे विद्यार्थियों को गढ़ना है जो राष्ट्र गौरव के साथ-साथ विश्व कल्याण की भावना से ओत प्रोत हों और वे सही मायने में ग्लोबल सिटिजन बन सकें। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि आंगनवाड़ी केन्द्र पर भी दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष शिक्षा की व्यवस्था की जानी चाहिए। इसके लिये जरूरी है कि शिक्षकों को नई शिक्षा नीति के तहत प्रशिक्षण दिया जाय। साथ ही एक देश एक पाठ्यक्रम की व्यवस्था भी लागू होनी चाहिए।

सोमवार को डॉ शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षान्त समारोह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय दिव्यांग विद्यार्थियों के पठन पाठन, आकलन एवं उनके मूल्यांकन की विधियों में व्यापक सुधार के संबंध में विचार कर अपेक्षित सुधारों को लागू करें। उन्होंने अभिभावकों का आह्वान किया कि वे नई शिक्षा नीति को जानें और उसे प्राथमिक, माध्यमिक तथा उच्च स्तर तक लागू करने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें। आज की परिस्थिति में 60 प्रतिशत शिक्षक कार्य आनलाइन हो रहा है जबकि 40 प्रतिशत अध्यापकों के माध्यम से हो रहा है। हमें अपनी पीढ़ी को कुशल नागरिक बनाना है। देश के लिये कुछ कार्य करने है। अत: हमें सोचना चाहिए कि मैंने देश के लिये क्या किया और मैं देश के लिये क्या कर सकता हूं। हमें इसी सोच के साथ आगे बढ़ना है। उन्होंने कहा कि इस शिक्षा नीति में तकनीकी शिक्षा, भाषाई बाध्यताओं को दूर करने, दिव्यांग विद्यार्थियों के लिये शिक्षा को सहज और सुगम बनाने आदि के लिये तकनीकी के प्रयोग को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मेडल लेने वाले छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब प्रधानमंत्री के आभारी हैं कि उन्होंने विकलांगता शब्द को दिव्यांगता का नाम दिया। उन्होंने अनुभव किया कि प्रत्येक दिव्यांगजन के अंदर कोई न कोई दिव्य शक्ति अवश्य होती है। उस दिव्य शक्ति का एहसास समाज को होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना काल में यूपी सरकार ने 10.68 लाख दिव्यांगजनों को पेंशन देने का कार्य किया है। उनके जीवन स्तर में सुगमता लाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से सहायक उपकरण, ट्राई साइकिल और अन्य उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई। सरकार दिव्यांगजन के हित में हर संभव प्रयास कर रही है।

## हम बढ़े, बढ़ते रहे, कुलगीत पर दिव्यांगों ने साबित की दिव्यता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**डॉ.** शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय के 7वें दीक्षांत समारोह के दौरान विवि के कुलगीत हम बढ़े, बढ़ते रहे बढ़ते चले को दिव्यांग छात्रों ने सच साबित कर दिखाया। समारोह में दृष्टिहीन राम दरश, मोनू सिंह, सावित्री और अतुल सहित 11 दिव्यांगों ने 14 मेडल हासिल कर अपनी दिव्यता को साबित कर दिया। जैस जैसे दिव्यांगों के गले में मेडल पड़ते जा रहे थे, वैसे वैसे सभागार में करतल ध्वनि की गूंज बढ़ती जा रही थी। मेडल पाने के बाद दिव्यांगों के चेहरे मानों बयां कर रहे थे कि उनके शरीर में मौजूद दिव्य शक्ति ही उनके जीवन की ज्योति है। समारोह में 122 सामान्य और दिव्यांग विद्यार्थियों को कुल 151 मेडल कुलाध्यक्ष और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने दिए। साथ ही मुख्यमंत्री ने 125 करोड़ की पूरी हुई योजनाओं का लोकार्पण किया। भारतीय पोशाक में शिक्षकों की शैक्षिक यात्रा के साथ दीक्षांत समारोह की शुरूआत हुई। सभागार में यात्रा के पहुंचने पर राष्ट्रगान हुआ और कुलपति ने अतिथियों को स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री, राज्यपाल ने मुख्य अतिथि की मौजूदगी में विश्वविद्यालय के 11 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विवि पर बने डाक टिकट जारी किया गया। इसी समय सभागार के सामने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की प्रतिमा और परिसर में उनकी कविता पर बनी वीथिका का लोकार्पण किया गया। साथ ही अन्य कई भवनों का लोकार्पण किया गया। और फिर कुलाध्यक्ष आनंदबेन पटेल की अनुमति से विधिवत दीक्षांत समारोह प्रारम्भ हुआ। कुलपति प्रो. राणा कृष्ण पाल सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया। साथ ही कुलपति ने डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षा उपदेश प्रदान किया। इसके साथ ही शुरू हुआ मेडल देने का सिलसिला। सबसे पहले चांसलर गोल्ड मेडल रोहित श्रीवास्तव, सिल्वर मेडल आदित्य कुमार रावत और ब्रांज मेडल आकांक्षा सिंह को कुलाध्यक्ष आनंदीबेन पटेल ने गले में पहनाया तो सभागार में बैठे लोगों ने करतल ध्वनि से उनका स्वागत किया।

# समय के अनुरूप नहीं चले तो पिछड़ जाएंगे: सीएम



## मुख्यमंत्री ने एसजीपीजीआई के 37वें स्थापना दिवस को सम्बोधित किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अगर हम समय की धारा के अनुरूप नहीं चले तो पिछड़ जाएंगे। एम्स जैसे संस्थान से आपकी प्रतिस्पर्धा अब होने वाली है। अपनी तकनीकी को और बेहतर करें। पीजीआई, केजीएमयू अपनी ओपीडी भी शुरू करें। मुख्यमंत्री सोमवार को एसजीपीजीआई के 37वें स्थापना दिवस को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पीजीआई के ट्रामा सेंटर को पहले कहा जा रहा था कि ये चलाएं वो चलाएं, लेकिन हमने कहा कि एसजीपीजीआइ का है तो वो क्यों नहीं चलाए। जब चलाया तो मरीज आज वहां से संतुष्ट होकर भी जा रहे हैं। जिस संस्थान ने अच्छा काम किया और जिसने बुरा काम किया, जनता ने उनके प्रति वैसी प्रतिक्रिया भी व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना की सुविधा भी गरीब मरीजों को मिलनी चाहिए। उन्हें बिना सिफारिश के सुविधा मिले। ऑर्गन, लिवर व हार्ट ट्रान्सप्लांट अब तक पीजीआई में प्रारंभ हो जाने चाहिए थे। इसकी दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ाने होंगे वरना हम पीछे हो जाएंगे। पीजीआइ की जो साख है, उस ओर खरा उतरना होगा। छोटी छोटी बातों पर कार्य बाधित नहीं होना चाहिए। अच्छा करेंगे तो यश मिलेगा और भागेंगे तो अपयश। सीएम ने कहा कि एसजीपीजीआई के 37 वर्ष गौरवशाली रहे हैं। आसपास के राज्य भी इसे उम्मीद के तौर पर देखते हैं। जब एसजीपीजीआई कहता था कि हमें एम्स जैसी मान्यता मिले तो मुझे बुरा लगता था। क्योंकि एसजीपीजीआई स्वयं उससे बेहतर कर सकता है। प्रदेश में गोरखपुर और रायबरेली एम्स भी शुरू हो रहा है। जनता कर्फ्यू के दिन राष्ट्रपति का फोन आया कि यूपी का क्या होगा। अगर सभी प्रवासी यूपी आये तो क्या होगा, अगर हम भी भागे होते तो क्या लोगों को बचा पाते। ऐसा कोई दिन नहीं हुआ कि मैंने इसकी फिजिकली या वर्चुअली बैठक न ली हो। उन्होंने कहा कि पहले सिर्फ 12 मेडिकल कॉलेज ही बन पाए थे। हम 30 मेडिकल कॉलेज नए बना रहे हैं। आप सोचिए कि हम कितनी तेज़ी से काम कर रहे हैं। सभी जिलों के एडवांस लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस दे रहे हैं। हमने कहा था कि हम कोरोना की लड़ाई जीतेंगे। आज तमाम संस्थाएं हमारे प्रयासों की सराहना करने से खुद को रोक नहीं सके। इसमें एक एक संस्थान का योगदान रहा। बहुत जगह प्राइवेट मेडिकल कॉलेज को भी कोविड के रूप में विकसित किया। हम चाहते थे कि कोविड व नॉन कोविड अलग अलग रहें। हमें सफलता भी मिली। कोविड वार्ड में हमने सीसीटीवी भी लगाए कि मरीजों की देख रख हो रही है या नहीं। हालांकि, यह स्थिति नहीं आने देना चाहिए था। मगर आई तो उसका समाधान किया। सीएम योगी ने कहा कि टेलीमेडिसिन आज की आवश्यकता है।

कोविड काल में हमने डेडिकेटेड हॉस्पिटल बनाये। जहां मेडिकल कालेज नहीं थे, वहां के जिला अस्पताल को कोविड मरीजों के लिए तैयार किया। हर जिले के लिए कमांड सेंटर बनाये। जिसमें सीएम कार्यालय भी शामिल था। इस दौरान यह बात सामने आई कि बहुत से जिलों में विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं थे। इसलिए हमने केजीएमयू एसजीपीजीआइ और लोहिया को वर्चुअल आइसीयू शुरू करने को कहा।

## तैयारियों के चलते कोविड पर काबू पाने में सफल रहे: डॉ. भार्गव

**लखनऊ।** आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव ने कहा कि कोविड 19 महामारी के समय में की गई तैयारियों से इस बीमारी को वैज्ञानिक रूप से नियंत्रित करने में हम सफल रहे हैं। डॉ भार्गव सोमवार को संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान के 37 वें स्थापना दिवस को सम्बोधित कर रहे थे।इस अवसर पर संस्थान के निदेशक प्रोफेसर आर के धीमान ने उपस्थित सम्मानित अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की प्रगति रिपोर्ट का लेखा जोखा प्रस्तुत किया। संस्थान के डीन प्रोफेसर एस के मिश्रा ने समारोह के व्याख्याता प्रोफेसर बलराम भार्गव महानिदेशक आईसीएमआर का औपचारिक परिचय दिया। चिकित्सा शिक्षा वित्त और संसदीय मामलों के मंत्री सुरेश खन्ना ने संस्थान की स्थापना वर्ष से लेकर आज तक हुई प्रगति के लिए संस्थान परिवार के सभी सदस्यों के योगदान की प्रशंसा की। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन के साथ एमओयू की भी घोषणा की गई। जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य के छह मेडिकल कॉलेजों में टेलीमेडिसिन की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी जिससे वहां भी वर्चुअल आईसीयू की व्यवस्था बनाई जा सके और ऐसी किसी भी महामारी का सर्वोत्तम प्रबंधन किया जा सके। वहीं इस अवसर पर संस्थान के कई सदस्यों को विभिन्न श्रेणियों में डाक्टर, स्टाफ नर्स व तकनीशियन को उनके योगदान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान में प्रथम बार सर्वोत्कृष्ट शोध कार्यों के लिए 11 पुरस्कार भी दिए गए। वहीं संस्थान के स्थापना दिवस समारोह के मौके पर प्रात: काल में वृक्षारोपण कार्यक्रम हुआ। जिसमें निदेशक प्रोफेसर आर के धीमन, डीन प्रोफेसर एस के मिश्रा, डाक्टर वी के कपूर, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अमित अग्रवाल और डाक्टर आदित्य कपूर और अन्य सभी सदस्यों ने पौधरोपण किया।

**पूर्वोत्तर रेलवे** — सूचना सं. 157/2020

**रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि घने कोहरे एवं खराब मौसम से पारिचालनिक कठिनाइयों के कारण निम्न गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं आवृत्ति में कमी दिनांक 16-12-2020 से 31-01-2021 तक निम्न प्रकार से होगा।

**पूर्ण निरस्तीकरण**

| क्र. सं. | गाड़ी सं. | स्टेशन से स्टेशन तक | निरस्तीकरण की तिथि प्रारम्भिक स्टेशन से | |
|---|---|---|---|---|
| | | | से | तक |
| 1 | 05909 | डिब्रूगढ़–लालगढ़ | प्रतिदिन | 16-12-2020 to 31-01-2021 |
| 2 | 05910 | लालगढ़–डिब्रूगढ़ | प्रतिदिन | 19-12-2020 to 03-02-2021 |
| 3 | 05933 | डिब्रूगढ़–अमृतसर | साप्ताहिक | 22-12-2020, 29-12-2020, 05-01-2021, 12-01-2021, 19-01-2021, 26-01-2021 |
| 4 | 05934 | अमृतसर–डिब्रूगढ़ | साप्ताहिक | 25-12-2020, 01-01-2021, 08-01-2021, 15-01-2021, 22-01-2021, 29-01-2021 |

मुजाधि/टी–78 — मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

# बर्खास्त एसओ की जमानत अर्जी खारिज

## महोबा के क्रेशर व्यापारी की मौत का मामला

विधि संवाददाता। लखनऊ

**महोबा** के क्रेशर व्यापारी इंद्रकांत को आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में निरुद्ध कबरई के बर्खास्त थानाध्यक्ष देवेंद्र शुक्ला की जमानत अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दिया है। विशेष जज गौरव शर्मा ने प्रथम दृष्टया इसके अपराध को गंभीर करार दिया है। अभियोजन की ओर से इसकी जमानत अर्जी का जोरदार विरोध करते हुए कहा गया कि मुल्जिम पर लोकसेवक के पद पर रहते हुए न सिर्फ अवैध उगाही बल्कि व्यापारी इंद्रकांत को आत्महत्या के लिए उकसाने का भी आरोप है। बीते 20 नवंबर को इसे गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया था। सरकारी वकील डीसी यादव ने अर्जी का विरोध करते हुए यह भी तर्क दिया कि इस मामले में निरुद्ध दो अन्य मुल्जिम ब्रह्म दत्त तिवारी व सुरेश सोनी की जमानत अर्जी खारिज हो चुकी है। मुल्जिमों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल है। 11 सिंतबर 2020 को इस मामले की एफआईआर मृतक इंद्रकांत के भाई रविकांत त्रिपाठी ने महोबा के थाना कबरई में दर्ज कराई थी। इस मामले में देवेंद्र के अलावा सिपाही अरुण कुमार यादव के साथ ही महोबा के तत्कालीन एसपी मणिलाल पाटीदार को भी नामजद किया गया है। मणिलाल पाटीदार के खिलाफ कुर्की की कार्यवाही की नोटिस भी जारी है।

## पशुधन घोटाला मामले में आईपीएस अरविंद सेन की अर्जी हुई खारिज

**लखनऊ।** पशुधन घोटाला मामले में वांछित सीनियर आईपीएस अफसर अरविंद सेन के खिलाफ जारी गिरफ्तारी वारंट को रिकाल करने की मांग वाली अर्जी भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विशेष अदालत ने खारिज कर दी है। बीते 10 दिसंबर को विशेष जज संदीप गुप्ता ने इस मामले की विवेचक व एडीशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस गोमतीनगर श्वेता श्रीवास्तव की अर्जी पर अरविंद सेन के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आदेश दिया था। सोमवार को विशेष अदालत में अरविंद सेन की ओर से गैर जमानती वारंट को रिकाल करने की अर्जी दी गई। यह कहते हुए कि इस मामले में उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई विचाराधीन है। ऐसे में इस दौरान उनकी गिरफ्तारी से अग्रिम जमानत याचिका आधारहीन हो जाएगी। लिहाजा उनके विरुद्ध जारी गैर जमानती वारंट को रिकाल किया जाए। दूसरी तरफसोमवार को इस मामले में वांछित सिपाही दिलबहार यादव की ओर से सरेंडर करने की अर्जी दाखिल की गई। विशेष अदालत ने इस अर्जी पर सुनवाई के लिए 14 दिसंबर की तारीख मुकर्रर कर दी।

## केजीएमयू ने बदली व्यवस्था, ओपीडी में देखे जाएंगे ज्यादा मरीज

**लखनऊ।** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय ने गांधी मेमोरियल एवं एसोसिएट हॉस्पिटल में कोरोना के कारण ओपीडी में देखे जाने वाले मरीजों की संख्या को बढ़ाने का फैसला किया है। इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रो एसएन संखवार द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि बीती 13 अक्टूबर को जारी आदेशों के क्रम में कुलपति द्वारा मरीजों के हित को देखते हुए ओपीडी में आने वाले मरीजों की इसी में संख्या को और बढ़ाने का फैसला किया है इसके तहत अब सुपर स्पेशलिटी डिपार्टमेंट में रोज 75 मरीज देखें जा सकेंगे जबकि मेडिसिन विभाग जनरल सर्जरी विभाग और स्त्री एवं प्रसूति विभाग में 150 मरीज रोज ओपीडी में देखे जाएंगे। इसके लिए केजीएमयू के ई हॉस्पिटल में पहले रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया पूर्व की भांति जारी रहेगी साथ ही शेष दूसरी शर्तें भी जारी रहेंगी।

## राज्य सभा सदस्यों के निर्वाचन को चुनौती

**लखनऊ।** बीते दो नवंबर को निर्विरोध निर्वाचित 10 राज्य सभा सदस्यों के निर्वाचन को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ में चुनौती दी गई है। पीठ के समक्ष यह चुनावी याचिका प्रकाश बजाज ने दाखिल की है। याचिकाकर्ता के वकील विवेक कुमार सिंह के मुताबिक प्रकाश बजाज ने भी नामांकन दाखिल किया था। लेकिन उनके नामांकन पत्र को निर्वाचन अधिकारी द्वारा निरस्त कर दिया गया। नामांकन पत्र निरस्त करने की वजह शपथ पत्र व फॉर्म में त्रुटि बताया गया था। याचिका में कहा गया है कि उनका नामांकन गलत आधार पर मनमाने तरीके से निरस्त किया गया है।

# देश में सबसे तेज राइडरशिप रिकवरी लखनऊ मेट्रो की


## मेट्रो पर यात्रियों का भरोसा बरकरार, यात्री संख्या 31 हजार के पार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मेट्रों** की राइडरशिप दूसरे देश की दूसर मेट्रों से सबसे अधिक रही। लखनऊ मेट्रो यात्रियों का भरोसा बरकरार, जिसे मेट्रो के अधिकारियों को राहत हुई। मेट्रो के यात्री संख्या 31 हजार के पार हो गयी है। जबकि बीते सितंबर को ही मेट्रो की सेवाएं शुरू हो सकीं। शहर वासियों का यात्रा के सबसे सुरक्षित साधन लखनऊ मेट्रो रेल पर भरोसा लगातार बरकरार है। 31 हजार यात्रियों की संख्या लखनऊ मेट्रो की पूर्व की राइडरशिप का लगभग पचास फीसदी है। बीते सात सिंतबर 2020 को लॉकडाउन के बाद लखनऊ में मेट्रो सेवा के फिर से शुरु होने के बाद 31 हजार की संख्या सर्वाधिक तो है ही साथ ही दूसरे शहरों की मेट्रो सेवाओं की तुलना में सबसे तेज राइडरशिप रिकवरी भी है।

दूसरे शहरों खासकर दिल्ली मेट्रो की राइडरशिप जहां देश में सर्वाधिक रही है लेकिन उनकी मौजूदा राइडरशिप लगभग 16 लाख है और वो अपनी पूर्व की राइडरशिप का 30–35 फीसदी ही हासिल कर सकी है। इसी तरह बेंगलुरु मेट्रो, कोच्चि मेट्रो, हैदराबाद मेट्रो, जयपुर मेट्रो समेत लगभग सभी मेट्रो ट्रेन अभी तक अपनी पूर्व की अधिकतम राइडरशिप ( यात्री संख्या) का 20–30 फीसदी ही हासिल कर पाई हैं। यूपी मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने कहा कि हम लखनऊ के लोगों का तहे दिल से आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने न सिर्फ लखनऊ मेट्रो पर भरोसा जताया बल्कि इसे यात्रा के सबसे सुरक्षित साधन के विकल्प के तौर पर चुना। मैं शहरवासियों को फिर से भरोसा दिलाना चाहता हूँ कि कोविड-19 के इस मुश्किल समय में भी हम आपको सबसे सुरक्षित और सुगम यात्रा सेवा प्रतिबद्धता के साथ मुहैया कराते रहें।



QRMP SCHEME

समय, धन और संसाधनों की होगी बचत

**तिमाही रिटर्न मासिक भुगतान योजना**

₹5 करोड़ तक वार्षिक कारोबार करने वाले करदाताओं के लिए कर अनुपालन हुआ और सरल

- तिमाही में सिर्फ एक बार जी.एस.टी. स्टेटमेंट/रिटर्न फॉर्म जी.एस.टी.आर.–1 और फॉर्म जी.एस.टी.आर.–3बी में फाइल करें।
- तिमाही के पहले दो महीनों में फिक्स्ड सम विधि (पहले से भरा हुआ चालान) अथवा स्वयं–मूल्यांकन विधि (ITC को सम्मिलित करके वास्तविक करदेयता) द्वारा मासिक कर का सरलतापूर्वक भुगतान करने की सुविधा।
- योजना को अपनाना/छोड़ना सरल
  करदाता कॉमन पोर्टल पर योजना को अपनाने/छोड़ने का विकल्प वर्ष भर चुन सकते हैं।
- फ्लेक्सिबल इनवॉइस दाखिल करने की सुविधा का लाभ उठाएं
  प्राप्तकर्ताओं को ITC का लाभ देने के लिए आप तिमाही के पहले दो महीनों में चुनिंदा B2B इनवॉइसेस अपलोड व दाखिल कर सकते हैं। बचे हुए इनवॉइसेस तिमाही फॉर्म जी.एस.टी.आर.-1 के माध्यम से सूचित/फाइल किए जा सकते हैं।
- हर तिमाही में एक बार ITC और कर का स्वयं–मूल्यांकन
  करदेयता और ITC स्वीकार्यता का आंकलन मासिक की जगह तिमाही होने से अनुपालन लागत में कमी होगी।

1 जनवरी, 2021 से अपने जी.एस.टी. रिटर्न तिमाही में केवल एक बार फाइल करें।

जी.एस.टी. रिटर्न्स फाइल करना, अब हुआ और आसान।

davp 15502/13/0003/2021

वित्त मंत्रालय
भारत सरकार

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट www.cbic.gov.in पर जाएं।

# कोरोना संक्रमित मरीजों को बेहतर इलाज दें

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कोविड-19 के उपचार एवं बचाव की प्रभावी व्यवस्था को बनाये रखने के निर्देश देते हुए कहा कि कोरोना संक्रमित मरीजों को बेहतर उपचार की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने प्रदेश के सभी सरकारी चिकित्सा संस्थानों की व्यवस्था सुधारने के निर्देश देते हुए कहा कि जनता को गुणवत्तापरक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना राज्य सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री सोमवार को अपने सरकारी आवास पर अनलॉक व्यवस्था की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि विशेषज्ञ डाक्टर कोविड वार्ड में नियमित राउण्ड लें। अस्पतालों में दवाओं, मेडिकल उपकरण तथा आक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड 19 से बचाव के सम्बन्ध में लोगों को निरन्तर जागरूक किया जाए। विभिन्न प्रचार माध्यमों सहित पब्लिक एड्रेस सिस्टम द्वारा जन जागरूकता के प्रयास निरन्तर किए जाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोविड 19 की मेडिकल टेस्टिंग की प्रभावी व्यवस्था निरन्तर बनी रहे। इसके लिए प्रतिदिन पर्याप्त संख्या में आरटीपीसीआर तथा रैपिड एण्टीजन टेस्ट किये जाए। उन्होंने इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेटर को पूरी सक्रियता से संचालित करने के निर्देश भी दिये।

उन्होंने कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन के लिए आवश्यक वैक्सीनेटर्स तैयार करने हेतु आज से प्रशिक्षण की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इसे प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए ताकि इन्हें कोरोना वैक्सीनेशन से सम्बन्धित आवश्यक प्रशिक्षण मिल सके। वैक्सीनेटर्स को प्रशिक्षण आसान भाषा में दिया जाए, ताकि उन्हें समझने में आसानी हो। राज्य सरकार द्वारा कोरोना वैक्सीन के प्रभावी और सुरक्षित स्टोरेज के लिए कोल्ड चेन स्थापित करने के निर्देश पूर्व में दिए जा चुके हैं। इस पर शीघ्रता से कार्रवाई की जाए।

बैठक में चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश खन्ना, स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह, स्वास्थ्य राज्य मंत्री अतुल गर्ग, मुख्य सचिव आरके तिवारी, कृषि उत्पादन आयुक्त आलोक सिन्हा, अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी, पुलिस महानिदेशक हितेश सी अवस्थी, अपर मुख्य सचिव वित्त संजीव मित्तल, अपर मुख्य सचिव राजस्व रेणुका कुमार, अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल, अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास मनोज कुमार सिंह तथा सचिव मुख्यमंत्री आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## राजधानी में 184, सूबे में मिले कोरोना के 1229 नये मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**राजधानी** में कोरोना संक्रमित में इधर कुछ कमी देखने को मिल रही है। सोमवार को राजधानी में कोरोना के 184 नए केस सामने आए हैं तो सूबे में 1229 नए मरीज पाए गए हैं। सूबे में 18918 केस एक्टिव हैं तो वही राजधानी में 2968 केस एक्टिव हैं। प्रदेश में अभी तक प्रदेश में 8083 मरीजों की और राजधानी में 1056 की मौत हो चुकी है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,23,021 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 2,15,38,320 सैम्पल की जांच की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 1229 नये मामले आये हैं। प्रदेश में 18,918 कोरोना के एक्टिव मामले में से 8,566 लोग होम आइसोलेशन में हैं। उन्होंने बताया कि निजी चिकित्सालयों में 1892 लोग इलाज करा रहे हैं, इसके अतिरिक्त मरीज सरकारी अस्पतालों में अपना इलाज करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 1972 लोग कोविड से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। अब तक कुल 5,39,727 लोग कोविड से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश में कोविड 19 का रिकवरी प्रतिशत 95.23 है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,73,364 क्षेत्रों में 4,85,373 टीम दिवस के माध्यम से 3,03,56,455 घरों के 14,80,09,413 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने कहा कि कोविड19 की वैक्सीन जब तक नहीं आ जाती तबतक बचाव ही सबसे अच्छा उपाय है।

# अमृत योजना के कार्यों को अविलंब पूरा किया जाये

- 197 करोड़ में मात्र 51 करोड़ खर्च करने पर लगायी फटकार
- प्रभारी मंत्री ने शासन की प्राथमिकता एवं विकास कार्यक्रमों को लेकर की समीक्षा


**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्रदेश** के वित्त मंत्री द्वारा कलेक्ट्रेट में विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान सॉलिड वेस्ट मैनजमेंट सहित अमृत योजना के कार्यों में मंद गति पर नाराजगी जताई गयी। नाराज मंत्री ने अधिकारियों को इस वर्ष 197 करोड़ रुपए में मात्र 51 करोड़ खर्च करने पर फटकार लगायी। क्षेत्रीय विधायक, मंत्री और अधिकारियों को बिना देरी किए, विकास कार्यों में तेजी लाने का आदेश दिया है। यही नहीं स्मार्ट सिटी के कार्यों की हर दो सप्ताह में समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं।

सोमवार को प्रदेश के वित्त, संसदीय कार्य एवं चिकित्सा शिक्षा और लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने शासन की प्राथमिकता एवं विकास कार्यक्रमों और नगर विकास योजना के तहत जनपद में संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। प्रभारी मंत्री ने जनपद में अमृत योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि योजना के तहत वर्ष 2020-21 में 197.53 करोड़ आवंटित किए गए थे जिसमें 109.72 करोड़ रुपये की धनराशि अवमुक्त की गई है, जिसके 50.99 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इस पर मंत्री ने नाराजगी जताते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि अमृत योजना के तहत चल रहे कार्यों को बिना देरी किए पूरा किया जाये। साथ ही कराये जा रहे कार्यों की पाक्षिक समीक्षा भी की जाये, जिससे कार्य में गति लायी जा सके। उन्होंने स्मार्ट सिटी की समीक्षा में पाया कि 382 करोड़ रूपये की धनराशि में से 221.29 करोड़ रूपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है। उन्होंने शेष कार्यों को शीघ्र पूरा किये जाने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये। सालिड वेस्ट मैनेजमेन्ट के तहत संबन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि सभी वार्डों में नियमित रूप से कूड़े का कलेक्शन कराया जाये। उन्होंने कहा कि 4 जनवरी 2021 से स्वच्छता सर्वेक्षण का कार्य शुरु हो रहा है। इसके लिए लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से नगर के प्रमुख चैराहों पर डिस्प्ले बोर्ड लगवाये। उन्होंने स्वच्छता प्रोत्साहन समितियों को क्रियाशील किये जाने के भी निर्देश दिये। वित्तमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की समीक्षा करते हुये पाया कि 51155 आवासों की स्वीकृति है जिसमें सूडा द्वारा शत् प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्त की गई। पंचायती राज विभाग की सामुदायिक शौचालय निर्माण योजना के तहत जनपद की 494 ग्राम पंचायतों में स्थल चयन कर लिया गया है, जिसमें से 61 प्लिंथ, 71 छत और 135 प्लास्टर स्तर पर निर्माणाधीन है। 227 निर्मित किये जा चुके है। आपरेशन कायाकल्प के तहत 249 पंचायत भवनों में जिसमें 213 पंचायत भवनों का अनुरक्षण कराया गया। 862 जिसमें 653 प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालय, 236 में 93 आंगनबाड़ी, एएनएम सेंटर का कायाकल्प कराया गया। विद्युतिकरण योजना के तहत 1014 मजरों के 7800 कनेक्शन में शत प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति की गई। प्रभारी मंत्री ने शादी अनुदान की समीक्षा करते हुए पाया कि 65 में 63 शादियाँ करायी गई। सामूहिक विवाह योजना के तहत 532 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 99 प्रार्थना पत्र का निस्तारण कर दिया गया है। 433 आवेदन पत्र लंबित हैं, जिस पर उन्होंने कहा कि एक तिथि निर्धारित करते हुये वृहद शादी समारोह आयोजित किया जाये, जिसमें जनप्रतिनिधियों की भी सहभागिता की जाए। उन्होंने पेंशन योजना की समीक्षा करते हुए पाया कि वृद्धावस्था किसान पेंशन में 96951 के सापेक्ष 53787, महिला पेंशन में 58318 के सापेक्ष 21282 व दिव्यांगजन पेंशन योजना के अर्न्तगत 16504 के सापेक्ष 15441 लाभार्थियों की आधार फीडिंग करायी गई है। उन्होंने 31 जनवरी 2021 तक पूरी अवशेष लाभार्थियों की आधार फीडिंग का सत्यापन कराने के निर्देश संबन्धित अधिकारियों को दिये।

# नाबार्ड और एसबीआई के बीच समझौता ज्ञापन



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**भारतीय** स्टेट बैंक लखनऊ मंडल एवं नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ के मध्य सोमवार दो समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए ताकि 10,000 जेएलजी (संयुक्त देयता ग्रुप) को 3 वर्षों के लिए बैंकिंग सेवाएं और प्रोजेक्ट ई शक्ति के तहत स्वयं सहायता समूह को वित्तीय सहायता प्रदान की जा सके तथा राज्य में वाटरशेड विकास परियोजना एवं जनजाति विकास परियोजना क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों में संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता भी प्रदान की जा सके। इसके अन्तर्गत नाबार्ड द्वारा एसबीआई के अधिकारियों को प्रशिक्षण और सहयोग भी प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर शंकर ए पांडे मुख्य महाप्रबंधक नाबार्ड, उत्तर प्रदेश क्षेत्रीय कार्यालय लखनऊ और अजय कुमार खन्ना मुख्य महाप्रबंधक एसबीआई लखनऊ मंडल ने समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर आलोक कुमार सिन्हा महाप्रबंधक एफआईएमएम नेटवर्क लखनऊ मंडल भी उपस्थित थे। एसबीआई ने नाबार्ड के सहयोग से निर्णय लिया है कि इन पहलों के माध्यम से उन लोगों तक ऋण सहायता मुहैया कराई जाए जिनकी पहुँच बैंक ऋणों तक आसानी से नहीं हो पाती है और उन लोगों को भी यह सुविधा प्राप्त हो जो भूमिहीन कृषक हैं, जनजातीय आबादी से है या कृषि एवं सीमांत कृषक हैं और जिन्हें इसकी अत्यंत आवश्यकता है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से राजगीर की मौत

**सरोजनीनगर।** सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे राजगीर मिस्त्री को ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में राजगीर मिस्त्री गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने घायल को इलाज के लिए उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने उसको मृत घोषित कर दिया। थाना क्षेत्र के दरोगा खेड़ा निवासी राजेश कुमार राजगीर मिस्त्री का काम करता था। सोमवार को वह काम पर जा रहा था। इसी दौरान स्कूटर इंडिया पुलिस चौकी के पास कानपुर रोड पर एक अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार ठोकर मार दी। इस सड़क हादसे में राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों से सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सरोजनीनगर पुलिस ने उसे इलाज के लिए सरोजनीनगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया लेकिन जांच पड़ताल के बाद चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## सिपाही को दबंगों ने पीटा, मुकदमा दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के नाका इलाके में एक ऐसी घटना प्रकाश में जहां थाना चौक कोतवाली में तैनात एक सिपाही से कुछ बदमाशों ने मारपीट की, सिपाही के साथ हो रही मारपीट को देखकर राहगीरों ने सिपाही को किसी तरह बदमाशों के चंगुल से बचाया। लोगों की भीड़ इकट्ठा होते ही दबंग मौके से भाग निकले। घटना पर पहुंची पुलिस आरोपियों की शिनाख्त करने के साथ ही उनके घरों पर दबिश दे रही है, वहीं पुलिस ने पीड़ित सिपाही की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बताया जा रहा है कि चौक कोतवाली में तैनात एक सिपाही दोपहर को चारबाग की तरफ जा रहा था, तभी कुछ बदमाशों ने उसे रोक लिया और उस पर हमला कर दिया। वहीं कैसरबाग थाना क्षेत्र में भी शनिवार की शाम एक दीवान से पीआर बिल्डिंग के पास कुछ बदमाशों ने गाली गलौज की और फिर उससे मारपीट शुरू कर दी थी।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि कैसरबाग में हुई सिपाही के साथ मारपीट पर सरकारी कार्य में बाधा डालने के संबंध में एफआईआर दर्ज की गई थी। इसमें दबंगों को गिरफ्तार भी कर लिया गया। वहीं नाका थाना क्षेत्र में हुई घटना पर उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज कर सिपाही के साथ मारपीट करने वाले दबंगों की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

## सपा जिलाध्यक्ष समेत 105 लोगों पर केस दर्ज

**लखनऊ।** संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था नवीन अरोरा ने बताया कि कृषि कानून के विरोध प्रदर्शन व घेराव को लेकर पुलिस शहरभर में मुस्तैद रही। शहर के अन्य थाना क्षेत्रों में शांतिपूर्वक विरोध प्रदर्शन कर संबंधित को ज्ञापन सौंपा गया। वहीं अनुमति न होने के बावजूद प्रदर्शन व घेराव करने को लेकर कैसरबाग कोतवाली में समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष जयसिंह जयंत समेत पांच और 100 अज्ञात लोगों के खिलाफ महामारी अधिनियम समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

## बेस्ट थीसिस के लिए डॉ. यश जगधारी चयनित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**किंग जॉर्ज** चिकित्सा विश्वविद्यालय द्वारा प्रति वर्ष रेजीडेंट्स डॉक्टर्स के लिए आयोजित होने वाले थीसिस प्रेजेन्टेशन में इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ थीसिस के लिए पल्मोनरी विभाग के रेजीडेंट डॉ यश जगधारी को चुना गया है। जबकि साइकेट्री की डॉ कोपल रोहतगी तथा नाक कान गला विभाग की डा मोनिका को क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त हुआ है। बता दें कि सभी जूनियर डॉक्टर्स को अपनी पढ़ाई के दौरान एक साल के लिए किसी विषय पर शोध करके थीसिस जमा करनी होती है। यह उनके एमडी-एमएस अथवा अन्य पाठ्यक्रमों के लिए अति आवश्यक होती है। केजीएमयू में इन सभी रेजीडेन्टस जो कि एमडी-एमएस-डीएम या एमसीएच का कोर्स कर रहे है उनके लिए थीसिस प्रस्तुतिकरण का आयोजन किया जाता है।

# शराब सेल्समैन से हुई लूट पुलिस की नजरों में संदिग्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी** के काकोरी इलाके में बीती रविवार रात शराब सेल्समैन जितेन्द्र पर जानलेवा हमले के बाद लूट में मौके पर मौजूद एक युवक ने मामले की पोल खोल दी। जिसकी वजह से पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। वहीं घटना के बाद से पीड़ित अपने बयान भी बदल रहा है। उसने पहले बताया था कि बाइक सवार तीन बदमाशों में एक ने सिर पर डण्डा मारकर नोटों से भरा बैग लूटा, फिर गोली मारी थी। पर बाद में उसने कहा कि गोली मारकर बदमाश 70 हजार रुपये लूटकर ले गये हैं। पीड़ित की इन्हीं बातों ने पुलिस को उलझा दिया है। उसे आशंका है कि सेल्समैन के ही परिचितों ने घटना को अंजाम दिया है। यही वजह है कि सर्विलांस सेल की मदद से क्राइम ब्रांच खुलासे के करीब पहुंच गयी है। गौरतलब है कि दहशरी गांव की लिंक रोड़ पर बालागंज निवासी जितेन्द्र जायसवाल से लूट की घटना हुई थी। वह दशहरी गांव के पास स्थित शराब की दुकान में सेल्समैन हैं। दुकान बन्द करने के बाद वो कैश लेकर निकले थे। तभी सफेद रंग की अपाचे सवार तीन बदमाशों ने घटना को अंजाम दिया था। पड़ताल में पता चला है कि दशहरी रोड़ तिराहे पर परिवार संग रहने वाले शिवकुमार पाल इस घटना के चश्मदीद हैं। उनकी मानें तो वो जैसे ही घर के बाहर निकले। तभी जितेन्द्र बाइक समेत जमीन पर पड़े थे। पूछने पर बताया था कि बदमाश गोली से घायल कर 70 हजार रूपये लूटकर ले गये हैं। पर बाद में मौके पर पहुंची पुलिस ने जब उनसे पूछा तो उन्होंने बताया था कि लुटेरों ने डण्डे से हमला करने के बाद बैग छीनने की कोशिश की। फिर विरोध करने पर फायर झोंका था।

# सिर में गहरी चोट लगने से हुई थी शटरिंग कारीगर की मौत

- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुआ खुलासा

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**शुक्रवार** से लापता शटरिंग कारीगर की मौत सिर में गहरी चोट लगने की वजह से हुई थी। सोमवार को आई पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि हुई है। उसके शव का विसरा भी सुरक्षित किया गया है। जिसके बाद वारदात की गुत्थी सुलझाना पुलिस के लिए बेहद चुनौतीपूर्ण हो गया है। हत्या और हादसे के बीच उलझी जांच को दिशा देने के लिए पुलिस काल डिटेल का ब्योरा खंगालने के साथ ही सर्विलांस टीम की मदद भी ले रही है। उधर भाई भालेन्द्र की तहरीर पर हत्या की एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने आरोपी बुजुर्ग रमाकान्त को हिरासत में ले रखा है। वहीं सोमवार को जीवन प्रकाश का शव पीएम के बाद अतरौली आते ही परिजन लाश गाड़ी के नीचे लेट गए और शव नीचे नहीं उतारने दिया। भारी पुलिस और पीएसी बल की मौजूदगी के बावजूद नाराज ग्रामीणों ने अफसरों की एक नहीं सुनी और लाश गाड़ी आड़ी-तिरछी लगाकर रोड जाम कर दी।

आक्रोशित परिजन हत्यारोपी को मौके पर बुलाकर हत्या कबूल करवाने और मुआवजे की मांग कर रहे थे। परिवार के अन्य सदस्यों की जान को खतरा बता रहे परिजनों ने गुमशुदगी नहीं लिखने को लेकर भी पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए। करीब दो घण्टे तक गहमागहमी के बाद आखिरकार एसीपी प्रवीण मलिक ने सप्ताह भर में वारदात का पर्दाफाश करने और मुआवजा दिलाने का लिखित आश्वासन दिया तब जाकर नाराज ग्रामीण शान्त हुए और शव का अन्तिम संस्कार करने पर राजी हुए।

# किसी नतीजे पर नहीं पहुंची पुलिस की तफ्तीश

- हत्या कर फेंके गए अज्ञात शव का मामला

**संवाददाता।** निगोहां

**हत्या** कर फेंकी गई लाश की तफ्तीश कर रही निगोहां पुलिस फिलहाल अभी तक किसी नतीजे पर नहीं पहुंची। यद्यपि पुलिस खुलासे का दावा करती नजर आ रही है वही क्षेत्राधिकारी निगोहा सैयद नईम उल हसन ने बताया कि घटना से टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे की दूरी अधिक होने के कारण कुछ स्पष्ट नहीं हो सका वही पास पड़ोस के थानों में दर्ज गुमशुदगी की भी जांच की जा रही है पुलिस की कई टीमें इस काम में लगाई गई है शीघ्र ही खुलासा किया जायेगा।

ज्ञात हो की रविवार सुबह लखनऊ रायबरेली हाइवे पर स्थित टोल प्लाजा के निकट झाड़ियों में एक 35 वर्षीय युवक की लाश बरामद हुई थी ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस शव को कब्जे में लेकर आसपास शिनाख्त कराई लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थीं।वही निगोहा पुलिस का कहना है कि हत्या कर लाश को यहां फेंका गया है घटना कहीं अन्य जगह की प्रतीत होती है।

वहीं निगोहां पुलिस की रात्रि गश्त पर एक बार फिर से सवाल उठ खड़े हुए हैं। लगातार पुलिस की गश्त की पोल खुलती जा रही है। ज्ञात हो कि पिछले 5-6 दिसम्बर की रात टोल प्लाजा से महज 5 सौ मीटर की दूरी पर स्थित दखिना गांव में असलहा धारी बदमाशों ने एक ट्रक चालक के घर लूटपाट की थी जहाँ ग्रामीणों की सूचना पर घण्टो देर से पहुची निगोहां पुलिस ग्रामीणों द्वारा बदमाशों से मोर्चा लेने के बाद दबोचे गए एक बदमाश को पुलिस थाने ले आई थी वही टोल प्लाजा पर मौजूद पुलिसकर्मियों को लूटपाट की भनक तक नहीं लगी।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय को ऊर्जा संरक्षण के लिए मिला प्रथम पुरस्कार

**लखनऊ।** डा. मोनिका अग्निहोत्री मण्डल रेल प्रबन्धक लखनऊ पूर्वोत्तर रेलवे नेतृत्व तथा प्रभावी दिशा निर्देशों के अनुपालन के परिणाम स्वरूप ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए ऊर्जा संरक्षण दिवस पर उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण द्वारा आयोजित ऊर्जा संरक्षण अभियान के तहत लखनऊ स्थित पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय को सरकारी भवन संवग् में प्रशंसनीय एवं प्रभावी कार्य के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए मण्डल रेल प्रबन्धक ने विद्युत विभाग के वरिष्ठ मण्डल विद्युत इंजीनियर धनन्जय मिश्रा तथा उनकी टीम को बधाई देते हुए उनका हौसला बढ़ाया । बताते चलें कि मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय में 180 किलोवाट क्षमता के सोलर पैनल लगे हुए है। जिनसे संबंधित अवधि में दो लाख तीस हजार यूनिट सौरजनित ऊर्जा का उत्पादन किया गया। अभी तक इस प्लांट से 2 लाख 30 हजार यूनिट बिजली उत्पादित की जा चुकी है।

## चार दबंग छह माह के लिए जिला बदर

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट का अपराधियों के खिलाफकार्रवाई का सिलसिला बदस्तूर जारी है। इसी क्रम में चार मनबढ़ एवं दबंग व्यक्तियों के खिलाफउत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत कार्रवाई करते हुए 6 माह के लिए जिला बदर किया गया है। इनमें साहिल उर्फ राजा निवासी वृन्दावन योजना पीजीआई, सम्मेलन निवासी सुरिया मऊ थाना गोसाईगंज, सफात व मो. तारिक निवासीगण न्यू हैदरगंज ठाकुरगंज शामिल है। आरोपियों के खिलाफ संबंधित थाने में मारपीट, गोवध अधिनियम व चोरी समेत अन्य मामलों में दो-दो केस दर्ज हैं।

## गुडंबा गोलीकांड में पुलिस को तहरीर का इन्तजार

**लखनऊ।** गुड़म्बा में पिता व पुत्र के बीच झगड़े व गोली चलने से घायल हुए पुत्र जुहैब खान के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है। वही इस मामले में पुलिस को अभी तक कोई तहरीर नहीं दी गई है। इंस्पेक्टर ने तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई करने की बात कही है। मालूम हो कि विजयकुंज, कल्याणपुर निवासी व रिटायर डीएसपी मोहम्मद नईम खान का रविवार देर शाम बेटे जुहैब खान से विवाद हो गया था। विवाद के दौरान जुहैब ने मां पर चाकू लगा दिया। जिसपर नईम खान ने धमकाते हुए चाकू छीन कर फेंक दिया। इससे गुस्साए जुहैब कमरे में रखा पिता का लाइसेंसी रिवाल्वर ले आया। जिसके बाद छीना झपटी में जुहैब के पेट मे गोली लग गई। सूचना पर पहुँचे इंस्पेक्टर गुडम्बा रीतेन्द्र प्रताप सिंह ने घायल को ट्रामा में भर्ती कराया। इंस्पेक्टर के मुताबिक जुहैब का स्वास्थ्य अब बेहतर है। अभी तक किसी ने भी कोई तहरीर नही दी है।

## दलालों के हौसले बुलंद, महज औपचारिकता बना अधिकारियों का निरीक्षण

**लखनऊ।** एक कहावत है तू डाल डाल मैं पात पात। ये कहावत आरटीओ ऑफिस के दलाल और अधिकारी के बीच सटीक बैठती है। क्योंकि वर्षो से आरटीओ अपने कार्यालय से बाहर निकलते है दलाल भाग खड़े होते है और इनके जाते ही दलाल फिर इक्टठा हो जाते है। ऐसे में बार फिर आवेदकों से काम के बदले दलाली का सिलसिला शुरू हो जाता है। ऐसा ही नजारा सोमवार को ट्रांसपोर्टनगर आरटीओ कार्यालय में देखने को मिला। जहां आरटीओ और एआरटीओ परिसर का निरीक्षण किया। कर्मचारियों को दलालों के अंदर आने पर फटकार लगाई। ये सब आधे घंटे चला। अधिकारी दलालों पर कार्रवाई के नाम पर औपचारिका पूरी करके चले गए। इसके चंद मिनटों पर दलाल फिर सक्रिय हो गए। आरटीओ और एआरटीओ दलाली मामले में अपना पक्ष मजबूत रखने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे है। सूत्रों का कहना है कि इसी क्रम में हर महीने दलालों को पकड़कर बंद करने का खेल कागजों पर खेला जा रहा है। ऐसे में एआरटीओ प्रशासन अमित राजन राय की ओर से दलालों के क्रियाकलापों को लेकर एक पत्र सहायक पुलिस आयुक्त कृष्णानगर के नाम भेजकर खानापूर्ति कर ली गई।

## युवक ने गोमती रिवर फ्रंट से कूद कर दी जान

**लखनऊ।** गोमतीनगर थाना क्षेत्र में एक युवक ने गोमती रिवर फ्रंट से छलांग लगी दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से युवक को बाहर निकालते हुए लोहिया अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं बताया जा रहा है कि दो युवकों ने उसे रिवर फ्रंट से धक्का दिया है। पुलिस को घटनास्थल से युवक की बाइक बरामद हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी है। गोमतीनगर इंस्पेक्टर के मुताबिक नदी में युवक के छलांग लगाने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने गोताखोर की मदद से युवक को पानी से बाहर निकाल कर डॉ.राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जेब में मिले कागजात के आधार पर युवक की पहचान आलमबाग निवासी राजकुमार 30 वर्ष के रूप में हुई है।

# घर वापसी को तहसील की चौखट पर सर्द रातें गुजार रहा बब्लू

**संवाददाता।** मोहनलालगंज



**अपनों** से बिछड़कर मोहनलालगंज पहुंचा मानसिक मंदित घर वापसी की फरियाद लिए तहसील की चौखट पर सर्द रातें गुजार रहा है। तहसील की टीम उसे रैनबसेरे में भी ले जा चुकी है लेकिन दुकानदारों से दो वक्त की रोटी के लिए उसने हाईवे के मध्य डिवाइडर पर अपना ठिकाना बना रखा है। बात करते ही वह घर भेजने की मिन्नतें करने लगता है लेकिन गन्दे लिबास को देखकर आमजन ही नहीं तहसील और कोतवाली के अधिकारी भी उससे किनारा कर चुके हैं।

मोहनलालगंज तहसील की चौखट पर पिछले कुछ दिनों से मानसिक मंदित अधेड़ रायबरेली हाईवे के डिवाइडर पर गन्दे कपड़े लपेटकर खुले आसमान के नीचे जिन्दगी के दिन गुजार रहा है। उसका गन्दा लिबास देखकर आवागमन करने वाले लोग उसे विक्षिप्त समझकर किनारा कर लेते हैं। तहसील की टीम उसे रैनबसेरे में ले जाकर आसरा दिलाने की भी कोशिश कर चुकी है। लेकिन पेट की आग बुझाने का इंतजाम नहीं होने से उसने फिर से डिवाइडर पर अपना ठिकाना बना लिया। जहां एक ओर सितमगर सर्दी उसकी जान की दुश्मन बनी हुई है तो दूसरी ओर जरा सी चूक उसे वाहनों के नीचे लाकर जानलेवा बन सकती है। वहीं खुद को जरदोजी कारीगर अब्दुल कादिर उर्फ बब्लू बता रहा मानसिक मंदित अधेड़ अपना पता फतेहपुर जिले के सरांय मोहल्ला सुल्तानुपर घोष और पिता का नाम छिद्दन अली बता रहा है। उसे अपने परिवार के बारे में पूरी जानकारी भी है। परिवार से भटककर यहां आने और कुछ लोगों पर पैसे छीन लेने का आरोप भी लगा रहा है। बातचीत करते ही वह घर भेजने की मिन्नतें करने लगता है।

वहीं अपने पैरों पर खड़े होने की उम्मीद में प्रशासन के भरोसे निजी अस्पताल से इलाज करा रहे गोरखपुर के राजकुमार ने मोहनलालगंज के रैनबसेरे में शरण ले रखी है। कुछ समाजसेवी उसे दो वक्त की रोटी भी मुहैया करा रहे हैं। सर्दी से बचने के लिए कुछ लोगों ने उसे दो कम्बल भी दे रखे हैं। लेकिन जैसे-जैसे सर्दी का सितम बढ़ता जा रहा है तन ढ़कने के लिए गर्म कपड़ों की कमी उसे दिन में ठिठुरने के लिए विवश कर रही है। रैनबसेरे को संवारने के लिए तीन दिन में तहसील अधिकारी आधा दर्जन बार निरीक्षण कर चुके हैं। फिर भी राजकुमार को तन ढ़कने के लिए गर्म कपड़े उपलब्ध नहीं हो सके हैं।

## मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी घायल

**लखनऊ।** एसटीएफ की आगरा फील्ड इकाई ने 25 हजार के इनामिया अपराधी कालिया उर्फ बिल्लू निवासी नदरई थाना कोतवाली जनपद कासगंज को पुलिस मुठभेड़ में बरहन थाना क्षेत्र जनपद आगरा में गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से एक तमंचा, आधा दर्जन कारतूस व एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। अभियुक्त अपने गैंग के साथ आगरा एवं आसपास के जनपदों में कई मुकदमों में वांछित चल रहा था। एसटीएफ को छानबीन के दौरान सूचना मिली की कालिया उर्फ बबलू थाना क्षेत्र बरहन आगरा में आया हुआ है व अपने अन्य साथियों के साथ किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। इस सूचना पर एसटीएफ ने स्थानीय पुलिस को साथ लेकर मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर घेराबन्दी की गई। थोड़ी देर बाद एक संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाईकिल से आता दिखाई दिया इस पर उसे रुकने का इशारा किया, जिस पर उसने टीम पर फायरिंग कर दी। एसटीएफ की आत्मरक्षार्थ फायरिंग में कालिया घायल हो गया।

# छात्रों ने दिखाई फ्लोर डिजाइनिंग व फायरलेस कुकिंग में अपनी प्रतिभा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सिटी** मोन्टेसरी स्कूल, जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा आयोजित चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (द सैम-2020) के दूसरे दिन आज ईरान, रूस, ग्रीस व नेपाल समेत देश विभिन्न राज्यों के प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने विभिन्न रोचक व ज्ञानवर्धक प्रतियोगिताओं के माध्यम से न सिर्फ अपनी कलात्मक प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया अपितु एक-दूसरे के साथ अपने विचारों को भी साझा करते हुए विभिन्न देशों की संस्कृति व सभ्यता से भी रूबरू हुए। विदित हो कि सी.एम.एस. जॉपलिंग रोड कैम्पस द्वारा 13 से 16 दिसम्बर तक चार दिवसीय इण्टरनेशनल स्पोर्टस, आर्टस एण्ड म्यूजिक प्रतियोगिता (द सैम-2020) का ऑनलाइन आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं का सिलसिला आज सीनियर वर्ग की द ई-एक्सपिडीशन (फ्लोर डिजाइनिंग) प्रतियोगिता से प्रारम्भ हुआ, जिसका विषय था 'एक्सपैंडिंग एथनिक बाउन्ड्रीज टु इम्ब्रेस द एक्जॉटिक'। यह प्रतियोगिता दो राउण्ड में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में छात्र टीमों ने अपने हुनर व रचनात्मक सोच से वसुधैव कुटुम्बकम (विश्व एक परिवार) की भावना का जोरदार प्रचार-प्रसार किया।

टंग-टिंगलर्स (फायरलेस कुकिंग) प्रतियोगिता भी आज के विशेष आकर्षण का केन्द्र रही, जिसमें देश-विदेश के प्रतिभागी छात्रों ने अपनी रचनात्मक सोच का आलोक बिखेरा और अपने हुनर से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। यह प्रतियोगिता में दो राउण्ड में आयोजित की गई तथापि फाइनल राउण्ड में प्रतिभागी छात्रों ने 30 मिनट के निर्धारित समय में निर्णायक मंडल के समक्ष ऑनलाइन सजीव प्रदर्शन द्वारा अपने हुनर का प्रदर्शन किया।

# विज्ञान पर किसानों का अधिकारः राधा मोहन

**● भाजपा ने यूपी प्रभारी राधामोहन का किया स्वागत**

संवाददाता। अयोध्या

**पूर्व केन्द्रीय** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा व यूपी के प्रभारी राधामोहन सिंह ने कौशलपुरी स्थित सुरेन्द्र लान में किसान सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि यूपीए के कार्यकाल से बीस गुना ज्यादा मोदी के कार्यकाल में किसानों के अनाज की खरीद एमएसपी के तहत हुई। 2009-10 में यूपीए की सरकार थी उस समय कृषि मंत्रालय का बजट 12 हजार करोड़ रुपये था। वर्तमान सरकार में 1 लाख 34 हजार करोड़ रुपया कृषि का बजट है। उन्होने कहा कि मोदी सरकार ने 6 वर्ष के अंदर किसानों के लिए जितना किया उतना 63 सालों के भीतर अन्य सरकारों ने नहीं किया। अगर हुआ होता तो देश कहां चला गया होता। आजादी के पहले जब अंतरिम सरकार बनी तो डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कृषि मंत्री बने। उन्होने कृषि पर आधारित बजट लाने की बात कही। परन्तु आजादी के बाद बनी सरकार ने ऐसा नहीं किया। इसके बाद लाल बहादुर शास्त्री की सरकार ने जय जवान जय किसान का नारा दिया। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने जय जवान जय किसान के नारे में जय विज्ञान भी जोड़ दिया। विज्ञान पर किसानों का अधिकार होना चाहिए। क्योकि चिकित्सक को अगर चिकित्सा का और शिक्षक को अगर ज्ञान नहीं हो उन्नति नहीं हो सकती। अटल जी इसको पहली बार समझा। उन्होने कहा कि देश में 14 करोड़ किसान है। जिसमें 12 करोड़ छोटे किसान है। हर चार महीने में खेती का सीजन बदलता है।

इस दौरान इन किसानों के पास बीज व खाद के लिए पैसा नहीं रहता था। मोदी सरकार ने कहा कि देश के खजाने पर पहला हक देश के किसानों का है। जबकि पिछली सरकारे खजाने पर एक विशेष वर्ग का हक बताती है। इसी को लेकर सरकार ने सालाना 75 हजार करोड़ किसानो देने का ऐलान किया। अब तक 10 करोड़ किसानों के खाते में एक लाख 10 हजार करोड़ पहुंच चुका है। यूपीए के कार्यकाल में स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट प्रस्तुत की गयी थी। कांग्रेस ने इसकी सिफारिशों को लागू करने की बात अपने घोषणा पत्र में भी कही थी। परन्तु इसे लागू नहीं किया। जिसमें एक देश एक बाजार की बात कही गयी थी। भाजपा सरकार ने इसे लागू किया।



सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत गरीबों को मिलने के कारण विपक्ष मुद्दा विहीन हो गया है। इस कारण वह गुमराह करने की राजनीति कर रहा है। परन्तु किसान विपक्ष के बहकावें में आने वाले नहीं है। कार्यक्रम का समापन क्षेत्रीय शेष नरायन मिश्रा ने किया। किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सुधीर सिंह सिद्धू कार्यक्रम का संचालन किया।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री जेपीएस राठौर, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डा श्वेता सिंह, शिव भूषण सिंह, महामंत्री त्रयम्बक तिवारी, डा श्वेता सिंह, क्षेत्रीय मंत्री कमलेश श्रीवास्तव, महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, विधायको में वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू, शोभा सिंह चौहान, गोरखनाथ बाबा, बाराबंकी के सांसद उपेन्द्र रावत, विधायक सतीश शर्मा, वैजनाथ रावत, शरद अवस्थी अम्बेडकर नगर विधायक संजू देवी व अनीता कमल, अयोध्या महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, महानगर के अरविंद सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष हरीश श्रीवास्तव, मुन्ना सिंह, किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्य समिति सदस्य सुनील तिवारी शास्त्री, प्रदेश सदस्य इं0 रणवीर सिंह, क्षेत्रीय सदस्य सुनील पाण्डेय, राधेश्याम त्यागी, मनोज वर्मा, परमानंद मिश्रा, शैलेन्दर कोरी, अभय सिंह, आदित्य मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# 17 दिसंबर को कोविड-19 प्रोटोकॉल के साथ मनाया जाएगा पेंशनर दिवसः डीएम

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि 17 दिसम्बर 2020 को गांधी सभागारए कार्यालय आयुक्त अयोध्या परिसर में पूर्वान्हन 11:00 बजे पेंशनर दिवस आयोजन किया गया है। पेंशनर दिवस में जिले के समस्त कार्यालयाध्यक्ष अथवा कार्यालय की किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी को उपस्थित होना अनिवार्य है जिससे पेंशनर की समस्याओं के त्वरित निस्तारण कराया जा सके। शासन द्वारा यह भी निर्देश प्राप्त हुआ है कि गत वर्ष 17 दिसम्बर 2020 को पेंशनर दिवस का आयोजन किया गया, अधिकांश कार्यालयध्यक्ष अनुपस्थित पाए गये। इससे पेंशनर दिवस की प्रभावोत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सभी कार्यालयध्यक्ष को निर्देश दिए हैं कि गति वर्ष 17 दिसम्बर 2019 को आयोजित पेंशनर दिवस में आपके विभाग से संबंधित पेंशनर द्वारा उठाई गयी समस्याओं के निस्तारण के संबंध में की गई कारवाही से भी 15 दिसंबर 2020 तक कोषागार को अवगत करा दिया जाए, संबंधित को अवगत कराया जा सके। उन्होंने सभी कार्यालयध्यक्ष को निर्देश जारी किए हैं कि 17 दिसम्बर 2020 को पूर्वान्हन 11:00 बजे गांधी सभागार में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है, जिससे आपके विभाग से संबंधित पेंशनर द्वारा उठाई गई समस्याओं का अस्थल पर ही निस्तारण कराया जा सके। मुख्य कोषाधिकारी अनुराग गुप्ता ने विभिन्न पेंशनर संगठनों के अध्यक्ष एवं महामंत्री को पत्र भेजकर अनुरोध किया है कि जिस भी पेंशनर की कोई सूचना हो तो उसे प्रत्यावेदन के साथ पेंशनर दिवस में अपनी समस्या के साथ समय से उपस्थित होने के लिए कहें। पेंशनर दिवस में कार्यालयध्यक्ष व पेंशनर को मास्क पहनना अनिवार्य है तथा 2 गज की दूरी भी बनाएं रखने के साथ समय-समय पर हाथों को सैनिटाइजर करते रहना होगा और अधिक जानकारी के लिए कोषागार में किसी भी कार्यदिवस में पटल सहायक श्री सुरेश कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

## क्विक न्यूज

### चार मोटरसाइकिल के साथ छह गिरफ्तार

**गोरखपुर।** दक्षिणांचल व फोरलेन पर अपराध करने वाले अपराधियों को क्राइम ब्रांच, सर्विस लांस टीम तथा हरपुर बुदहट व खजनी पुलिस ने गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोगिंदर कुमार ने पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि खजनी थाना क्षेत्र तथा हरपुर बुदहट एवं गीडा थाना क्षेत्र में फोरलेन पर लूट की घटनाओं को अंजाम देकर चर्चाओं में बने रहते थे। जिन्हें हमारी क्राइम ब्रांच व हरपुर बुदहट तथा खजनी पुलिस व सर्विस लांस सेल की टीम ने डोडा तिराहे से छह अभियुक्तों को गिरफ्तार करते हुए इनके पास से चार मोटर साइकिल, तीन लूटी हुई व एक लूट को अंजाम देने वाली, को बरामद करते हुए एक अदद नाजायज तमंचा 312 बोर एक जिंदा कारतूस 315 बोर, एक अदद नाजायज तमंचा 12 बोर एक जिंदा कारतूस 12 बोर, चार मोबाइल दो सैमसंग एवं दो रेडमी बरामद किया। लूटेरों ने पूछताछ में अपना नाम पता अंकुर मिश्रा पुत्र ऋषि मिश्रा निवासी सिसवा सोनबरसा बाबू थाना हरपुर बुदहट, संजय मिश्रा पुत्र अरुण कुमार मिश्रा ग्राम सिसवा सोनबरसा बाबू, भीम सिंह पुत्र विक्रम सिंह निवासी ग्राम पिपरा पितांबर थाना बांसगांव, अभिषेक उर्फगोलू शर्मा पुत्र राम हरख शर्मा निवासी धुरमुल्ही थाना खजनी, आदर्श मिश्रा पुत्र श्याम विशाल मिश्रा निवासी सिसवा सोनबरसा बाबू थाना हरपुर बुदहट, सनी सिंह उर्फविनीत सिंह पुत्र अभिमन्यु सिंह निवासी ग्राम बड़हरा थाना हरपुर बुदहट, बताया। अभियुक्त रामपाल जयसवाल पुत्र बहरैची निवासी सिसवा सोनबरसा, साहिल सिंह पुत्र बालेंद्र सिंह निवासी खजूरी, विक्की राजभर पुत्र सुग्रीव राजभर निवासी सिसवा सोनबरसा भागने में सफल रहें।

### ऊर्जा बचत अभियान में लखनऊ मंडल प्रथम

**गोरखपुर।** 'ऊर्जा बचत अभियान' (एनर्जी सेविंग केम्पेन) के अन्तर्गत सरकारी भवनों की श्रेणी में पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल को प्रदेश स्तर का प्रथम पुरस्कार ऊर्जा बचत के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रदर्शन हेतु प्राप्त हुआ है। ऊर्जा संरक्षण दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश राज्य ऊर्जा संरक्षण के अन्तर्गत प्रदेश के ऊर्जा एवं ऊर्जा के अतिरिक्त स्रोत मंत्री, पंडित श्रीकान्त शर्मा द्वारा इस पुरस्कार की घोषणा सोमवार को बेबिनार के माध्यम से की गयी। उक्त जानकारी सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने दी है। पूर्वोत्तर रेलवे ऊर्जा बचत के लिये अनेक प्रभावी कदम उठा रहा है, जैसे ट्रेनों में एल.ई.डी. लाइटिंग प्रदान की गयी है, सभी स्टेशनों एवं कालोनियों में भी शत-प्रतिशत एल.ई.डी. लाइटिंग की व्यवस्था की गयी है। जिसके फलस्वरूप ऊर्जा खपत में कमी हुई है। ऊर्जा के गैर पारम्परिक स्रोत सौर ऊर्जा (सोलर एनर्जी) का उपयोग बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। साथ ही ऊर्जा दक्ष उपकरणों का प्रयोग सुनिश्चित कर ऊर्जा खपत में बचत की जा रही है।

### दो दिवसीय गोरखपुर महोत्सव 12 से

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त जयन्त नार्लिकर ने बताया है कि स्थानीय कलाकारों के प्रोत्साहन हेतु गोरखपुर महोत्सव 2021 का आयोजन आगामी 12 एवं 13 जनवरी को होगा। अधिकारियों को निर्देश दिया कि महोत्सव की तैयारियां पूर्ण कर लें। कोविड-19 संक्रमण के प्रोटोकाल का पालन करते हुए गोरखपुर महोत्सव का आयोजन किया जाये। उक्त निर्देश मण्डलायुक्त ने आयुक्त सभागार में आयोजित गोरखपुर महोत्सव की तैयारी बैठक करते हुए दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गोरखपुर महोत्सव स्थानीय कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच है। उन्होंने क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी को निर्देश दिया कि पारंपरिक क्रीड़ा का आयोजन करायें और कृषि, सरस, पुस्तक मेला आदि आयोजित किया जाये। मण्डलायुक्त ने साफसफाई, सेनिटाइजर, मास्क आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी ने महोत्सव संबंधी एजेण्डा प्रस्तुत किया। आयुक्त ने निर्देश दिया कि एजेण्डावार तैयारियां सुनिश्चित करायी जाये और यदि व्यवस्था में कहीं कोई कठिनाई आ रही हो तो अविलम्ब संज्ञान में लाया जाये।

### शहीद मेला के निमित्त बांटे गए पत्रक

**गोरखपुर।** पंडित राम प्रसाद बिस्मिल शहीद मेला एवं खेल महोत्सव आयोजन समिति, गुरु कृपा संस्थान व अखिल भारतीय क्रांतिकारी संघर्ष मोर्चा के द्वारा 16 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे शहीद मेला खेल महोत्सव कार्यक्रम के निमित्त आज व्यापारियों, प्रबुद्धजनों, शिक्षक, समाजसेवी, छात्र, नौजवान संगठन, संस्थान, व्यापारियों के बीच आमंत्रण पत्र वितरित करके 16 दिसंबर को होने वाले मशाल जुलूस के कार्यक्रम के साथ ही साथ 16 से 25 दिसंबर के बीच सहभागिता हेतु कार्यक्रम के आयोजक बृजेश राम त्रिपाठी ने लोगों से अपील किया।

### मुख्यमंत्री योगी ने लिया हालचाल

**गोरखपुर।** लखनऊ के एसजीपीजीआई में एडमिट वरिष्ठ कार्यकर्ता मृत्युंजय सिंह (ग्राम प्रधान बढ़या चौक), पीपीगंज, गोरखपुर का हालचाल लेने आज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सायंकाल 5:30 बजे एसजीपीजीआई पहुंचे। म मुख्यमंत्री ने मृत्युंजय सिंह से उनका हालचाल लिया और उन्हें जल्द स्वस्थ हो कर गोरखपुर लौटने को कहा। वहाँ मौजूद एसजीपीजीआई के निदेशक से उन्होंने मृत्युंजय सिंह के स्वास्थ्य की भी जानकारी ली। जानकारी के अनुसार मृत्युंजय सिंह पिछले कई दिनों से एसजीपीजीआई में हार्ट की समस्या के चलते भर्ती हैं।

### व्यापारी के घर के सामने लगा मोटर खोल ले गए चोर

**मिल्कीपुर, अयोध्या।** इनायत नगर थाना क्षेत्र मिल्कीपुर बाजार में व्यापारी के मकान के सामने लगा टुल्लू पंप मोटर चोर ने ठंड का फायदा उठाते हुए पार कर दिया है। हालांकि चोरी की वारदात व्यापारी के मकान के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। जिसकी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पीड़ित व्यापारी ने बाजार के ही एक व्यापारी युवक के खिलाफ तहरीर देकर मुकदमा कायम किए जाने की मांग की है। फैजाबाद रायबरेली मार्ग के किनारे मिल्कीपुर बाजार में विष्णु नारायण का मकान स्थित है। मक़ाम स्थित है। विष्णु नारायण ने अपने मकान के सामने स्थित हैंडपंप से पानी निकालने के लिए मोटर लगा रखा था। व्यापारी विष्णु नारायण के मकान के ठीक सामने व्यापारी राम सागर जायसवाल की हवाई बिल्डिंग में सीसी कैमरा लगा हुआ है। बीती रात चोर हैंड पंप के पास पहुंच गए और खोलकर पार कर दिया चोरों को यह पता नहीं था कि उसकी सारी हरकतें सीसी कैमरे में कैद हो रही है। घटना के दूसरे दिन जानकारी के बाद व्यापारी ने अपने मकान के सामने लगे सीसी कैमरे के फुटेज को निकालवाया। जहां बाजार का ही व्यापारी युवक मुरारी मोटर चोरी करते पहचाना गया। पीड़ित व्यापारी विष्णु नारायण ने आरोपी युवक के विरुद्ध थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

### गन्ने की पराली न जलाएं किसान, रद्द हो सकता है गन्ने का सट्टा

**अम्बेडकरनगर।** प्रायः देखा गया है कि कुछ कृषक अज्ञानतावश पराली/गन्ने की पत्तियों को जलाकर नष्ट कर देते हैं जिससे आर्थिक एवं पर्यावरणीय नुकसान होता है। शासन स्तर से गन्ने की पत्तियां/पराली जलाने पर पूर्णतः रोक लगा दी गई है एवं इसकी शिकायत मिलने पर आर्थिक दण्ड/विधिक कार्यवाही के साथ -साथ सम्बन्धित कृषक का सट्टा तत्काल बन्द करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। गन्ने की पत्तियां/फसल अवशेष जलाने से जमीन का तापमान बढ़ता है, उर्वरा शक्ति का ह्रास होता है, लाभदायक जीवाणु एवं मित्र कीट समाप्त होते हैं तथा वायुमण्डल में प्रदूषण भी फैलता है। इसके विपरीत ट्रैश मल्चर का प्रयोग करके गन्ने की पत्तियों/पराली को छोटे-छोटे टुकड़ों में करके मिट्टी में मिलाने से मिट्टी में जीवांश पदार्थ की मात्रा बढ़ती है, मृदा की जलधारण क्षमता बढ़ती है, खरपतवारों पर नियन्त्रण होता है, निराई गुड़ाई में कम व्यय होता है एवं मृदा की उर्वरा शक्ति भी बढ़ती है।

# सपाईयों और कांग्रसियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**किसान आंदोलन** के समर्थन में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता सोमवार को गोरखपुर में जगह-जगह सड़क पर उतरे। इस बीच प्रदर्शन के मद्देनज़र कल से चौकन्नी पुलिस ने सपा के जिलाध्यक्ष नगीना प्रसाद साहनी, नगर अध्यक्ष जियाउल इस्लाम सहित पार्टी के कई नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान के घर पुलिस तैनात रही। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें घर से निकलने नहीं दिया जा रहा है। बाद में पुलिस उन्हें हिरासत में लेकर थाने ले आई। सपा नेता सुनील सिंह को भी उनके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। सपा के नेता और वार्ड नंबर 20 गिरधरगंज से पार्षद प्रतिनिधि राघवेंद्र प्रताप सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उधर, नगर निगम पहुंचे कई सपाइयों को पुलिस गिरफ्तार कर पुलिस लाइन ले गई। पुलिस लाइन में बैनर लगाकर सभा कर रहे सपाइयों से पुलिस की झड़प भी हुई। सपाइयों ने पुलिस लाइन में ही सभा शुरू कर दी।

किसान आंदोलन के समर्थन में प्रदर्शन की तैयारी कर रहे समाजवादी पार्टी नेताओं की धड़पकड़ पुलिस ने शुरू कर दी है। सोमवार सुबह-सुबह सपा के निवर्तमान नगर अध्यक्ष जियाउल इस्लाम को पुलिस ने इस्लामिया कॉलेज ग्राउंड से गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सपा नेता ने फेसबुक लाइव के जरिए प्रशासन पर जमकर भड़ास निकाली। सपा नगर अध्यक्ष उस वक्त ट्रैक शूट में थे। पुलिस को देखते ही उन्होंने जेब से मोबाइल निकाला और फेसबुक लाइव शुरू कर दिया। उन्होंने सरकार पर अत्याचार करने का आरोप लगाते हुए जमकर नारे लगाने शुरू कर दिए। साथ में उनके समर्थक भी नारे लगाने लगे। इस दौरान सपा कार्यालय और नगर निगम परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। सपा नेताओं के आंदोलन को लेकर पुलिस ने पार्टी के बेतियाहाता कार्यालय और नगर निगम परिसर को सुबह ही घेर लिया। बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों ने मोर्चा संभाल लिया। पुलिस की धर-पकड़ के बीच सपा नेता चोरी-छिपे नगर निगम पहुंचने लगे हैं।

# मकर संक्रांति से माघी पूर्णिमा तक होगा धन संग्रहः चंपत राय

**● 10 रुपए से 1000 तक का कूपन लेकर करोड़ों घरों तक पहुंचेंगे कार्यकर्ता, रसीद के साथ-साथ भगवान का चित्र भी समर्पित करेंगे दानदाता को**

**अयोध्या।** भगवान श्री राम के कार्य में धन बाधा नहीं हो सकता, समाज का समर्पण कार्यकर्ता स्वीकार करेंगे और आर्थिक विषय में पारदर्शिता रखते हुए हमने दस रुपया, सौ रुपया, एक हज़ार रुपया के कूपन व रसीदें छापी है और समाज जैसा देगा उसी के अनुरूप कार्यकर्ता उसे कूपन या रसीद देंगे सोशल मीडिया द्वारा श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने यह बात कही। करोड़ों घरों में भगवान के मंदिर का चित्र पहुँचेगा और यह जनसंपर्क का यह कार्य मकर संक्रांति से प्रारंभ होकर माघ पूर्णिमा तक चलेगा।लाखों रामभक्त इस ऐतिहासिक अभियान के लिये अपना पूर्ण समय समर्पित करेंगे। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से जुड़ी इतिहास की सच्चाइयों को सर्वोच्च अदालत ने स्वीकार किया। भारत सरकार ने न्यायालय के निर्देश पर श्रीराम जन्मभूमि के लिए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र नाम से ट्रस्ट गठित किया। प्रधानमंत्री ने 5 अगस्त को अयोध्या में पूजन करके मंदिर निर्माण की प्रक्रिया को गति प्रदान की है और मंदिर के वास्तु का दायित्व अहमदाबाद के चंद्रकान्त सोमपुरा जी पर है। वे वर्ष 1986 से जन्मभूमि मन्दिर निर्माण की देखभाल कर रहे हैं। लार्सन टुब्रो कम्पनी को मंदिर निर्माण का कार्य दिया है, निर्माता कंपनी के सलाहकार के रूप में ट्रस्ट ने श्टाटा कंसल्टेंट इंजीनियर्स श् को चुना है। उन्होंने बताया संपूर्ण मंदिर पत्थरों से बनेगा। मन्दिर तीन मंज़िला होगा। प्रत्येक मंज़िल की ऊँचाई 20 फ़ीट होगी, मंदिर की लंबाई 360 फ़ीट तथा चौड़ाई 235 फ़ीट है। भूतल से 16.5 फ़ीट ऊँचा मंदिर का फ़र्श बनेगाए भूतल से गर्भ गृह के शिखर की ऊँचाई 161 फीट होगी। धरती के नीचे 200 फीट गहराई तक मृदा परीक्षण तथा भविष्य के सम्भावित भूकम्प के प्रभाव का अध्ययन हुआ है। ज़मीन के नीचे 200 फीट तक भुरभुरी बालू पायी गयी है। गर्भगृह के पश्चिम में कुछ दूरी पर ही सरयू नदी का प्रवाह है। इस भौगोलिक परिस्तिथि में 1000 वर्ष आयु वाले पत्थरों के मन्दिर का भार सहन कर सकने वाली मज़बूत व टिकाऊ नींव की ड्राइंग पर आईआईटी बंबई, आईआईटी दिल्ली, आईआईटी चेन्नई, आईआईटी गुवाहाटी, केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान रुड़की, लार्सन टूब्रो व टाटा के इंजीनियर आपस में परामर्श कर रहे हैं। चंपत राय ने बताया बहुत शीघ्र नीव का प्रारूप तैय्यार होकर नीव निर्माण कार्य प्रारम्भ होगा। भारत वर्ष की वर्तमान पीढ़ी को इस मंदिर के इतिहास की सच्चाइयों से अवगत कराने की योजना बनी है। देश की कम से कम आधी आबादी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की एतिहासिक सच्चाई से अवगत कराने के लिये देश के प्रत्येक कोने में घर-घर जाकर संपर्क करेंगे। अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, अंडमान निकोबार, रणकच्छ, त्रिपुरा सभी कोनों पर जाएँगे, समाज को राम जन्मभूमि के बारे में पढ़ने के लिए साहित्य भी दिया जाएगा। करोड़ों राम भक्तों की इच्छा है कि भगवान की जन्मभूमि पर भ्रम मंदिर बने और जिस प्रकार जन्मभूमि को प्राप्त करने के लिये लाखों भक्तों ने कष्ट सहे, सतत सक्रिय रहे। सहयोग किया उसी प्रकार करोड़ों लोगों के स्वैच्छिक सहयोग से मन्दिर बनेगा और स्वाभाविक है जब जनसंपर्क होगा लाखों कार्यकर्ता गाँव और मोहल्लों में जाएँगे तो समाज स्वेच्छा से कुछ न कुछ निधि समर्पण करेगा और भगवान का काम है। लोगों कि जन भावनाओं से भगवान के घर रुपी मंदिर का निर्माण होगा।

# सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़ किसानों की बात मानेः रामकुमार



प्रदर्शन करते कांग्रेस नेता

**अम्बेडकरनगर।** देश के किसान किसान बिल के विरूद्ध उक्त काला कानून समाप्त करने के लिए आन्दोलनरत है सरकार अपनी हठधर्मिता का परित्याग नही करना चाहती है उक्त बाते जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पाल ने आज धरना प्रदर्शन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने कहा सरकार अपनी हठधर्मिता छोड़कर किसानों की बात माने। किसान प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष रधुनाथ पटेल ने अध्यक्षता करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार को सिर्फ पूँजीपतियों की चिंता है, वह किसान की बात नही सुनना चाहती वह सिर्फ किसानों का शोषण कर रही है। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र बबलू ने जिला मुख्यालय स्थिति अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष रधुनाथ पटेल की अध्यक्षता में सात सूत्रीय ज्ञापन मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष राम कुमार पाल की मौजूदगी में उप जिलाधिकारी मैनूद्दीन इस्लाम को सौपा गया।

# श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट ने देश के शीर्ष इंजीनियरों की विशेषज्ञ समिति का किया गठन

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने उच्चतम गुणवत्ता के मानकों का निर्धारण करने तथा राममंदिर को दीर्घायु बनाने के प्लान की समीक्षा तथा इसको लेकर अपने सिफारिशें देने के लिए देश के प्रतिष्ठित इंजीनियरों की एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। आठ सदस्यीय समिति के गठन की अधिसूचना ट्रस्ट ने जारी कर दी। 15 जनवरी से ट्रस्ट रामजन्मभूमि पर भव्य राममंदिर निर्माण शुरु कराने की तैयारियों में जुटा है। प्रो वीएस राजू पूर्व निदेशक आईआईटी दिल्ली को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। प्रो एन गोपालाकृष्णन निदेशक सीबीआरआई रुड़की को कन्वेयर तथा प्रो एसआर गांधी एनआईटी सूरत, प्रो टीजी सीताराम निदेशक आईआईटी गुवाहाटी, प्रो बी भट्टाचार्जी एमेरिटस प्रोफेसर आईआईटी दिल्ली, एपी मुल सलाहकार टीसीईए प्रो मनु संथानम आईआईटी मद्रास, प्रो प्रदीपता बनर्जी आईआईटी मुम्बई को सदस्य बनाया गया है।

# किसानों की हितैषी नहीं है भाजपा सरकारः अखिलेश

**किछौछा अंबेडकर नगर।** काफी लंबे इंतजार के बाद लगभग 3 घंटे की देरी से पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का सपा कार्यकर्ताओं ने बड़े ही गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। आजमगढ़ से वापस लौटते समय समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के स्वागत समारोह का कार्यक्रम सोमवार को राम अवध स्मारक महाविद्याल कसदहा शुकुल बाजार में जिलाध्यक्ष रामसकल यादव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। स्वागत समारोह के पश्चात पत्रकार वार्ता में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने किसान बिल पर बोलते हुए कहा कि बीजेपी किसानों के मुद्दे से भटका रही है ध्यान, सरकार बताए किसानों को एमएसपी कहा और कैसे मिलेगी, और एमएसपी का कानून कब लागू करेंगे, जिससे किसानों की आय दोगुनी हो जायेगी। हम पालिटिकल है लेकिन किसान भी है, समाजवादियो को रोकने के लिए सरकार पुलिस का इस्तेमाल कर रही है किसानो के समर्थन में सपा




मीडिया से मुखातिब सपा प्रमुख अखिलेश यादव

कभी नही खत्म होगा। जो सरकार किसानों को बाजार में छोड़ देती है निश्चित रूप से किसान विकास नहीं कर सकेगा। केंद्र सरकार द्वारा पारित किसान विधेयक बिल किसानों की आय दोगुनी करने की बजाय उन्हें कंगाली के कगार पर लाकर खड़ा कर देगा। किसानों को लागत का एम एस पी देना चाहिए जो इस बिल में नहीं दे रही है इसलिए इस बिल का वापस होना नितांत जरूरी है। वही बेरोजगारों की समस्या पर भी उन्होंने कहा कि सरकार के सारे दावे हवा-हवाई है झूठे आंकड़े पेश कर बेरोजगारों को गुमराह करने का काम कर रही है। सरकार ने कहा कि लॉकडाउन के दौरान सरकार ने लगभग एक करोड़ युवाओं को रोजगार दिया जबकि सरकार के पास कागजी आंकड़ा नहीं है। स्वागत समारोह में पूर्व विधान परिषद सदस्य विशाल वर्मा, विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव, विधायक सुभाष राय, पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, पूर्व सांसद त्रिभुवन दत्त, पूर्व मंत्री गोपीनाथ वर्मा, पूर्व विधायक कुंवर अरुण, पूर्व विधायक भीम प्रसाद सोनकर मोहम्मद एबाद, अतरौलिया विधायक संग्राम यादव, राहुल दत्त, अजय एडवोकेट, मुजीब अहमद सोनू, संदीप यादव, शेष कुमार वर्मा अजीत यादव, प्रमोद दत्त, कुंदन यादव, विद्यावती राजभर, संगीता कनौजिया, गप्पू वर्मा, फूलचंद वर्मा सहित भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर तैनात रही पुलिस

**अम्बेडकरनगर।** कृषि बिल के विरोध में विभिन्न किसान संगठनों एवं समाजवादी पार्टी तथा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए जिला मुख्यालय पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। अपर पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार मिश्र स्वयं भ्रमणशील रहकर पूरी व्यवस्था का जायजा ले रहे थे। पुराने तहसील तिराहे के अलावां पटेल नगर तिराहे, कचेहरी मार्ग तथा कलेक्ट्रेट की तरफ जाने वाले दोनों रास्तों पर बैरीकेटिंग के साथ ही भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। विरोध प्रदर्शन को देखते हुए प्रशासन ने रविवार की रात से ही प्रमुख सपा नेताओं के घर पर पुलिस की तैनाती शुरू कर दी थी। सपा जिलाध्यक्ष रामशकल यादव, पूर्व मंत्री राममूर्ति वर्मा, विधान परिषद सदस्य हीरालाल यादव सहित अन्य प्रमुख सपा नेताओं के घर पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सोमवार की सुबह किसी भी सपा नेता को घर से बाहर निकलने की इजाजत नही दी गई थी।इसके अलावां कई किसान नेताओं को भी प्रशासन ने या तो नजरबंद कर दिया था या तो हिरासत में ले लिया था।

# गोपीनाथ के नेतृत्व में सपा नेताओं ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन

**● पुलिस की किलेबंदी को विफल कर कलेक्ट्रेट पंहुचे सपा नेता**

संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**देश की** राजधानी के निकट कृषि बिल के विरोध में आन्दोलनरत किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी, कांग्रेस, भारतीय किसान यूनियन व कुछ अन्य संगठनों ने सोमवार को बड़े पैमाने पर धरना प्रदर्शन का ऐलान किया था। इन संगठनों के ऐलान के बाद प्रशासन ने भी अपनी ब्यूह रचना तैयार कर ली थी। प्रशासन किसी भी कीमत पर प्रदर्शनकारियों को धरना स्थल तक नही पंहुचने देना चाहता था लेकिन इसके बावजूद सपा समेत कुछ अन्य संगठनों के पार्टी नेता व कार्यकर्ता अम्बेडकर प्रतिमा तक पंहुच ही गये। समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित धरने का नेतृत्व पूर्व विधायक गोपीनाथ वर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा लाया गया कृषि बिल किसानों के लिए अभिशाप है। इससे किसानों की कमर टूट जायेगी। केन्द्र सरकार इस बिल के सहारे पूंजीपतियों को प्रोत्साहन देने का काम कर रही है। इस दौरान सपा नेता मलखान सिंह, जंगबहादुर यादव, सिद्धार्थ मिश्रा, सुरेन्द्र वर्मा, रण विजय सिंह आदि मौजूद रहे।

धरना स्थल पर पुलिस बल के पंहुचने पर गोपीनाथ वर्मा ने यह कहकर धरना समाप्त करने का ऐलान कर दिया कि उन सबको राष्ट्रीय अध्यक्ष के स्वागत में न्योरी बाजार पंहुचना है। इससे प्रशासन ने भी राहत की सांस ली। इससे पूर्व युवजन सभा के जिलाध्यक्ष प्रद्युम्न यादव एवं युवा सपा नेता महेन्द्र यादव को काफिले के साथ कलेक्ट्रेट की तरफ जाते समय पुलिस ने पटेल नगर तिराहे पर ही पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रद्युम्न यादव ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया तथा मार-पीट की।

# पूर्व सीएम अखिलेश स्व. पूर्व मंत्री वसीम अहमद के परिजनों से मिले जताया, शोक

**● सड़क मार्ग से आजमगढ जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के स्वागत मे सर्दी पर भारी पड़ा सपाइयों का जोश**

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** सपा के वरिष्ठ नेता उप्र के पूर्व मंत्री वसीम अहमद के निधन पर श्रद्धांजलि एवं परिजनों से शोक संवेदना प्रकट करने लखनऊ से चलकर आजमगढ़ सड़क मार्ग से जा रहे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का टाण्डा विस क्षेत्र के पदाधिकरियो एव कार्यकर्ताओ ने बसखारी बाजार के मोतिगरपुर गाव के पास हाईवे सड़क पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को फूल मालाओं से लादकर ऐतिहासिक स्वागत किया पार्टी कार्यकर्ताओं में अपने नेता को एक झलक देखने के लिए काफी उत्साह एवं जोश ठंड के बाद भी देखने को मिला।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सडक मार्ग से आजमगढ पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रदेश के पूर्व मंत्री वसीम अहमद का बीते दिनो निधन हो गया था जिसमे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने स्वर्गीय अहमद के घर पर श्रद्धांजलि एवं परिजनो से मिलकर शोक संवेदना प्रकट करने जा रहे थे देर रात्रि लगभग 7 बजकर 08 मिनट जैसे बसखारी बाजार के निकट ग्राम पंचायत मोतिगरपुर गांव के 233 हाईवे के पास उत्साहित समाज वादी पार्टी कार्यकर्ताओं को देख कर गदगद रहे समाज वादी पार्टी कार्यकर्ताओं में एक नए जोश उमंग के साथ अखिलेश यादव जिंदाबाद के नारों से गूंजता रहा। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश सरकार के तानाशाही रवैए से किसान बेहाल हैं प्रदेश की जनता त्रही त्रही कर रही है लेकिन सत्ता में बैठी भाजपा सरकार घड़ियाली आंसू बहा रही है उन्होने ने कहा कि आने वाले समय मे प्रदेश की जनता हिसाब लेगी इस दौरान स्वागत में फैजाबाद से अम्बेडकर नगर के पूर्व एम एल सी विशाल वर्मा समाजवादी पार्टी के युथ ब्रिगेड के पूर्ब प्रदेश अध्यक्ष मोहमद एबाद सपा जिला अध्यक्ष रामशकल यादव आलापुर विधान सभा क्षेत्र के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व विधायक कुंवर अरुण पूर्ब विस अध्यक्ष फिरोज अहमद सिद्दीकी कासिम अशरफ पूर्व विधायक भीम प्रसाद सोनकर सपा नेता राहुल दत्त जिला पंचायत सदस्य राजमन भारती सभासद डॉक्टर आत्मा राम वर्मा विजेंद्र यादव प्रमोद चौरसिया वरुण यादव युवा नेता कुलदीप बर्मा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रविशंकर आनंद सपा नेत्री संगीता कनौजिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य जगन्नाथ कन्नौजिया वरिष्ठ नेता हरिराम यादव बागी राजभर समाज के वरिष्ठ नेता गंगाराम राजभर प्रमोद चौरसिया पंकज चौधरी सपा के पूर्व सचिव रणजीत पासवान सपा जिला उपाध्यक्ष डा अभिषेक यादव बसखारी ब्लाक के पूर्ब प्रमुख बिजय बर्मा माथुर टाण्डा बिस सचिव जुल्फेकार अहमद लल्लू सहित भारी सख्या मे सपा के उपास्थित कार्यकर्ताओ की भीड दूर तक लगी रही तो वही समाजवादी पार्टी का दुसरा गोल डोडो हाईबे के सडक पर नजर आ गये तो सपा अध्यक्ष ने दो मिनट रुके इसके बाद रवाना हुए जब पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश का काफिला आजमगढ़ के लिए निकला तो लोकसभा क्षेत्र अतरौलिया में स्थित निरीक्षण भवन मे क्षेत्रीय विधायक डॉ संग्राम में अपनी पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव एवं पूर्व चेयरमैन सुभाष चंद्र जयसवाल के नेतृत्व में फूल मालाओं से लादकर स्वागत किया गया इस दौरान सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अतरौलिया डाक बंगले पर रात्रि 7 बजकर 35 मिनट पर पहुंचे और वहां पर लगभग 25 मिनट तक रुके और अतरौलिया के स्थानीय पत्रकारो से एक प्रेस वार्ता भी की जहां पर केंद्र और उप्र सरकार को जमकर कोसा केंद्र सरकार द्वारा पारित कृषि कानून के खिलाफदिल्ली में किसानो के आंदोलन को लेकर किसानों को बधाई दी जहां पर केंद्र और प्रदेश सरकार को जमकर हमला भी बोला श्री यादव ने कहा कि आज किसान केवल न्यूनतम समर्थन मूल्य मांग कर रहा है लेकिन केन्द्र सरकार किसानों का शोषण कर रही है केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार पूजी पतियों की विकास के बारे में सोचती है किसान हित की बात करना एक दिखावा है आज उप्र में बेतहाशा बिजली एव डीजल के मूल्य बढ़ रहा है और किसानो का गन्ना मुल्य का भुगतान नहीं हो रहा है। सपा नेता क्षेत्रीय विधायक डॉ संग्राम यादव पूर्व ब्लाक प्रमुख चंद्रशेखर यादव सपा वरिष्ठ नेता पूर्व चेयरमैन सुभाष चंद्र जयसवाल अखिलेश यादव सहित सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष का काफिला आजमगढ़ शहर के पहाड़पुर स्थित पूर्व मंत्री स्वर्गीय वसीम अहमद के निवास स्थान के लिए रवाना हुए जहां पर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वर्गीय वसीम अहमद के घर पर लगभग 8:50 पर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त किया।

# कांग्रेस का संकट
## प्रणव मुखर्जी का खुलासा

**अपने जीवन** में प्रणव मुखर्जी हमेशा मध्यमार्ग पर चले और उन्होंने कभी अपनी दिली इच्छा नहीं प्रकट की। वे खासकर कांग्रेस के बारे में बहुत सावधान रहे। पार्टी नेतृत्व के साथ उनके रिश्ते जटिल थे, पर उन्होंने कभी इसे सार्वजनिक नहीं किया। यदि अहमद पटेल पार्टी चलाते रहे तो प्रणव मुखर्जी सरकार चलते हुए गांधी परिवार की तीन पीढ़ियों के लिए प्रासंगिक व अपरिहार्य बने रहे। लेकिन जहां पटेल कभी लाइमलाइट में नहीं आए वहीं प्रणव मुखर्जी के मन में प्रधानमंत्री बनने की इच्छा थी। हालांकि, सभी इसे जानते थे, पर उन्होंने कभी इसे स्पष्ट रूप से नहीं कहा और संस्मरणों में भी इस विवादास्पद मुद्दे को सीधे संबोधित नहीं किया। लेकिन अपनी आत्मकथा 'द प्रेसीडेंसियल इयर्स' श्रृंखला के अंतिम खंड में उन्होंने सीधी-सीधी बात करते हुए कुछ खुलासे किए हैं। विडंबना है कि मुखर्जी द्वारा कांग्रेस का यह विश्लेषण ऐसे समय आया है जब पार्टी के वरिष्ठ नेता पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र के लिए संघर्ष कर रहे हैं तथा नामांकन के बजाय निर्वाचन पर जोर दे रहे हैं। मुखर्जी के विवरण से स्पष्ट है कि वे 2014 से पार्टी में इस मुद्दे से निपट रहे थे। उन्होंने 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की पराजय का कारण पार्टी मुखिया सोनिया गांधी का कार्यकर्ताओं से संवाद टूटना तथा सदन से प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की अनुपस्थिति बताया है जिससे सांसदों से उनका कोई संपर्क नहीं रहा। प्रणव मुखर्जी के अनुसार, 'कांग्रेस के कुछ सदस्यों' का विश्वास था कि यदि वे प्रधानमंत्री बनते तो पार्टी की पराजय नहीं होती। उन्होंने कहा कि उनके राष्ट्रपति बनने के बाद पार्टी 'राजनीतिक फोकस खो चुकी' थी। इससे शासन प्रभावित हुआ और नरेन्द्र मोदी ने इसका लाभ उठाया।



ये खुलासे कांग्रेस में बहुत बुरे समय पर सामने आए हैं। कांग्रेस के अनेक नेताओं ने पत्र लिख कर उसे पुनर्जीवित करने का रास्ता बताया है। उन्होंने पार्टी में चुनावों पर जोर दिया है। कांग्रेस में सीवीसी के चुनाव 1998 में हुए थे। समस्या यह है कि कांग्रेस ने कभी वंशवादी दृष्टिकोण नहीं छोड़ा और एक बार फिर चुनाव के बजाय कांग्रेस अध्यक्ष के रूप में राहुल गांधी का नामांकन संभव है। संभवत: यह पार्टी के भविष्य व रणनीतियों पर मचे शोर-शराबे को दबाने के लिए होगा। स्वयं सोनिया ने कांग्रेस अध्यक्ष तथा उसके नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-संप्रग प्रमुख का पद छोड़ने की इच्छा प्रकट की है। राष्टवादी कांग्रेस पार्टी-रांकापा के पूर्व प्रमुख शरद पवार को संप्रग प्रमुख की भूमिका देने की चर्चा थी, हालांकि उन्होंने इससे इनकार किया है। पवार राजनीतिक मामलों में गांधी परिवार के प्रभुत्व की आलोचना को निष्प्रभावी बना सकते थे। इसके साथ ही वे गठबंधन राजनीति चलाने में माहिर हैं और उन्होंने वैचारिक रूप से परस्पर विरोधी कांग्रेस-रांकापा-शिवसेना गठबंधन बना कर दिखाया है। हालांकि, 2019 के चुनाव में मोदी लहर ने विपक्षी महागठबंधन को ध्वस्त कर दिया क्योंकि उसमें एकता की भावना मौजूद नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद कुछ सकारात्मक परिणाम सामने आए थे। रांकापा प्रमुख शरद पवार व तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी महत्वपूर्ण क्षेत्रीय क्षत्रपों के रूप में उभरे थे जिनकी सलाह अन्य राष्टीय दल मानते थे। ममता बनर्जी अपनी पूरे देश में स्वीकार्यता और पहचान के चलते इस समस्या से मुक्ति दिला सकती हैं कि राष्टीय नेतृत्व में क्षेत्रीय क्षत्रपों को एकजुट करने की क्षमता नहीं है। शरद पवार भी संयुक्त संघीय मोर्चे के नेता बन कर उभर सकते हैं और सभी उनकी बात सुनेंगे। अनेक संघीय नेता गांधी परिवार के नौजवान नेताओं के प्रति सहज नहीं हैं और महाराष्ट्र में रांकापा नेता द्वारा सहमति बनाने के बाद पुराने कांग्रेसी एक समय विद्रोही रहे नेता को अब कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। उन्होंने महत्वपूर्ण केन्द्रीय मंत्रालयों में काम किया है। बिहार में अपनी सहयोगी राष्टीय जनता दल-राजद को डुबोने के बाद बंगाल व तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में संभावित सहयोगी वामपंथ व द्रमुक की चिन्ता बढ़ गई है। ऐसे में कांग्रेस को पहले अपने कार्यकर्ताओं की बात सुननी चाहिए।

# कर्ज के बजाय बचत महत्वपूर्ण

भारतीय परिवार देश की बचत में 60 प्रतिशत योगदान करते हैं। लेकिन इस साल कोरोना महामारी के कारण बचत भी अत्यधिक प्रभावित हुई है। देश की बचत 15 साल में सबसे निचले स्तर पर है क्योंकि परिवारों की आमदनी घटी है।



**मोईन काजी**
(लेखक, लोकप्रिय विकास पेशेवर हैं)



**सुरक्षित** व स्मार्ट बचत खाता लोगों का जीवन बदल सकता है। पैसा जमा होने से आत्मविश्वास तथा बेहतरी की भावना भी पैदा होती है। गरीबी के बारे में एक पुरानी कहावत है कि किसी को एक मछली दो तो उसे एक दिन का भोजन मिलेगा, पर यदि किसी को मछली पकड़ना सिखा दो तो वह जिंदगी भर भोजन जुटाने में सफल होगा। यह कहावत वर्तमान संदर्भ में सही है, हालांकि अब गरीबी से निपटने के लिए मछली पकड़ने वाली कंटिया की जगह बचत खाते ने ले ली है। चार दशक पहले सर्वाधिक लोकप्रिय बैंकिंग उत्पाद पिग्मी डिपाजिट या लघु बचत या दैनिक जमा योजना थी। गृहिणियां रोज कुछ रुपये खर्च से बचा कर घर पर आने वाले बचत संग्राहक को देती थीं। इस पैसे को बैंक खाते में जमा किया जाता था जिससे मिलने वाले ब्याज से बाद में जरूरतें पूरी की जा सकती थीं। इससे जमाकर्ताओं को साल भर बाद अच्छी धनराशि मिल जाती थी। अधिकांश मामलों में इससे घर के लिए बहुत जरूरी मशीनें खरीदी जाती थीं। इसका सरल संदेश था, पैसा बचाओ, भले ही यह एक समय में थोड़े रुपये हों, पर यह संपदा बनाने का सुनिश्चित रास्ता है। बाद में महत्वपूर्ण अवधारणा के रूप में माइक्रोक्रेडिट का विचार भी सामने आया जो थोड़ा नकद उधार देकर बाद में समयबद्ध तरीके से इसे वापस लेता था। इस पैसे का प्रयोग परिवार की आय बढ़ाने तथा जीवन बेहतर बनाने के लिए हो सकता है। इस विचार का सारी दुनिया में प्रसार हुआ और बैंकों ने गरीबों की सहायता के लिए अरबों रुपये माइक्रोक्रेडिट पर खर्च किए। लेकिन इससे शताब्दियों पुराना बचत का विचार पीछे छूट गया जिसने सभी समाजों के वित्तीय प्रबंधन में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। गरीब कर्जदारों की संख्या खतरनाक गति से बढ़ने के कारण अनेक संगठनकर्ताओं ने कर्ज की शक्ति पर सवाल उठाए। इससे उद्योग में नया विचार पैदा हुआ कि लोगों को वास्तव में बिजनेस के लिए कर्ज के बजाय अपनी बचत के लिए सुरक्षित रास्ता दिया जाना चाहिए। विकास विशेषज्ञ राबर्ट वोगेल ने इसे 'ग्रामीण फाइनेंस का भुलाया आधा हिस्सा' कहा थ। अब सारी दुनिया ने मान लिया है कि व्यक्तिगत फाइनेंस का सर्वाधिक महत्वपूर्ण उपकरण लघु बचत है। अब माइक्रोक्रेडिट की बदनामी के साथ लघु बचत की भावना जोर पकड़ रही है। हम सभी जानते हैं कि कुछ परिवारों को कर्ज से लाभ हुआ है, पर बहुत से इससे बरबाद भी हो सकते हैं। कर्ज का भुगतान समय पर न होने से यह दुष्चक्र में बदल जाता है। इससे बढ़ने वाली कर्जदारी पूरे परिवार पर बोझ बन जाती है।

इसके उलट दुनिया के सभी परिवार थोड़ी सी बचत करने से लाभान्वित हो सकते हैं। आय की अस्थिरता के कारण गरीब प्राकृतिक आपदा आने पर बीमारियों व मौत का खतरा उठाते हैं। इससे पैसे का संकट पैदा होता है तथा संपत्ति नष्ट होने पर पूरे-पूरे परिवारों ने आत्महत्यों की हैं। कर्ज के परिणामस्वरूप गरीब परिवारों के जीवन में बेचैनी पैदा होती है और अवसरों के बजाय वे जोखिम का ज्यादा सामना करते हैं। हालांकि, माइक्रोक्रेडिट के लाभ अनदेखे नहीं किए जा सकते हैं, पर कर्ज तो आखिर कर्ज है। ऐसे में बचत से सुविधाजनक रूप से संकट से मुक्ति पाने में सहायता मिलती है तथा खासकर महिलाओं के लिए बचत महत्वपूर्ण है। कम आय वाले परिवारों के लिए कर्ज अवसर के साथ ही जोखिम भी हो सकता है। आत्मनिर्भरता के दरवाजे खोलना जरूरी है, पर यह एक बाधा भी बन सकता है। आप स्वयं को कर्ज के जाल में फंसा सकते हैं जो वित्तीय समृद्धि का रास्ता रोकता है। कुछ लोग कर्ज से निपट नहीं पाते हैं। कुछ बिजनेस उद्यम बहुत जोखिम वाले होते हैं और जीवन की जरूरतें घटाने के बजाय महंगे कर्ज लेने का लालच बना रहता है। इसके बजाय बचत गरीब लोगों को अवसर दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकती है। इससे अस्थिर आमदनी की समस्या से राहत मिलती है तथा कर्ज की आवश्यकता घटती है। बचत का प्रयोग परिवार के बिजनेस में निवेश के लिए हो सकता है तथा इससे परिवारों व समुदायों की स्थिति मजबूत होती है। बचत में जोखिम कम होती है और इसके वित्तीय प्रबंधन में ज्यादा विशेषज्ञता की जरूरत नहीं होती है।

परंपरागत समाजों में महिलायें चाहे जितनी उत्पीड़ित रही हों या उनका साक्षरता का स्तर चाहे जितना कम रहा हो, वे अक्सर परिवार के बचत में योगदान करती थीं। दु:ख की बात है कि अधिकांश लोग बचत करने पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं। इसका कारण यह है कि अधिकांश मनुष्य आर्थिक रूप से संकुचित दृष्टिकोण के शिकार होते हैं। तत्काल आनन्द उठाने की तुलना में भविष्य में लाभ प्राप्त करना ज्यादा जरूरी है। बचत के लिए ज्यादा आत्मानुशासन की आवश्यकता होती है और इसमें विफलता के नतीजे और बुरे होते हैं। बुरे वक्त के लिए बचत खाते में पैसा जमा करने के बजाय तत्काल आनन्द पर पैसा खर्च करना ज्यादा महत्वपूर्ण लग सकता है। यह बात खासकर पुरुषों के लिए सही है। प्रत्येक महिला का वित्तीय समावेशन बचत को बढ़ावा देने के लिए जरूरी है। युवा महिलाओं की तुलना में वृद्ध महिलायें बचत का महत्व ज्यादा समझती हैं। आपात स्थिति में इस विवेक का महत्व सामने आता है। गरीबों को बचत के लिए थोड़े प्रोत्साहन की जरूरत होती है। परिवार आमतौर से आपातस्थितियों से निपटने, धार्मिक व सामाजिक जिम्मेदारियों, निवेश, बच्चों की उच्च शिक्षा तथा भविष्य में उपभोग के लिए पैसा बचाते हैं। बचत खासकर ग्रामीणों व गरीब लोगों के लिए मुख्य आधार बन सकती है। प्रकृति में सांप, बिच्छू, मलेरिया, डेंगू, बाढ़, समुद्री तूफान, फसलों की कीड़ों या जानवरों से बरबादी, आदि के खतरे होते हैं। इसके साथ ही बाजार की स्थितियां भी मौसम के साथ बदल सकती हैं। परिवार आमतौर से शिक्षा व विवाह के लिए तैयारी करते हैं, पर स्वास्थ्य संबंधी परेशानियां अचानक मुश्किल खड़ी करती हैं। सुरक्षित व स्मार्ट बचत खाते से लोगों का जीवन बदल सकता है। पैसा एकत्र करने से आत्मविश्वास तथा बेहतरी की भावना मजबूत होती है। यह स्वरोजगार तथा रोजगार सृजन का रास्ता खोल सकता है। कम आय वाले परिवार बचत का प्रयोग घर खरीदने, शिक्षा व छोटे उद्यमों में कर सकते हैं। परंपरागत सोच के विपरीत गरीब लोग भी वास्तव में बचत करते हैं, भले ही यह बहुत कम हो। बचत का महत्व गरीबों के लिए अनेक प्रकार से स्पष्ट है। वे घर पर पैसे छिपाते हैं, रिश्तेदारों को पैसा उधार देते हैं, पड़ोसियों के साथ बचत समूहों में काम करते हैं तथा जमा संग्रहकर्ताओं के माध्यम से बचत करते हैं। लेकिन गरीबों के लिए सस्ती लागत वाली व सुरक्षित बचत योजनाओं का अनेक कारणों से अभाव है। इसके परिणामस्वरूप जब गरीब परिवारों को सुरक्षित व सरल बचत के रास्ते दिए जाते हैं तो वे बचत के लिए प्रेरित होते हैं और उनके द्वारा बचत की गई धनराशि काफी होती है।

भारतीय परिवार देश की बचत में 60 प्रतिशत योगदान करते हैं। लेकिन इस साल कोरोनावायरस महामारी के कारण बचत भी अत्यधिक प्रभावित हुई है। देश की बचत 15 साल में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है क्योंकि परिवारों की आमदनी घटी है। लेकिन अर्थव्यवस्था की प्रगति के साथ ही बचत बढ़ने की उम्मीद है। यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि संस्थान कर्ज को बढ़ावा देने के लिए बचत के बजाय गरीब परिवारों को बंधक जैसा बना लेते हैं। बच्चे की प्राथमिक शिक्षा पर खर्च के लिए बचत न कर पाने के कारण लोगों को कर्ज लेना पड़ता है। परिवार में बीमारी या भोजन की कमी का सामना करने के लिए, शादी पर खर्च के लिए, अंतिम संस्कार या सामाजिक आयोजनों के लिए बार-बार कर्ज लेना पड़ता है। जरूरी उपकरणों के लिए भारी ब्याज पर कर्ज लेना पड़ता है तथा कोई विकल्प न होने पर व्यक्ति कर्ज के जाल में फंस सकता है। वित्तीय संस्थानों को समझना चाहिए कि गरीब लोग सुरक्षित व लचीली बचत के लिए ठीक हैं। केवल कर्ज देने से उनको गरीबी के जाल से मुक्त नहीं कराया जा सकता है। बचत करना गरीबी से बाहर निकलने का महत्वपूर्ण साधन है, अत: हमें माइक्रोक्रेडिट माडल के आगे सोचना चाहिए। वर्तमान महामारी से सबक मिला है कि बचत का कोई विकल्प नहीं है। इस संकट के दौरान ग्रामीण व शहरी भारत के अनेक लोगों का जीवन बचत से चला है। अब यह बात नौजवानों की समझ में भी आ रही है। पहले समझा जाता था कि 'नौजवान काफी बचत नहीं करते हैं।' लेकिन अब यह परंपरागत सोच बदल रही है। युवाओं में बचत के प्रति जो अनुशासन है उसका पहले अभाव था। खुशी की बात है कि अब बचत की भावना मजबूत हो रही है।

# महंगी सेंट्रल विस्टा परियोजना

> इस संबंध में होने वाली बैठकों में जन प्रतिनिधियों तथा पर्यावरण विशेषज्ञों को शामिल किया जाना चाहिए। सेंट्रल विस्टा परियोजना को 'जनता की परियोजना' की तरह पेश किया जा रहा है।

**कोटा श्रीराज**
(लेखक, पर्यावरण पत्रकार हैं)



**यह परियोजना** पर्यावरण तथा देशी चिड़ियों व पेड़ पौधों के लिए हानिकारक है। पेड़ पौधों व अन्य प्रजातियों को हटाना पड़ेगा नहीं तो वे नष्ट हो सकते हैं। सर्वोच्च न्यायालय ने हाल में सेंटंल विस्टा विकास परियोजना पर 'आक्रामक कार्रवाइयों' के लिए केन्द्र सरकार की खिंचाई की है। उसने सरकार से इस विशाल पुनर्विकास योजनाओं पर अनेक याचिकाओं का निपटारा होने तक सभी निर्माण गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा है। इस परियोजना में 1,244 सांसदों को स्थान देने वाली 64,500 मीटर की संसदीय इमारत का निर्माण होना है जिसमें एक सचिवालय भी शामिल है। इससे अन्य चीजों के साथ तीन किलोमीटर लंबा राजपथ पूरी तरह बदल जाएगा। आशा है कि यह भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस 2022 तक तैयार हो जाएगी। कोविड-19 महामारी के बीच आई इस परियोजना ने पर्यावरण संबंधी सरोकार भी पैदा किए हैं। इसके साथ ही ऐसे समय भारी खर्च पर सवाल उठ रहे हैं जब अर्थव्यवस्था संकट में है तथा अनेक जरूरी कामों के लिए पैसे की जरूरत है। हालांकि, अदालत ने इस मामले में 5 नवंबर को कोई स्थगनादेश नहीं दिया था, पर केन्द्र सरकार द्वारा जल्दी से कुछ ढांचे हटाने तथा पुराने पेड़ों को गिराने या हटाने पर सवाल उठे थे।

चिन्ता मुख्यत: इस कारण भी थी कि दशकों पुराने पेड़ स्थानान्तरित करने पर कैसे रहेंगे। इसका कारण यह है कि सभी स्थानों पर मृदा की गुणवत्ता व भूमिगत जल की स्थिति समान नहीं होती है। उनको हटाने से क्षेत्र के पर्यावरण पर भी प्रभाव पड़ेगा। यह तथ्य भी है कि ये पेड़ ऐतिहासिक रूप से केन्द्रीय दिल्ली का हिस्सा रहे हैं। ऐसे में जनता व पर्यावरणविदों को चिन्ता थी कि स्थानान्तरण की स्थिति में इनमें से अधिकांश पेड़ मर जाने की जिम्मेदारी किस पर होगी? दिल्ली पहले ही कंक्रीट के जंगल में बदल गई है और दुनिया की एक सर्वाधिक प्रदूषित



राजधानी होने के कारण यहां हरियाली बनाए रखना जरूरी है। राष्टीय राजधानी पहले ही वायु प्रदूषण का शिकार है तथा रोज भारी टैंफिक जाम झेल रही है। ऐसे में शहर पर बोझ घटाने व हरियाली बढ़ाने पर जोर होना चाहिए। पर्यावरण एक्टिविस्टों को चिन्ता है कि बड़ी मात्रा में मलबे व निर्माण सामग्री के परिवहन के लिए हजारों टंक रोज दिल्ली से गुजरेंगे जिससे प्रदूषण और बढ़ेगा। दिल्ली में पानी की भी कमी है। विश्व प्रकृति निधि द्वारा कराए एक सर्वेक्षण के अनुसार दिल्ली भारत के उन तीस शहरों में शामिल है जो जल संकट का सामना कर रहे हैं। क्षेत्र की परिस्थितिकी रिज व यमुना तक भूमि के ऊपर व भीतर जल प्रवाह से संचालित है। सेंटंल विस्टा पुनर्विकास परियोजना कंक्रीट निर्माण के कारण दोनों स्तर पर बाधा पैदा कर सकती है। हरित क्षेत्र वर्षा का जल सोखता है तथा भूमिगत जल का संभरण करता है। परियोजना में जल्दबाजी से दिल्लीवासी आश्चर्यचकित हैं क्योंकि यह 1962 से विरासती स्थल है। इस महत्वपूर्ण स्थल में परिवर्तन के लिए अनेक प्रकार के अध्ययनों तथा पूर्ण पर्यावरण प्रभाव विश्लेषण-ईआईए की आवश्यकता है। लेकिन पर्यावरण मंत्रालय ने मई में ही परियोजना को 'पर्यावरण अनुमति' प्रदान की थी। कुछ विशेषज्ञ इन अनुमतियों को जल्दबाजी मानते हैं ताकि परियोजना का शीघ्र क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। दुनिया में इतनी बड़ी परियोजनाओं पर निर्णय लोकतांत्रिक तरीके से होता है। ब्रिटिश संसद के विस्तार में 10 साल लगे और इसके लिए परियोजना का पूरा अध्ययन किया गया तथा निर्माण शुरू करने के पहले पूरी बात जनता के सामने रखी गई। यह परियोजना देशी परिवेश व चिड़ियों व पौध प्रजातियों के लिए विभीषिका सिद्ध हो सकती है जो स्थानान्तरण तथा विशाल निर्माण गतिविधियों से नष्ट हो सकती हैं। शहरी व पर्यावरण नियोजन एकसाथ चलना चाहिए। जीवों और वनस्पतियों पर विपरीत प्रभाव के साथ ही इस आकार की परियोजना के ढांचागत प्रभाव भी होते हैं। इससे बिजली, पानी, आदि की आवश्यकता बढ़ जाती है तथा कचरा व सीवेज निस्तारण व्यवस्था पर दबाव पड़ता है। इन आयामों का सावधानी से आकलन होना चाहिए। ऐसा न होने पर यह परियोजना खजाने, जनता व पर्यावरण पर बोझ बन सकती है। अधिकारियों को जनता की राय का सम्मान करते हुए सरकार को परियोजना की योजना व क्रियान्वयन में समावेशी भावना प्रदर्शित करनी चाहिए।

इस संबंध में होने वाली बैठकों में जन प्रतिनिधियों तथा पर्यावरण विशेषज्ञों को शामिल किया जाना चाहिए। सेंट्रल विस्टा परियोजना को 'जनता की परियोजना' की तरह पेश किया जा रहा है। ऐसे में परियोजना की डिजाइन व क्रियान्वयन के विभिन्न पक्षों तक नागरिकों की पूर्ण पहुंच होनी चाहिए। यदि सरकार वर्तमान संकट के समय खर्च घटाने तथा 20,000 करोड़ रुपये की भारी-भरकम धनराशि का बेहतर प्रयोग करने पर विचार करे तो अर्थव्यवस्था में योगदान के साथ कोविड-19 प्रभावित जनसंख्या को राहत मिल सकती है।

## आप की बात

### ड्रग के खिलाफ चेतना जरूरी

**हिन्दी** फिल्मों के उभरते अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत की मौत की चल रही जांच से भले ही अभी निष्कर्ष नहीं निकल पाया हो पर ड्रग रैकेट के भंडाफोड़ से इतना तो फायदा जरूर हुआ है कि इसकी छापेमारी ने कई के चेहरों से नकाब हटा दिए हैं। निश्चित तौर पर इससे आने वाली पीढ़ी को धीमे जहर से बचाया जा सकेगा। देशभर में इस तरह की छापेमार कार्रवाई होनी चाहिए। इस समय युवाओं के लिए ड्रग एक फैशन सा हो गया है। नशे की लत में बर्बाद होती पीढ़ी से भविष्य की चिंता हो रही है। ड्रग एक चाय की तरह हो गया है जो सहजता से देश में उपलब्ध हो जाता है। सुशांत राजपूत की मौत के बाद नशे के सौदागर सौदागरों पर छापेमारी जारी है। मुंबई में बड़े ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है जो इस मामले की संदिग्धता कम करेगा। इस तरह की कार्रवाई देशभर में होनी चाहिए जिससे युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाया जा सके। आज अगर युवा पीढ़ी ही स्वस्थ नहीं होगी तो उससे राष्ट्र निर्माण की उम्मीद कैसे की जा सकती है? सरकार नशे के सौदागरों के खिलाफ राष्ट्रव्यापी अभियान चलाएं।

**अमृतलाल मारू**, धार, मप्र

### पबजी पर प्रतिबंध

**ऑनलाइन** गेमिंग एप पबजी को प्रतिबंधित किये जाने के बाद से लगातार इसके दोबारा देश मे लॉन्च होने के कयास लगाए जा रहे है।समाचार पत्र के समाचार के आधार पर बाल संरक्षण आयोग देश मे पबजी को फिर इजाजत देने के खिलाफ है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने कहा कि वह उचित कानूनों के बनने तक पबजी को भारत मे फिर से शुरू किए जाने के पक्ष में नही है। जाहिर है इसी साल भारत ने सितंबर में 118 चीनी मोबाईल एप को प्रतिबंधित किया था। जिनमे पबजी भी था। बिल्कुल सही भी है बाल संरक्षण आयोग का कहना। पबजी के साइड इफेक्ट से हम वाकिब भी है। बच्चो और युवाओं को दिग्भ्रमित करने वाला यह गेम केरियर और स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है।बच्चे ज्यादातर समय जीत की जंग में मोबाइल,लेपटॉप से लगे रहते है।विगत समय पबजी के कारण बच्चों में बीमारियों ने भी पैर पसारना शुरू कर दिया था। मोटापा ,आँखों की कमजोरी, डिप्रेशन ,तनावग्रस्त रहना, और भी साइड इफेक्ट् बच्चो के लिए घातक है। पबजी पूरी तरह से प्रतिबंधित ही रहना चाहिये। ताकि बच्चों और युवाओं में संस्कारों का सार्थक सृजन हो । बाल संरक्षण आयोग की बात को सार्थकता प्रदान होनी चाहिए।

**योगेश जोशी**, बड़वाह (मप्र)


### वैक्सीन की उम्मीद

**कोरोना** वायरस से बचाव हेतु वैक्सीन की संभावनाएं हाल फिलहाल पूरे विश्व में तेज हो गई है। जब तक वैक्सीन शत प्रतिशत कसौटी पर खरी नहीं उतर जाती, तब तक कोरोना से बचाव हेतु गाइडलाइन की जो लक्ष्मण रेखा है उसको लांघने ने का प्रयास किसी को भी बिलकुल भी नहीं करना चाहिए। रामायण का प्रसंग है कि माता सीता को देवर लक्ष्मण ने हिदायत दी थी कि यह लक्ष्मण रेखा भूल कर भी नहीं लांघना, लेकिन माता सीता ने अपने धर्म का विचार कर लक्ष्मण रेखा को लांघा व साधु के वेश में आए रावण ने उनका हरण कर लिया । लेकिन यहां पर कोई भी, किसी के सामने, किसी भी प्रकार का धर्मसंकट नहीं है। थोड़ी सी गलती भी भारी पड़ सकती है । अत: जो निर्देश दिए गए हैं, उनका शत-प्रतिशत पालन कर कोरोना को हराना है। स्वयं के साथ-साथ हमें अपने भारत को भी जिताना है। कोरोना से बचाव हेतु जो लक्ष्मण रेखा तय की गई है उसका कतई उल्लंघन ना करें ।

**हेमा हरि उपाध्याय**, उज्जैन, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हाल** में कृषि क्षेत्र में किए गए सुधार किसानों के बेहतर हित को ध्यान में रखकर किए गए हैं और सरकार हमेशा चर्चा और संवाद के लिए तैयार है। हम अपने किसान भाइयों की हमेशा सुनने को तैयार हैं।

**राजनाथ सिंह**, रक्षा मंत्री



**केंद्र** सरकार को किसान आंदोलन का कोई सर्वमान्य समाधान निकालना चाहिए और किसानों की चिंताओं पर सहानुभूतिपूर्वक ध्यान देना चाहिए। किसान अपनी उन जरूरी चिंताओं को लेकर आंदोलन कर रहे हैं जिनकी सरकार अनदेखी कर रही है।

**अशोक गहलोत**, मुख्यमंत्री राजस्थान



**आने** वाले चार से छह महीनों में वैश्विक महामारी का प्रकोप बेहद अधिक हो सकता है। अगर हम मास्क पहनने जैसे नियमों का पालन करते हैं तो, मौत के ए मामले कम हो सकते हैं।

**बिल गेट्स**
माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक

# कृषि बिल के विरोध में प्रदर्शन कर सपा सहित किसान संगठनों ने दिया ज्ञापन

संवाददाता। उन्नाव

केन्द्र सरकार द्वारा पारित कृषि बिल के विरोध में विगत एक पखवारे से आन्दोलित किसानों के समर्थन में आज सपा कांग्रेस तथा किसान संगठनों ने अलग-अलग विरोध प्रदर्शन कर मौन धरना दिया अन्त में सपा सहित अन्य किसान संगठनों ने कृषि बिल वापस लेने के लिए ज्ञापन दिया।

पूर्व घोषित विरोध को विफल बनाने के लिए जिला प्रशासन ने हर नुक्कड़ चौराहा पर सुबह से भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था जबकि वरिष्ठ सपा एवं कांग्रेस नेताओं तथा किसान संगठन के पदाधिकारियों को बीती रात से घरों में नजर बन्द कर रखा था। इसके बावजूद सपा नेताओं ने नजरबन्दी तोड़ झाड़ी शाह मजार परिसर तक पैदल मोटर साइकिल यात्रायें निकाल जमकर विरोध प्रदर्शन किया जहां पुलिस तथा सपाईयों में कई जगह झड़पे हुई लेकिन पुलिस बल का विरोध कर भारी संख्या में सपाई झाड़ी शाह मजार परिसर पर दो घंटे मौन रखकर कृषक बिल पर विरोध प्रदर्शन किया तथा अन्त में कृषि बिल वापस लेने के लिए ज्ञापन दिया। भाकियू के शैलेन्द्र प्रताप सिंह, सौरभ यादव, किरन सिंह चौहान तथा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह को रात से ही घरों में नजरबन्द कर दिया गया। इसके बावजूद सैकड़ों की संख्या में झाड़ी शाह मजार परिसर पहुंच सपाईयों ने मौनव्रत रख ज्ञापन दिया। आज के धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सपा, पूर्व विधायक उदयराज यादव, सुधीर रावत, बदलू खां, सुन्दरलाल कुरील, एमएलसी सुनील साजन, मनीषा दीपक, सुरेश पाल, प्रशान्त कटियार, वीरेन्द्र शुक्ला, इस्माइल खां, जितेन्द्र कुशवाहा, आदिल खान, प्रमुख राजकुमार रावत, शिव बहादुर पटेल,, संतोष फौजी आदि मौजूद रहे।

● पुलिस ने कई नेताओं को किया हाउस अरेस्ट तो कई को किया नजरबंद



### सपा नेता साइकिल रैली निकाल पहुंचे धरना स्थल

उन्नाव। रामलीला मैदान से सपा नेता सोनी सिंह परिहार के नेतृत्व में किसान बिल के विरोध में मोटर साइकिल रैली निकाली गयी जो अवलगांव तिराहा से पुलिस को चकमा देते हुए झाड़ीशाह मजार परिसर धरना स्थल पर पहुंची जिसमें प्रमुख रूप से आजम खान, धीरेन्द्र यादव, श्री सिंह परिहार, शीतल यादव, विनीत गुप्ता, शिवा शुक्ला आदि रहे।

### जब धरना स्थल पहुंच गए पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि

उन्नाव। बीती रात से ही हाउस अरेस्ट पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि उन्नाव प्रशान्त कटियार अपने आधा सैकड़ा साथियों के साथ पुलिस को चकमा देकर नारे लगाते हुए झाड़ी शाह मजार परिसर धरनास्थल पहुंचे जहां रास्ते में पुलिस से झड़प भी हुयी। कैम्प कार्यालय से सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रशांत कटियार के नेतृत्व में सुन्दर लाल लोधी डी के मिश्रा, राजा यादव, राव ओंकार यादव, मनीष यादव आदि आधा सैकड़ा सपाइ जमकर नारेबाजी करते हुए धरना स्थल पहुंचे।

### कोविड नियमों की उड़ी धज्जियां

उन्नाव। समाजवादी पार्टी द्वारा किसान बिल के विरोध में प्रदर्शन के दौरान पार्टी के अधिकांश नेता और कार्यकर्ता बिना मास्क के ही प्रदर्शन में दिखाई दे रहे थे। दो गज की दूरी के प्रोटोकॉल की इस दौरान जमकर धज्जियां उडाई जाती रही। सपा कार्यकर्ता ही नहीं वरिष्ठ पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि भी कोविड प्रोटोकॉल की परवाह न करते हुए पूरे समय प्रदर्शन में बने रहे।

### सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया नजरबंद

बांगरमऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आवाहन पर किसानों के समर्थन में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन के लिए जा रहे करीब एक दर्जन सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने घेरकर नजर बंद कर दिया। पुलिस शाम तक सपा नेता अर्जुनलाल दिवाकर के घर को घेरे रही। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में आज आंदोलनरत किसानों के समर्थन में जिलाधिकारी कार्यालय पर प्रदर्शन होना था। इसी प्रदर्शन में भाग लेने के लिए पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुनलाल दिवाकर, पूर्व ब्लाक प्रमुख मान सिंह यादव, पप्पू त्रिवेदी, प्रेम शंकर मिश्रा, संत कुमार दिवाकर, इनामुल हक, चंद्रशेखर व राज कुमार निषाद आदि कार्यकर्ता जिले पर रवाना होने वाले थे। तभी पुलिस बल ना धमका और सभी कार्यकर्ताओं को घेरे में ले लिया। पुलिस बल ने सभी कार्यकर्ताओं को अर्जुनलाल दिवाकर के घर के अंदर नजरबंद कर बाहर कड़ा पहरा बैठा दिया। सपा कार्यकर्ताओं की निगरानी के लिए पुलिस बल श्री दिवाकर के आवास पर शाम तक डटा रहा।

### किसानों की नाराजगी से भाजपा का पतन सुनिश्चित: शशांक शेखर

बांगरमऊ। सपा नेता शशांक शेखर शुक्ल ने कहा है कि केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा जबरन थोपे गए कृषि विरोधी काले कानूनों को लेकर देशभर का किसान आंदोलित है। किसान देश की राजधानी दिल्ली का घेराव कर चुके हैं। फिर भी देश के प्रधानमंत्री करोड़ों किसानों के मन का दर्द महसूस नहीं कर पा रहे हैं। जिससे लगता है कि अब भविष्य में भाजपा का पतन सुनिश्चित है। सपा नेता श्री शुक्ल ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि भाजपा नेता विपक्षी दलों पर किसानों को भड़काने का फर्जी आरोप लगा रहे हैं। जबकि पूरा देश जानता है कि आम जनता को भड़काने और बरगलाने तथा छलने में भाजपा माहिर है।

## क्विक न्यूज

### शैक्षणिक संस्थाओं में कामधेनु सेल का हो गठन: मंत्री

प्रयागराज। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में सोमवार को वेबिनार ऑन कामधेनु बैठक आयोजित की गयी। जिसकी अध्यक्षता केंद्रीय राज्य संचार मंत्री संजय धोत्रे ने किया। वेबिनार का शुभारंभ राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के अध्यक्ष वल्लभ भाई कथिरिया ने किया। उन्होंने राष्ट्रीय कामधेनु आयोग के उद्देश्य के बारे में सभी को बताया। उन्होंने सभी विश्वविद्यालय और शैक्षणिक संस्थाओं में कामधेनु सेल का गठन करने की भी बात कही। जिससे आज के युवाओं को गाय के संदर्भ में वैज्ञानिक जानकारी दी जा सके। केंद्रीय राज्य मंत्री संजय धोत्रे ने गायों को आर्थिक रूप से जोड़ने की बात कही। जिससे देश के जरूरतमंद लोगों को रोजगार प्राप्त हो सके। इविवि की कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने किसानों को गाय के आहार और इलाज के लिए सब्सिडी प्रदान करने का सुझाव दिया। साथ ही यह भी बताया कि गायों में इस कार्य के लिए सहायकों की नियुक्ति की आवश्यकता है। जो सब्सिडाइज सामग्री और संबंधित जानकारियों को किसानों तक पहुंचा सके।

### प्रो. शर्मा के निधन पर शोकसभा आयोजित

प्रयागराज। इविवि के प्रो एच के शर्मा विभागाध्यक्ष राजनीति शास्त्र विभाग के निधन पर आज शोकसभा आयोजित की गई। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित शोकसभा में सभी ने दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना की। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किये गए योगदान को याद किया। कुलपति प्रो संगीता श्रीवास्तव ने प्रो एच के शर्मा के परिवार को याद किया। दुखद घड़ी में हिम्मत और धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर प्रो आर के सिंह प्रो वी के राय प्रो हेरम्ब चतुर्वेदी डा प्रदीप शर्मा ने उनसे जुड़ी घटनाओं तथा उनके दृढ़ निश्चयी मेहनतशील व्यक्तित्व के बारे में बताया।

### यूपीआरटीओयू में अंग्रेजी और संस्कृत की परामर्श कक्षाएं आज से

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय की मानविकी विद्या शाखा के अंतर्गत संस्कृत और अंग्रेजी के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रम बीए एवं एमए की परामर्श कक्षाएं 15 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। मानविकी विद्या शाखा के निदेशक प्रोफेसर सत्यपाल तिवारी ने बताया कि समस्त कक्षाएं कोविड 19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए सरस्वती परिसर में सुबह साढ़े दस बजे से संचालित की जाएंगी। जनसपर्क अधिकारी डा प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि सभी शिक्षार्थी परामर्श कक्षाओं में अनिवार्य रुप से उपस्थित होकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

### एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर हुई दुर्घटना में पिता के बाद पुत्र की भी मौत

बांगरमऊ उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे सर्विस रोड पर स्थित ग्राम बहलोलपुर कल्याणी नदी पुल के निकट रविवार को देर रात अज्ञात बोलेरो ने सामने से बाइक में टक्कर मार दी थी। हादसे में बाइक सवार पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए थे। चिकित्सको ने पिता को मृत घोषित कर दिया था। जबकि गंभीर हालत मे पुत्र को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। सोमवार सुबह इलाज के दौरान पुत्र की भी मौत हो गई। पिता-पुत्र दोनों की मौत से गांव और परिवार में कोहराम मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर मझगवां निवासी दिलीप पुत्र बाबूलाल 65 अपने संजय 22 के साथ बीते रविवार को घरेलू सामान खरीदने बाजार आया था। सामान खरीद कर देर शाम वह अपने घर जा रहा था। तभी आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे की सर्विस रोड पर कल्याणी नदी अंडरपास के निकट अज्ञात बोलेरो ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी थी। घटना के बाद घायलों को अस्पताल लाया गया था। जहां चिकित्सकों ने दिलीप को मृत घोषित कर दिया था। जबकि घायल पुत्र संजय को जिला अस्पताल रेफर कर दिया था। जहां इलाज के दौरान संजय की भी मौत हो गई है।

### आने वाला समय व्यापारिक शिक्षा का होगा: प्रो. एचके सिंह

वाराणसी। आने वाला समय व्यापारिक शिक्षा पर ही निर्भर होने वाला है। जिसमें खासतौर से कामर्स, अर्थशास्त्र एवं प्रबन्धन की शिक्षा ग्रहण करने वालों छात्रों को भरपूर लाभ मिलेगा। उक्त बातें एमयूआईटी के पूर्व कुलपति एवं काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर एचके सिंह ने सोमवार को डीएवी पीजी कॉलेज के वाणिज्य विभाग के तत्वावधान में आयोजित आनलाइन इंडक्शन कम ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कही। प्रो. एचके सिंह ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भविष्य कामर्स के विद्यार्थियों का ही है बस आवश्यकता है उसके प्रति पूर्ण निष्ठा से समर्पित भाव से अध्ययन करने की। वाणिज्य विषय में शोध पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि छात्रों का पूरा ध्यान प्राथमिक आकड़े पर आधारित शोध पर होना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने छात्रों को एईआरए कान्सेप्ट, एसी मॉडल, एमबीओ तकनीक आदि के विषय में भी गहनता से जानकारी दी। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप कमल ने अतिथियों का स्वागत कर किया। संचालन डॉ. तरू सिंह, विषय स्थापना डॉ. आनन्द सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन साक्षी चौधरी ने दिया। इस अवसर पर विभाग के समस्त अध्यापक एवं नवागत छात्र-छात्रां उपस्थित रहे।

### विधायक के हाथों स्वेटर पाकर चहक उठे बच्चे

मौरावां। विकास खण्ड हिलौली के अंतर्गत आधा दर्जन प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंच विधायक अनिल सिंह ने पंजीकृत छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर वितरित किया गया। सर्द मौसम में स्वेटर मिलने पर बच्चे व उनके अभिभावक काफी खुश दिखाई दिये। क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मोतीखेड़ा, घनीखेड़ा में विधायक अनिल सिंह ने पहुंचकर छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित किया। इसके बाद विधायक ने कहा कि शासन की मंशा है कि परिषदीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे अपने को कमजोर न समझें। इसके लिए सरकार द्वारा भोजन, निःशुल्क किताब कापी, पोशाक व ठंड से बचने के लिए स्वेटर की व्यवस्था की गई है। कहा अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को शिक्षा ग्रहण कराने पर ध्यान दें। इस दौरान ब्लाक प्रमुख मन्नो देवी, एसडीआई अशोक सिंह सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद रहे।

### मुरली मनोहर सिंह स्वर्णकार समाज के संरक्षक बने

वाराणसी। स्वर्णकार समाज, वाराणसी के संरक्षक मोतीलाल सेठ ने रविवार को सायं काल विष्णु दयाल सेठ को अध्यक्ष, कमल कुमार सिंह को उपाध्यक्ष,विनोद कुमार सेठ को महामंत्री, राजू वर्मा को कोषाध्यक्ष, श्यामसुन्दर सिंह को मंत्री, गोपाल सेठ को संगठनमंत्री एवं किशोर कुमार सेठ को मीडिया प्रभारी सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया है। इसके अलावा समाज को मजबूत करने के लिए स्वर्णकार समाज को विस्तार करते हुए वरिष्ठ समाजसेवी मुरली मनोहर सिंह एवं कृष्ण कुमार सेठ उर्फ बच्चु भैया को संरक्षक बनाया गया है। स्वर्णकार समाज के इन पदाधिकारियों को मनोनीत होने पर सुबहे बनारस क्लब(चाय)संस्था के वरिष्ठ नागरिक एवं समाजसेवी गोपाल दास यादव(बाबाजी), वरिष्ठ नागरिक बचाऊ सेठ,राजकुमार जायसवाल, श्याम सेठ, राजेश केशरी, संजय केशरी, संजीव झा, बिहारी सेठ, सुभाष वर्मा उर्फमामाजी, सुशील कुमार मिश्र( वरिष्ठ पत्रकार ),सत्य प्रकाश गुप्ता, अरविन्द चौरसिया(वरिष्ठ एडवोकेट),महेन्द्र सेठ उर्फबच्चा, अजय सोनी उर्फअप्पू, वरिष्ठ अधिवक्ता सुशील चन्द्र वर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने बधाई दी है।

---

कोविड 19 की गाइड लाइन के तहत

## ज्वाला देवी स्कूल में अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं शुरू की गईं

प्रयागराज। विद्या भारती के विद्यालयों में प्रान्तीय योजना के अनुसार अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का शुभारम्भ सोमवार से कोविड 19 की गाइडलाइन के तहत हुआ। इसके अंतर्गत ज्वाला देवी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज सिविल लाइन्स प्रयागराज में भी कोविड गाइडलाइन के पालन के साथ अर्द्धवार्षिक परीक्षाएं आज से प्रारम्भ हो गयीं। परीक्षा में सामाजिक दूरी बनी रहे इसके लिए परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया। प्रथम पाली कक्षा नवम दशम तथा द्वितीय पाली कक्षा एकादश द्वादश एवं कक्षा छह से आठ तक के छात्रों के लिए ऑनलाइन परीक्षा की व्यवस्था की गई। परीक्षा शुरु होने से पूर्व तथा प्रथम पाली के बाद सम्पूर्ण परिसर एवं प्रत्येक कक्षों को सैनेटाइजेशन किया गया। परीक्षा से पूर्व आयोजित बैठक में विद्यालय के प्रधानाचार्य युगल किशोर मिश्र ने आचार्यों को निर्देशित किया कि कोई भी छात्र बिना मॉस्क के परीक्षा में न बैठे। वहीं शिक्षकों को भी मास्क का प्रयोग परीक्षा के दौरान अनिवार्य रुप से करना होगा। परीक्षा में छात्रों के मध्य के दो गज की दूरी रहे। इसका भी ध्यान दिलाया जाए। परीक्षा प्रमुख सुरेश चन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दिन दोनों पालियों में 80 से 85 प्रतिशत बच्चे उपस्थित रहे।



### मंत्री रविंद्र जायसवाल ने निर्माणाधीन परियोजनाओं को समयसीमा में पूरा कराये जाने का दिया निर्देश

वाराणसी। उत्तर प्रदेश के स्टांप एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने रविवार को सर्किट हाउस में कमिश्नर दीपक अग्रवालए जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा एवं नगर आयुक्त गौरांग राठी के साथ बैठक के दौरान जिले में गतिमान परियोजनाओं को युद्ध स्तर पर अभियान चलाकर गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में हर हालत में पूर्ण कराए जाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने ठेकेदारों के भरोसे निर्माण कार्यों को कतई न छोड़े जाने पर विशेष जोर देते हुए कार्यस्थल पर विभागीय जेईए एई की उपस्थिति सुनिश्चित कराए जाने का भी निर्देश दिया। मंत्री रविंद्र जायसवाल ने कहां की वाराणसी जनपद में कई लाख करोड़ की बड़ी.बड़ी परियोजनाएं गतिमान एवं निर्माणाधीन है। इन परियोजनाओं को समय से पूर्ण होने पर ही इसका लाभ जनसामान्य को मिल सकेगा।

माँ गंगा के लिए सैन्य अधिकारियों की अनोखी पहल

## सबसे लंबी गंगा परिक्रमा पदयात्रा का शुभारंभ कल से

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

भारत की सबसे लंबी और दुर्गम गंगा परिक्रमा पदयात्रा का शुभारंभ 16 दिसंबर से होगा। 5100 किलोमीटर की गंगा पदयात्रा के जरिए गंगा किनारे बसे लोगों और पूरे भारत में गंगा को निर्मल और स्वच्छ बनाने की बड़ी पहल की गई है। यह अनोखी पहल सेना के अधिकारियों की ओर से की गई है। पदयात्रा में खास यह है कि यात्रा को करने वाले कोई और नही बल्कि सेना के पूर्व अधिकारी ही होंगे। गंगा परिक्रमा पदयात्रा का शुभारम्भ राज्यपाल आनंदी बेन पटेल केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री प्रह्लाद पटेल वीडियो कार्फ्रेंसिंग द्वारा करेंगे। परिक्रमा यात्रा संगम तट से 16 दिसम्बर की सुबह 8 बजे प्रारम्भ होगी। एतिहासिक पदयात्रा आयोजन समिति अतुल्य गंगा के सदस्यों एवं पूर्व सैन्य अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मनोज केश्वर लेफ्टिनेंट कर्नल हेम लोहुमी सैन्य अभियंता गोपाल शर्मा ने बताया कि भारत की हजारों साल पुरानी मुंडमाल गंगा परिक्रमा की पदयात्रा परम्परा को पुनर्जीवित किया जा रहा है। गंगा परिक्रमा भारतीय सेना के पूर्व अधिकारियों द्वारा गठित संस्था अतुल्य गंगा की एक अनूठी पहल है। अतुल्य गंगा संस्था भारतीय सेना की दृढ़ इच्छाशक्ति और सेवा भावना को भी प्रतिबिम्बित कर रही है। परिक्रमा पदयात्रा प्रयागराज से प्रारम्भ होकर गंगा सागर होती हुई गौमुख तक जाएगी। पदयात्रा वापस लौटकर 14 अगस्त 2021 को प्रयागराज में ही आकर समाप्त होगी। इस दौरान 5100 किमी की दुर्गम यात्रा लगभग 45 शहरों पांच हजार गावों जंगलों पर्वतों और ग्लेशियर से होकर गुजरेगी। परिक्रमा पथ पर लगातार वृक्षरोपण समेत कई कार्यक्रम होंगे। यात्रा के एतिहासिक और दूरगामी महत्व को देखते हुए भारत सरकार के जलशक्ति मंत्रालय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय सहित भारत तिब्बत सीमा पुलिस नेहरु मंच और प्रयागराज फाउंडेशन का सहयोग है। लगभग आठ महीने चलने वाली पदयात्रा में गंगा में गिरने वाले तमाम छोटे बड़े नालों सीवेज प्वाइंट और दूसरे बिंदु जिनके जरिये गंगा में गंदगी और प्रदूषण बढ़ रहा है। उनकी जियो मैपिंग की जाएगी। इसके अलावा गंगा के किनारे रहने वाले युवाओं को भी इस यात्रा और अभियान से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर नागरिक सलाहकार समिति के सदस्य योगेश शुक्ल हीरेन पटेल शगुन त्यागी अवधेश त्यागी रोहित जाट शशांक शेखर पाण्डेय विजय शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

## शैक्षिक उत्कृष्टता शिक्षकों का कल्याण और विकास: स्मिता

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

शैक्षिक उत्कृष्टता शिक्षकों का कल्याण और विकास हर छात्र पर व्यक्तिगत रूप से पूरा ध्यान नेतृत्व और प्रबंधन की गुणवत्ता स्कूल खुलने के साथ ही प्रबंधन ने बच्चों को काफी सुरक्षित वातावरण प्रदान करने की तैयारी की है। उसके बाद भी हर दिन बाद स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के हर पहलू पर ध्यान दिया जाएगा। प्रबंधन की गुणवत्ता द सिंधिया स्कूल ग्वालियर एक सौ तेईस वर्ष पुराना लड़कों का बोर्डिंग स्कूल है। वर्ष 2020 21 के लिए एनुअल एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में एक बार फिर शीर्ष स्थान हासिल किया है। ईडब्ल्यूआईएसआर की रैंकिंग दुनिया में अपनी तरह की सबसे बड़ी रैंकिंग है। स्कूल को लगातार दूसरे साल भारत में बेस्ट बॉयज बोर्डिंग स्कूल की रैंकिंग दी गई है। पिछले वर्ष 2019 20 में स्कूल ने एक अन्य स्कूल के साथ टॉप रैंक को साझा किया था। लेकिन इस साल यह निर्विवाद रूप से नंबर एक बनकर उभरा है। स्कूल ने न केवल ओवरऑल रैंकिंग में टॉप किया है बल्कि इस पूरे सर्वे का हिस्सा रहे चार अन्य पैमानों पर भी स्कूल को बेस्ट नंबर एक की रैंकिंग दी गई। पैस्टोरल केयर की वाइस प्रिंसिपल स्मिता चतुर्वेदी ने बताया कि बोर्डिंग स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के लिए उठाए कदमों का जिक्र किया। उन्होंने बच्चों के बोर्डिंग स्कूल लौटने के बाद उनके रहने की व्यवस्था क्लास रूम डाइनिंग एरिया और वॉश रूम आदि में साफ-सफाई के लिए उठाए कदमों का विस्तृत विवरण दिया। बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के प्रेसिडेंट ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि अद्भुत उपलब्धि है और इस मुश्किल घड़ी ने अभिभावक बच्चों शिक्षक और पूरे स्टाफसे मिले सहयोग पर गर्व है। पद्मभूषण विजेता और सिंधिया स्कूल के पूर्व छात्र रह चुके राजेंद्र एस पवार ने कहा कि स्कूलों का स्तर सुधारने के लिए किए गए अथक प्रयासों की पहचान मिलने से दिल गर्व से भर गया।

## सेन्ट्रल आफिस के अंदर दो गुटों में मारपीट, मौके पर सुरक्षाकर्मी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

बीएचयू सेंट्रल ऑफिस के अंदर सोमवार की दोपहर ताला बंदकर छात्र गुटों में आपस में मारपीट होने की सूचना मिलने के बाद परिसर में अफरातफरी मच गई। जानकारी होने के बाद विवि परिसर के सुरक्षा कर्मी और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी लेने के साथ ही आवश ?यक कार्रवाई में जुट गए। आरोप है कि बाहरी लड़कों ने सेंट्रल ऑफिस में घुसकर बिरला छात्रावास के छात्रों के साथ मारपीट की है। इस बाबत एक पक्ष की ओर से शिकायती पत्र दिया गया है। जिसमें लिखा है कि श्प्रार्थी दर्शित पांडे सोमवार की दोपहर 3रू30 बजे सेंट्रल ऑफिस बीएचयू में अपनी टीसी निकलवाने के लिए गया था। वहां पर विकास मौर्य एवं उनके अन्य चार साथी पहले से मौजूद थे। बताया कि इस दौरान बिना किसी बात के चिल्लाते हुए उसे मारने पीटने के लिए टूट पड़े जिससे उसको काफी चोट आई है। आरोप लगाया कि उसको जान से मारने की धमकी भी दी गई है।

गायब सेवा पुस्तिकाओं का मामला

## बेअसर रहे बीएसए के निर्देश, अब एडी बेसिक की चौखट पर मामला

● शिकायत का परियोजना निदेशक ने लिया संज्ञान, एडी बेसिक को दिए जांच और कार्रवाई के निर्देश

पाटन,उन्नाव। शिक्षकों की गायब सेवा पुस्तिकाओं के मामले को परियोजना निदेशक (सर्व शिक्षा अभियान) ने संज्ञान लिया है। कार्यवाही हेतु एडी बेसिक को निर्देश दिए हैं। जिसके बाद अब पूर्व सह समन्वयक के साथ बीईओ पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। जवाब तलब होने के बाद अब बीईओ ने पूर्व सह समन्वयक के साथ खुद को सुरक्षित रखने के लिए कवायदें शुरू कर दी है।

मामला सुमेरपुर ब्लॉक का है। यहां बीआरसी से करीब डेढ़ दर्जन सेवा पुस्तिकाएं गायब हैं। जिससे कई शिक्षकों का वेतन निर्धारण व एरियर रुका हुआ है। शिकायतों पर बीएसए प्रदीप कुमार पाण्डेय ने कई बार पत्र जारी कर तत्कालीन सह समन्वयक के विरूद्ध एफआईआर के निर्देश दिए। किंतु बीईओ द्वारा अनुपालन नहीं किया गया। बीईओ की ऊंची पहुंच व साठगांठ के आगे बीएसए के आदेश दम तोड़ गए। अधिकारियों से निराश होकर शिक्षक ने अब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल के जरिए की है। जिसकी जांच एडी बेसिक को दी गई है। परियोजना निदेशक के निर्देश पर एडी बेसिक ने बीईओ से जवाब तलब किया है। निर्धारित समयावधि में पत्रावलियों सहित कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। मामला तूल पकड़ने के बाद अब जहां बीआरसी दफ्तर में खलभली का माहौल। वहीं तमाम चर्चाएं जोर पकड़ रही हैं। नाम न छापने की शर्त पर एक शिक्षक ने बताया कि विभागीय सिकंजा कसने के बाद अब बीईओ ने स्थानीय स्तर पर जोड़ जुगत लगाने के अलावा सत्ता पक्ष के एक नेता की प्रदक्षिणा शुरू कर दी है।

## ज्वांट एक्शन कमेटी ने बीएचयू सिंह द्वार पर किया प्रदर्शन

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

कृषि कानून के विरोध में ज्वांट एक्शन कमेटी के सदस्यों ने सोमवार दोपहर लंका मालवीय मूर्ति के समिप प्रदर्शन किया। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुए धनन्जय तिवारी सूग्गू ने कहा गया कि यह कानून किसान विरोधी है। मोदी सरकार द्वारा खेती किसानी में अडानी-अम्बानी को घुसाने का यह कानून है। जिसका ज्वाइंट एक्शन कमेटी निंदा करता है। इस कानून से केवल किसानों का ही नहीं बल्कि आमजन का शोषण होगा। प्राइवेट मंडी को मोदी सरकार बढ़ावा दे रही जो किसानों की फसल को बिना एमएसपी के गारंटी के खरीदेंगे। किसानों की पहले ही अनेक समस्याएं थीं जिन्हें लेकर लगातार किसान आंदोलन करते रहे हैं। यह कानून किसानों के समस्याओं को और बढ़ा रहा है। आवश्यक वस्तुओं के भंडारण में छूट देकर मोदी सरकार पूंजीपतियों की मदद कर रही जो बड़े मुनाफे पर वस्तुओं को बेचेंगे। यह न सिर्फ किसानों के लिए परेशानी है बल्कि आम जन भी इस महंगाई से प्रभावित होगा। मोदी सरकार किसान के हितों को नजरन्दाज करते हुए पूंजीपतियों की मदद कर रही है। पूर्वांचल के किसान छोटी जोत के किसान जो सब्जी का उत्पादन करते हैं, छुट्टा पशुओं से बुरी तरह से परेशान हैं। बनारस आसपास के छोटी उपज के किसान क्या जाने बड़ी मंडी , कॉन्ट्रेक्ट फार्मिंग और एमएसपी जैसे बाबुशाही टर्मिनोलॉजी के शब्द। इन्हें तो बस छुट्टा पशुओं से निजात मिले, बिजली, पानी, खाद की आपूर्ति ठीक हो जाए, कृषि सम्बंधित उपकरण सब्सिडी के साथ बेहतर छूट के साथ उपलब्ध हो जाए तो कुछ सूरत बदले। ब्लॉक, तहसील स्तर पर सरकार के सहयोग से स्टोर करने और विक्रय करने की सुविधा दी जाए और स्थानीय ग्राहक तक सीधी पँहुच के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। पूर्वांचल के किसानों की मांग है कि सब्जी को भी एमएसपी व्यवस्था में लाया जाए।

## किसानों के समर्थन में असि घाट पर गंगा में खड़े होकर सत्याग्रह कर विरोध जताया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● पुलिस ने प्रवीण को गिरफ्तार किया बाद में छोड़ दिया

● पूर्वांचल किसान यूनियन, सपा वर्कर, लोकतांत्रिक जनवादी ने भी किया विरोध प्रदर्शन

लोकतांत्रिक जनवादी पार्टी व पूर्वांचल किसान यूनियन के तत्वावधान में कृषि बिल के तीनों कानूननों को वापस लेने व सिंधु बार्डर पर किसानों द्वारा हो रहे राष्ट्रीय किसान आंदोलन के समर्थन में सोमवार को धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना-प्रदर्शन के माध्यम से लोकतांत्रिक जनवादी पार्टी भारत सरकार से मांग करती है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा दिया जाए, आवश्यक वस्तु संशोधन अधिनियम 2020 रद्द किया जाए, कृषक उपज व्यापार एवं वाणिज्य अधिनियम 2020 रद्द किया जाय, कृषि मूल्य आश्वासन एवं कृषि सेवा समझौता अधिनियम 2020 रद्द किया जाय नही ंतो लोकतांत्रिक जनवादी प्रदेश व्यापी आंदोलन करने को बाध्य होगी। धरना प्रदर्शन में मुख्य रूप से अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह पटेल, योगीराज पटेल, विनोद पटेल, विनोद अग्रहरि, उदय पटेल, अनिल पटेल, सत्येन्द्र सेठ, सोनू निगम, मुकेश यादव, उदय पटेल, विजय पाल, विरेन्द्र नारायण द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।

किसान विरोधी तीनों बिलों को वापस लेने की मांग को देशव्यापी धरना एवं प्रदर्शन कार्यक्रम को लेकर किसान न्याय मोर्चा के बैनर तले शास्त्री घाट पर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए मोर्चा के प्रदेश संयोजक महेन्द्र प्रसाद एडवोकेट ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार के द्वारा लोकसभा (संसद)से पारित बिल किसानों के हितों के विरूद्ध है। जिसके परिणाम स्वरूप पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश एवं उत्तराखंड सहित पश्चिम यूपी के



किसानों 19 दिनों से आंदोलित हैं।लेकिन देश की सत्ता पर काबिज भाजपा सरकार देश के अन्नदाताओं के साथ कई बार किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता दिखाकर केवल छल कर रही है। जाड़े की भीषड़ ठंड में किसान खुले आसमान के नीचे अपनी मांगों को लेकर दिल्ली की ओर बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र के कृषि मंत्री, रक्षामंत्री सहित आरएसएस की लोगों की वजह से देश का किसान शहीद हो रहा है। राष्ट्रीय प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि देश की तरक्की तभी है जब देश का अन्नदाता खुशहाल हो। धरना एवं सभा की अध्यक्षता डॉ0 रामसागर पटेल एवं संचालन अशोक प्रजापति ने किया। धरना में राजेन्द्र गांधी, राजेन्द्र मानव, शकील अहमद, अशोक यादव एडवोकेट, लक्ष्मेश्वर नाथ शर्मा, शिवराम चौरसिया आदि लोग उपस्थित रहे।

किसान कानून विरोधी बिल के विरोध में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को शास्त्री घाट पर विरोध प्रदर्शन किया सपा वर्करों ने हाथ में रोटी लेकर विरोध किया। सपा के कार्यकर्ताओं ने कहा कि अन्न उपजाने वाले अन्नदाताओं पर केन्द्र सरकार रहम करें नही ंतो आंदोलन का रूप और भयावह होगा जिसकी सारी जिम्मेदारी भाजपा सरकार की होगी। शास्त्री घाट पर प्रदर्शन में राजू यादव, जितेन्द्र यादव, पूर्व पार्षद शमीम अंसारी, रवि जायसवाल, किशन दीक्षित, पार्षद बच्चा साहनी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। किसानों के समर्थन में असि घाट पर गंगा में कमर भर पानी में खड़े हो मौन व्रत कर जल सत ?याग्रह कर रहे प्रवीण काशी को भेलूपुर पुलिस ने हिरासत में ले लिया। छित्तूपुर ;बीएचयूद्ध निवासी प्रवीण विभिन्न मुद्दों पर आंदोलन करते आये हैं। मूलत: गाजीपुर निवासी प्रवीण किसानों के मौन प्रदर्शन का समर्थन कर रहे थे। उनकी योजना चार बजे तक दिल्ली में चल रहे किसानों के मौन व्रत की अवधि तक गंगा में खड़े रहने की थी। जब गंगा में खड़े होकर मौन व्रत की सूचना पुलिस को लगी तो विगत रविवार को हुए नाव हादसे से सहमी भेलूपुर पुलिस सकते में आ गयी। चौकी प्रभारी असि दीपक कुमार ने आनन फानन में वहां पहुंचकर पहले समझाया।

प्रवीण व उनके साथी बीएचयू हिंदी विभाग के शोध छात्र उज्ज्वल को डराया. धमकाया और पुलिस ने उज्ज्वल को पहले हिरासत में लिया उसके बाद प्रवीण को जबर्दस्ती गंगा से खींचकर निकाला गया। इसपर प्रवीण के साथियों ने आपत्ति दर्ज कराई। बाद में पुलिस ने उज्ज्वल को छोड़ दिया और प्रवीण को पकड़ कर अपने साथ ले गयी। देश भर में किसान बिल के विरोध को लेकर चल रहे आंदोलन के क्रम में किसानों के समर्थन में सामाजिक कार्यकर्ता प्रवीण काशी असि घाट पर गंगा में कमर भर पानी में खड़े हो मौन व्रत करते हुए जल सत ?याग्रह करने लगे। आनन फानन उनको पुलिस ने पानी से निकाला और जल सत ?याग्रह खत ?म कराते हुए थाने ले गए। प्रवीण के अनुसार वह विभिन्न मुद्दों पर आंदोलन करते रहे हैं। छित्तूपुर निवासी प्रवीण किसानों के मौन व्रत का समर्थन कर रहे हैं। चार बजे तक दिल्ली में चल रहे किसानों के मौन व्रत की अवधि तक यहां रहने का उनका प्रण था लेकिन पुलिस ने आखिरकार उनको हिरासत में ले लिया।

# फडणवीस ने मराठा आरक्षण के लिए प्रदर्शन पर रोक की तुलना आपातकाल से की

**भाषा।** मुंबई



**भाजपा नेता** देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को उद्धव ठाकरे नीत महाराष्ट्र सरकार पर मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन नहीं करने देने का आरोप लगाया और इसे राज्य में आपातकाल की तरह बताया। एक दिन पहले ही ठाकरे ने कहा था कि अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे किसानों को राष्ट्र-विरोधी कहना आपातकाल से भी बुरी स्थिति है। इस पर फडणवीस ने आज यहां संवाददाताओं से कहा कि मुख्यमंत्री को पहले यह बताना चाहिए कि महा विकास आघाड़ी (एमवीए) सरकार ने किसानों के लिए क्या किया है।

दिल्ली की सीमाओं पर जारी किसानों के प्रदर्शन का जिक्र करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा था कि आंदोलन अब किसानों का नहीं रह गया है और इसमें वामपंथी तथा माओवादी तत्वों की घुसपैठ हो गई है। फडणवीस ने रविवार को महाराष्ट्र सरकार पर अघोषित आपातकाल लगाने तथा रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी और अभिनेत्री कंगना रनौत के पीछे पड़ जाने का आरोप लगाया था।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए ठाकरे ने कहा, अगर फडणवीस कहते हैं कि राज्य सरकार अपने आलोचकों के खिलाफ कार्वाई कर रही है तो यह अघोषित आपातकाल है तो अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे किसानों को राष्ट्र-विरोधी कहना आपातकाल से भी बुरा है। ठाकरे के बयान के बारे में पूछे जाने पर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष फडणवीस ने सोमवार को विधानसभा भवन के बाहर संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री को पहले महाराष्ट्र की बात करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री बताएं कि क्या महाराष्ट्र में किसानों की खुदकुशी की घटनाएं रुक गई हैं।

फडणवीस ने आरोप लगाया कि मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण के मुद्दे पर प्रदर्शन नहीं करने दिया जा रहा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदर्शनकारियों को उनके घरों में पीटा जा रहा है और जेल में डाला जा रहा है। हालांकि उन्होंने किसी घटना विशेष का उल्लेख नहीं किया।

## हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की कार दुर्घटनाग्रस्त बाल-बाल बचे

**हैदराबाद।** हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय की कार सोमवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर फिसलकर सड़क से उतर गई। हालांकि वह इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 65 (हैदराबाद-विजयवाड़ा) पर हुई इस दुर्घटना में कोई घायल नहीं हुआ। अधिकारी ने बताया कि प्राथमिक तौर पर मिली जानकारी के अनुसार चालक ने कार का स्टेयरिंग अचानक बाईं ओर मुड़ दिया जिससे वह अपना नियंत्रण वाहन से खो बैठा और कार सड़क से फिसल गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 65 पर हुई। राज्यपाल हैदराबाद से नलगोंडा जिले में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे थे। हालांकि उन्होंने दूसरे वाहन का इस्तेमाल करते हुए अपनी आगे की यात्रा जारी रखी।



पटना में बिहार की उपमुख्यमंत्री रेनू देवी को एक कार्यक्रम के दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने किया सम्मानित

# किसान आंदोलन को हवा दे रही है कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां : अरुण सिंह

**जयपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और राजस्थान के प्रभारी अरुण सिंह ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और विपक्षी पार्टियां किसान आंदोलन को हवा दे रही हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि किसान और सरकार की वार्ता जल्द ही असर दिखाएगी और आंदोलन समाप्त होगा। यहां भाजपा प्रदेश मुख्यालय में सिंह ने कहा, देश का किसान सशक्त और खुशहाल हो, इसके लिए केंद्र सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की आमदनी दोगुनी हो, इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार प्रयास कर रहे हैं।

यह चिंता की बात है कि विपक्षी पार्टियां मुख्य रूप से कांग्रेस, जिसने सदैव किसानों को ठगा है, उन्हें धोखा दिया है और उनके लिए कभी कुछ भला नहीं किया... वह किसान आंदोलन को हवा दे रही है। सिंह ने दावा किया, देश में अधिकतर किसान आज प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़े हैं। जो भी चुनाव हुए, चाहे बिहार का चुनाव हो, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और कर्नाटक का उपचुनाव हो, सभी जगह भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों को समर्थन मिला है।

सिंह ने कहा, कृषि सुधार कानून किसानों के जीवन में आमूल चूल परिवर्तन लाएगा लेकिन कांग्रेस पार्टी अपने निहित स्वार्थ के चलते उसका विरोध कर रही है। हम उनकी निंदा करते हैं। कुछ कम्युनिस्ट पार्टी, अलगाववादी संगठन भी अपनी रोटी सेंकने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फसलों की खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की व्यवस्था थी, है और आगे भी रहेगी। इन कानूनों से किसानों को अपनी फसल कहीं भी बेचने की आजादी मिलेगी। अरुण सिंह ने उम्मीद जताई कि किसानों का आंदोलन जल्द ही खत्म हो जाएगा। उन्होंने कहा, सरकार खुले मन से किसानों से बात कर रही है और उम्मीद है कि जो किसान धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं, वे भी जल्द अपना आंदोलन समाप्त कर देंगे।

## महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के लिए 2211 करोड़ रुपए आवंटित किए

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं के कारण प्रभावित किसानों को राहत प्रदान करने के लिए 2211 करोड़ रुपए और कोविड-19 टीके के भंडारण के वास्ते वातानुकूलन सुविधा के लिए 22 करोड़ रुपए आंवटित किए हैं। सरकार ने सोमवार को सदन में 21,992.50 करोड़ रुपए की जो अनुपूरक मांगें पेश कीं, उनमें ए मांगें शामिल हैं। विधानसभा के दो दिवसीय सत्र की शुरुआत के पहले दिन 2020-21 के लिए 2,850 करोड़ रुपए धान किसानों को बोनस के तौर पर देने के लिए मांग प्रस्तुत की गई। इसी तरह, मुंबई की इंदु मिल परिसर में आंबेडकर स्मारक के लिए 100 करोड़, विधायक निधि के लिए 475 करोड़ रूपए और महानगर में निर्माणाधीन नए विधायक हॉस्टल के लिए आठ करोड़ रुपए निर्धारित किए गए। अनुपूरक मांगों के तहत सरकार के खर्चों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त कोष उपलब्ध कराया जाता है।

# विपक्ष ने महाराष्ट्र विधानमंडल के सत्र की अवधि कम होने पर जताई आपत्ति

**मुंबई ( भाषा )।** सूचीबद्ध कार्यों के लिहाज से महाराष्ट्र विधानमंडल सत्र की अवधि कम होने की मुख्य विपक्षी दल भाजपा की शिकायत पर विधानसभा के अध्यक्ष नाना पटोले से सोमवार को कहा कि बजट सत्र में कटौती नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए उचित दिशा-निर्देश तैयार किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि इतने कम अवधिक का सत्र लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। उल्लेखनीय है कि कोविड-19 की वजह से विधानमंडल के शीतकालीन सत्र को छोटा कर दो दिनों का कर दिया गया है। सत्र सोमवार को छह अध्यादेशों और चार विधेयकों के पेश किए जाने के साथ शुरू हुआ। शीतकालीन सत्र की छोटी अवधि पर नाखुशी जाहिर करते हुए पटोले ने कहा कि कोविड-19 को लेकर उचित दिशानिर्देश तय किए जाने चाहिए ताकि आगामी बजट सत्र की अवधि छोटी नहीं करनी पड़े। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र विधानमंडल का बजट सत्र सामान्य तौर पर हर साल फरवरी से मार्च के बीच करीब छह हफ्तों का होता है। पटोले ने कहा, सरकार और विपक्ष को साथ बैठकर दिशानिर्देश तय करने चाहिए।

## हाथियों से क्षति को रोकने की मांग करते हुए दुकान बंद

**उधगमंडलम।** नीलगिरि जिले के गुडालुर क्षेत्र में हाथियों के आतंक को खत्म करने की मांग करते हुए सोमवार को करीब 2,000 दुकानें बंद रहीं। पंडालुर, नागुडानी, देवाला, चेरामपद और निकटतम गांवों के दुकान बंद रहे। रविवार को गुडालुर में एक हाथी ने एक व्यक्ति और उसके बेटे को मार दिया, जिसके बाद ग्रामीण प्रदर्शन कर रहे हैं। दुकान बंद करने के साथ ही लोगों ने हाथियों के हमले में मारे गए लोगों के परिवार को मुआवजा देने की मांग की। वहीं इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी तैनात थे।

## हमले के बाद पश्चिम बंगाल में कैलाश विजयवर्गीय को बुलेट प्रूफ कार मुहैया कराई गई

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर में हमले का शिकार होने के कुछ दिन बाद भाजपा के महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को केंद्र सरकार की ओर से बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया कराया गया है। वह सोमवार को दक्षिण 24 परगना के मथुरापुर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए सोमवार दोपहर कोलकाता पहुंचे। पश्चिम बंगाल में भाजपा के प्रभारी ने हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, केंद्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के अनुसार मुझे बुलेट प्रूफ वाहन मुहैया कराया गया है। उल्लेखनीय है कि 10 दिसंबर को भाजपा अध्यक्ष के काफिले पर डायमंड हार्बर इलाके में पथराव किया गया था, जिसकी वजह से काफिले में शामिल कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए थे। सूत्रों ने बताया कि इस हमले में विजयवर्गीय और भाजपा उपाध्यक्ष मुकुल रॉय को चोटें आई थीं।

## क्विक न्यूज

### मुंबई : पासपोर्ट रैकेट मामले में एटीएस ने बांग्लादेशी नागरिकों समेत आठ को गिरफ्तार किया

**मुंबई।** महाराष्ट्र के आतंकवाद रोधी दस्ता (एटीएस) ने भारतीय पासपोर्ट हासिल करने के लिए कथित तौर पर दस्तावेजों के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में बांग्लादेशी नागरिकों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि एटीएस की कालाचौकी इकाई को नवंबर में गुप्त जानकारी मिली थी कि बांग्लादेश का नागरिक अकरम खान (28) मुंबई में अवैध तरीके से रह रहा है और अपने देश के लोगों को भारतीय पासपोर्ट हासिल करने में मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि उसे सेवरी से गिरफ्तार किया गया। उसका असली नाम अकरम नूर अलाउद्दीन नबी शेख है और बांग्लादेश के नोआखाली जिले का रहनेवाला है। वडाला और मुम्ब्रा के दो लोगों ने उसे आधार कार्ड, पैन कार्ड और भारतीय पासपोर्ट हासिल करने और अवैध तरीके से भारत में रहने में मदद की। अधिकारियों ने बताया कि मुम्ब्रा के राफिक सैय्यद से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि वह 2013 से ही अवैध आव्रजकों को भारतीय पासपोर्ट मुहैया कराने के अपराध में शामिल है और ऐसा संभव है कि उसने अब तक कम से कम 85 बांग्लादेश नागरिकों की मदद की है।

### चेहरा पहचानने वाले उपकरण दर्पण की मदद से 10 साल पहले लापता हुआ बच्चा परिवार से मिला

**हैदराबाद।** मध्य प्रदेश में घर से लापता हुआ एक लड़का 10 साल बाद चेहरा पहचानने वाले उपकरण दर्पण की मदद से अपने परिवार से मिल गया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि मध्य प्रदेश का यह लड़का पश्चिम बंगाल में हावड़ा में एक बाल गृह में मिला। वह सात अक्टूबर, 2010 को मध्य प्रदेश के जबलपुर से लापता हो गया था और हुगली पुलिस ने उसे 21 अक्टूबर 2010 को बाल गृह को सौंप दिया। तेलंगाना पुलिस ने लापता बच्चों की तस्वीरें देश के बाल गृहों में मौजूद बच्चों से मिलान करने का एक उपकरण बनाया है और पुलिस ने इसी उपकरण का उपयोग करते हुए बच्चे को परिवार से मिलवाने में मदद की। महिला सुरक्षा विंग की राज्य की अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक स्वाति ने कहा कि लड़का इस साल मार्च मे मिला। पुलिस ने जबलपुर के अपने समकक्ष को इसकी जानकारी दी, जिन्होंने बच्चे के अभिभावक को इस बारे में बताया। वे बाल गृह गए और वहां अपने बेटे को पहचान किया। बंगाल पुलिस ने 12 दिसंबर को बच्चे को उसके पिता के हवाले कर दिया।

### तमिलनाडु में एक परिवार के पांच सदस्य मृत मिले

**विल्लुपुरम (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु में विल्लुपुरम के पास एक घर में एक दंपति और उनके तीन बच्चे सोमवार को मृत मिले। पुलिस ने बताया कि शुरूआती जांच से संकेत मिला है कि पुरुष और महिला ने पहले अपनी आठ और सात की दो बेटियों और पांच साल से बेटे की हत्या की और फिर अपनी भी जान दे दी। उन्होंने बताया कि इस बात के भी संकेत हैं कि 37 वर्षीय व्यक्ति पर कर्ज था और उसने 30 वर्षीय अपनी पत्नी को भी जिंदगी खत्म करने के लिए मना लिया होगा। उनके शव वी पुडुपलयम आवास पर पंखे से लटके मिले। शवों को पड़ोसियों ने देखा और पुलिस को सूचित किया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया है। पट्टाली मक्कल कटाची के संस्थापक नेता एस रामदोस ने कर्ज के कारण मौतों पर दुख जताया है।

### दारेकर बीएमसी आयुक्त के खिलाफ नोटिस देंगे

**मुंबई।** भाजपा नेता प्रवीण दारेकर ने सोमवार को कहा कि मुंबई महानगर में कोविड-19 की स्थिति को लेकर उनके द्वारा भेजे गए सैकड़ों पत्रों का जवाब नही देने पर वह बृह्नमुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) के आयुक्त इकबाल सिंह चहल के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस देंगे। महाराष्ट्र विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष दारेकर ने कहा कि पत्रों में उन्होंने कोविड-19 को लेकर किए जा रहे गलत काम को रेखांकित किया गया था, कुछ सलाह दी थी और कुछ सूचना मांगी थी। विधानमंडल के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में दारेकर ने कहा, बीएएमसी आयुक्त ने दो पंक्ति का जवाब भी देने की भी शिष्टता नही दिखाई। विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष की हैसियत से लिखी गई चिट्ठी का जवाब देने में हीला-हवाली की गई और विधायिका के तहत प्राप्त मेरे अधिकारों से न्याय नही किया गया। दारेकर ने कहा, इसलिए मै बीएमसी आयुक्त के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दूंगा।

### तलवार लेकर नाचने के मामले में व्यक्ति को हिरासत में लिया

**औरंगाबाद।** पुलिस ने महाराष्ट्र के औरंगाबाद शहर में जन्मदिन के एक समोराह में अपने हाथ में कथित रूप से तलवार लेकर नाचने के मामले में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना शनिवार रात को हुई, जिसके बाद पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया। पुलिस अधिकारी ने जारी विज्ञप्ति में बताया कि यहां किराडपुरा इलाके में एक व्यक्ति के जन्मदिन पर आयोजित एक समारोह में दो लोग अपने हाथों में कथित रूप से तलवार लेकर नाचे। जिंसी पुलिस थाने की एक टीम इस बारे में सूचना मिलने पर घटनास्थल पर पहुंची और यहां रहमानिया कॉलोनी के 19 वर्षीय निवासी को हिरासत में ले लिया और तलवार भी जब्त कर ली।



कोझिकोड में स्थानीय चुनाव के आखिरी चरण में वोट देने के लिए लाइन में लगे हुए मतदाता।

# सोलापुर में 3.16 करोड़ रुपए मूल्य का छह किलोग्राम सोना जब्त

**पुणे।** महाराष्ट्र के सोलापुर जिले में पुलिस ने विशाखापत्तनम से एक कार से आ रहे दो लोगों के पास से 3.16 करोड़ रुपए मूल्य का करीब छह किलोग्राम सोना जब्त किया। सोलापुर ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी सतपुते ने बताया कि सोना आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से महाराष्ट्र के सांगली ले जाया जा रहा था और संदेह है कि कर से बचने के लिए यह तस्करी की जा रही थी। हमें सोने की तस्करी के संबंध में सूचना मिली थी, इसलिए सोलापुर के बाहर राजमार्ग पर एक टीम तैनात की गई और रविवार शाम संदिग्ध कार को रोका गया। अधिकारी ने बताया कि सोने का वजन करीब छह किलोग्राम है जिसका मूल्य 3.16 करोड़ रुपए है। कार में सवार दोनों लोगों ने न तो सोने के मालिकाना हक के संबंध में दस्तावेज पेश किए और न ही संतोषजनक जवाब दिए। प्राथमिक तौर पर यह कर से बचने के लिए तस्करी का मामला प्रतीत होता है। इस संबंध में आगे की जांच चल रही है।

## गुवाहटी को दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बनाने का कार्य जारीः सोनोवाल

**कोलकाता।** असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार गुवाहाटी को दक्षिण-पूर्व एशिया का प्रवेश द्वार बनाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स की वार्षिक आम बैठक में कहा कि राज्य की बीबीआईएन (बांग्लादेश, भूटान, भारत और नेपाल) के अलावा आसियान बाजार पर नजर बनी हुई है। सोनोवाल कहा, हम गुवाहाटी को न केवल पूर्वोत्तर, बल्कि दक्षिण-पूर्वी एशिया के प्रवेश द्वार के रूप में विकसित करने की कोशिश कर रहे हैं। आसियान देश असम के लिए एक बड़ा और आकर्षक बाजार उपलब्ध कराते हैं। असम में 2018 में हुए वैश्विक निवेशक सम्मेलन में राज्य को 79,000 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव मिले थे और इनमें से 55,000 करोड़ रुपए राज्य में आ चुके हैं।

# कोविड-19 का टीका निशुल्क मुहैया कराने की घोषणा चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन नहीं : विजयन

**भाषा।** कन्नूर

**केरल के** मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर विपक्ष के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मुफ्त में कोविड-19 टीका मुहैया कराने की घोषणा कर उन्होंने किसी भी प्रकार से नियमों का उल्लंघन नहीं किया। यूडीएफ और भाजपा द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में पूछे गए सवाल पर विजयन ने यह टिप्पणी की। यूडीएफ और भाजपा ने केरल में स्थानीय निकाय चुनावों के अंतिम चरण के एक दिन पहले रविवार को राज्य चुनाव आयोग को अपनी शिकायतों में कहा कि मुफ्त टीका मुहैया कराने संबंधी मुख्यमंत्री की टिप्पणी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है।

कन्नूर जिले में वोट डालने के बाद विजयन ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनावों में वाम मोर्चा को ऐतिहासिक सफलता मिलेगी। अगले साल राज्य में विधानसभा चुनाव के पहले निकाय चुनाव के परिणाम को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, हम कोविड-19 मरीजों का निशुल्क इलाज कर रहे हैं और दवा या टीका भी इसी उपचार के अंतर्गत आता है। हमने यह स्पष्ट कर दिया है कि निशुल्क टीका की व्यवस्था की जाएगी। यह किसी भी तरह से आचार संहिता का उल्लंघन नहीं है।

विजयन ने दावा किया कांग्रेस नीत यूडीएफ को निकाय चुनावों में बड़ी सफलता मिलेगी और विपक्षी खेमे के घटक आईयूएमएल को भी हार मिलेगी। विजयन ने शनिवार को कहा था कि केरल में कोविड-19 का टीका सबको निशुल्क मुहैया कराया जाएगा।

## केरल उच्च न्यायालय का केरल के पूर्व मंत्री को जमानत देने से इनकार

**भाषा।** कोच्चि

**केरल** उच्च न्यायालय ने फ्लाईओवर घोटाले के सिलसिले में सतर्कता एवं भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो (वीएसीबी) द्वारा गिरफ्तार राज्य के पूर्व मंत्री वीके इब्राहिम कुंजू की जमानत याचिका सोमवार को खारिज कर दी। हालांकि, उच्च न्यायालय ने आईयूएमएल विधायक कुंजू को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद नए सिरे से जमानत याचिका दायर करने की अनुमति दे दी। कुंजू इस समय न्यायिक हिरासत में हैं और उनका अस्पताल में कैंसर का इलाज चल रहा है।

कुंजू को पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) की सरकार में फ्लाईओवर निर्माण में हुए कथित घोटाले के सिलसिले में 18 नवंबर को गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने हाल में मुवात्तापुझा की सतर्कता अदालत से जमानत याचिका खारिज होने के बाद उच्च न्यायालय का रुख किया था।


# आंध्रप्रदेश के दिशा अधि. की तर्ज पर महाराष्ट्र विस में शक्ति विधेयक पेश

**भाषा।** मुम्बई

**महाराष्ट्र सरकार** ने बलात्कार, तेजाब हमले एवं सोशल मीडिया पर महिलाओं और बच्चों के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री डालने जैसे अपराधों के लिए मृत्यु दंड एवं 10 लाख रूपए तक के जुर्माने समेत कठोर दंडों के प्रावधान वाला एक विधेयक विधानसभा में पेश किया। आंध्रप्रदेश के दिशा अधिनियम की तर्ज पर बनाए गए शक्ति नामक इस विधेयक में ऐसे अपराधों की 15 दिनों के अंदर जांच पूरी करने और आरोपपत्र दाखिल करने एवं सुनवाई 30 दिनों के अंदर पूरी करने का प्रावधान है।

इस विधेयक के मंगलवार को सदन से पारित हो जाने की संभावना है। राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने विधानमंडल के दो दिवसीय सत्र के पहले दिन महाराष्ट्र शक्ति आपराधिक कानून (महाराष्ट्र संशोधन) विधेयक, 2020 और महाराष्ट्र विशिष्ट विशेष अदालत (शक्ति कानून के तहत महिलाओं और बच्चों के विरूद्ध अपराधों के वास्ते) विधेयक पेश किए।

पहले विधेयक में सख्त सजा के लिए भादंसं, आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम की संबंधित धाराओं में संशोधन का प्रावधान है जबकि दूसरा इस कानून के तहत सुनवाई के लिए राज्य के हर जिले में कम से कम एक विशेष अदालत की स्थापना के लिए है। सीआरपीसी से जुड़े प्रस्तावित संशोधन जांच की अवधि दो महीने से घटाकर 15 दिन करने, सुनवाई की अवधि दो महीने से घटाकर 30 दिन करने और अपील की अवधि छह माह से घटाकर 45 दिन करने के लिए है।



मामल्लपुरम में ऐतिहासिक स्थल को लोगों के लिए खुलने पर सैनिटाइज करते हुए हेल्थ वर्कर

# उप्र सरकार ने केरल के पत्रकार की जमानत का किया विरोध

● कहा, पीएफआई से संबंध हैं

● कप्पन को हाथरस जाते समय रास्ते में उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वह कथित सामूहिक बलात्कार की शिकार दलित महिला के गांव जा रहा था

**भाषा।** नई दिल्ली

**उत्तर प्रदेश** सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन की जमानत का विरोध करते हुए दावा किया कि वह पीएफआई से संबद्ध है जो जाति और वर्ग के आधार पर लोगों को भड़काकर सार्वजनिक शांति भंग करने के लिए जिम्मेदार है।
कप्पन को हाथरस जाते समय रास्ते में उस समय गिरफ्तार किया गया था जब वह कथित सामूहिक बलात्कार की शिकार दलित महिला के गांव जा रहा था। इस महिला की बाद में अस्पताल में मृत्यु हो गई थी। राज्य सरकार ने प्रदेश के गृह विभाग में विशेष सचिव सत्य प्रकाश उपाध्याय के माध्यम से दाखिल अतिरिक्त हलफनामे मे इस मामले में विशेष जांच दल की अब तक की जांच का विवरण न्यायालय को सौंपा और केरल यूनियन आफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स द्वारा कप्पन की जमानत के लिए दायर याचिका का विरोध किया।

हलफनामे में कहा गया है, कप्पन पापुलर फ्रंट आफ इंडिया (पीएफआई) से संबद्ध है जो राज्य में जाति और वर्ग के आधार पर लोगों को भड़का कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने के लिए जिम्मेदार है। इस संगठन का मकसद लोक व्यवस्था में गडबड़ी पैदा करके कानून के माध्मय से स्थापित सरकार की छवि खराब करना है। हलफनामे में कहा गया है, जांच से खुलासा हुआ है कि आरोपी कप्पन सिर्फ लोक व्यवस्था में व्यवधान डालने के संज्ञेय अपराध करने की साजिश में ही शामिल नहीं है बल्कि एक सरगना है जिसके देश के विभिन्न हिस्सों में दुर्भाग्यपूर्ण दंगों और सार्वजनिक सौहार्द बिगाड़ने की घटनाओं से तार जुड़े हैं।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने कप्पन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली पत्रकारों के संगठन की याचिका पर सुनवाई जनवरी के तीसरे सप्ताह के लिए सूचीबद्ध कर दी। इससे पहले, पीठ ने इस संगठन से कहा कि वह राज्य सकार के अतिरिक्त हलफनामे पर अपना जवाब दाखिल करे। राज्य सरकार ने कहा है कि पत्रकारों के संगठन द्वारा आरोपी की जमानत के लिए दायर आवेदन में कोई दम नहीं है और इसे इस आधार पर खारिज किया जाना चाहिए कि यह मामला पहले ही विशेष जांच बल को सौंपा जा चुका है और प्रभावी तरीके से जांच के लिए हिरासत में उसकी जरूरत है। राज्य सरकार ने यह भी कहा है कि अभी इस मामले में बहुत सारे साक्ष्य एकत्र करने हैं और दर्ज करने हैं। राज्य सरकार ने कहा है कि अगर न्यायालय ने जमानत की याचिका स्वीकार कर ली तो कप्पन के फरार होने और इसी तरह की गतिविधियों में संलिप्त होने की पूरी संभावना है और आरोपी इस मामले की सुचारू जांच में हस्तक्षेप कर सकता है। हलफनामे के अनुसार कप्पन और अन्य सभी आरोपियों के पीएफआई के सदस्यों, जो प्रतिबंधि आतंकी संगठन सिमी के कार्यकारी सदस्य रह चुके हैं, से प्रत्यक्ष और नजदीकी संबंध हैं। राज्य सरकार का कहना है कि पांच अक्टूबर के पूछताछ के दौरान कप्पन ने फर्जी पहचान पत्र पेश कर दावा किया था कि वह मलयाली समाचार पत्र तेजस का संवाददाता है। राज्य सरकार के अनुसार जांच करने पर पता चला कि यह अखबार दिसंबर, 2018 से बंद है और उसके बाद से उसका अस्तित्व नहीं है।

राज्य सरकार ने पत्रकारों के संगठन पर आरोपी की सही पहचान छिपाने के प्रयास का आरोप लगाया है। राज्य सरकार ने यह आरोप भी लगाया है कि जब कप्पन तेजस अखबार से संबद्ध था तो इसके अधिकतर संपादक पीएफआई के कार्यकारी सदस्य थे। उप्र सरकार ने यह भी आरोप लगाया है कि कप्पन जांच में सहयोग नहीं कर रहा है और निचली अदालत दूसरे आरोपियों की जमानत याचिका उनके गुण दोष के आधार पर खारिज कर चुकी हैं। राज्य सरकार ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण पर अंकुश पाने के लिए निर्धारित मानक प्रक्रिया का सख्ती से पालन किया जा रहा है और पेश मामले में कप्पन तथा अन्य आरोपियों को उनके पृथकवास की अवधि पूरी होने के बाद 24 अक्टूबर को मथुरा की मुख्य जेल में स्थानांतरित कर दिया गया है।



विजयवाड़ा में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के अन्तर्गत ऊर्जा दक्षता और संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए रैली में भाग लेते कर्मचारी

# कांग्रेस अध्यक्ष चुनावः आखिरी दौर में एआईसीसी प्रतिनिधियों की सूची को अंतिम रूप देने का काम

**भाषा।** नई दिल्ली

**कांग्रेस के** नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए चल रही कवायद के बीच पार्टी के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण (सीईए) की ओर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के प्रतिनिधियों (डेलीगेट्स) की सूची को अंतिम रूप देने का काम आखिरी दौर में है और इसके अगले कुछ दिनों में पूरा होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि प्रतिनिधियों के रूप में चयनित एआईसीसी सदस्य कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव होने पर बतौर मतदाता इसमें भाग लेंगे। इन सदस्यों की संख्या एक हजार से अधिक है।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री की अध्यक्षता वाले सीईए ने विभिन्न प्रदेश इकाइयों की ओर से भेजी गई एआईसीसी सदस्यों की अधिकतर सूचियों का सत्यापन कर लिया है और यह प्रक्रिया अगले कुछ दिनों में पूरी हो जाएगी। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने पीटीआई-भाषा को बताया, एआईसीसी प्रतिनिधियों की सूची को अंतिम रूप देने का काम अंतिम चरण में है। अगले कुछ दिनों में यह काम पूरा हो जाएगा। इसके बाद चुनाव की तारीख और दूसरे कार्यक्रमों के बारे में कांग्रेस कार्य समिति की ओर से फैसला किया जाएगा। उधर, मिस्त्री ने इस प्रक्रिया से जुड़े सवाल पर कहा, जब भी सूची तैयार हो जाएगी तो इस बारे में मीडिया को सूचित किया जाएगा। गौरतलब है कि पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद राहुल गांधी ने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद सोनिया गांधी को अंतरिम अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इस बीच, बिहार विधानसभा चुनाव और कुछ राज्यों के उप चुनावों में कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गुलाम नबी आजाद और कपिल सिब्बल जैसे कुछ वरिष्ठ नेता पार्टी का सक्रिय अध्यक्ष बनाए जाने की मांग उठा रहे हैं। वैसे, कांग्रेस नेताओं का एक बड़ा धड़ा लंबे समय से इस बात की पैरवी कर रहा है कि राहुल गांधी को फिर से कांग्रेस की कमान संभालनी चाहिए। कांग्रेस के संविधान के मुताबिक, पार्टी अध्यक्ष के लिए भी नामांकन पत्र भरने के बाद उसे वापस लेने के लिए सात दिनों की मोहलत दी जाती है। यदि केवल एक ही उम्मीदवार होता है तो उसे विजेता घोषित किया जाता है और वह कांग्रेस के अधिवेशन में नए अध्यक्ष के तौर पर कार्यभार ग्रहण करता है। कांग्रेस अध्यक्ष का कार्यकाल पांच वर्षों का होता है। यदि अध्यक्ष पद के लिए कई उम्मीदवार होते हैं, तो विजेता को कम से कम 50 फीसदी मत हासिल करने होते हैं। सीडब्ल्यूसी के पास अस्थाई अध्यक्ष चुनने की भी शक्तियां हैं।

# सरनाईक ने कंगना के ट्वीट के लिए उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया

**भाषा।** मुंबई

**शिवसेना के** विधायक प्रताप सरनाईक ने सोमवार को कहा कि उन्होंने एक ट्वीट के लिए अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। रनौत ने कथित तौर पर एक ट्वीट किया था जिसमें कहा गया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के छापे के दौरान सरनाईक के पास से पाकिस्तानी क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया। धन शोधन मामले में ईडी की जांच का सामना कर रहे सरनाईक ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र के विधानसभा अध्यक्ष नाना पटोले के कार्यालय में रनौत के खिलाफ नोटिस दिया है। संवाददाताओं से बात करते हुए शिवसेना के विधायक ने कहा कि जांच एजेंसी द्वारा उनके आवास पर छापेमारी के दौरान पाकिस्तानी क्रेडिट कार्ड मिलने के कथित ट्वीट के लिए उन्होंने यह नोटिस दिया है। पीओके टिप्पणी के लिए इससे पहले रनौत और सरनाईक की तकरार हो चुकी है। सरनाईक ने कहा, झूठी खबरों के जरिए मुझे बदनाम किया गया। मेरा परिवार और मैं ईडी की जांच में सहयोग कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि ईडी ने 24 नवंबर को उनके कार्यालय पर छापा मारा था। सरनाईक ने आरोप लगाया कि रनौत के ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर उनके खिलाफ फर्जी खबरें फैलाई जा रही हैं। ठाणे जिला में ओवला माजीवडा से शिवसेना विधायक ने कहा, ईडी के छापे के दौरान मेरे यहां से भी कुछ भी अवैध सामग्री जब्त नहीं की गई। रनौत ने 12 दिसंबर को शिवसेना विधायक का नाम लिए बिना एक ट्वीट किया था, जब मैंने कहा था कि मुंबई पीओके जैसा लग रहा है, तब इन्होंने मेरा मुंह तोड़ने की धमकी दी थी। भारत के लोगों...उन्हें पहचानिए जो आपके लिए सबकुछ दांव पर लगा रहे हैं और जो आपका सबकुछ छीन रहे हैं। जिन पर आप भरोसा करते हैं वही आपका भविष्य तय करते हैं। भारत पाकिस्तान ना बन जाए संभालो यारों। इसके बाद अभिनेत्री ने किसी व्यक्ति के एक पोस्ट को रीट्वीट किया था जिसमें कहा गया, शिवसेना के विधायक प्रताप सरनाईक के आवास से पाकिस्तानी नागरिक का क्रेडिट कार्ड बरामद किया गया।

# अगले तीन साल में देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा मध्यप्रदेश : भार्गव

**भाषा।** भोपाल

**मध्यप्रदेश के** लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव ने सोमवार को कहा कि आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की थीम की मदद से अगले तीन साल में राज्य देश का सबसे विकसित राज्य बनेगा। उन्होंने कहा कि इसमें सुदृढ़ अधोसंरचना के साथ औद्योगिक संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

भार्गव ने यह बात कॉन्फ्रेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज द्वारा मिंटो हॉल भोपाल में आयोजित मध्यप्रदेश इन्फ्रास्ट्रेक्चर कॉनक्लेव में कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश ने वर्ष 2003 के बाद अधोसंरचना के साथ-साथ कृषि, सिंचाई, औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं लेकिन विकास एक सतत प्रक्रिया है। नई तकनीकों के ईजाद हो जाने पर संसाधनों को बेहतर बनाने का क्रम लगातार जारी रहता है। भार्गव ने कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत का दृष्टिकोण देश को दिया तो उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश की रुपरेखा तैयारी की गई और उसपर तेजी से काम शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रशंसा का विषय है कि सभी विभागों को दिए गए 30 दिवस (एक माह) के लक्ष्य की पूर्ति की जा चुकी है। अगला लक्ष्य 90 दिवस (3 माह) और 3 वर्ष का है। वर्ष 2023 तक मध्यप्रदेश में सभी लक्ष्यों की पूर्ति कर ली जाएगी। भार्गव ने कहा कि औद्योगिक विकास गतिविधियों के साथ-साथ औद्योगिक संस्थाओं को सामाजिक क्षेत्र में काम करने की जरूरत है। नागरिकों में भी अपने सामाजिक दायित्व बोध जगाने की आवश्ययकता है। तभी हम आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश से आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने वर्चुअल कॉनक्लेव के माध्यम से सम्मिलित हो रहे उद्योगपतियों से प्रदेश के विकास में खुले दिल से भागीदारी दर्ज कराने की अपील की। इस मौके पर अपर मुख्य सचिव एवं प्रबंध संचालक नर्मदा बेसिन प्रोजेक्ट कम्पनी लिमिटेड आई.सी.पी. केशरी ने कहा कि वर्तमान दौर में कोविड-19 की चुनौती का सामना सम्पूर्ण विश्व कर रहा है। इसका प्रभाव भारत वर्ष पर भी है। इस चुनौतीपूर्ण समय में देश और प्रदेश दोनों ही सशक्त तरीकों से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश में गत 5-6 वर्षों में अधोसंरचना सहित अन्य क्षेत्र में लगभग पांच लाख करोड़ से अधिक निवेश हुआ है। इसको और आगे ले जाने का रोडमेप प्रदेश में तैयार किया गया है।

# भाजपा ने 49 में से 32 सीटें जीतीं

## गोवा जिला पंचायत चुनाव

**पणजी।** गोवा में सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने जिला पंचायत चुनावों में 49 में से 32 सीटों पर जीत हासिल की, जबकि विपक्षी दल कांग्रेस के खाते में सिर्फ चार सीटें आईं। राज्य में 48 जिला पंचायत क्षेत्रों में 50 सीटें हैं लेकिन एक सीट पर उम्मीदवार की मौत हो जाने के कारण चुनाव नहीं हुआ था। इन सीटों के लिए 12 दिसंबर को मतदान हुआ था।

सोमवार को घोषित नतीजों में भाजपा ने 32 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि सात सीटों पर निर्दलीय विजई रहे। कांग्रेस के खाते में चार, एमजीपी के हिस्से में तीन सीटें आईं जबकि राकांपा और आम आदमी पार्टी (आप) को एक-एक सीट से संतोष करना पड़ा। इस तटीय राज्य में यह पहला मौका है जब आप ने चुनावों में कोई सीट जीती हो। अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी प्रदेश में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनावों में ज्यादातर सीटों पर चुनाव लड़ने का लक्ष्य लेकर चल रही है। प्रदेश में विधानसभा की 40 सीटें हैं। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में भाजपा के चुनावी प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि वो भारतीय जनता पार्टी और उनके नेतृत्व में काम कर रही गोवा सरकार के प्रति भरोसा जताने के लिए गोवा की जनता के समक्ष नतमस्तक हैं। सावंत ने ट्वीट किया, इसी विश्वास और भरोसे को आगे बढ़ाते हुए आइए एक श्रेष्ठ और स्वयंपूर्ण गोवा को आकार दें।

# न्यायालय ने खदानों में हरियाली संबंधी आदेश का अनुपालन नहीं होने पर दिखाया सख्त रुख

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने सोमवार को झारखंड सरकार के इस दावे का संज्ञान लिया कि खनन काम बंद होने के पश्चात खदान के पट्टाधारकों द्वारा खनन वाले इलाके में फिर से घास लगाने के आदेश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। शीर्ष न्यायालय इसके लिए संबंधित प्राधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्वाई की चेतावनी दी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमणियन की पीठ ने केन्द्र कहा कि झारखंड में व्यावसायिक खनन के लिए कोयला खदानों की ई-नीलामी के बाद शीर्ष अदालत की अनुमति के बगैर खुदाई नहीं होगी। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि न्यायालय के निर्देशो का पालन नहीं होने की स्थिति में संबंधित प्राधिकारियों के खिलाफ वह कार्वाई कर सकता है। पीठ ने कहा, हमारी अनुमति के बगैर झारखंड में खनन के लिए खुदाई शुरू नहीं की जाएगी। शीर्ष अदालत ने इस तथ्य का संज्ञान लिया कि खनन कार्य के दौरान घास पूरी तरह से खत्म हो जाती है और उसने आठ जनवरी को सरकार को निर्देश दिया था कि खदानों के पट्टाधारकों पर यह शर्त लगाई जाए कि खदान में खनन काम बंद होने के बाद उन्हें खदान वाले क्षेत्र में फिर से घास लगानी होगी। न्यायालय ने देश के अनेक हिस्सों में बड़े पैमाने पर अवैध खनन के खिलाफ एक अन्य याचिका पर यह आदेश पारित किया था। न्यायलाय ने केन्द्र से कहा था कि वह इस शर्त के अनुपालन के लिए उचित तरीका खोजे। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सोमवार को सुनवाई के दौरान झारखंड सरकार की ओर से अधिवक्ता तापेश कुमार सिंह ने पीठ को बताया कि खदान वाले क्षेत्र में फिर से घास लगाने के उसके निर्देश का अनुपालन नहीं किया जा रहा है। इस पर पीठ ने कहा, अटार्नी जनरल, अगर हमारे आदेश का अनुपालन नहीं हुआ तो हम संबंधित लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्वाई कर सकते हैं। हम चाहते हैं कि हमारे आदेश का सख्ती से पालन हो। मवेशियों के चरने के लिए फिर से घास लगाना जरूरी है। न्यायालय ने सिंह से कहा कि वह इस संबंध में अटार्नी जनरल को विवरण उपलब्ध कराएं ताकि वह इस पर गौर कर सकें। पीठ झारखंड में व्यावसायिक खनन के लिए कोयला खदानों की ई-नीलामी के मुद्दे पर राज्य सरकार की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि इस मामले में जनवरी में सुनवाई की जाएगी। झारखंड सरकर की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता फली एस नरिमन ने कहा कि चूंकि यह मामला जनवरी में सूचीबद्ध है, इसलिए कोई स्वतंत्र प्राधिकारी संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर सकते हैं।

## पेज 1 का शेष

### प्रदेश की अर्थव्यवस्था...

किया। इस आयोजन में 187 देशों के प्रतिनिधियों, देश व दुनिया से 24 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण का शुभारम्भ किया है। अयोध्या को दुनिया की सबसे खूबसूरत नगरी के रूप में विकसित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की सम्भावनाओं को साकार करने के लिए कानून का राज आवश्यक है। वर्तमान राज्य सरकार ने इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। आज प्रदेश की कानून व्यवस्था अन्य राज्यों के लिए उदाहरण है। उद्यमियों और निवेशकों को आकर्षित करने के लिए शांति एवं कानून व्यवस्था महत्वपूर्ण कारक तत्व है।

### फिर औचक निरीक्षण ...

होने के बाद जब मुख्यमंत्री गाजियाबाद के लिए चले तो हैलीकाप्टर के पायलट ने कहा कि मौसम खराब होने के कारण हैलीकाप्टर नहीं उड़ सकता। इस पर जेड प्लस सुरक्षा के घेरे में रहने वाले मुख्यमंत्री की सुरक्षा को लेकर सुरक्षाधिकारियों ने कैलाश मानसरोवर भवन के लोकार्पण कार्यक्रम को स्थगित करने की सलाह दी। इस सुझाव को मुख्यमंत्री ने ठुकरा दिया और कहा कि मैं गाजियाबाद जाऊंगा व लोकार्पण करुंगा। इसके बाद मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से गाजियाबाद पहुंचे। कार से गाजियाबाद जाते हुए मुख्यमंत्री को मेरठ शहर की सड़क किनारे साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक नहीं दिखी। कई जगहों पर उन्हें सड़क किनारे कूड़े के ढेर दिखाई दिए। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री के ऐसे दौरों से अधिकारी लापरवाही बरतने की हिम्मत नहीं होगी। और शहरों की साफ-सफाई से लेकर चिकित्सा व्यवस्था में सुधार होगा। इसके पहले भी वह कई जिलों में अस्पताल और मंडी स्थलों में धान और गेंहू खरीद की हकीकत जानने पहुंच चुके हैं। लाकडाउन के दौरान जब बड़े बड़े नेता घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे, उस दौरान मुख्यमंत्री ने नोयडा और गाजियाबाद गए थे। तब उन्होंने अन्य राज्यों से आ रहे श्रमिकों को लेकर लापरवाही बरतने के प्रकरण में नोएडा के जिलाधिकारी को हटाने का आदेश दिया था। पूर्वांचल में दौरे के दौरान मुख्यमंत्री कार से बस्ती गए थे। बीते साढ़े तीन सालों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सूबे के हर जिले में कम से कम दो बार दौरा कर चुके हैं।

### दस किसान संगठनों ...

कहा कि तीनों कानून किसानों के हित में हैं और इन्हें वापस नहीं लिया जाना चाहिए। बैठक के बाद कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 'तमिलनाडु, तेलंगाना, महाराष्ट्र, बिहार से ऑल इंडिया किसान कोऑर्डिनेशन कमेटी के सदस्य आए थे। उन्होंने कृषि कानूनों का समर्थन किया और इस बारे में हमें एक चिट्ठी दी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने यह किसानों के कल्याण के लिए किया है और वो उसका स्वागत एवं समर्थन करते हैं। तोमर ने कहा कि किसानों के साथ वार्ता की अगली तारीख तय करने के लिए सरकार उनसे संपर्क में है। तोमर ने कहा, 'बैठक निश्चित रूप से होगी। हम किसानों के साथ संपर्क में हैं।' उन्होंने कहा कि सरकार किसी भी समय बातचीत के लिए तैयार है। किसान नेताओं को तय करके बताना है कि वे अगली बैठक के लिए कब तैयार हैं। उन्होंने कहा, 'हमने किसानों और किसान नेताओं को मनाने का प्रयास किया। हमारी इच्छा है कि वे प्रत्येक खंड पर बातचीत करने के लिए आएं। अगर वे हर खंड पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए तैयार हैं तो हम विचार-विमर्श के लिए तैयार हैं।' प्रदर्शनकारी किसानों की 40 यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ सरकार की बातचीत की अगुवाई तोमर कर रहे हैं। इसमें उनके साथ केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग तथा खाद्य मंत्री पीयूष गोयल तथा वाणिज्य और उद्योग राज्यमंत्री सोम प्रकाश शामिल हैं। केंद्र और किसान नेताओं के बीच अब तक हुई पांच दौर की वार्ताएं बेनतीजा रही हैं। सरकार ने किसान संघों को एक मसौदा प्रस्ताव उनके विचारार्थ भेजा है, जिसमें न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को जारी रखने का लिखित आश्वासन भी है, लेकिन किसान यूनियनों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कानूनों को निरस्त करने की मांग की है। तोमर ने कहा कि ये कानून किसानों की जिंदगी बदलने वाले हैं और इन कानूनों के पीछे सरकार की नीति और मंशा स्पष्ट है। उधर, गृह मंत्री अमित शाह ने उनकी मांगों और संबंधित मुद्दों पर चर्चा के लिए कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के साथ बैठक की। चूंकि किसानों का आंदोलन 19वें दिन भी जारी रहा, दोनों मंत्रियों ने विरोध प्रदर्शन को जल्द से जल्द समाप्त करने के लिए उनकी मांगों को हल करने के तरीकों पर चर्चा की। सूत्रों ने कहा कि शाह के 6, कृष्ण मेनन मार्ग स्थित आवास पर हुई बैठक में दोनों ने देशभर के किसानों और उनके नेताओं से संपर्क के बाद गतिरोध को दूर करने के लिए एक विस्तृत योजना बनाई है। वहीं किसान नेताओं ने सोमवार को अलग-अलग जगहों पर एक दिवसीय भूख हड़ताल शुरू की और तीनों कृषि कानूनों को वापस करने के लिए केंद्र से कोई सकारात्मक संकेत नहीं मिलने की स्थिति में विभिन्न राज्यों में जिला कलेक्ट्रेट/उपायुक्तों के कार्यालयों के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

### किसानों के हित ...

तैयार हैं, हम उनकी आशंकाओं को दूर करेंगे और भरोसे के साथ उन्हें वह देंगे जो हम दे सकते हैं। हमारी सरकार हमेशा चर्चा और संवाद के लिए तैयार है।' रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जोरदेकर कहा कि कृषि वह एक क्षेत्र है जिसने खुद को महामारी के दुष्प्रभाव से बचाया है, बल्कि बेहतर किया है। उन्होंने यहां बोलते हुए कहा, 'हमारे यहां उत्पादन और खरीद बहुत हुआ और सभी गोदाम भरे हुए हैं।'

### भारतीय बलों के ...

से जारी सैन्य गतिरोध पर केंद्रित अपने बयानों में कहा कि देश के इतिहास में हर दौर में एक समय आता है जब उसे खुद के लिए खड़े होने की जरूरत होती है और यह बताना होता है कि वह किसी से भी लड़ सकता है, वह किसी भी चुनौती से निपटने में सक्षम है। चीन का नाम लिए बिना रक्षा मंत्री ने कहा कि हिमालय ही नहीं, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में जिस तरह से शक्ति प्रदर्शन किया जा रहा है, उसे देखते हुए क्षेत्र और दुनिया का भविष्य अनिश्चित होता जा रहा है। चीन के साथ लंबे खिंच रहे सीमा गतिरोध पर सिंह ने कहा कि भारत की भावी पीढ़ियों को इस साल सशस्त्र बलों की उपलब्धि पर गर्व होगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा की इस घड़ी में हमारे बलों ने अनुकरणीय साहस और उल्लेखनीय धैर्य दिखाया है। उन्होंने पीएलए का पूरी बहादुरी से सामना किया और उन्हें वापस जाने को मजबूर किया। हमारी सेना ने इस साल जो हासिल किया, उस पर देश की आने वाली पीढ़ियों को गर्व होगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि जब दुनिया घातक कोरोना वायरस से जूझ रही थी तब भारत के सशस्त्र बल बहादुरी से अपनी सरहदों की रक्षा कर रहे थे और कोई वायरस उन्हें उनके कर्तव्य पथ से डिगा नहीं सकता। सिंह ने कहा कि भारतीय सेना और चीनी सेना की संख्या की तुलना हो सकती है लेकिन जब सॉफ्ट पॉवर की बात आती है तो भारत इस मामले में चीन से बहुत आगे हैं। किसानों द्वारा नए कृषि कानूनों के खिलाफ आंदोलन को तेज करने के बीच राजनाथ सिंह ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि कृषि क्षेत्र मातृ क्षेत्र है और इसके खिलाफ कोई भी प्रतिगामी कदम उठाने का सवाल ही नहीं उठता। सीमापार आतंकवाद का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत ने ऐसे समय में अकेले भी इस समस्या का मुकाबला किया है जब कोई उसके समर्थन के लिए नहीं था, लेकिन बाद में दुनियाभर के देशों ने समझा कि हमारी बात सही है कि पाकिस्तान आतंकवाद का स्रोत है।

### भारत किसी भी ...

गतिविधियां हो रही हैं। हर राष्ट्र अपने रणनीतिक हितों के आधार पर अपनी सुरक्षा को बढ़ाने के लिए तैयारी जारी रखेगा। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसे लेकर ज्यादा चिंता होनी चाहिए क्योंकि, हम अपनी तरफ भी ऐसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए भारतीय सशस्त्र सेनाएं कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ेंगी। सीडीएस ने कहा, कोविड-19 महामारी के दौरान उत्तरी सीमा पर वास्तविक नियंत्रण रेखा पर यथास्थिति को बदलने के चीन के प्रयास के बाद जमीन, समुद्र और वायु में बेहद उच्च स्तर की तैयारी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि 2017 में डोकलाम गतिरोध के बाद भारतीय सेना ने कदम उठाएं है जिससे यह सुनिश्चित हो कि वहां बात और आगे न बढ़े। भारतीय सेनाएं डोकलाम में पीएलए की गतिविधियों पर सावधानीपूर्वक नजर रख रही हैं।

### एक घंटे तक ...

स्प्रेडशीट भी काम नहीं कर रही थी। हालांकि, गूगल सर्च इंजन यानी गूगलडॉटकॉम पूरे समय सही तरीके से काम करता रहा। इस दौरान इससे दुनिया भर में करोड़ों यूजर्स ने सोशल मीडिया के जरिये अपनी परेशानी बयां की और गूगल डाउन, यूट्यूब डाउन हैषटैग ट्रेंड करने लगे। करीब 6.05 बजे गूगल की सभी सेवाएं वापस शुरू हो गईं। मालूम हो कि दुनिया भर में करोड़ों लोग इन सेवाओं का इस्तेमाल निजी और कारोबारी कामकाज के लिए करते हैं। गूगल ने इस समस्या पर अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। ऐसे में पता नहीं लग पा रहा है कि यह कोई तकनीकी समस्या है या किसी प्रकार का साइबर अटैक है।

### प्रत्येक सत्र में ...

साल से अधिक्र उम्र के लोगों का टीकाकरण होगा। इसके बाद गंभीर रोग से ग्रस्त 50 से कम उम्र के लोगों और महामारी की स्थिति और टीके की उपलब्धता के आधार पर अंत में बाकी आबादी का टीकाकरण हो सकेगा। दिशा-निर्देश में कहा गया, '50 साल या उससे ज्यादा उम्र की आबादी को चिन्हित करने के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनाव के लिए नवीनतम मतदाता सूची का इस्तेमाल किया जाएगा।' टीकाकरण के पहले चरण के तहत करीब 30 करोड़ आबादी का टीकाकरण किया जाएगा। को-विन वेबसाइट पर स्व पंजीकरण के लिए मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट और पेंशन दस्तावेज समेत 12 फोटो पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल हो सकेगा।

### आपातकाल को पूरी...

अधिकार निलंबित रखे गए। यह संविधान के साथ छल था। उन्होंने कहा, यह हमारे संविधान पर सबसे बड़ा हमला था। यह ऐसा मामला है जिस पर हमारी पीढ़ी को गौर करना होगा। इस पर शीर्ष अदालत को फैसला करने की आवश्यकता है। यह राजनीतिक बहस नहीं है। हम सब जानते हैं कि जेलों में क्या हुआ। हो सकता है कि राहत के लिए हमने बहुत देर कर दी हो लेकिन किसी न किसी को तो यह बताना ही होगा कि जो कुछ किया गया था वह गलत था। साल्वे ने कहा कि यह मामला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश ने देखा है कि आपातकाल के दौरान सिर्फ सत्ता का दुरूपयोग हुआ है। वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सुनवाई के दौरान पीठ ने सवाल किया, क्या न्यायालय इस प्रकरण पर विचार कर सकता है जो 45 साल पहले हुआ था। हम क्या राहत दे सकते हैं? पीठ ने कहा, हम मामले को बार-बार नहीं खोद सकते। वह व्यक्ति भी आज नहीं है। साल्वे ने कहा कि राज्य में सांविधानिक मशीनरी विफल होने की स्थिति में संविधान के अनुच्छेद 356 से संबंधित प्रावधानों पर 1994 में एस आर बोम्मई प्रकरण में न्यायालय के फैसले के बाद यह सिद्धांत विकसित किया गया जो सरकार के गठन या अधिकारों के हनन के मामले में लागू किया जा सकता है।

### बड़े सर्राफा कारोबारी ...

कार्रवाई शुरू होते चौक सर्राफा बाजार में हड़कंप मच गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए बड़ी संख्या में सर्राफा कारोबारी अपने अपने शोरूम व दुकाने बंद करके चले गए। सर्राफा कारोबारी कैलाश चंद जैन के शोरूम व आ वास पर पड़े छापे के संबंध में जब सर्राफा एसोसिएशन के महासचिव विनोद महेश्वरी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आयकर की कार्रवाई चल रही है। उन्होंने कहा कि अभी इस संबंध में कुछ कह पाना मुश्किल है लेकिन जिस तरह से आयकर विभाग ने सर्च की कार्रवाई को रेड में तब्दील किया है उससे यह प्रतीत होता है कि छापे की कार्रवाई में लगे आयकर के अधिकारियों को कुछ ऐसे दस्तावेज मिले हैं जिसमें गड़बड़ी है।

### फिल्म सिटी का..

निविदा डाली थीं। कंपनियों द्वारा दिए गए प्रस्तुतीकरण में प्राधिकरण सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह और अन्य अधिकारियों ने एक एक पहलू को गौर से सुना। कंपनियों ने बताया कि किस तरह वे दुनिया की सबसे बेहतरीन फिल्म सिटी का डिजाइन बनाएंगे। अब चयनित कंपनी मुंबई, हैदराबाद समेत विश्व के अन्य शहरों में बनी फिल्म सिटी का जायजा लेने के बाद माडल प्रदेश सरकार को सौंपेगी।

## बाइ ने अनधिकृत टूर्नामेंटों में भाग नहीं लेने की हिदायत दी

**नई दिल्ली।** भारतीय बैडमिंटन संघ (बाइ) ने सोमवार को अपने खिलाड़ियों, कोचों और तकनीकी स्टाफ को फिर चेतावनी देते हुए अनधिकृत टूर्नामेंटों से दूर रहने को कहा है। ऐसा पता चला है कि गोवा स्थित एक संगठन अगले महीने ऐसा कोई टूर्नामेंट करा रहा है। बाइ की विज्ञप्ति के अनुसार गोवा स्थित भारतीय युवा और खेल विकास संघ अगले महीने मडगांव में तीसरे राष्ट्रीय फेडरेशन कप का आयोजन कर रहा है।

## कोच रीड को अंतरराष्ट्रीय हॉकी बहाल होने की उम्मीद

**बेंगलुरू।** कोरोना महामारी के बीच भारतीय हॉकी टीम की ओलंपिक की तैयारियां बाधित हो गई लेकिन कोच ग्राहम रीड को अगले साल की शुरूआत में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल की बहाली की उम्मीद है। रीड ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक की तैयारी के लिए अब जितनी जल्दी खेलने का मौका मिले, उतना ही अच्छा होगा। उन्होंने हॉकी इंडिया द्वारा जारी एक बयान में कहा , हॉकी इंडिया के सहयोग से हमने अगले साल की शुरूआत मे मैचो की योजना बनाई है।

## हिन्द केसरी पहलवान श्रीपति खांचनाले का निधन

**पुणे।** अपने जमाने के मशहूर पहलवान और 1959 में हिन्द केसरी का खिताब जीतने वाले श्रीपति खांचनाले का सोमवार को कोल्हापुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 86 वर्ष के थे। खांचनाले के पुत्र रोहित ने पीटीआई-भाषा से कहा, मेरे पिताजी का उम्र संबंधी परेशानियो के कारण सोमवार की सुबह निधन हो गया।

## मनगांवकर ब्लैक बॉल ओपन में 2–3 से हारे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी महेश मनगांवकर मिस्र के काहिरा में खेले जा रहे सीआईबी पीएसए ब्लैक बॉल ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के करीबी मुकाबले में स्थानीय खिलाड़ी मोस्तफा असल से 2-3 से हार गए। लगभग 11 महीने के बाद प्रतिस्पर्धी मुकाबला खेल रहे मनगांवकर 11वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी से रविवार को 12-10, 9-11, 8-11, 11-7, 11-। से हारे।

## होलियर का निधन

पेरिस। इंग्लैड के क्लब लिवरपूल को एक सत्र मे तीन खिताब दिलाने वाले पूर्व फ्रांसीसी कोच गेर्ड होलियर का निधन हो गया है। वह 73 वर्ष के थे। लिवरपूल ने सोमवार को अपने ट्विटर पेज पर उनके निधन की घोषणा की।

## कीर्ति ने दिल्ली के चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया

**नई दिल्ली।** भारत की विश्व कप जीतने वाली टीम (1983) के सदस्य रहे कीर्ति आजाद ने पूर्व दिग्गज स्पिनर बिशन सिंह बेदी के निवेदन पर दिल्ली क्रिकेट टीम के चयनकर्ता पद के लिए आवेदन किया है। बीसीसीआई ने हाल ही में राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के लिए ऊपरी आयु सीमा 60 वर्ष कर दी थी ।

# साहा को मिल सकती है पंत पर प्राथमिकता

### ● दिन रात्रि टेस्ट में विकेटकीपिंग का जिम्मेदारी

**भारत और आस्ट्रेलिया के बीच एडीलेड में गुरूवार से शुरू होगा टेस्ट**





**भाषा।** नई दिल्ली

भारत और आस्ट्रेलिया के बीच एडीलेड में गुरुवार से शुरू होने वाले पहले दिन रात्रि टेस्ट क्रिकेट मैच में ऋद्धिमान साहा के विकेटकीपिंग में बेहतर प्रदर्शन को ऋषभ पंत की आक्रामक बल्लेबाजी पर प्राथमिकता मिल सकती है। पहले टेस्ट मैच के लिए संभावित भारतीय एकादश चर्चा का विषय बनी हुई है और अभी यह तय नहीं है कि 36 वर्षीय साहा के रूप में बेहतर विकेटकीपर या 23 वर्षीय पंत के रूप में बेहतर बल्लेबाज में से किसे टीम में जगह देनी है। भारतीय टीम प्रबंधन ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं और हनुमा विहारी से जब इस बारे में पूछा गया था तो उन्होंने भी कहा था कि स्वस्थ प्रतिस्पर्धा टीम के लिए अच्छी है। ाना जा रहा है कि साहा की बेहतर विकेटकीपिंग और रक्षात्मक बल्लेबाजी को प्राथमिकता दी जा सकती है। कोच रवि शास्त्री, कप्तान विराट कोहली, सहायक कोच विक्रम राठौड़, भरत अरुण और चयनकर्ता हरविंदर सिंह मैच की परिस्थितियों के आधार पर इन दोनों के प्रदर्शन का आकलन करेंगे। साहा ने पहले अभ्यास मैच में 54 रन की महत्वपूर्ण पारी खेलकर भारत को आस्ट्रेलिया ए के खिलाफ हार से बचाया था। उन्होंने तब जेम्स पैटिनसन, माइकल नेसेर और कैमरन ग्रीन जैसे गेंदबाजों का सामना किया था। इसके विपरीत पंत ने जब दूसरे अभ्यास मैच में शतक जमाया तब भारतीय टीम बेहतर स्थिति में थे और उन्हें लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन और कामचलाऊ गेंदबाज निक मैडिनसन का सामना करना पड़ा था। आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान एलन बॉर्डर ने आस्ट्रेलिया ए के इस गेंदबाजी प्रदर्शन को शर्मनाक करार दिया था। साहा ने 37 टेस्ट मैचों में 1238 रन बनाए हैं जिसमें तीन शतक शामिल हैं। उन्होंने 92 कैच और 11 स्टंप आउट किए हैं। वह अगर पहले टेस्ट मैच में जगह बना लेते हैं तो भी पंत की संभावना समाप्त नहीं हो जाती। साहा को टीम में बने रहने के लिए विकेट के पीछे ही नहीं विकेट के आगे भी अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

## हरफनमौला हेनरिक्स आस्ट्रेलियाई टीम में, चोटिल एबोट बाहर

**सिडनी।** हरफनमौला मोइजेस हेनरिक्स को भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम में शामिल गया गया है जबकि तेज गेंदबाज सीन एबोट चोट के कारण बाहर हो गए है। हैमस्ट्रिंग मे खिंचाव के कारण दूसरे अभ्यास मैच से बाहर रहे हेनरिक्स ने सोमवार को फिटनेस टेस्ट पास कर लिया है। वह चार साल बाद टेस्ट टीम में लौटे है। पहला टेस्ट 17 दिसंबर को एडीलेड में शुरू होगा। क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की रिपोर्ट के अनुसार , हरफनमौला मोइजेस हेनरिक्स को पहले टेस्ट के लिए आस्ट्रेलियाई टीम मे रखा गया है। आस्ट्रेलिया टीम के खिलाड़ियो के चोटिल होने का सिलसिला जारी है। एबोट को दूसरे अभ्यास मैच के दौरान चोट लगी थी। उनके हालांकि मेलबर्न में 26 दिसंबर से शुरू होने वाले मेलबर्न टेस्ट तक फिट होने की संभावना है। वह टीम के साथ एडीलेड नही जाएंगे। हेनरिक्स ने आखिरी बार चार साल पहले श्रीलंका मे टेस्ट खेला था। उन्होंने तीन साल बाद राष्ट्रीय टीम मे वापसी की और भारत के खिलाफ सीमित ओवरो की श्रृंखला खेली। मार्कस हैरिस के बाद टीम में देर से शामिल किए जाने वाले वह दूसरे खिलाड़ी है। डेविड वॉर्नर, विल पुकोवस्की भी चोटो के कारण पहले टेस्ट से बाहर है।कैमरन ग्रीन और हैरी कोंवे को दूसरे अभ्यास मैच मे सिर मे चोट लगी जबकि जैक्सन बर्ड भी चोटिल है। मार्कस स्टोइनिस की बाजू में खिंचाव है , एश्टोन एगर को उंगली में चोट है जबकि तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क और जोश हेजलवुड को भी मामूली चोटें है।

### हम 2018 से बेहतर स्थिति में हैं : लियोन

**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई टीम भले ही खिलाड़ियो की चोटो से जूझ रही हो लेकिन सीनियर आफ स्पिनर नाथन लियोन का मानना है कि मौजूदा टीम काफी मजबूत है और 2018 से बेहतर स्थिति में है जब भारत ने उसे 2-। से हराया था। भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला खेलने जा रहे लियोन ने वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , हमें पता है कि भारत के खिलाफ पिछली श्रृंखला मे क्या हुआ था और वे कितना अच्छा खेले थे। हमने इस पर बात की है और रणनीति बनाई है। मै अपनी रणनीति नही बता सकता लेकिन टीम का मनोबल ऊंचा है और हम दो साल पहले से बेहतर स्थिति मे है। यह काफी रोमांचक और मजबूत आस्ट्रेलियाई टीम है। हमने अपना होमवर्क किया है और हम अच्छे प्रदर्शन को तैयार है।खिलाड़ियो का चोट के कारण बाहर होना निराशाजनक है क्योंकि हमें पता है कि डेविड वॉर्नर कितना शानदार खिलाड़ी है। उन्होंने खुशी जताई कि उनके करीबी दोस्त मिशेल स्टार्क टीम मे है और पूरी तरह से तैयार है।

## गुलाबी गेंद से अभ्यास मैच में शतक जमाकर आत्मविश्वास बढ़ा : पंत

**सिडनी।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा है कि गुलाबी गेंद से खेले गए अभ्यास मैच में आक्रामक शतक जमाकर आस्ट्रेलिया के खिलाफ 17 दिसंबर से शुरू हो रही टेस्ट श्रृंखला के लिए उनका आत्मविश्वास बढा है। पंत ने कहा , जब मैं बल्लेबाजी के लिए उतरा तो काफी ओवर थे। हनुमा विहारी और मैं अच्छी साझेदारी बनाना चाहते थे और देर तक टिककर खेलना चाहते थे। मैने धीरे धीरे आत्मविश्वास हासिल कर लिया। इस शतक से आत्मविश्वास काफी बढा है। मैं एक महीने से आस्ट्रेलिया में हूं लेकिन गले में अकड़न के कारण पहला अभ्यास मैच नहीं खेल सका था।

### कोहली का सामना करते समय सही संतुलन की जरूरत , फिंच ने आस्ट्रेलियाई टीम से कहा

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के सीमित ओवरों के कप्तान आरोन फिंच का कहना है कि पहले टेस्ट में विराट कोहली का सामना करते हुए मेजबान खिलाड़ियों को सही संतुलन बनाना होगा क्योंकि ज्यादा उकसाने पर भारतीय कप्तान विरोधी टीम के लिए बेरहम साबित हो सकते हैं। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट के मैदान पर प्रतिद्वंद्विता जगजाहिर है। दोनों टीमों के बीच वाकयुद्ध, छींटाकशी और विवाद चलते रहते हैं। पिछली बार 2018–19 में खेली गई श्रृंखला में कोहली और टिम पेन के बीच तीखी बहस देखी गई थी। फिंच ने सिडनी मार्निंग हेराल्ड से कहा , कई बार मौके आएंगे जब तनाव पैदा होगा। इसमें संतुलन बनाने की जरूरत है। कोहली को उकसाने की जरूरत नहीं है क्योंकि ऐसा करने पर वह विरोधी टीमों के लिए बेरहम साबित हो सकता है।

### रहाणे पर कप्तानी का कोई दबाव नहीं होगा : गावस्कर



**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर का मानना है कि विराट कोहली की गैर मौजूदगी में आस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट में अगर अजिंक्य रहाणे को भारत की कप्तानी दी जाती है तो उस पर कोई दबाव नहीं होगा। कोहली एडीलेड में होने वाले पहले टेस्ट के बाद पितृत्व अवकाश पर स्वदेश लौट आएंगे। बाकी तीन टेस्ट में रहाणे को कप्तानी दिए जाने की संभावना है। गावस्कर ने स्टार स्पोटर्स के कार्यक्रम गेम प्लान में कहा , अजिंक्य रहाणे पर कोई दबाव नहीं है क्योंकि उसने दो बार भारत की कप्तानी की और दोनों बार विजई रहा। आस्ट्रेलिया के खिलाफ धर्मशाला में उसकी कप्तानी में भारत जीता और फिर अफगानिस्तान के खिलाफ भी जीत दर्ज की। जहां तक उसकी कप्तानी का सवाल है तो कोई दबाव नहीं होगा क्योंकि उसे पता है कि अगले तीन टेस्ट मैचों के लिए वह कार्यवाहक कप्तान ही होगा।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाउंसरों का सामना करने के लिए हमारे पास कई विकल्पः शुभमन

**सिडनी।** युवा भारतीय बल्लेबाज शुभमन गिल का मानना है कि ऑस्ट्रेलिया में क्रिकेट खेलना काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन 17 दिसंबर से एडीलेड में शुरू हो रही चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के दौरान वह छींटाकशी और शॉर्ट–पिच गेंदों का सामना करने के लिए तैयार है। गिल ने सलामी बल्लेबाज के तौर पर अपना दावा मजबूत करते हुए ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ गुलाबी गेंद (दिन–रात्रि) से तीन दिवसीय अभ्यास मैच की दोनों पारियों में 43 और 65 रन बनाए थे। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का प्रतिनिधित्व करने वाला 21 साल का यह बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनकी सरजमीं पर टेस्ट में पदार्पन को तैयार है।

### टी20 विश्व कप क्वालीफिकेशन में 15 स्थानों के लिए 86 टीमों के बीच मुकाबला

**दुबई।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ऑस्ट्रेलिया में 2022 में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रक्रिया की घोषणा की जिसमें 15 जगहों के लिए 86 टीमों के बीच मुकाबला होगा। यह मुकाबले 13 महीने तक चलेगें जिसमें 225 मैच खेले जाएंगे। इन 15 स्थानों का फैसला चार चरण वाले क्वालीफाइंग प्रक्रिया से होगा जिसकी शुरूआत अगले साल अप्रैल में होगी। कोविड–19 महामारी के कारण पांच क्षेत्रों में 11 क्षेत्रीय क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 2021 में पुनर्निर्धारित किए गए हैं। इस विश्व कप को 2020 में खेला जाना था लेकिन इसे अब 2022 में खेला जाएगा। यह पहली बार है जब जापान पुरूष टी20 विश्व कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा। क्षेत्रिय स्तर पर 67 सहयोगी सदस्य इसमें भाग लेंगे। इस टूर्नामेंट से टीमों के पास रैंकिंग में सुधार करने का मौका मिलेगा। आईसीसी प्रतियोगिता प्रमुख, इसमें हंगरी, रोमानिया और सर्बिया की टीमें पहली बार इस प्रारूप के आईसीसी प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करते हुए दिखेंगे।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को दूसरे टेस्ट में हराकर क्लीन स्वीप किया, टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर




**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड ने दूसरे क्रिकेट टेस्ट में वेस्टइंडीज को एक पारी और 12 रन से हराकर दो मैचों की श्रृंखला में क्लीन स्वीप कर लिया और टेस्ट रैंकिंग में आस्ट्रेलिया के समकक्ष शीर्ष पर भी पहुंच गई। वेस्टइंडीज ने चौथे दिन सोमवार को छह विकेट पर 244 रन से आगे खेलना शुरू किया। पहली पारी में 329 रन से पिछड़ने के बाद फॉलोआन खेलते हुए उसे पारी की हार टालने के लिए 85 रन की जरूरत थी। वेस्टइंडीज टीम 317 रन पर आउट हो गई जो इस श्रृंखला में उसका सर्वोच्च स्कोर था। बारिश के कारण खेल थोड़ी देर से शुरू हुआ लेकिन न्यूजीलैंड ने सकारात्मक शुरूआत की। वेस्टइंडीज के कप्तान जैसन होल्डर दिन में चौथे ओवर में आउट हो गए। होल्डर ने 61 रन बनाए और जोशुआ डा सिल्वा के साथ 82 रन की साझेदारी भी की। उन्हें टिम साउदी ने बोल्ड किया। अलजारी जोसेफ ने दो छक्के और तीन चौके समेत 24 रन बनाए लेकिन साउदी की गेंद पर विकेटकीपर बी जे वाटलिंग को कैच दे बैठे। साउदी का यह मैच में सातवां विकेट था और उनके कुल 296 विकेट हो गए हैं। वह न्यूजीलैंड के लिए 300 टेस्ट विकेट लेने वाले रिचर्ड हैडली और डेनियल विटोरी के बाद तीसरे गेंदबाज बनने की दहलीज पर हैं। टेस्ट क्रिकेटमें पदार्पण करने वाले विकेटकीपर डा सिल्वा ने 77 गेंद में अपना अर्धशतक पूरा किया लेकिन नील वेगनेर की गेंद पर आउट हो गए।

# मेस्सी के गोल से बार्सीलोना ने हार का सिलसिला तोड़ा

### स्पेनिश लीग फुटबॉल

**भाषा।** बार्सीलोना



लियोनेल मेस्सी के शानदार प्रदर्शन से बार्सीलोना ने स्पेनिश लीग फुटबॉल में लगातार हार के सिलसिले को तोड़ते हुए लेवांटे को। – 0 से हराया। मेस्सी ने बाएं पैर से 76वें मिनट में मैच का एकमात्र गोल दागा। इससे पहले बार्सीलोना को दो मैचों में हार का सामना करना पड़ा। पहले उसे कैडिज ने हराया और फिर युवेंटस ने चैम्पियंस लीग में 3–0 से मात दी। बार्सीलोना के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा , टीमें मेस्सी पर ही फोकस करती है और उसे घेरने के लिए कई खिलाड़ी लगा दिए जाते हैं लेकिन आज उसने अपना दम दिखा दिया। बार्सीलोना अब नौ अंक लेकर आठवें स्थान पर है। रीयाल सोशिदाद ने ऐबार से ड्रा खेला लेकिन वह शीर्ष पर है। एटलेटिको मैड्रिड तीसरे और विलारीयाल चौथे स्थान पर है।

### बर्नले ने के खिलाफ आत्मघाती गोल से हारा आर्सेनल

**लंदन।** दस खिलाड़ियों के साथ खेल रही आर्सनल को कप्तान पियरे–एमरिक ऑबमेयांग के आत्मघाती गोल की वजह से इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) मैच में बर्नले के खिलाफ 0–। से हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा सत्र में गोल को सूखे को खत्म करने की कोशिश कर रहे ऑबमेयांग ने मैच के 73वें मिनट में बर्नले के कॉर्नर का बचाव करते समय हेडर से गेद को अपने ही गोल पोस्ट में डाल दिया।

### मोहम्मडन स्पोर्टिंग सेमीफाइनल में

**कोलकाता।** मोहम्मडन स्पोर्टिंग ने तीर्थांकर सरकार के पेनल्टी पर किए गए गोल की मदद से सोमवार को यहां गोकुलम केरल को।-0 से हराकर 123वीं आईएफए शील्ड फुटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उसका मुकाबला रीयल कश्मीर एफसी से होगा।

### जमशेदपुर ने मुम्बई को ड्रॉ पर रोका

**बम्बोलिम।** जमशेदपुर एफसी ने हीरो इंडियन सुपर लीग के मौजूदा सत्र के अपने छठे मुकाबले में 28वें मिनट के बाद से ही 10 खिलाड़ियों के साथ खेलते हुए तालिका में शीर्ष पर काबिज मुम्बई सिटी एफसी को सोमवार को।-। की बराबरी पर रोक दिया। मुम्बई के लिए यह सत्र का पहला ड्रा नतीजा है जबकि जमशेदपुर ने चौथा ड्रॉ खेला है। मुम्बई के छह मैचो (चार जीत, एक हार और एक ड्रॉ) के बाद 13 अंक हो गए है। जमशेदपुर भी इतने ही मैच में सात अंक के साथ तालिका में छठे स्थान पर है।

## केंद्र ने जीएसटी राजस्व क्षतिपूर्ति के लिए राज्यों को अब तक 42,000 करोड़ रुपए जारी किए

**नई दिल्ली।** केंद्र ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व में आई कमी की भरपाई के लिए अक्टूबर से अब तक कुल मिलाकर 42,000 करोड़ रुपए का कर्ज लेकर राज्यों को उपलब्ध कराया है। वित्त मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्रालय ने बताया कि राज्यों को 6,000 करोड़ रुपए की ताजा किस्त सोमवार को जारी की गई। इनमें से 5,516.60 करोड़ रुपए 23 राज्यों और 483.40 करोड़ रुपए तीन संघ शासित प्रदेशों... दिल्ली, जम्मू–कश्मीर और पुडुचेरी को जारी किए गए। वित्त मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि शेष पांच राज्यों... अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, नगालैंड और सिक्किम में जीएसटी क्रियान्वयन की वजह से राजस्व में कोई कमी नहीं आई है। कोरोना वायरस महामारी के कारण अर्थव्यवस्था पर काफी बुरा असर पड़ा है। इसके कारण लगाए गए लॉकडाउन की वजह से आर्थिक गतिविधियां प्राभावित हुई जिससे केन्द्र और राज्यों के राजस्व संग्रह में काफी कमी आई है।

## बीपीसीएल के लिए प्राप्त बोलियों का मूल्यांकन आज, वेदांता, अपोलो ग्लोबल, आई स्क्वायर्ड कैपिटल दौड़ में

**नई दिल्ली।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लि. (बीपीसीएल) में सरकार की 52.98 प्रतिशत हिस्सेदारी के अधिग्रहण के लिए खनन से लेकर तेल क्षेत्र में कार्यरत वेदांता समूह, निजी क्षेत्र की इक्विटी कंपनियों... अपोलो ग्लोबल और आई स्कावयर्ड कैपिटल की इकाई थिंक गैस ने शुरुआती बोलियां सौंपीं हैं। सूत्रों ने बताया कि एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति की मंगलवार को बैठक होगी जिसमें इन शुरुआती बोलियों का मूल्यांकन किया जाएगा। पिछले सप्ताह एक अंतर–मंत्रालई बैठक हुई थी जिसमें बीपीसीएल के मूल्यांकन की प्रक्रिया और आरक्षित मूल्य पर विचार–विमर्श किया गया।

## नीति आयोग का जन स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत बनाने के लिए निगरानी सूचना मंच गठित करने का सुझाव

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने सोमवार को भारत की सार्वजनिक स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एक निगरानी सूचना मंच गठित करने का प्रस्ताव किया है। दृष्टकोण 2035: भारत में जन स्वास्थ्य निगरानी: श्वेत पत्र नाम से जारी रिपोर्ट में कहा गया है, भारत की जन स्वास्थ्य निगरानी व्यवस्था बीमारी और स्वास्थ्य निगरानी के लिए भरोसेमंद, प्रतिक्रियाशील, एकीकृत और स्तरीय प्रणाली होगी। नीति आयोग और कनाडा के मैनिटोबा विश्वविद्यालय द्वारा संयुक्त रूप से तैयार इस रिपोर्ट का मकसद भारत की जन स्वास्थ्य निगरानी प्रणाली को अधिक प्रतिक्रियाशील और भविष्योन्मुखी बनाकर हर स्तर पर कार्वाई की तैयारी को बढ़ाना है।

# निवेशकों की लिवाली का असर सेंसेक्स व निफ्टी नई ऊंचाई पर

### ● बैंक शेयर चमके, वाहन कंपनियों के टूटे

**भाषा।** मुंबई







आर्थिक क्षेत्र के सकारात्मक संकेतकों के बीच ऊर्जा, बुनियादी ढांचा तथा बैंक शेयरों में निवेशकों की खरीदारी बढ़ने से सोमवार को सेंसेक्स और निफ्टी नई ऊंचाई पर पहुंच गए। कारोबारियों ने कहा कि रुपए में मजबूती तथा विदेशी कोषों के प्रवाह से भी बाजार धारणा मजबूत हुई। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स दिन में अपने सर्वकालिक उच्चस्तर 46,373.34 अंक तक गया। अंत में कारोबार की समाप्ति पर यह 154.45 अंक यानी 0.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ 46,253.46 अंक पर बंद हुआ। यह कारोबार की समाप्ति पर इसका नया रिकार्ड उच्चस्तर है।

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 44.30 अंक यानी 0.33 प्रतिशत के लाभ से 13,558.15 अंक के अपने अब तक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 13,597.50 अंक का नया उच्चस्तर भी छुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में ओएनजीसी का शेयर सबसे अधिक 4.91 प्रतिशत चढ़ गया। एलएंडटी, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, एचसीएल टेक, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयर भी लाभ में रहे। वहीं दूसरी ओर महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज ऑटो, टेक महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर 1.98 प्रतिशत तक टूट गए। वैश्विक बाजारों में भी मजबूती का रुख रहा। ब्रिटेन–यूरोपीय संघ के बीच वार्ता के आखिरी समय में विस्तार दिए जाने से ब्रेक्जिट को लेकर करार नहीं होने की आशंका कम हुई है।

## खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 6.93 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली।** खाने-पीने का सामान सस्ता होने से खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में घटकर 6.93 प्रतिशत पर आ गई। हालांकि, यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा मुद्रास्फीति एक माह पहले अक्टूबर में 7.61 प्रतिशत थी। सरकार द्वारा सोमवार को जारी सीपीआई आंकड़े के अनुसार नवंबर महीने में खाद्य वस्तुओ की मुद्रास्फीति घटकर 9.43 प्रतिशत रही जो इससे पिछले महीने 11 प्रतिशत पर थी। आरबीआई नीतिगत दर के बारे में निर्णय करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर पर गौर करता है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ महंगाई दर को 4 प्रतिशत पर रखने का लक्ष्य दिया है।

### थोक मुद्रास्फीति नौ माह के उच्च स्तर पर, कारखानों में तैयार उत्पाद महंगे, खाद्य वस्तुएं सस्ती


**नई दिल्ली।** कारखानों में तैयार उत्पादो के महंगा होने के चलते थोक कीमतों पर आधारित महंगाई (डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति) नवंबर माह में बढ़कर 1.55 प्रतिशत हो गई, जो पिछले नौ महीनों में सबसे अधिक है। हालांकि, इस दौरान खाद्य वस्तुओ की महंगाई दर में कुछ नरमी आई। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति अक्टूबर 2020 में 1.48 प्रतिशत और एक साल पहले नवंबर में 0.58 प्रतिशत थी। नवबंर में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा फरवरी के बाद से सबसे अधिक है। फरवरी में यह 2.26 प्रतिशत की ऊंचाई पर थी। समीक्षाधीन अवधि में खाद्य वस्तुओं की कीमतो मे बढ़ोतरी की रफ्तार कुछ कम हुई, हालांकि विनिर्मित वस्तुओं की कीमते तेजी से बढ़ी। खाने पीने की वस्तुओं की थोक कीमत नवंबर में 3.94 प्रतिशत बढ़ी, जबकि इससे पिछले महीने यह आंकड़ा 6.37 प्रतिशत था।

## एफएसडीसी की बैठक होगी आज, अर्थव्यवस्था, वित्तीय क्षेत्र पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को वित्तीय स्थिरता एवं विकास परिषद (एफएसडीसी) की बैठक बुलाई है। बैठक में वित्तीय क्षेत्र की स्थिति तथा कोरोना वायरस से बुरी तरह प्रभावित अर्थव्यवस्था के पुनरोद्धार की रणनीति पर विचार–विमर्श किया जाएगा। देश में कोविड–19 महामारी के बाद यह एफएसडीसी की दूसरी बैठक है। एफएसडीसी के सदस्यों में रिजर्व बैंक के गवर्नर और अन्य नियामकीय प्रमुख शामिल हैं। इससे पहले एफएसडीसी की बैठक मई में सरकार द्वारा 21 लाख करोड़ रुपए के आत्मनिर्भर भारत पैकेज की घोषणा के तत्काल बाद हुई थी। यह बैठक अगले वित्त वर्ष के आम बजट से पहले हो रही है। वित्त मंत्रालय पहले ही बजट पर विभिन्न अंशधारकों से चर्चा शुरू कर चुका है। वित्त मंत्री की अगुवाई में मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए एफएसडीसी की बैठक बुलाई गई है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इरडा), पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) के चेयरमैन भी एफएसडीसी के सदस्य हैं। वित्त मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी इस बैठक में भाग लेंगे। समझा जाता है कि बैठक में एफएसडीसी द्वारा तीन किस्तों में दिए गए आत्मनिर्भर भारत पैकेज से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार–विमर्श किया जाएगा।

# डॉलर के मुकाबले रुपया नौ पैसे बढ़कर 73.55 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंचा

**भाषा।** मुंबई




घरेलू शेयर बाजार में जारी लिवाली और विदेशी निधियों के सतत प्रवाह के चलते अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया नौ पैसे बढ़कर 73.55 (अस्थाई) रुपए प्रति डालर पर बंद हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि औद्योगिक उत्पादन के बेहतर आंकड़े आने तथा विदेशी बाजारों में डॉलर के कमजोर पड़ने से रुपए को समर्थन प्राप्त हुआ। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सीमित दायरे में कारोबार के बीच सुबह रुपया, प्रति डालर 73.62 पर खुला। कारोबार के दौरान 73.48 के दिन के उच्चतम स्तर को छूने के बाद अंत में पिछले दिन के बंद भाव के मुकाबले नौ पैसे ऊंचा रहकर 73.55 रुपए प्रति डॉलर पर बंद हुआ। शुक्रवार को रुपए की विनिमय दर दो पैसे बढ़कर 73.64 रुपए प्रति डॉलर पर लगभग अपरिवर्तित रही थी। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर का रुख दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.45 प्रतिशत की गिरावट के साथ 90.56 अंक रह गया। विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में शुद्ध लिवाल बने हुए है। स्टॉक एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार उन्होंने शुक्रवार को विदेशी निवेशकों ने 4,195.43 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की। वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड वायदा 1.04 प्रतिशत बढ़कर 50.49 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था।

## मोदी एसोचैम के स्थापना सप्ताह कार्यक्रम में उद्योगपतियों को करेंगे संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एसोचैम स्थापना सप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम मे 19 दिसंबर को उद्योगपतियो को संबोधित करेंगे। उद्योग मंडल ने सोमवार को एक बयान मे यह जानकारी दी। एक सप्ताह चलने वाला कार्यक्रम मंगलवार को शुरू हो रहा है। इसमे भारतीय कृषि में बदलाव और खाद्य मूल्य श्रृंखला विषय पर कृषि मंत्री नरेंद्र सिहं तोमर अपने विचार रखेंगे। इसके अलावा भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने की ओर अग्रसर विषय पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल उद्योगपतियो को संबोधित करेंगे।

## चक्रवर्ती एचडीएफसी बैंक के नए मुख्य जोखिम अधिकारी

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने एस चक्रवर्ती को अपना मुख्य जोखिम अधिकारी नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल तीन साल के लिए होगा। शेयर बाजार को दी जानकारी मे बैंक ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने जोखिम प्रबंधन विभाग के प्रमुख के तौर पर चक्रवर्ती की नियुक्ति को सोमवार को मंजूरी दे दी।

## उदय शंकर फिक्की के अध्यक्ष का पदभार संभाला

*नई दिल्ली।* मीडिया उद्योग से जुड़े उदय शंकर ने 2020-21 के लिए उद्योग मंडल फिक्की के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। फिक्की ने सोमवार को एक बयान मे यह कहा। शंकर फिलहाल वाल्ट डिज्नी कंपनी एपीएसी के अध्यक्ष तथा स्टार एंड डिजनी इंडिया के चेयरमैन है।

## जीएसटीएन ने अपने पोर्टल पर शुरू की करदाताओं के बीच संवाद सुविधा

**नई दिल्ली।** जीएसटी नेटवर्क ने कहा कि उसने अपने पोर्टल पर करदाताओ के बीच संवाद की सुविधा शुरू की है। नई सुविधा करदाताओ के लिए संवाद का मंच उपलब्ध कराएगी। इसके जरिए प्राप्तकर्ता क्रेता अपने आपूर्तिकर्ता से उस विशेष बिल को अपलोड करने के लिए कह सकता है ।

# आने वाले चार से छह महीने में बदतर हो सकती है कोविड-19 की स्थितिः बिल गेट्स

**भाषा।** वाशिंगटन

**माइक्रोसॉफ्ट** के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने आगाह किया है कि आने वाले चार से छह महीनों में कोरोना वायरस का प्रकोप बेहद अधिक हो सकता है। उनका बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन कोविड-19 टीके को बनाने और उसे वितरित करने के अभियान का हिस्सा है।

अमेरिका में हाल ही में वायरस के नए मामलों, इससे होने वाली मौत और अस्पताल में भर्ती हो रहे मरीजों की संख्या काफी बढ़ी है। विश्व को 2015 में ऐसी महामारी को लेकर आगाह करने वाले गेट्स ने रविवार को कहा, मुझे लगता है कि अमेरिका इससे बेहतर तरीके से निपट सकता था। बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सह-अध्यक्ष ने सीएनएन से कहा, बेहद दुख की बात है कि, आने वाले चार से छह महीनों में वैश्विक महामारी का प्रकोप बेहद अधिक हो सकता है। आईएचएमई (स्वास्थ्य मैट्रिक्स और मूल्यांकन संस्थान) के अनुमान के अनुसार और 2,00,000 से अधिक लोगों की मौत हो सकती है। अगर हम मास्क पहनने जैसे नियमों का पालन करते हैं तो, मौत के ए मामले कम हो सकते हैं। अमेरिका में अभी तक कोविड-19 से 2,90,000 लोगों की मौत हो चुकी है। उन्होंने कहा, 2015 में जब मैंने इसका अनुमान लगाया था, मैंने मृतकों की संख्या इससे अधिक बताई थी। इसलिए, वायरस इससे अधिक घातक हो सकता था। हमें सबसे खराब स्थिति का सामना नहीं करना पड़ा। लेकिन अमेरिका और पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था पर पड़े इसके असर ने मुझे काफी चौंकाया, जो उससे कई अधिक है, जिसका मैंने पांच साल पहले अनुमान लगाया था। गेट्स का फाउंडेशन टीका बनाने के लिए किए जा रहे कई अनुसंधानों की वित्तीय मदद कर रहा है।


सियोल में एक क्लिनिक में कोविड-19 परीक्षण के दौरान लोगों से नमूने लेते चिकित्सा कार्यकर्ता

## कोविड-19ः फाइजर कंपनी के टीकों की पहली खेप मिशिगन गोदाम से रवाना हुई

**वाशिंगटन।** अमेरिका की दवा निर्माता कंपनी फाइजर ने बहुप्रतिक्षित कोविड-19 के टीकों की पहली खेप मिशिगन गोदाम से रवाना कर दी है। अमेरिका में इस टीके को हाल में मंजूरी दी गई है और कोविड-19 के टीके लगाए जाने के साथ ही अमेरिका के इतिहास में सबसे बड़े टीकाकरण अभियान की शुरुआत हो जाएगी। देश में इस संक्रमण की वजह से अब तक करीब 30,000 लोगों की मौत हो चुकी है। मिशिगन स्थित फाइजर की निर्माण इकाई से कोविड-19 टीकों की पहली खेप को ट्रकों में भरकर रवाना किया गया। ये खेप पहले से तय 636 स्थानों पर पहुंचाई जाएगी। अमेरिका खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने इस टीके के आपात इस्तेमाल की शुक्रवार को मंजूरी दे दी थी और अमेरिका रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र की टीकाकरण से जुड़ी समिति ने शनिवार को 16 साल और इससे ज्यादा उम्र के लोगों को टीका देने के समर्थन में मतदान किया। अमेरिका में कोविड-19 का यह टीका ऐसे समय में उपलब्ध हुआ है, जब संक्रमण की वजह से अस्पताल में भर्ती लोगों की संख्या सर्वाधिक है। अभी सर्दी की छुट्टियां पड़नी हैं और ऐसे में विशेषज्ञों ने आगाह किया है कि बड़ी आबादी को टीका लगने से पहले तक स्थिति खराब ही बनी रहने की आशंका है।

## कनाडा पहुंची कोविड-19 टीके की पहली खेप

**टोरंटो।** कनाडा में फ्रीजर में पैक कोविड-19 टीके की शीशियों की पहली खेप पहुंच गई है। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने रविवार को एक तस्वीर ट्वीट की, जिसमें टीकों की शीशियों को विमान से उतारते देखा जा सकता है। कनाडा के स्वास्थ्य नियामक ने अमेरिकी दवा निर्माता फाइजर और जर्मनी के बॉयोएनटेक के टीकों को पिछले बुधवार को मंजूरी दे दी थी। टीकों को देशभर में 14 वितरण स्थलों में भेजा जाएगा। ऐसी संभावना है कि सबसे पहले क्यूबेक प्रांत में टीका लगाना शुरू किया जाएगा। कनाडा सरकार ने हाल में फाइजर और बॉयोएनटेक के साथ अपने करार में संशोधन किया है ताकि वे इस महीने 2,49,000 टीकों का वितरण कर सकें। टीकों के पहुंचने के बावजूद ट्रूडो ने कनाडा के नागरिकों से अपील की कि वे मास्क पहनना जारी रखें, भीड़ से बचें और संक्रमितों के संपर्क में आने की जानकारी देने वाली सरकारी ऐप डॉउनलोड करें। उन्होंने कहा, यह अच्छा समाचार है, लेकिन कोविड-19 के खिलाफ हमारी लड़ाई समाप्त नहीं हुई है। अब और अधिक सतर्कता बरतनी चाहिए। कनाडा ने छह अन्य टीका निर्माताओं के साथ भी करार किया है और वह तीन अन्य टीकों की समीक्षा कर रहा है। कनाडा ने कनाडाई नागरिकों की आवश्यकता से अधिक खुराकों का ऑर्डर दिया है और सरकार अतिरिक्त खुराक गरीब देशों को दान करने की योजना बना रही है।

## व्हाइट हाउस के कुछ अधिकारियों को लगेगा इस सप्ताह कोविड-19 का टीका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति माइक पेंस से जुड़े व्हाइट हाउस में उनके कुछ अधिकारियों को इस सप्ताह की शुरुआत में कोरोना वायरस का टीका लगा दिया जाएगा, जबकि इसका सार्वजनिक वितरण स्वास्थ्य कर्मियों और नर्सिंग होम एवं देखभाल केंद्रों में काम करने वाले लोगों तक ही सीमित होगा।

इस मामले की जानकारी रखने वाले दो अधिकारियों ने इस बात की पुष्टि की कि फाइजर का हाल में स्वीकृत टीका देश के शीर्ष निर्वाचित अधिकारियों के साथ काम करने वाले अधिकारियों को लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका मकसद व्हाइट हाउस में कोरोना वायरस को फैलने से रोकना है।

दोनों अधिकारियों ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर यह जानकारी दी। सबसे पहले न्यूयॉर्क टाइम्स ने यह समाचार दिया था। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि शुरुआत में कितने अधिकारियों को टीका लगाया जाएगा और क्या ट्रंप एवं पेंस को भी यह टीका लगाया जाएगा या नहीं।

## चीनः यांग्त्सी नदी के मुहाने पर दो जहाज टकराए, तीन की मौत, पांच नाविक लापता

**बीजिंग।** चीन में यांग्त्सी नदी के मुहाने पर दो जहाजों के टकरा जाने से उसमें सवार तीन नाविकों की मौत हो गई जबकि बचाव कर्मी लापता हुए पांच नाविकों की तलाश में सोमवार को भी जुटे हैं। सरकारी प्रसारक सीसीटीवी ने नाटकीय फुटेज प्रसारित की है जिसमें चालक दल के सदस्य मालवाहक पोत शींछीशेंग-69 पर सवार 16 नाविकों में से 11 को पानी से बाहर निकाल रहे हैं। उनमें से तीन नाविकों में जीवन के कोई संकेत नहीं थे। उल्लेखनीय है कि यांग्त्सी नदी परिवहन के लिहाज से चीन की सबसे व्यस्त नदी है और यह पूर्वी चीन सागर में व्यावसायिक केंद्र शंघाई के उत्तर में आकर गिरती है, इसलिए यहां पर सभी दिशाओं से जहाज आते हैं। सरकारी मीडिया ने बताया कि मालवाहक जहाज ओसियाना ने रविवार करीब आधी रात को नियंत्रण खो दिया और शींछीशेंग-69 से टकरा गया। इसकी वजह से शींछीशेंग-69 जहाज डूब गया। चीन के अखबार चाइना डेली के मुताबिक पोत में 650 कार्गो कंटेनर लदे हुए थे।

## अदालत ने 26/11 हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की जमानत याचिका खारिज की

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की एक अदालत ने पाकिस्तानी मूल के कनाडाई कारोबारी और 2008 में मुंबई हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर राणा की जमानत याचिका खारिज कर दी। भारत राणा को भगोड़ा करार दे चुका है।

अदालत ने कहा कि उसके देश छोड़कर भागने का खतरा खत्म नहीं हुआ है। मुंबई आतंकवादी हमले में भूमिका को लेकर डेविड कोलमैन हेडली के बचपन के दोस्त 59 वर्षीय राणा के प्रत्यर्पण के भारत के अनुरोध के बाद फिर से 10 जून को लॉस एंजिलिस में गिरफ्तार किया गया था। मुंबई हमले में 166 लोगों की मौत हुई थी, जिनमें से छह अमेरिकी नागरिक थे। हेडली 2008 के मुंबई आंतकवादी हमले की साजिश रचने में शामिल था। वह सरकारी गवाह बन गया तथा हमले में अपनी भूमिका की वजह से अमेरिका में 35 साल की जेल की सजा काट रहा है।

लॉस एंजिलिस की जिला अदालत की मजिस्ट्रेट जज जैकलिन चूलिजियान ने 10 दिसंबर को अपने आदेश में कहा कि राणा ने अच्छा जमानत पैकेज पेश किया और देश से भागने के खतरे को उल्लेखनीय रूप से कम करने वाली शर्तों को गिनवाया लेकिन अदालत का यह मानना है कि उसने भागने के खतरे की शंका को दूर नहीं किया है। अदालत ने राणा को जेल में रखने के अमेरिका सरकार के आग्रह को मंजूरी दे दी।

इसी बीच राणा के प्रत्यर्पण के लिए भारत की ओर से जमा किए गए दस्तावेजों को सार्वजनिक नहीं करने के भारतीय आग्रह का अदालत में अमेरिका सरकार ने समर्थन किया है। भारत ने प्रत्यर्पण के लिए जो दस्तावेज पेश किए हैं, उनमें प्रत्यक्ष तौर पर मुंबई में आतंकवादी हमले में राणा की भूमिका का जिक्र है और यह जानकारी उसके साथ साझा की जाएगी। अमेरिका की अटॉर्नी निकोला टी हना ने शुक्रवार को अदालत में बताया कि भारत ने अमेरिका से आग्रह किया था कि वे इस दस्तावेज की लोगों तक पहुंच को सीमित करने के लिए कदम उठाएं। राणा ने अपनी जमानत याचिका में कहा कि उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं है और जेल में रहने के दौरान ही दो बार दिल के दौरे पड़ चुके हैं। राणा ने कहा था कि वह समुदाय के लिए खतरा नहीं है, जिसका अमेरिका सरकार ने विरोध किया।

## हैकिंग का शिकार हुईं अमेरिकी एजेंसियां

**वाशिंगटन।** अमेरिका के वित्त और वाणिज्य विभागों में हैकिंग होने का पता चलने के बाद सरकारी एजेंसियों को मालवेयर का पता लगाने के लिए अपने अपने नेटवर्क की बारीकी से पड़ताल करने को कहा गया है तथा ऐसे सर्वर से कनेक्शन समाप्त करने को कहा गया है जिनकी विदेशी जासूसी का खतरा है। गृह सुरक्षा विभाग की साइबर सुरक्षा इकाई ने रविवार देर रात जारी आपात दिशानिर्देशों में चेतावनी दी है कि अमेरिकी सरकारी एजेंसियों में बड़े स्तर पर सेंध लगने का जोखिम है। साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ दमित्री एल्परोविच ने कहा, यह सबसे प्रभावशाली जासूसी अभियानों में से एक हो सकता है जिसका पता चला हो। साइबर सुरक्षा कंपनी फायर आई ने यह नहीं बताया कि उसे किस पर संदेह है, वहीं अनेक विशेषज्ञों को लगता है यह अभियान रूस संचालित हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई है कि अन्य देशों की सरकारें और संस्थाएं भी इस सेंधमारी का शिकार हुई हो सकती हैं। सबसे पहले हैकिंग की खबर रॉयटर ने जारी की। इससे करीब एक सप्ताह पहले ही फायर आई ने खुलासा किया था कि हैकरों ने उसके नेटवर्क में घुसपैठ की है और कंपनी के हैकिंग सॉफ्टवेयर चुरा लिए हैं।


प्लेसेत्स्क ( रूस ) में एक हैवी लिफ्ट रॉकेट के परीक्षण की तैयारी का दृश्य। इस रॉकेट के भविष्य में सेवा में आने की उम्मीद है

# रावलपिंडी धमाके में तालिबान के तीन आतंकवादी गिरफ्तार

**भाषा।** लाहौर

**पाकिस्तान** की सुरक्षा एजेंसियों ने रावलपिंडी में हुए विस्फोट में शामिल तीन तालिबान आतंकवादियों को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

रावलपिंडी में रविवार को एक थाने के समीप गंजमंडी में एक ग्रेनेड हमले में महिलाओं और बच्चों समेत कम से कम 25 लोग घायल हो गए थे। पंजाब पुलिस के आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) ने सोमवार को एक बयान में बताया कि सीटीडी के रावलपिंडी दल को सूचना मिली कि स्वान नदी रावलपिंडी के पास अडयाला-खारकान रोड पर तीन आतंकवादी छिपे हैं।

बयान में कहा गया है, इस सूचना और पीर वधाई अपराध स्थल से मिले सबूत के आधार पर सीटीडी ने सोमवार को वहां छापा मारा और तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार कर लिया। विस्फोटक, डेटोनेटर, सेल फोन और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। सीटीडी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार आतंकवादियों ने 2020 में (जनवरी, मार्च, जून और दिसंबर में) चार बम धमाके किए जिनमें चार व्यक्तियों की जान चली गई एवं 30 से अधिक घायल हुए।

सीटीडी ने कहा, ए आतंकवादी प्रतिबंधित संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान की विचारधारा से प्रभावित होकर कट्टर हो गए थे लेकिन वे अब अफगानिस्तान में रह रहे अपने आकाओं के लिए काम कर रहे थे। अब वे यह काम पैसों के लिए कर रहे थे। उन्होंने खुलासा किया कि उनका सरगना उन्हें आतंकवाद के लिए अफगानिस्तान से पैसे दे रहा है। सीटीडी के अनुसार इस्लामाबाद स्टॉक एक्सचेंज इन आतंकवादियों के निशाने पर था।

## ईरान ने ब्रितानी-ईरानी शोधकर्ता को सुनाई नौ साल की सजा

**तेहरान।** ईरान ने बाल विवाह और महिला जननांग छेदन (खतना) के संबंध में अध्ययन करने वाले एक ब्रितानी-ईरानी मानविकीविद को नौ साल कैद की सजा सुनाई है और उस पर 7,00,000 डॉलर का जुर्माना भी लगाया है। अर्द्धसरकारी समाचार एजेंसी तस्नीम की खबर के अनुसार, समलैंगिकता को बढ़ावा देने के लिए यूरोपीय दूतावासों का साथ देने, बीबीसी के रिपोर्टर के रूप में इज़राइल जाने, विदेशी एवं प्रतिपक्षी मीडिया के साथ सहयोग और संचार स्थापित करने, कानून को बदलने के उद्देश्य से घुसपैठ और ईरान में मानवाधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिवेदक को गलत रिपोर्ट भेजने के आरोप में ईरान की रेवोल्यूशनरी कोर्ट ने कमील अहमदी को सजा सुनाई है। खबर के अनुसार, अहमदी 20 दिन के अंदर सजा के खिलाफ अपील कर सकते हैं। विदेशी खुफिया सेवाओं से संबद्ध संस्थानों से संदिग्ध संबंध के आरोप में अहमदी को अक्टूबर 2019 में गिरफ्तार किया गया था। न्यूयॉर्क के सेंटर फॉर ह्यूमन राइट्स इन ईरान ने कहा कि अहमदी बाल विवाह, एलजीबीटीक्यू के मामलों और महिला जननांग छेदन समेत सामाजिक रूप से संवेदनशील मामलों पर अपने कार्य करने के लिए कट्टरपंथियों के निशाने पर रहे हैं।

## टाइम किड ऑफ द ईयर गीतांजलि टीके के प्रभावी वितरण पर कर रही हैं ध्यान केंद्रित

**भाषा।** न्यूयार्क

**टाइम** पत्रिका की पहली किड ऑफ द ईयर और भारतीय मूल की 15 वर्षीय अमेरिकी वैज्ञानिक गीतांजलि राव ने कहा है कि वह कोरोना वायरस के टीके के प्रभावी वितरण का समाधान खोजने की कोशिश में जुटी हैं और भविष्य में वैश्विक महामारियों को रोकने के उपाय खोजने पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। गीतांजलि ने कहा कि वह टीका वितरण के समाधान के लिए प्रौद्योगिकी आधारित उपकरणों के इस्तेमाल पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं। प्रभावी टीका वितरण कोविड-19 वैश्विक महामारी से जूझ रही दुनिया के लिए चुनौती है।

गीतांजलि ने प्रौद्योगिकी का उपयोग कर दूषित पेयजल से लेकर अफीम की लत और साइबर धौंस जैसे मुद्दों से निपटने के मामले में शानदार कार्य किया है। टाइम की प्रथम किड ऑफ द ईयर के लिए 5,000 से अधिक दावेदारों में से गीतांजलि का चयन किया गया।

गीतांजलि ने कहा, मैं निश्चित ही वैश्विक महामारी से निपटने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूं। हमारे सामने अगली सबसे बड़ी समस्या टीकों का वितरण और टीका देने संबंधी प्राथमिकता तय करना है। मैं इसे अपने डेटा और विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण से देख रही हूं। उन्होंने कहा कि वह अभी इस पर विचार मंथन करने के चरण में हैं।

उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को टीका दिए जाने की आवश्यकता है। ऐसे में मैं विचार कर रही हूं कि टीका वितरण की योजना बनाने के लिए भविष्य सूचक विश्लेषण और डेटा मॉडल का किस प्रकार इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वह किड ऑफ द ईयर चुने जाने पर बहुत उत्साहित हैं। अपने कार्यों के जरिए कई लोगों के लिए प्रेरणा बनीं गीतांजलि अपनी मां भारती और पिता राम राव तथा परिवार को अपनी सबसे बड़ी प्रेरणा बताती हैं।उन्होंने कहा कि वह चाहती हैं कि अधिक से अधिक लड़कियों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित के क्षेत्र में अध्ययन के अवसर मिलें।

## धरती की ओर लौट रहे चीन के चांग-5 यान ने पहला ऑर्बिटल करेक्शन पूरा किया


**भाषा।** बीजिंग

**चंद्रमा** की सतह से पत्थरों के नमूने लेकर धरती के लिए रवाना हुए चीन के चांग-5 अंतरिक्ष यान ने सोमवार को पहला ऑर्बिटल करेक्शन पूरा किया। चीन की अंतरिक्ष एजेंसी ने यह घोषणा की।

ऑर्बिटल करेक्शन अंतरिक्ष यान के एक्सिलरेटर में बीम (प्रकाश किरण) नियंत्रण की एक आधारभूत प्रक्रिया है। चीन राष्ट्रीय अंतरिक्ष प्रशासन (सीएनएसए) ने कहा कि बीजिंग के समयानुसार सुबह 11.13 बजे ऑर्बिटल करेक्शन की प्रक्रिया हुई जब ऑर्बिटर-रिटर्नर के दो 25एन इंजनों को करीब 28 सेकंड के लिए चलाया गया।

सीएनएसए ने कहा कि चंद्रमा के नमूने रखने वाले ऑर्बिटर-रिटर्नर समुच्चय पर सभी प्रक्रियाएं अच्छी तरह संचालित हो रही हैं। चांग-5 यान को 24 नवंबर को प्रक्षेपित किया गया था जिसमें एक ऑर्बिटर, एक लैंडर, एक एसेंडर और एक रिटर्नर है। इसके लैंडर-एसेंडर समुच्चय ने एक दिसंबर को चंद्रमा की सतह को छूआ था।

नमूने एकत्रित किए जाने और सील किए जाने के बाद चांग-5 के एसेंडर ने तीन दिसंबर को चंद्रमा की सतह से उड़ान भरी। यान का रिटर्नर दिसंबर के मध्य में चीन के आंतरिक मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र के सिजिवांग बैनर में उतर सकता है। अगर यह मिशन सफल होता है तो चंद्रमा से नमूने लेकर लौटने वाला चीन तीसरा देश बन जाएगा और करीब 45 साल बाद ऐसा होगा। इससे पहले अमेरिका और पूर्ववर्ती सोवियत संघ इस मिशन को पूरा कर चुके हैं।



ब्रिटिश कोलंबिया के वैंकूवर में कोविड-19 स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का विरोध करते लोग

## न्यूयॉर्क सिटी के गिरजाघर में गोली चलाने वाला संदिग्ध पुलिस की गोली से घायल

**भाषा।** न्यूयॉर्क

**न्यूयॉर्क सिटी** के एक प्रसिद्ध गिरजाघर सेंट जॉन द डिवाइन में आयोजित क्रिसमस कार्यक्रम के खत्म होने के बाद गोलीबारी करने वाला शख्स पुलिस की जवाबी कार्वाई में घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया है।

गोलीबारी की यह घटना गिरजाघर में रविवार तड़के चार बजे उस वक्त हुई जब 45 मिनट का कोरल कार्यक्रम सम्पन्न ही हुआ था और लोग कार्यक्रम से जाने लगे थे। तभी गोली की आवाज के साथ लोगों की चीख-पुकार सुनाई दी और लोग गिरजाघर के एम्सटर्डम एवेन्यू से भागने लेगे। कार्यक्रम की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए अधिकारियों ने तुंरत जवाबी कार्वाई की और बंदूकधारी को गोली मारकर घायल कर दिया। पुलिस आयुक्त डरमॉट शीया और विभाग के प्रमुख टेंरेंस मोनाहन घटनास्थल पहुंचे। गिरजाघर की प्रवक्ता लीजा शबर्ट ने न्यूयार्क टाइम्स से कहा, बहुत अच्छा माहौल था और अंत में इस व्यक्ति ने गोलियां चलानी शुरू कर दी। हर कोई सदमे में है। हमलावर कई लोगों को मार सकता था। यहां सैकड़ों लोग मौजूद थे और उसने कम से कम 20 गोलियां चलाईं। यह स्पष्ट नहीं है कि बंदूकधारी ने लोगों पर गोलियां चलाई थीं या हवा में गोलियां दागी थीं। गिरजाघर ने त्वरित कार्वाई के लिए अपनी वेबसाइट पर अधिकारियों का शुक्रिया अदा किया।

### सऊदी अरब के जेद्दा शहर में एक नौका में विस्फोट

दुबई (एपी) सऊदी अरब के जेद्दा शहर में एक नौका में विस्फोट हो गया। ब्रिटेन की शाही नौसेना के एक संगठन यूनाइटेड किंगडम मरीन ट्रेड ऑपरेशन्स ने विस्तृत जानकारी दिए बिना बताया कि विस्फोट रविवार को हुआ। समुद्री खुफिया कम्पनी ड्रयाड ग्लोबल ने भी विस्फोट की जानकारी दी। सऊद्दी अरब की सरकारी मीडिया ने हालांकि इसकी पुष्टि नहीं की है। इस बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है कि विस्फोट किस कारण हुआ। पिछले महीने भी एक खदान में विस्फोट के बाद एक नौका क्षतिग्रस्त हो गई थी।

## अमेरिका में उड़ान के लिए तैयार विमान के पंख पर चढ़ा एक शख्स

**वाशिंगटन।** अमेरिका के लॉस वेगास में 41 वर्षीय व्यक्ति उड़ान भरने के लिए तैयार एक विमान के पंख पर चढ़ गया। व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया है और मामले में जांच की जा रही है। लॉस वेगास मेट्रोपोलिटन पुलिस विभाग ने बताया कि शनिवार को मैकरन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक व्यक्ति अलास्का एयरलाइंस के विमान के पंख पर चढ़ गया। उड़ान में सवार एक यात्री एरिन इवांस ने बताया कि व्यक्ति पंख पर करीब 45 मिनट तक रहा।

लॉस वेगास से पोर्टलैंड जा रहे विमान के पायलट ने उड़ान के पहले एक व्यक्ति को करीब आते हुए देखा और नियंत्रण टावर को इस बारे में सूचना दी। यात्री इवांस ने घटना का वीडियो बनाया और उसे फेसबुक पर अपने पेज पर पोस्ट कर दिया। उन्होंने कहा, हम उसे विमान के पंख पर देख हैरान रह गए। हमें लगा कि कहीं वह किसी आतंकी वारदात के लिए तो नहीं आया है। इस दौरान यात्रियों को विमान में ही रहने को कहा गया और उस व्यक्ति को विमान के पंख से उतरने को कहा गया। पुलिस ने हवाई अड्डे में अनधिकृत तौर पर घुसने वाले व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है कि आखिर वह विमान के पंख तक कैसे पहुंच गया।

## ट्रेंड बाजार


### सारा ने बताए पोज़ करने के राज़

**अभिनेत्री** सारा अली खान ने कैमरे के सामने आने के अपने विभिन्न चरणों को अपनें प्रशंसकों के साथ साझा किया है। कुछ ऐसे ही चित्रों में सारा ने फिल्म कुली नं. 1 स्टार वरुण धवन के साथ इंस्टाग्राम पर एक फोटो साझा किया। इसमें उन्होंने कैमरे के सामने आने की कला के बारे में लोगों को बताया है। इसके लिए वो लय को सर्वाधिक महत्व देती हैं जैसा कि उनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उनके कैप्शन्स से पता भी चलता है।




उन्होंने लिखा, 'पोज़िंग की विभिन्न स्टेजेस, पहले अपने पोज़ पर स्थिर हो जाएं और एक मुस्कान मुखड़े पर लाएं, इसके बाद जोर से हंसे, इसके बाद गले लग जाएं। फिर इसके बारे में पोस्ट लिखें और ध्यान रखें कि आपके कैप्शन्स लयपूर्ण हों, क्योंकि यही तो आपकी स्टाइल है...।'

### कृति कुलहरी को मेकअप नहीं भाता



अभिनेत्री कृति कुलहरी का कहना है कि 'पूरी गंभीरता से अपना चरित्र निभाना मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। मैं कैमरे को बिना मेकअप के भी फेस कर सकती हूं। मुझे ये अच्छा लगता है क्योंकि इससे समय की बचत होती है। मैं एक ऐसा चरित्र कर रही हूं जिसपर हत्या का संदेह होता है और जो डरी तथा दुर्बल है। ऐसा बनना एक चुनौती होती है लेकिन मेकअप न होने से ही ये संभव हो सका।

### लॉकडाउन खुलते ही जैकलीन हुईं व्यस्त



**अभिनेत्री** जैकलीन फर्नांडीज़ के पास इस समय कई फिल्में हैं उन्हें व्यस्तता का ये समय खूब भा रहा है। अपने कार्य के दौरान हाल ही में उन्हें साजिद नाडियावाला की फिल्म बच्चन पांडे फिल्म में लिया गया था जिसमें अक्षय और कृति सैनन लीड कलाकार हैं। जैकलीन ने बताया, 'मेरे लिए ये समय उत्साहवर्धक है। जब से लॉकडाउन हटा है मैं बिना रुके शूटिंग कर रही हूं। त्यौहार के समय भी मुझे व्यस्त रहना पड़ा था। मैं सभी महत्वपूर्ण अवसर सेट पर ही मना रही हूं। इसकी मुझे किसी प्रकार की शिकायत भी नहीं है।' ज्ञातव्य है कि जैकलीन ने भूतपुलिस फिल्म के दौरान ही दीवाली मनाई थी। उनके साथ उस समय यामी गौतम, सैफअली खान तथा अर्जुन कपूर भी थे।

### सोशल मीडिया पर झूठ और घृणा से त्रस्त हैं इस्ला फिशर



**हॉलिवुड** अभिनेत्री इस्ला फिशर का मानना है कि सोशल मीडिया का उपयोग आजकल षडयंत्रों तथा घृणा फैलाने के लिए किया जा रहा है। उनके अनुसार इसपर लोगो को कुछ दूसरे ढंग से सोचने की आवश्यकता है।

उन्होंने कहा, 'मेरे विचार से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को कुछ अलग ढंग से प्रस्तुत किये जाने की जरूरत है। आजकल इसपर हर प्रकार के षडयंत्र, झूठ तथा घृणा का ही प्रसार हो रहा है। इससे हमारी धरती और लोकतंत्र को भी खतरा है। मुझे अब पूरा विश्वास है कि हम पतनोन्मुख हैं। हमें इसे रोकना होगा। हमें इन बड़े कॉरपोरेशनों को हमारे सोचने के ढंग पर नियंत्रण करने से रोकना होगा। साथ ही हम किस पर विश्वास करें और किसपर नहीं, हमें स्वयं सोचना होगा।

# सफल होना है तो परिश्रम और सच्चाई की राह पर चलना ही होगा

## टॉक टाइम

**अनुपम खेर** पुरस्कृत अभिनेता और लोकप्रिय लेखक हैं। वो बॉलिवुड और हॉलिवुड को मिलाकर लगभग 500 फिल्मों में अभिनय कर चुके हैं। सिल्वर लाइनिंग्स तथा प्लेबुक उनकी लोकप्रिय हॉलिवुड फिल्मों में से कुछ हैं। पायनियर संवाददाता से बात करते हुए उन्होंने हाल ही में महामारी तथा लॉकडाउन पर रिलीज़ हुई अपनी पुस्तक तथा अपने समय में से एक घंटे को उन्होंने हाल ही में परोपकारी कार्य हेतु नीलाम किया था, आदि विषयों के बारे में विस्तार से बताया। प्रस्तुत हैं उनसे बातचीत के प्रमुख अंश–



■ **आपने हाल ही में मैज़िक बस इंडिया फाउंडेशन हेतु धन एकत्र करने के उद्देश्य से चैरिटीबज़्डॉटकॉम के साथ सहयोग किया था। इसके पीछे आपका उद्देश्य क्या था?**

मुझे इस बात की विशेष प्रसन्नता है कि हम इतने बड़े प्लेटफॉर्म का उपयोग चैरिटी बस जैसे श्रेष्ठ संगठन के लिए किया गया। मुझे एक ऐसे संगठन के लिए ये कार्य करके विशेष गर्व का अनुभव होता है जो एक मिलियन बच्चों तथा युवाओं के लिए सेकेंडरी शिक्षा तथा विवाह में विलंब करने तथा बाद में संगठित क्षेत्र में जॉब सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहा है। मैं अपने समर्थकों तथा प्रशंसकों से आग्रह करता हूं कि वे इस महान उद्देश्य में सहभागी बनते हुए इस नीलामी में भाग लें।

■ **आपने अपने समय में से एक घंटे को ही नीलामी के लिए क्यों चुना?**

किसी को इतने वृहद स्तर पर ऐसे आयोजन के बारे में कल्पना भी नहीं थी। कई देश इन बातों से प्रभावित हैं, बेरोजगार लोग, खाद्यान्न की कमी, अपने गांव लौटते लोग। दुर्भाग्य से बच्चों तथा युवा लोगों ने शिक्षा में व्यवधान के कारण काफी कुछ झेला है। उनके रोजगार के प्रयासों में भी विलंब हुआ है। सौभाग्य की बात है कि मैज़िक बस जैसे संगठन प्रभावित परिवारों की मदद के लिए अद्भुत काम किया है और ये हमारा भी कर्तव्य है कि हम उनके इस प्रयास में उनकी हरसंभव मदद करें। ये संगठन कोविड महामारी से प्रभावित लोगों को पुनर्स्थापित करने तथा रोजगार प्रदान कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए योजनाबद्ध ढंग से प्रयास कर रहा है। एक अभिनेता के रूप में यदि उनसे जुड़कर मैं स्कूल जाना बंद कर घर बैठे बच्चों का स्कूल जाना सुनिश्चित कर सकता तो मैं ऐसे काम के लिए अपना समय देकर हर्षित हूं।

■ **अधिकांश भारतीय परोपकारी कार्यों के लिए अधिक कुछ नहीं करते। हमारे लिए किसी न किसी प्रकार समाज के लिए कुछ करते रहना कितना महत्वपूर्ण है?**

पहली बात ये कि आपका ये कहना कि भारतीय परोपकारी कार्य नहीं करते, सही नहीं है। हर कोई मदद देने के बाद प्रकाश में नहीं आना चाहता। कई लोग ऐसे काम शांत रहते हुए करते हैं। मुझे लगता है कि अब भारत में बीते कुछ सालों से लोग समाज के लिए कुछ न कुछ करने का भाव रखते हैं और कोविड-19 महामारी के बाद तो इसमें और भी वृद्धि हुई है। वे प्रभावी भी हो रहे हैं। इस प्रकार वे देने जैसे पुनीत कार्य में अब बढ़-चढ़ कर हिस्सेदारी करते हैं। यदि हम सभी इसमें सहयोग करते हैं तो हम एक बच्चे को स्कूल भेज सकेंगे या एक और युवा को स्थायी जॉब प्रदान कर सकेंगे और इस प्रकार हम एक और परिवार को निर्धनता के चंगुल से बाहर लाने में सफल होंगे। ये कार्य देखने में तो भारी भरकम लगता है लेकिन यदि हम मिलकर ये करें तो आप अपने सामने ही बदलाव को होते हुए देख पाएंगे।

■ **क्या आप इस बात से सहमत हैं कि फिल्म एक ऐसा माध्यम है जो समाज की मानसिकता में बदलाव ला सकता है?**

देखिये फिल्में तो हमारे समाज का दर्पण ही होती हैं तो उनमें तो बदलाव आ ही सकता है। तो ऐसे में उनका संदेश सुस्पष्ट नहीं भी हो सकता है ऐसे में लोगों को ही संदेश को रेखांकित करना होगा। वैसे फिल्में तो मूलत: मनोरंजन के लिए होती हैं और इसके साथ ही उनमें संदेश भी दिया जा सकता है और लोग ऐसे संदेश को स्वीकार भी करते हैं।

■ **अपनी किसी सीख के बारे में बताएं जो जीवन से आपने अब तक सीखा है?**

देखिये कठिन परिश्रम तथा सच्चाई का कोई विकल्प नहीं होता। यदि सफल होना है तो आपको ये करना ही होगा।

■ **आप एक सार्वजनिक छवि रखते हैं और जो भी आप कहते हैं वो महत्वपूर्ण होता है। क्या तब आपको बुरा लगता है जब लोग इससे कुछ और आशय लगा लेते हैं और फिर उसके लिए आपको ट्रोल करने लगते हैं?**

जब तक मैं सच्चाई से बात कर रहा होता हूं, मुझे किसी प्रकार की समस्या नहीं होती क्योंकि मेरे दादाजी कहा करते थे कि जब आप सच बोलते हैं तो आपको उसे याद रखने का अतिरिक्त कार्य नहीं करना पड़ता। तो ऐसे में आप अपनी बात पर अडिग रह सकते हैं। मुझे किसी ट्रोलिंग आदि से कोई समस्या नहीं होती। कई बार आप उनपर ध्यान देते हैं और कई बार उनकी अनदेखी कर देते हैं। ऐसे ही चलता रहता है।

■ **आप बॉलिवुड और हॉलिवुड दोनों में ही रहे हैं क्या दोनों में अलग-अलग हैं?**

यदि भाषा की बात करें तो दोनों अलग अलग हैं। पेशेवर पहलू से देखें तो भी दोनों में अंतर है। लेकिन दोनों ही स्थानों पर कहानी ही कही जाती है। कई बार आप अच्छी कहानी कहते हैं तो कई बार कहानी उतनी अच्छी नहीं होती है। ऐसा स्वाभाविक होता है।

■ **आप अभिनेता, लेखक, गुरु और प्रेरक वक्ता जैसी भूमिकाओं में रहे हैं। आपको इनमें से कौन सी भूमिका सर्वाधिक प्रिय है?**

इनमें से किसी एक को चुनना कठिन है। कई बार जब मैं अभिनय कर रहा होता हूं तो मैं प्रसन्न होता हूं। जब मैं किसी पुस्तक का लेखन करता हूं तो वो लेखक होता है। जब मैं किसी सार्वजनिक आयोजन में होता हूं और वहां वक्ता के रूप में भी होता हूं तो मुझे प्रेरक वक्ता की अपनी भूमिका अच्छी लगने लगती है। मैं लोगों के जीवन में कुछ बदलाव देखना चाहता हूं। मैं लोगों के लिए ही हूं और मैं उनसे जुड़ना पसंद करता हूं। यदि मेरी बात और सकारात्मकता से किसी को मदद मिलती है तो मुझे इससे अत्यंत प्रसन्नता होती है।

■ **आपकी आने वाली परियोजनाएं कौन कौन सी हैं?**

हाल ही में मैंने एक फिल्म पूरी की है जिसका नाम है–द लास्ट शो विद सतीश कौशिक। मैं इसका निर्माण भी कर रहा हूं। इसके अलावा मेरा एक पॉडकास्ट भी है जो अनुपम केयर्स नाम से आईहार्टरेडियो पर स्पोटीफाई तथा ऐप्पल पर उपलब्ध है। इसके अलावा मेरी पुस्तक 'योर बेस्ट डे इज़ टुडे। ये महामारी तथा लॉकडाउन से जुड़े मेरे अनुभवों के बारे में है।

> **फिल्में तो हमारे समाज का दर्पण ही होती हैं तो उनमें तो बदलाव आ ही सकता है। ऐसे में उनका संदेश सुस्पष्ट नहीं भी हो सकता है। इन हालात में लोगों को ही संदेश को रेखांकित करना होगा। वैसे फिल्में तो मूलत: मनोरंजन के लिए होती हैं और इसके साथ ही उनमें संदेश भी दिया जा सकता है और लोग ऐसे संदेश को स्वीकार भी करते हैं।**

## बिग मैजिक का नया शो

# छोटी बहू, सांवरे के रंग रची के साथ विश्वास और भक्ति की एक नई कहानी




**वाराणसी।** अपनी विविधीकृत कंटेंट पेशकश में एक और संकलन करते हुएए बिग मैजिक विश्वास और भक्ति से भरपूर ष्छोटी बहु. सांवरे के रंग रचीष् की बेहद दिलचस्प कहानी लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह शो 14 दिसम्बर से शुरू हो रहा है और इसका प्रसारण शाम 6.30 बजे से 7.30 बजे तक होगा।

गौरतलब है कि संपूर्ण पारिवारिक मनोरंजन पेश करने के अपने वादे के अनुरूपए बिग मैजिक तरह.तरह के कंटेंट के साथ अपने सभी प्रशंसकों की मांग को लगातार पूरा कर रहा है। चौनल पर दिखाए जाने वाले शोए चाहे वो पुरानी पौराणिक कथाएं होंए काल्पनिक दुनिया या फिर मनोरंजक ड्रामाए हर उम्र के दर्शकों को उनकी टेलीविज़न स्क्रीन्स से जोड़े रखते हैं।

इसी क्रम में ष्छोटी बहु. सांवरे के रंग रचीष् भी दर्शकों की उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए तैयार है। यह शो मुख्य किरदारों देव और राधिका के इर्द.गिर्द घूमता है और उनकी ज़िंदगी में लगातार आ रही कई चुनौतियों को सामने लाता है। देव के किरदार को अविनाश सचदेव ने निभाया है और राधिका की भूमिका में रुबीना दिलाइक नजर आएंगी। कहानी की शुरुआत वहां से होती है जब देव अपने परिवार के साथ एक छोटे शहर में जाता है और वहां राधिका से मिलता है। राधिका श्री कृष्ण की बहुत बड़ी भक्त है और उसे यह विश्वास है कि कान्हा हर कदम पर उसके साथ है।

देव और राधिका जल्द ही अच्छे दोस्त बन जाते हैं। एक दिनए जब राधिका और देव मंदिर में खेल रहे होते हैं तो वह एक ऐसी जगह पहुंचते है जहां 50 जोड़ियों की शादी हो रही होती है। कुछ अव्यवस्थाओं के बीचए इन दोनों की अनजाने में शादी हो जाती है।

जब राधिका और उसके परिवार को इस अचानक हुई शादी के बारे में पता लगता हैए तो राधिका देव से मिलकर उसे यह बताने की कोशिश करती है लेकिन वो इसमें असफल हो जाती है।

यह शो 12 साल का लीप लेता हैए जिसके बाद राधिका और देव की किस्मत उन्हें दोबारा से मिलाने के लिए वापस एक मोड़ पर ले आती है। हालांकि राधिका को यह पूरा विश्वास होता है कि कान्हा की दिव्य शक्ति उसके पति से मिलाने में उसकी मदद करेगीए अपनी ज़िंदगी में कई उतार चढ़ाव के बादए वो कैसे मिलते हैं यह देखना वाकई दिलचस्प होगा।क्या देव और राधिका दोबारा मिलेंगेघ् क्या देव का परिवार राधिका को उनकी श्बहुश् के रूप में अपनाएगाघ् देव का विश्वास और प्यार पाने के लिए राधिका को किन चुनौतियों का सामना करना पड़ेगाघ् कई सवालों का जवाब पाने का इंतज़ार कर रहे दर्शक अपने घर बैठकर छोटी बहु का आनंद ले सकते हैं।एक अलग मनोरंजन देने का अपना वादा निभाते हुएए यह नया शो बिग मैजिक की कंटेंट लाइब्रेरी को और भी मजबूत बनाएगा। इसके साथ ही यह पूरी तरह से अपनी पारिवारिक मनोरंजक कहानी के साथ दर्शकों के दिलों के सही तार को छेड़ेगा।

# द लास्ट कलर, टाइम्स स्क्वायर न्यूयॉर्क में होर्डिंग पर

### मिशेलिन स्टार शेफ और निर्देशक विकास खन्ना ने फिल्म का पोस्टर साझा किया

**वाराणसी।** उनकी फिल्म द लास्ट कलर की ही तरह जो पूरी तरह वादों के बारे में है निर्देशक विकास खन्ना भी अपनी बात को रखना बखूबी जानते हैं । कुछ साल पहलेए उन्होंने अपनी फिल्म की अभिनेत्री नीना गुप्ता से कहा था कि इस फिल्म का पोस्टर मैनहट्टन के टाइम्स स्क्वायर के होर्डिंग पर होगा दुनिया के सबसे प्रमुख स्थानों में से एक के प्रतिष्ठित बिलबोर्ड पर लगने वाले पोस्टर




के साथ शहर में बसों पर भी फिल्म के पोस्टर मौजूद होंगे। द लास्ट कलर जिसका प्रीमियर 30वें पॉम स्प्रिंग्स इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल यूएस में जनवरी 2019 में हुआ था, आखिरकार आज भारत में पीवीआर सिनेमा में रिलीज़ होने जा रही है। बनारस पर आधारित यह फिल्म गंगा के तट पर होने वाली अतुल्य मानवीय भावनाए वादों आत्मीयता प्रेम और मित्रता की एक मार्मिक कहानी है। दिग्गज अभिनेत्री नीना गुप्ता ने फिल्म की नायक नूर 70 वर्षीय विधवा की भूमिका निभाई है व उनके साथ नवोदित कलाकार अक्सा सिद्दीकी ने 9 साल की छोटी टाइटरोप वॉकर की भूमिका निभाई है। भारत में फ़िल्म की रिलीज़ के बारे में बात करते हुए उल्लासित विकास खन्ना ने कहाकि मैंने नीना जी से वादा किया था कि जब द लास्ट कलर रिलीज़ हो जाएगी तो सुंदर गुलाबी रंग में उनकी तस्वीर न्यूयॉर्क टाइम्स स्क्वायर होर्डिंग पर होगी। आज जब हम आशा और वादे की इस कहानी को हर किसी के देखने लिए रिलीज़ कर रहे हैं तब मैं भी अपने वादों को पूरा करने जा रहा हूं और प्रतिभाशाली नीना जी के अभिनय से सजी इस कहानी को आप सभी के साथ साझा करता हूं। विकास खन्ना द्वारा लिखित और निर्देशित फिल्म ने 16वें भारतीय एफएफए स्टटगार्ट विजेता सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार दर्शकों की पसंद और विजेता निदेशक विजन पुरस्कार बर्लिन इंडो जर्मन एफएफ विजेता सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म पुरस्कार ऑडियंस चॉइस इंडी मेमे ऑस्टिन विजेता सर्वश्रेष्ठ निर्देशक इको ब्रिक्स एफएफ 2020 ;विजेता सर्वश्रेष्ठ फिल्म जैसे अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में असाधारण प्रदर्शन किया है।

# कोरोना वायरस: सिक्किम में 1800 के दशक के बाद पहली बार खगयाड चाम नृत्य का आयोजन नहीं होगा




**गंगटोक।** सिक्किम में निनमापा और खगयु पंथ के बौद्ध मठ 1800 के दशक के बाद पहली बार कोविड-19 महामारी की वजह से खगयाड चाम नृत्य का आयोजन नहीं करेंगे। यह एक मुखौटा पहन कर किया जाने वाला पारंपरिक नृत्य है।

हर साल लूसूंग (नव वर्ष) के भूटिया उत्सव के दौरान राज्य की अलग अलग बौद्ध मठ मुखौटा नृत्य का आयोजन करती हैं। दुनियाभर के हजारों श्रद्धालु एवं सैलानी इन्हें देखने आते हैं। गंगटोक की इनचे बौद्ध मठ के पूर्व प्रशासक नोरबू जी भूटिया ने बताया कि हर साल दस दिनों तक पूजा और नृत्य का आयोजन होता है, लेकिन इस साल आयोजन तीन दिन के होंगे। इस दौरान विश्व शांति और कोविड-19 महामारी से दुनिया की सुरक्षा के लिए गुरू थकमर पूजा होगी। बौद्ध धर्म अनुयाई इनचे बौद्ध मठ को दुनिया के सबसे पवित्र स्थलों में से एक मानते हैं। इस बौद्ध मठ के वर्तमान प्रमुख सोनम लामा ने कहा कि महामारी के मद्देनजर सरकार ने उत्सवों को सीमित रखने का सुझाव दिया है। इन उत्सवों में हर साल हजारों लोग भाग लेते हैं।

उन्होंने कहा कि इस साल मुखौटा नृत्य महामारी के कारण आयोजित नहीं किया जाएगा। यह सिक्किम की एक महत्वपूर्ण परंपरा है। उन्होंने कहा," श्रद्धालुओं में कुछ निराशा है लेकिन सामाजिक दूरी के दिशा-निर्देशों को देखते हुए हमने यह फैसला किया है।

# जासूसी उपन्यासों के मशहूर लेखक जॉन ले कैर का निधन

**लंदन।** जासूसी उपन्यासों के मशहूर लेखक जॉन ले कैर का निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। शीतयुद्ध के दौरान की जासूसी दुनिया को दर्शाते उपन्यासों से उन्हें ख्याति मिली। उनका जन्म 19 अक्टूबर, 1931 को दक्षिण पश्चिम इंग्लैंड के पुले में हुआ था। उनका नाम डेविड जॉन मूरे कॉर्नवेल था लेकिन वह जॉन ले कैर के नाम से मशहूर हुए। ले कैर की साहित्य एजेंसी कर्टिस ब्राउन ने रविवार को बताया कि उनका निधन दक्षिण पश्चिम इंग्लैंड में शनिवार को हुआ। वह कुछ समय से बीमार थे। एजेंसी ने बताया कि वह कोविड-19 से संक्रमित नहीं थे। उनके परिवार ने बताया कि उनका निधन निमोनिया से हुआ।

# सोमवती अमावस्या पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी



**हरिद्वार।** सोमवती अमावस्या के पावन पर्व पर सोमवार को श्रद्धालुओं ने कोविड-19 दिशानिर्देशों का पालन करते हुए हर की पौड़ी सहित अन्य घाटों पर गंगा में डुबकी लगाई। श्रद्धालुओं ने देवपुरा स्थित नारायणी शिला पर पहुंचकर अपने पितरों के निमित्त हवन तथा अन्य कर्मकाण्ड कराते हुए उनके मोक्ष के लिए भी प्रार्थना की।

प्रशासन की ओर से स्नान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के व्यापक बदोबस्त किए गए थे। साथ ही कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के दिशानिर्देशों का पालन सुनिश्चित किया।

सोमवार तड़के से ही स्थानीय तथा देश के विभिन्न हिस्सों से हरिद्वार पहुंचे श्रद्धालुओं का सैलाब गंगा में डुबकी लगाने के लिए हर की पौड़ी सहित शहर के अलग-अलग गंगा घाटों पर उमड पड़ा। श्रद्धालुओं ने हर-हर गंगे के उद्घोष के साथ गंगा में स्नान और मन्दिरों में पूजा अर्चना करते हुए अपने परिजनों व प्रियजनों की कुशलता की कामना की। प्रशासन ने सोमवती अमावस्या स्नान पर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए मेला क्षेत्र को 10 जोन और 37 सेक्टरों में बांटा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सेथिंल अबुदेई कृष्णराज एस ने तड़के मौके पर पहुंचकर स्नान पर्व की व्यवस्था का जायजा लिया तथा हर की पौड़ी क्षेत्र का भ्रमण करते हुए अधीनस्थों को दिशा निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र में स्नान सकुशल संपन्न हुआ।

## किसानों के समर्थन में सपा का धरना-प्रदर्शन


सीतापुर-प्रदर्शन कर रहे एमएलसी आनंद भदौरिया को रोंकती पुलिस


सीतापुर-प्रदर्शन करते छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव व अन्य कार्यकर्ता


सीतापुर-प्रदर्शन करते शेखर यादव, शिवम सिंह को पकड़ती पुलिस

# सपाइयों का साहस, एक्शन में मशीनरी


सीतापुर-लहरपुर में ओमेन्द्र वर्मा को पकड़ी पुलिस


सीतापुर-प्रदर्शन करते पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी

### ● सपा कार्यालय बैरिकेड, पुलिस ने जमाया कब्जा कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-ऊषा रावत को रोंकती पुलिस

**किसान आंदोलन** के समर्थन में समाजवादी पार्टी के प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन को लेकर सोमवार को पुलिस एक्शन मोड़ में दिखी। रविवार की रात से सपा नेताओं पर नजरें गड़ाए रखी और सुबह होते ही सपा के बड़े नेताओं को उनके ठिकानों पर नजर बंद कर दिया गया। लेकिन सपाई साहस जुटाकर जैसे ही बाहर आए, उन्हें पकड़कर सीधे पुलिस लाइन पहुंचा दिया गया। सपा के जिला कार्यालय को भी पुलिस छावनी में तब्दील कर बैरिकेटिंग लगाकर एक समान पुलिस ने कब्जा जमा लिया और संगीनों, डंडों के साथ पुलिस कर्मी मुस्तैद हो गए, जिसका नेतृत्व अपर जिलाधिकारी विनय पाठक, एएसपी डॉ. राजीव घ्दीक्षित करते रहे। सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, एसडीएम सदर अमित भट्ट, सीओ सिटी पीयूष कुमार सिंह, शहर कोतवाल टीपी सिंह समेत कई थानों का पुलिस फोर्स मुस्तैद हो गया। सबसे पहले सपा महिला सभा की प्रदेशाध्यक्षा गीता सिंह, पूर्व विधायक निर्मल वर्मा, जय सिंह यादव, सुमन भार्गव, आशुतोष यादव को गिरफ्तार कर बस से पुलिस लाइन भेज दिया गया, फिर अघंख अस्पताल स्थित गांधी प्रतिमा के समीप जमीन पर बैठकर धरना प्रदर्शन कर रहे सपा एमएलसी आनंद भदौरिया, पूर्व एमएलए मनीष रावत, पूर्व प्रत्याशी जहीर अब्बास, अफ्जाल कौसर, युवा नेता शिवम सिंह, अरुण दीक्षित मोनू, राबिन सिंह यादव, अखिलेश यादव, देवेंद्र यादव, शेखर यादव, हसीब गाजी को जमीन से घसीटकर पुलिस लाइन पहुंचा दिया गया। इसके बाद छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह देव, संतोष प्रजापति, ऊषा रावत, शुएब, शालू, समर्थकों के साथ सपा कार्यालय आ रहे थे, आंख अस्पताल के निकट गांधी प्रतिमा के पास घसीटकर गाडियों में डाल लिया। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष दिग्विजय सिंह और शहर कोतवाल के बीच तीखी नोंक झोंक भी हुई। इससे पहले पुलिस द्वारा शहर के बट्सगंज स्थित आवास पर नजरबंद किए गए पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी जैसे बाहर आए, वैसे ही पुलिस ने सीधे गाड़ी में बिठाकर पुलिस लाइन पहुंचा दिया गया। सपा के जिलाध्यक्ष छत्रपाल सिंह यादव को घर से सीधे पुलिस लाइन भेज दिया गया। इसके अलावा सपा छात्र नेता अंकित त्रिवेदी को उनके सिविल लाइन स्थित आवास से गिरफ्तार कर कोतवाली ले गए। पूर्व विधायक अनिल वर्मा को भी पुलिस लाइन पहुंचा दिया गया। सेवता से पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू, पवन सिंह को सुपौली गांव, रेउसा में लोहिनी वाहिनी के जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद, धर्मेंद्र पोरवाल, मोहम्मद एहसान, अखिलेश मिश्रा, दिनेश यादव, प्रदीप सिंह, मोहम्मद अकील आदि नजरबंद हुए। बिसवां में सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शमीम कौसर सिद्दीकी, नगर पालिका परिषद के पूर्व अध्यक्ष अतीक खां, मौलाना अनवर कादरी आदि कार्यकर्ता नजरबंद कर दिए गए। लहरपुर में ओमेंद्र वर्मा को हिरासत में पुलिस कोतवाली ले आई। इससे पहले रविवार रात की जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज और पुलिस अधीक्षक आरपी सिंह सड़क पर उतरकर आंदोलन करने वाले को अपना संदेश दे दिया था। धरना प्रदर्शन के पहले दिन सभी तहसील क्षेत्रों में उप जिलाधिकारी व सीओ, कोतवाल भ्रमण शील रहकर सपा नेताओं पर नजरें गड़ाए रहे। किसानों के चार संगठनों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया।

## किसान संगठन व संगतिन कार्यकात्रियों ने किया प्रदर्शन


सीतापुर-कमलापुर में ज्ञापन देने के बाद मौजूद किसान नेता दुर्गेश सिंह व अन्य

**संगतिन किसान** मजदूर संगठन की संयोजिका रिचा सिंह ने कहा कि अनाज दलहन तिलहन जैसी खाद्य सामग्रियों को आवश्यक वस्तुओं की सूची से हटा दिया गया है। इससे जमाखोरी और कालाबाजारी को प्रोत्साहन मिलेगा, कई खामियों के बावजूद एपीएमसी की भूमिका है, लेकिन समानांतर बाजार खुलने की सेवा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी, अनुबंध खेती का भी दूरगामी असर होगा। उधर, प्रशासन की आंखों में धूल झोंककर किसान मंच के जिलाध्यक्ष शिव प्रकाश सिंह समेत अन्य समर्थक जिला मुख्यालय पहुंच गए और विकास भवन स्थित धरना स्थल पर बैठ गए, तभी सिटी मजिस्ट्रेट शिशिर कुमार, इमलिया सुल्तानपुर थानाध्यक्ष विनय कुमार सिंह दलबल के साथ पहुंच गए और धरने से उठाकर घर भेज दिया। इससे पहले सचींद्र दीक्षित, जितेंद्र मिश्रा, इस्लामुददीन अंसारी, दिनेश शुक्ला, शोभा लोधी, कविता पांडेय, मासूम अली, शिवपूजन, आबिद अली, गुडडू भार्गव, बंदी लाल भार्गव, जय प्रकाश सिंह, ऊषा पांडेय, सोनी, शरीफ अनीता गौतम, मालती गौतम, राजकुमारी गौतम आदि ने ज्ञापन सौंपा।

## हमसे टकराओगे, सब भूखे मर जाओगे

### ● मिश्रिख में किसानों ने किया जबर्दस्त प्रदर्शन

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**प्रशासन के** लाख सख्ती के बावजूद सोमवार को मिश्रिख तहसील के सैकड़ों किसान सड़क पर उतरे। कृषि के तीन बिल के विरोध में आखिरकार मिश्रिख तहसील परिसर में किसान धरना प्रदर्शन करने में सफल हो गए। आंदोलन का नेतृत्व संगतिन किसान मजदूर संगठन की रिचा सिंह व भारतीय किसान यूनियन के सचिव उमेश पांडेय ने किया। इस दौरान जमकर सरकार विरोध नारे लगाए और किसान बिल को वापस लेने की मांग की। काफी संख्या में जुटे किसान काफी देर तक नारेबाजी कर गीत गाते रहे। प्रदर्शनकारियों ने अपनी मांगों का उप जिलाधिकारी गिरीश कुमार झा को सौंपा। किसानों ने नारा लगाया कि जो हमसे टकराओगे, सब भूखे मर जाओगे, प्रदर्शन में मोहम्मद इकरार, सरदार निर्भय सिंह, सरदार जसविंदर सिंह, रंजीत सिंह,धीरज सिंह ,हारून अहमद, सोहेल खान, नदीम ,आमिर खान ,अमीन कंबोज ,गुलशन सिंह ,कुलदीप कुमार , कल्लू, विष्णु ,पन्ना लाल यादव, पंकज सिंह, तालिब औरंगाबाद ,सोनू औरंगाबाद, आरिफ ,दानिश चक्रधर ,अरविन्द, मधुर पाल सिंह, शिशुपाल सिंह, राम गुनी, राजन ,सर्वेश कुमार, रामसेवक, हारून अहमद ,रामु ,राम ,धीरज, इमरान वेग ,रेहान वेग, रजनीश कुमार ,विश्राम, माधवराम, जीशान अहमद ,रामविलास ,राम नरेश ,महावीर मैकू कमल किशोर राम सागर, रामप्रसाद, किशोरी, गोकर्ण प्रसाद, सुरेश, श्याम, राजेश, रामअवतार आदि उपस्थित थे। प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन के सचिव उमेश पांडे ने कहा कि किसान केंद्र सरकार द्वारा कृषि सुधार के नाम पर लाए गए तीनों कानून किसान विरोधी हैं।

### पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री रामलाल राही की मौत का मामला

# ...तो पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री की कोरोना से नहीं, सदमे से गई जान!

### ● विधायक, पुत्रों ने जिला अस्पताल प्रशासन पर लगाया लापरवाही का आरोप

संवाददाता। सीतापुर

**तो पूर्व** केंद्रीय गृहराज्यमंत्री रामलाल राही की मौत कोरोना से नहीं, सदमे से हुई। ये हम नहीं कह रहे हैं, दिवंगत नेता के पुत्रों का जिला अस्पताल प्रशासन पर आरोप है। उनका यह भी आरोप है कि उनके पिता को कोरोना नहीं था, फिर भी उन्हें एल-टू अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया, जहां पर उनका उचित इलाज नहीं हुआ। जिससे उन्हें सदमा लग गया और उनकी मौत हो गई। अब वो जांचकर दोघ्षियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बता दें कि पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री रामलाल राही का एक बेटा सुरेश राही मौजूदा समय में हरगांव से भाजपा विधायक है और उनका बड़ा बेटा रमेश राही पूर्व विधायक है। दोनों ने पिता की मौत के चौथे दिन यह गंभीर आरोप लगाए हैं।


स्व. रामलाल राही

आरोपों में यह भी कहा गया है कि कोविड से मौत होने का दुष्प्रचार किए जाने से उनके पिता के अंतिम दर्शन काफी लोग नहीं कर सके। बताते चलें कि दस दिसंबर को पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री राम लाल राही की तबियत खराब हो गई थी। उस पर उनके बड़े बेटे, पूर्व विधायक रमेश राही जिला अस्पताल लेकर गए, जहां पर डॉक्टरों ने उनकी ट्रूनेट से कोविड जांच कराई और पॉजिटिव करार दिया और कोविड वार्ड में शिफ्ट कर दिया। पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री राही सुबह करीब साढ़े ग्यारह बजे जिला अस्पताल पहुंचे थे, बेटे उन्हें लखनऊ में इलाज करवाने को कह रहे थे, तभी पांच बजे के करीब उनकी मौत हो गई। जिसके बाद सीएमएस डॉ. एके अग्रवाल ने बयान दिया कि पूर्व केंद्रीय गृहराज्यमंत्री के लंग्स काफी खराब हो गए थे, उनकी मौत का एक कारण कोविड भी हो सकता है। लेकिन ऐसी मौतें अक्सर हार्ट अटैक से होती हैं।

## थाना इमलिया सुल्तानपुर का मामला, एक और मासूम बनी हवस का शिकार, आरोपी फरार..!

### नाबालिग दलित को बनाया हवस का शिकार, खेत में खींचकर दिया वारदात को अंजाम, मुकदमा दर्ज, आरोपी की मां व भाई हिरासत में, आरोपी फरार

**इमलिया सुल्तानपुर।** सीतापुर में हवस के भूखे भेड़िए ने एक और मासूम को अपनी हैवानियत का शिकार बना डाला और जबतक परिजन खोजते हुए उस तक पहुंचते आरोपी भाग फरार हो गया। यह आरोप थाना इमलिया सुल्तानपुर पहुंच कर पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर लगाएं हैं। इलाके में नाबालिग दलित बेटी से हुई दुष्कर्म की वारदात से हड़कंप मच गया है, तो वहीं पुलिस जगह-जगह चल रहे राजनैतिक प्रदर्शनों में शान्ति व्यस्था बनाने में व्यस्त थी और सूचना मिलते ही पुलिस की गाड़ियों का रुख आरोपी के गांव की ओर हो गया। मामला इलाके के एक गांव का है, जहां तहरीर के अनुसार सोमवार सुबह पीड़िता कि किसी काम से गांव के पश्चिम खेतों की ओर गयी थी कि तभी अचानक गांव के ही 30 वर्षीय समर बहादुर अवस्थी ने उसे रोक लिया। आरोप है कि वह पीड़िता को पड़ोस के गन्ने के खेत में ले गया और वहां उसने उसके साथ जबरन दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दे डाला। इस बीच जब बेटी घर पर बताए तय स्थान पर नहीं पहुंची तो परिजन चिंतित होकर उसकी तलाश करने लगे। खोजते हुए जब वह उस गन्ने के खेत के पास पहुंचे तो आरोपी आहट पाकर भाग निकला। परिजनों ने कुछ दूर उसका पीछा किया और जब सफलता हाथ नहीं लगी तो फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही हो रहे प्रर्दशनों के दौरान शान्ति व्यस्था बनाने में व्यस्त पुलिस की गाड़ियां आरोपी के गांव दबिश देने पहुंच गयीं। मामले की गंभीरता को देखते हुए शीर्ष अधिकारियों ने थाना प्रभारी हरगांव विनोद कुमार मिश्र को हमराही दल के साथ व मिशन शक्ति की एक गाड़ी थाने भेज दी है। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विनय कुमार सिंह ने बताया कि मामला मुकदमा संख्या 352/20 में आईपीएस सेक्शन 376 व पास्को एक्ट के तहत दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की मां व उसके छोटे भाई को उसके ननिहाल से पकड़ कर हिरासत में ले लिया गया है, जबकि आरोपी अभी फरार है।

## क्विक न्यूज

### रणविजय सिंह यादव बने अध्यक्ष

**मिश्रिख सीतापुर।** रणविजय सिंह यादव जूनियर हाईस्कूल षिक्षक संघ मिश्रिख के अध्यक्ष बन गए हैं। प्रेम कुमार मंत्री बने हैं। शिव नाथ शुक्ला, करुणा शंकर व पुष्प लता सिंह को उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। अखिलेश कुमार सिंह, स्मिता व मदन पाल संयुक्त मंत्री बने हैं। हरि शरण मौर्य को कोश की जिम्मेदारी दी गई है। अषुतोश लेखाकार बने है। नरेनद्र पाल ऑडीटर और रफाकत हुसैन को मीडिया प्रभारी बनाया गया है। पर्यवेक्षक के तौर बच्छन खां और अशोक तिवारी मौजूद रहे। इस मौके पर डाली ठाकुर, प्रेमवती, अखिलेश, दीपक सिंह, अंकित चौहान, होरीलाल, कमल कुमार आदि मौजूद रहे।

### डीएम ने दिए बाजार बंदी के निर्देश

**सीतापुर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने वर्ष 2021 के लिए साप्ताहिक बंदी के दिन निष्चित कर दिए हैं। सीतापुर नगर पालिका परिषद एवं कंटूनमेन्ट क्षेत्र रविवार को बंद रहेगा। पुराना सीतापुर क्षेत्र में शुक्रवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी। बिसवां में मंगलवार, महमूदाबाद में शुक्रवार, लहरपुर में शनिवार को, खैराबाद में बुधवार को और मिश्रिख व नैमिषारण्य में शनिवार को साप्ताहिक बंदी रहेगी। टाउन एरिया क्षेत्र सिधौली में रविवार, पैतेपुर में मंगलवार, तंबौर में सोमवार, महोली में शनिवार, हरगांव में मंगलवार, रामकोट में गुरुवार, जलालपुर में बुधवार, मछरेहटा में शुक्रवार, संदना में रविवार, चांदपुर में बुधवार, सरइया में रविवार, सदरपुर में मंगलवार, कमलापुर में सोमवार, अटरिया में शनिवार, लालपुर में गुरुवार, परसेंडी में रविवार, मानपुर में रविवार, जहांगीराबाद में शुक्रवार और रेउसा में शनिवार को बंदी रहेगी।

### शव देखकर गमगीन हुआ गांव, ढांढस बंधाने पहुंचे क्षेत्रीय विधायक

**अटरिया सीतापुर।** थाना अटरिया इलाके के बल्देवनगर जयपाल पुर के प्रेम रावत की लखनऊ में हुई मौत के बाद सोमवार को जैसे ही उसका शव गांव पहुंचा तो हड़कंप मच गया। जहां जवान बेटे का शव देखकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया तो वहीं मौजूद सभी ग्रामीण भी भावुक हो गए। क्षेत्रीय विधायक डॉ हरगोविंद भार्गव भी परिजनों को ढाढस बंधाने पहुंचे। देर शाम परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। आपको बता दें मृतक रोड लाइट डीजे का काम करने लखनऊ गया था जहां करण्ट से उसकी दर्दनाक मौत हो गई थी।

### एनएच 24 पर थाना रामकोट इलाके ढाबा मालिकों के बीच मारपीट में हुई युवक की हत्या का मामला, चार आरोपी भेजे गए जेल, मुख्य आरोपी फरार

**सीतापुर।** एनएच 24 पर थाना रामकोट इलाके ढाबा मालिकों के बीच मारपीट में हुई युवक की हत्या मामले में पुलिस ने 4 नामजद आरोपियों ने को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्यवाही की है। थाना प्रभारी संजीत कुमार सोनकर ने बताया कि आरोपियों को वारदात की रात ही पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया गया था, जबकि तिवारी ढाबा संचालक सुभाष तिवारी को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। आपको बता दें शनिवार शाम इलाके के हैप्पी होम सोसायटी के निकट स्थित मातु कृपा ढाबा मालिक व तिवारी ढाबा मालिक के बीच हुई मारपीट में गांव अहाता कप्तान निवासी धीरज सिंह की मौत हो गई थी।

### किरतापुर गौशाला का हाल, गौशाला को दो वर्षो से टीन सेट का इंतजार

**सकरन सीतापुर।** सकरन ब्लाक मुख्यालय से डेढ़ किलोमीटर दूरी पर स्थित किरतापुर गौशाला में पिछले 2 वर्षो से पशुओं को आश्रय देने के लिए टीन सेट डाले जाने का काम पूरा नहीं हो पा रहा हैद्य ऐसे में गौशाला में आश्रय पाए 113 गोवंश पशुओं को हॉड कपाती सर्दी में खुले आसमान के नीचे राते काटनी पड़ रही हैं। गौशाला में पशुओं को पेट भरने के लिए भूसा ,पुआल ,चारा आदि की व्यवस्था न किए जाने से आए दिन गोवंश भूख प्यास से तड़प तड़प कर मरने को विवश हैं वही तेज पढ़ती सर्दी से पशुओं को बचाने के लिए अब तक कोई भी इंतजाम नहीं किए गए हैं। ऐसे में कमजोर पशु ठंड लगने से जमीन पर गिर जाते हैं जो फिर कभी उठ नहीं पाते हैं। पंचायत सचिव आरती गौड़ ने बताया की गौशाला में पशुओं की चारे की व्यवस्था के लिए पैसा समय से नहीं मिल पा रहा है। फिर भी जल्द ही गौशाला में भूसा और चारे की व्यवस्था हो जाएगी पशुओं को ठंड से बचाने के लिए त्रिपाल की व्यवस्था की जा रही है। बीडीओ सकरन संदीप कुमार ने बताया कि पशुओं को ठंड से बचाने के लिए जल्दी ही इंतजाम कर लिए जाएंगे। पशुओं को चारा ना मिलना एक गंभीर विषय है। जांच कराई जाएगी दोषी लोगों के विरुद्ध दंडनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

### आईरेंज ने किया सीतापुर का आकस्मिक भ्रमण

**सीतापुर।** सोमवार सुबह आईजी रेंज लखनऊ लक्ष्मी सिंह ने सीतापुर का औचक भ्रमण किया। श्रीमती सिंह लखीमपुर से लौट रही थी कि अचानक पुलिस लाइंस सीतापुर पहुंच गयी, जहां सलामी लेने के बाद आईजी ने एसपी आरपी सिंह संग बैठक की। लाइन्स के गेस्ट हाउस में हुई बैठक में आईजी रेंज ने पुलिस मुखिया से जिले में लॉ एंड आर्डर की जानकारी ली और फिर लखनऊ रवाना हो गईं।

### कोरोना के मिले 4 नए मरीज

**सीतापुर।** कोरोना को लेकर जनमानस की ओर से बरते जा ऐहतियातन का असर आंकड़ों पर दिख रहा है। सीतापुर में पिछले 24 घंटे सिर्फ 4 नए मरीजों की पहचान की गई है। एलिया के पसनैका व बेलगांव, परसेंडी के चिलमा और मछरेहटा में एक-एक मरीज मिला है। इसी के साथ जिले में कुल पॉजिटिव मरीजों की संख्या 4,776 हो गई है। अब तक 73 मरीजों की मौत हो चुकी है।

### सत्ताई विधायक को करनी पड़ रही इतनी मशक्कत

# सेवता विधायक ने धांधी क्रय केंद्र पर पकड़ीं अनियमितताएं

संवाददाता। सीतापुर


केन्द्र की जांच करते विधायक ज्ञान तिवारी

**रामपुर मथुरा** के क्रय केंद्र धांधी पर धान खरीद में गड़बड़झाले को कोई और नहीं, भाजपा के विधायक ज्ञान तिवारी ने उजागर किया है। क्रय केंद्र पर जाकर पहले उन्होंने गड़बड़ियों को पकड़ने के बाद जब इसकी शिकायत सीएम तक पहुंचाने की बात कही। तब जाकर जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने डिप्टी आरएमओ के नेतृत्व में एआर कोऑपरेटिव, तहसीलदार की तीन सदस्यीय टीम को जांच के लिए क्रय केंद्र भेजा। विधायक भी वहां जा पहुंचे। अधिकारियों को बड़े पैमाने पर कमियां मिलने के बाद भी समझ में नहीं आ रहा था, कि करें तो क्या? जांच टीम ने पाया कि यहां के क्रय केंद्र पर क्षेत्रीय काश्तकारों के बजाए रेउसा, थानगांव, सदरपुर, बरौली आदि इलाके का धान खरीदा गया, वो भी काश्तकारों के महज कागज लगाकर। जांच में टीम ने किसानों के बयान भी लिए, हालांकि जांच टीम कुछ भी बोलने से कतराती रही है। सिर्फ इतना ही कहा कि मामले की जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी। 13 दिसंबर को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने रामपुर मथुरा के धान क्रय केंद्र का औचक मुआयना किया था। निरीक्षण में क्रय केंद्र पर दर्जनों काश्तकारों की धान लदी ट्रॉलियां खड़ी पाई थीं। यही नहीं केंद्र पर बहुतायत की संख्या में काश्तकारों के धान में नमी बताकर उनका धान रिजेक्ट कर दिया गया था। किसान शुरू से बिचौलियों से धान खरीदने का आरोप लगा रहे थे। इधर क्रय केंद्र प्रभारी किसानों के धान के नमूनों को किसी न किसी बहाने से रिजेक्ट कर ओने पौने दामों पर खरीदने को विवश कर रहे थे।

**जांच** अधिकारी, खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविंद कुमार दुबे का कहना है कि जिलाधिकारी द्वारा गठित तीन सदस्यीय टीम द्वारा जांच की जा रही है। गहनता से जांच कर रिपोर्ट भेजी जा रही है।

अरविंद कुमार दुबे,
डिप्टी आरएमओ।

इस मामले में क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी ने जिलाधिकारी से शिकायत की थी। इस पर जिलाधिकारी विशाल भारद्धाज ने खाद्य एवं विपणन अधिकारी अरविंद कुमार दुबे, एआर कोऑपरेटिव विवेक सिंह, तहसीलदार अशोक कुमार, जसवंत सिंह त्रिस्तरीय जांच दल के सदस्य आदि के साथ रामपुर मथुरा स्थित सरकारी धान क्रय केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण में कागजों पर कुल 24 हजार क्विंटल धान खरीदना पाया गया। खरीदे गए धान में लगे किसानों की खतौनी आदि की जांच में खुलासा हुआ कि अब तक क्षेत्रीय किसानों का धान ही नही खरीदा गया है, बल्कि थानगांव, सदरपुर, रेउसा, बरौली आदि दूरदराज के किसानों के कागज लगाकर धान खरीदा गया है। क्षेत्रीय विधायक के मुताबिक किसानों को मात्र 50 रुपये प्रति क्विंटल देने के नाम पर मात्र पेपर ले लिए गए थे। क्षेत्रीय विधायक ने जिलाधिकारी से क्रय केंद्र प्रभारी प्रवीण सिंह और दलालों पर कार्यवाही की मांग की है।

ज्ञान तिवारी, भाजपा विधायक, सेवता।

जांच अधिकारी, एआर कोऑपरेटिव विवेक सिंह का कहना है कि शिकायत पर डीएम द्वारा गठित की टीम द्वारा धान खरीद की जा रही है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

विवेक सिंह, एआर कोऑपरेटिव।

जबकि आरोपी, रामपुर मथुरा के क्रय केंद्र प्रभारी प्रवीण सिंह का कहना है कि शासन से मानकों के आधार पर क्रय केंद्र पर धान खरीदा जा रहा है।

प्रवीण सिंह, प्रभारी क्रय केंद्र धांधी।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदना केंद्र की महत्वाकांक्षी योजनाः सीएमओ

● जिलेभर में चलाया गया अभियान

संवाददाता। लखीमपुर-खीरी



**सोमवार को** जिला मुख्यालय पर प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत जिले भर में 21 दिसंबर तक चलने वाले जन जागरूकता अभियान शुरू किया। जिसका शुभारंभ मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. मनोज अग्रवाल ने स्वास्थ्य जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया।

जिले भर में कुल 16 टीमें लगाई गई हैं। जिसमें शहरी क्षेत्र में एक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 15 टीमें लगाई गई। गठित टीमें संबंधित आशा एवं एएनएम से समन्वय स्थापित करते हुए पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना से लाभान्वित कराएंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। यह पूरे परिवार की जिम्मेदारी है कि वह गर्भवती महिला की सही से देखभाल करें। उसका खानपान उचित हो ताकि जच्चा.बच्चा दोनों स्वस्थ रहें। किसी भी महिला के पहली बार गर्भवती होने पर सरकार भी उसकी देखभाल के लिए कदम से कदम मिला रही है इसे पूरा करने के लिए सरकार प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना क्रियान्वित कर रही है जिसके द्वारा गर्भवती के पोषण के लिए किस्तों में सहायता प्रदान किए जाने का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत तीन किस्तों में कुल 5 हजार की धनराशि का लाभ दिए जाने का प्रावधान है। जिसके तहत किसी भी सरकारी स्वास्थ्य इकाई में 150 दिनों के भीतर पंजीकरण कराने के उपरांत प्रथम किस्त के रूप में एक हजार की धनराशिए कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच एवं दावा गर्भावस्था से 180 दिन बाद दस्तावेजों के साथ जमा करने पर द्वितीय किस्त के रूप में दो हजार की धनराशि एवं शिशु जन्म का पंजीकरण, शिशु को प्रथम चक्र (बीसीजी, ओपीवी) जीपी वी एवं डीपीडी एवं हेपेटाइटिस-बी (समकक्ष) टीकाकरण होने के बाद दस्तावेजों के साथ जमा करने पर तृतीय किस्त के रूप में दो हजार की धनराशि प्रदान की जाती है। सीएमओ डा. मनोज अग्रवाल ने सोमवार को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत चलाए जा रहे साप्ताहिक अभियान के तहत स्वास्थ्य प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# हादसों में बच्चे सहित में चार की गई जान

संवाददाता। लखीमपुर/मैलानी-खीरी

**जिले के** अलग-अलग हादसों में एक मासूम बच्चे सहित चार लोगों की जान चली गई। सभी शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, रविवार की शाम लगभग 5:30 बजे लखीमपुर-भीरा मार्ग पर सुंदरवल से अपनी कपड़े की दुकान बंद कर बाइक से घर लौट रहे आकाश कुमार (35) पुत्र राकेश कुमार निवासी संकटा मंदिर को सैदापुर के पास ट्रैक्टर-ट्राली ने रौंद दिया। हादसे में आकाश की मौके पर ही मौत हो गयी। इसी तरह थाना फरधान क्षेत्र के गांव बरखेरवा निवासी प्रोमद (23) पुत्र चेतराम, पिंटू (20) सर्वेश कुमार, प्रेम प्रकाश तीनों बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। दुर्घटना में दो युवकों की। घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पीछे बैठा सर्वेश कुमार (25) गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने एम्बुलेंस सीएचसी फरधान भिजवाया। सूचना मिलते ही समाजसेवी जिला पंचायत सदस्य महेश चंद्र कनौजिया भी मौके पर पहुंच गये। लखीमपुर-गोला जा रहे सीओ गोला रविंद्र कुमार वर्मा ने घटना स्थल पर पहुंच कर हाईवे जाम न हो मोर्चा संभाला। कोतवाली पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

सीओ ने बताया कि यह दुर्घटना ट्रिपल राइटिंग के कारण हुई है। बाइक चालक हेलमेट भी नहीं पहने हुए थे। तीसरी घटना भी रविवार शाम करीब सात बजे थाना मैगलगंज के जीटी रोड पर घटी। जहां सर्वेस कुमार सिंह निवासी बाईकुवां अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे की दवाई लेकर अपनी पत्नी के साथ साइकिल से अपने घर जा रहे थे। तभी एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में बच्चे की ट्रक के नीचे आने से मौत हो गई। वहीं सर्वेश व उनकी पत्नी घायल हो गईं।

## क्विक न्यूज

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान



**मैलानी-खीरी।** नगर मैलानी के वार्ड नं.-1 निवासी मनोज कुमार पुत्र सुरेश कुमार उम्र लगभग 33वर्ष ने मैलानी से चांदपुर रोड बेल्हा तालाब के निकट नीम के पेड़ से लटक कर आत्म हत्या कर ली। सूचना पाकर थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला, उप जय कुमार मिश्र सहित तमाम पुलिस कर्मी मौके पहुंचे तथा शव का पंचायतनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक विद्या शंकर शुक्ला ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल की जा रही है। घटना की सूचना पाकर मृतक के परिजन भी मौके पहुंच गये। घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा है। फिलहाल पुलिस हर कोण से घटना की जांच पड़ताल कर रही।

### क्रेशर का हुआ शुभारंभ



**औरंगाबाद-खीरी।** औरंगाबाद से बरवर रोड पर बहादुरनगर गांव में गुरुद्वारा के निकट स्थित गन्ना क्रेशर का कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा शुभारंभ किया गया। इस गन्ना क्रेशर से किसानों को काफी राहत मिलेगी। किसानों को पर्चियों से छुटकारा मिलेगा। साथ ही गन्ने के नकद भुगतान से किसानों की आवश्यकता पड़ी तो जरूरतों को पूरा करने का मौका मिलेगा। बता दें कि चीनी मिलों द्वारा गन्ना भुगतान सालों साल नहीं किया जाता है। साथ ही विपक्ष के लिए एक बड़ा मुद्दा भी गन्ना भुगतान रहता है। इन सभी से किसानों को छुटकारा मिलेगा। गन्ने की प्रथम बैलगाड़ी सियाराम निवासी फरिया पिपरिया को लाने पर सम्मानित किया गया। प्रथम दिन गन्ने का रेट 230 रुपये रहा। इस मौके पर रिजवान हैदर, नवाब कल्वे हसन व डा. रेहान खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### चमकीली धूप निकली, जहरीली धुंध छटी

**बरेली।** रविवार को मौसम मे आए बदलाव ने वायु प्रदूषण से कुछ राहत दिलाई। आसमान साफहोने से चमकीली धूप निकली तो वातावरण मे छाई जहरीली धुंध छंट गई। रविवार को शहर का वायु गुणवत्ता सूचकांक ढाई सौ से नीचे पहुंचा। यह 234 दर्ज किया गया। पिछले दिनो जिले का एक्यूआई तीन सौ से ऊपर पहुंचने से यह वायु प्रदूषण के रेड जोन मे बना रहा था। विशेषज्ञो के मुताबिक हवा की रफ्तार तेज होने पर तापमान गिरेगा, लेकिन, प्रदूषण की स्थिति मे सुधार जारी रह सकता है। हवा की रफ्तार घटने और धुंध बढ़ने पर एक्यूआई फिर अधिक हो जाएगा।

### एनएसएस ने लगाया कोविड-19 परीक्षण कैंप

**बिंदकी (फतेहपुर)।** अभय प्रताप सिंह डिग्री कॉलेज में एनएसएस के तत्वाधान में कोविड-19 परीक्षण का कैंप लगाया गया। डॉ0 पंकज अवस्थी के नेतृत्व में पूरा कार्यक्रम संपन्न हुआ। कैम्प में डॉ0 अवस्थी ने कहा कि आप सभी भारत के भविष्य हैं आपको जागरूक होकर इस महामारी को हराना है। साथ में सभी प्राध्यापकों का प्रयास भी सराहनीय है जो शिक्षा के साथ इस तरह के समाजसेवी बहुप्रतिभा विकास के लिए समय-समय पर कार्यक्रम कराते रहते हैं। इस कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। लक्ष्य गीत गाकर पूरे प्रांगण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया। इस आयोजन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 ईशान्त कुमार श्रीवास्तव तथा डॉ0 सत्येंद्र सिंह ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संपूर्ण विद्यालय परिवार को साथ लेकर कार्यक्रम को कराया। प्राचार्य डॉ0 सिंह व उप प्राचार्य विनय शुक्ला ने सभी बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए जीवन में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दी। इस समय में विद्यालय के अध्यापक वेद प्रकाश, राम प्रताप, राघवेंद्र सिंह, राम प्रताप कुशवाहा, सूरज, राधा कृष्ण तिवारी व सहायकों में से बबलू, रामप्रसाद, उमेश, सूर्यपाल ने मिलकर इस कार्यक्रम में शारीरिक सहयोग प्रदान किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र केसरी कमलेश चौरसिया, कमल, कमलेश चौधरी ने संपूर्ण मन योग से कार्यक्रम को संपादित किया। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने व स्वयं सेविकाओं ने विद्यालय परिवार का वह करोनो योद्धाओं का आभार प्रकट किया व उनकी गाइडलाइन मानने की सौगंध भी खाई।

### कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम का प्रयास

**बिंदकी (फतेहपुर)।** कांग्रेस पार्टी के जिला उपाध्यक्ष शिवाकांत तिवारी के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किसानों द्वारा बुलाए गए रोड जाम के आवाहन को समर्थन देते हुए ललौली चौराहा मार्ग को जाम करने का प्रयास किया। पुलिस से धक्का-मुक्की हुई और बाद में सभी कार्यकर्ताओं को नजरबंद करने के बाद पुलिस ने छोड़ दिया। जिला उपाध्यक्ष ने कहा के किसान के साथ हो रहे अत्याचार में पार्टी किसानों के साथ खड़ी है। यह सरकार इस बिल के माध्यम से खेती को भी पूंजी पतियों को सौंप देना चाहती है। यह अंबानी, अडानी की सरकार है और बहुत जल्द जनता को इसका असली रूप समझ में आ जाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विवेक मिश्रा, गगन प्रताप सिंह, मनीष पटेल, निकेत द्विवेदी, अनु बेग, शोएब कुरैशी, रमेश यादव, राहुल यादव, उदित अवस्थी आदि मौजूद रहे।

### विभाग विद्युत का बिल बकाया न रखेंः डीएम



**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने विकास भवन सभागार में विकास कार्यो की समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि किसी भी विभाग द्वारा विद्युत का बकाया भुगतान लम्बित न रखा जाए। अगर भुगतान हेतु बजट नहीं है तो बजट की मांग कर भुगतान कराया जाना सुनिष्चित किया जाए। श्री सिंह ने कहा है कि निषुल्क बोरिंग के अन्तर्गत 625 लक्ष्य के सापेक्ष अब तक 199 बोरिंग निषुल्क कराई गयी है। लघु सिंचाई विभाग द्वारा लक्ष्य की पूर्ति षीघ्रातिषीघ्र कर ली जाए। उन्होंने कहा है कि नहरों की सिल्ट सफाई के कार्यो सत्यापन खण्ड विकास अधिकारियों द्वारा कर लिया जाए। जिलाधिकारी ने कहा है कि नयी सड़कों के निर्माण कार्य को माह फरवरी 2021 तक पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा है कि सेतु के निर्माण कार्यो में गति लाई जाए। सेतु निर्माण कार्य को समयान्तर्गत पूर्ण किया जाए। उन्होंने समस्त निर्माण एजेंसी को निर्देष दिए हैं कि निर्माण कार्य में गति लाए और अपना निर्माण कार्य ससमय में ही पूर्ण करें। जिलाधिकारी ने किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों का सत्यापन करने के निर्देष दिए है। उन्होंने कहा है कि षरद ऋतु का समय चल रहा है गोषालाओं में गोवंष को ठण्ड से बचाव हेतु पुख्ता इंतजाम कर लिए जाए। गोषालाओं में गोवंष के लिए चारे आदि की व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए। मुख्यमंत्री निराश्रित बेसहारा गोवंष सहभागिता योजना के अन्तर्गत पषुपालक किसानों के खाते में समय से धनराषि भेजी जाए। उन्होंने कहा है कि पषुओं की ईयर टैगिंग के कार्य को षीघ्र पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने आयुष्मान गोल्डेन कार्ड के कर्मचारियों से लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड षीघ्र पूर्ण करने के निर्देष दिए है। जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका के कार्यों में गति लाने के निर्देष दिए है। उन्होंने मनरेगा कार्य में महिला लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने के निर्देष दिए है। उन्होंने उचित दर विक्रेताओं की रिक्त 19 दुकानों का आवंटन स्वयं सहायता महिला समूह को आवंटित करने निर्देष दिए हैं।

### पुलिस ने सपा के प्रदर्शन को रोका, नेता हुए गिरफ्तार



**शाहजहांपुर।** आठवे दिन सामजवादी पार्टी के नेताओं ने किसानो के पक्ष में धरना-प्रदर्शन का प्रयास कर जुलुस निकाला इस दौरान पुलिस ने जिला अध्यक्ष सहित सभी सपा के नेताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेजा देर शाम सभी नेताओं को रिहा कर दिया गया। सोमवार को सपा के घोषित कार्यक्रम धरना प्रदर्शन को रोकने के लिए पुलिस ने किला बंदी कर सपा के जिला अध्यक्ष को घर ने कैद करने का प्रयास किया जिसकी भनक सपा नेताओं को लगी तो बड़ी तादात में जुलूस के रूप कार्यकर्ता आवास पर पहुंच गए। अंबेडकर पार्क कॉलोनी से पहले ही पुलिस व पीवएवसी बल ने सभी को रोककर गिरफ्तार किया इस दौरान पुलिस से धक्का-मुक्की हुई समाजवादियों ने पुलिस के धेरे को तोड़ने का भरकस प्रयास किया पुलिस ने सभी समाजवादी नेताओं ,कार्यकर्ताओं को हिरासत में पुलिस लाइन भेजा इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकारे किसानों केसाथ जुल्म पर आमादा है सामजवादी पार्टी हर हाल में किसानों को इंसाफदिलाने के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी और किसानों को धोखा देने वाली भाजपा सरकारें आप बहुत दिन तक नहीं चल पाएंगे उन्होंने कहा पुलिस सपा कार्यकर्ताओं की हिम्मत तोड़ने की कोशिश कर रही,सपा के लोग किसान के हिट में आवाज बुलंद करते रहेंगे इस अवसर पर अजीम अंसारी असलम परवेज, मुन्ना,शकील अहमद गौहर महबूब,अनिल वर्मा अंकित सक्सेना सचिन भोजवाल सचिन सक्सेना रजी मंसूरी मनोज पटेल, भिरम कुमार दीक्षित, मनोज यादव प्रसून कुमार, सादिक अंसारी, विनोद राठौर नवल किशोर बाल्मीकि,, तस्लीम खान, तैयब खान,वाहिद, रवि प्रकाश पांडे, सुमित पटेल,उपस्थित रहे।

### महिला की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या का आरोप

**बरेली।** एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में अस्पताल में मौत के बाद मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।प्रेम नगर थाना क्षेत्र के मोहल्ला चाहाबाई निवासी परचून की दुकान चलाने वाले कुलदीप की 45 वर्षीय पत्नी कंचन की एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मोहल्ले के ही रहने वाले मृतका के मायके वालों ने पति पर हत्या का आरोप लगाया और पुलिस में शिकायत कर दी।। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी को टीवी की बीमारी थी। उसका इलाज भी चल रहा था। लेकिन जब उसकी हालत अचानक बिगड़ गई तब उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। उसने हत्या की बात से इनकार किया। मृतका दो बेटों की मां थी।

# सपा और किसान नेताओं की ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां

● सीओ मितौली व हरदोई ने किया पैदल मार्च

संवाददाता मैगलगंज-खीरी।





**किसान** आंदोलन को लेकर मैगलगंज पुलिस सक्रिय किसान आंदोलन को लेकर मैगलगंज पुलिस रविवार रात से ही सक्रिय नजर आई इंस्पेक्टर चंद्रकांत सिंह भारी पुलिस बल के साथ रात से ही किसान नेताओं की गिरफ्तारी करने में लगे हैं। वहीं सुबह क्षेत्राधिकारी मितौली शीतांशु कुमार, क्षेत्राधिकारी हरदोई उमाशंकर सिंह ने इंस्पेक्टर मैगलगंज के साथ भारी पुलिस बल और पीएससी के साथ कस्बे में पैदल गस्त की। हाईवे जाम को लेकर पुलिस काफी सतर्क नजर आई। सीतापुर बॉर्डर से लेकर हरदोई बॉर्डर तक लगातार गश्त करके किसान नेताओं पर कड़ी नजर रखी जा रही है। किसान नेताओं की गिरफ्तारी का दौर जारी है। किसान नेताओं के प्रदर्शन को लेकर मैगलगंज पुलिस ने रविवार रात से ही कमर कस ली थी। क्षेत्र के किसान नेताओं सहित समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी पुलिस ने रात में भी हिरासत में लेना शुरू कर दिया था। किसान नेता श्यामू शुक्ला, रामकृष्ण गौतम, प्रधान जोगा सिंह, नीरज गुप्ता, पार्टी के नेता सर्वेश सिंह भदौरिया सहित तमाम किसान नेता और कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर थाने में बैठाया। किसान आंदोलन को लेकर मैगलगंज पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। हर आने-जाने वाले वाहन को पुलिस की जांच पड़ताल से होकर गुजरना पड़ रहा है।

**औरंगाबाद संवाददाता के अनुसार,** दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन में अपनी सहभागिता निभा रही समाजवादी पार्टी के नेताओ द्वारा जिला मुख्यालय पर होने वाले धरना प्रदर्शन किया जाना था। जिसको लेकर मैगलगंज थाना क्षेत्र के चौकी औरंगाबाद के चौकी प्रभारी नीतीश भारद्वाज द्वारा सुगबुगाहट मिलते ही सपा नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किये गए नेताओ में जसपाल सिंह को उनके बैरिया फार्म से गिरफ्तार करके थाना लाया गया। नबाब कल्बे हसन, कैसर अहमद, मंजुराज यादव व विवेक यादव को गिरफ्तार करके औरंगाबाद चौकी पर लाकर हिरासत में रखा गया। औरंगाबाद चौकी प्रभारी नीतीश भारद्वाज ने बताया कि किसान आंदोलन के चलते कुछ लोगों को नजरबंद किया गया थाए शाम को होते ही सभी को छोड़ दिया गया है।

# प्रदर्शन को जाते एमएलसी मिसबाहउद्दीन गिरफ्तार



ज्ञापन सौंपते भाकियू के नेतागण

**संडीला (हरदोई)।** कृषि बिल का विरोध करने हेतु जा रहे एमएलसी मिसबाहउद्दीन को गिरफ्तार कर उन्हें उनके आवास में ही नजरबंद कर दिया गया जबकि भाकियू ने प्रदर्शन कर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर कृषि कानूनों का विरोध करने हेतु जा रहे एमएलसी मिसबाहउद्दीन को एसडीएम मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आए पुलिस बल ने गिरफ्तार कर लिया। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य रजीउद्दीन, जिला सचिव वसीम वारसी, गजेन्द्र बहादुर सिंह, अमित अवस्थी, मो0 तालिब, सा0यू0सा0 के जिला सचिव करन सिंह, उमेश कुमार, जफरउद्दीन आदि को भी हिरासत में लिया गया और सभी को मिसबाहउद्दीन के आवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। दूसरी ओर भाकियू राष्ट्रीयतावादी के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत अर्कवंशी के अलावा विष्णु कुमार सिंह, शरीफ अली, अरविंद सिंह आदि के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की गयी है कि एमएसपी को कानूनी दर्जा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू करना, किसान आयोग का गठन, कृषि में खर्च होंने वाली विद्युत की निःशुल्क सप्लाई तथा 60 वर्ष का होने पर किसानों को पेंशन की मांग शामिल है। इसके अलावा भाकियू सवित्री गुट ने भी विरोध प्रदर्शन करते हुए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा इस प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष रफीक लंबू, सुजात अली, फैसल अंसारी समेत तमाम लोग शामिल थे।

● भाकियू ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

### कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेजा गया

**शाहजहांपुर।** सोमवार को छठे दिन भी कांग्रेस पार्टी का क्रमिक अनशन के दौरान राजीव भवन पर एकत्र हुए कांग्रेसी नेताओं ने कलेक्ट्रेट में ज्ञापन देने के लिए कलेक्ट्रेट कूच किया तो भनक लगते ही प्रशासन ने कांग्रेसी नेताओं को रोकने का प्रयास किया इस दौरान तीखी नोंक झोंक हुई पुलिस बल ने जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार गुप्ता सहित कांग्रेसी नेताओं को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेज दिया,देर शाम सभी को रिहा कर दिया गया। इस मौके पर कांग्रेसी के जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने कहा देश के अन्नदाताओं के संघर्ष में बढ़ चढ़ कर अपना सहयोग जारी रखेगी गिरफ्तारी देने वालों में मुख्य रूप से एआईसीसी सदस्य श्री शाहिद अनवर कुरैशी,अशफाक उल्ला खां, सेवादल अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी, महानगर अध्यक्ष तकवी म हसन, वरिष्ठ नेता कृष्ण विनोद मिश्रा, राजू कुरैशी, ईकवाल मंसूरी, अदीब अहमद, अमित गब्बर, राजेन्द्र पाल सहित सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे ।

# किसान बिल के विरोध में समाजवादियों का प्रदर्शन



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी ने जिले में किसान विरोधी बिल के विरोध में नहर कॉलोनी में धरना प्रदर्शन किया। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार जो किसानों के लिए किसान विरोधी बिल लेकर के आई है। वह बहुत ही खराब है। हम लोग इस बिल का विरोध करते हैं। प्रदेश में इस बिल को लागू नहीं होने दिया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर किसानों की लड़ाई लड़ी जा रही है आज पूरे प्रदेश में जेल भरो आंदोलन किया जा रहा है हम लोग जब तक आंदोलन करते रहेंगे जब तक यह तीनों किसान विरोधी बिल वापस नहीं लिए जाते। जिले का पूरा प्रशासन समाजवादियों को घर से पकड़ कर जेल भेज रही है। पूरे शहर को बैरीकेडिंग किया गया है। जगह-जगह पर पार्टी के कार्यकर्ताओं को रोका जा रहा है। उन्हें धरना स्थल पर नहीं आने दिया जा रहा है। यह सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख इंद्रसेन यादव, मो0 आजम खान, कृष्ण कुमार सिंह रुक्कू, परवेज आलम, कलीम शेख, मान सिंह यादव, अनिल यादव, अरुण यादव, सभासद जंग बहादुर सिंह मखलू, तनवीर नकवी, रीता प्रजापति, ब्लाक प्रमुख कुश वर्मा, रविंद्र यादव, पंकज यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, वीरेंद्र सिंह यादव, जसवीर सिंह रिंकू, गुड्डू पाल, जेपी यादव, प्रतियोग प्रताप सिंह यादव, राजन तिवारी आदि मौजूद रहे। उधर समाजवादी पार्टी के दिग्गज नेता एवं नगर पालिका परिषद के चेयरमैन प्रतिनिधि हाजी रजा मोहम्मद को पुलिस आज सुबह उनके आवास से उठा ले गयी। किसान आन्दोलन के पक्ष में रजा की सहभागिता रोकने के उद्देश्य से यह कार्यवाही की गयी। वहीं कई और लोंगो को भी उनके आवास या अन्य स्थानों से हिरासत में लिये जाने की खबर है।

# डीबीए के चुनाव में अध्यक्ष पद पर जगदीश व राकेश ने भरा पर्चा



**फतेहपुर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसो0 की नामांकन प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी संतोष कुमार दीक्षित, सहायक चुनाव अधिकारी चंद्रिका सिंह चौहान, हरिवंश कुमार, जगनायक सचान की देख रेख में शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद पर जगदीश सिंह चौहान व राकेश वर्मा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। वही महामंत्री पद पर आशीष गौड़ और अमित तिवारी ने नामांकन कराया तो उपाध्यक्ष पद पर छोटे लाल यादव, अजलाल अहमद ने अपना नामांकन दाखिल किया। पुस्तकालय सचिव पद पर सूर्यपाल दीक्षित, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर दिलीप कुमार मौर्य, संयुक्त सचिव प्रशासन पर धर्मेंद्र कुमार सिंह, वरिष्ठ सदस्य पद पर महेश कुमार द्विवेदी, कुंवर बहादुर सिंह, शैलेश कुमार मौर्य ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बताते चलें कि इस बार सर्व समाज से अध्यक्ष पद पर राकेश वर्मा और महामंत्री पद पर अमित तिवारी चुनाव मैदान में हैं तो वही आदर्श अधिवक्ता संगठन से अध्यक्ष पद पर जगदीश सिंह चौहान व महामंत्री पद पर आशीष गौड़ चुनाव मैदान में हैं। वही अभी 15 दिसंबर को भी नामांकन प्रक्रिया होनी है। जिस पर कई अन्य दावेदार चुनाव मैदान में उतर कर अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

● महामंत्री पद पर आशीष व अमित ने कराया नामांकन

# स्वच्छता सर्वेक्षण-2021ः नगर निगम ने गार्वेज फेस्ट का किया आयोजन

संवाददाता। शाहजहांपुर




**नगर निगम** ने स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के अन्तर्गत कचरा के निदान के लिए लोगो को जागरूक करने के लिए गार्वेज फेस्ट का आयोजन गाँधी भवन में किया । कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने फीता काटकर किया ।कार्यक्रम में कई स्कूलों के बच्चों ने स्टॉल लगाकर प्रदर्षनी में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला अधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने कहा स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में नगरनिगम को प्रथम स्थान पर लाने के लिए सभी लोगो को मिलकर प्रयास करना होंगे उन्होंने कहा नगर को साफएवं स्वच्छ बनाने के लिये प्लास्टिक का उपयोग न करे सभी लोग अपना कूड़ा अपनी जिम्मेदारी को समझकर कूड़ा का निस्तारण -5 आर के सिद्धान्त पर कार्य करे। इसके साथ ही अनुपयोगी सामानो को अन्य जरूरतमद व्यक्तियो को दे। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने कहा स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 में सक्रिय सहभागिता करते हुये सर्वेक्षण के दौरान पूँछे जाने वाले प्रष्नो के सकारात्मक उत्तर देते हुये नगर निगम,षाहजहॉपुर को प्रथम स्थान पर लाने के लिये अपील की गई। नगर आयुक्त ने कहा कि इस तरह के आयोजन जन-सामान्य की सुविधा को ध्यान में रखते हुये उनके क्षेत्रों में भी किये जायेगें, जिससे कूडे के ठोस प्रबन्धन के लिए सभी को अच्छे से जानकारी प्राप्त हो सके। नगर आयुक्त ने गार्वेज फेस्ट में प्रतिभाग करने वाली सभी संस्थाओ एवं उनके आयोजको के कार्यो की प्रषंसा की गई तथा प्रदर्षनी में आये हुये सभी व्यक्तियो का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में प्रतिभाग करने वाली संस्थाओ द्वारा जिलाधिकारी महोदय,पुलिस अधीक्षक एवं नगर आयुक्त महोदय को सम्मानित भी किया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक महोदय श्री एस आनन्द,अपर नगर आयुक्त एसके सिंह,उप नगर आयुक्त श्री आषुतोष कुमार दुबे, चीफएक्जीक्यूटिव ऑफीसर- कैन्ट श्री किरन एन संवेडकर, सहायक नगर आयुक्त श्रीमती रष्मि भारती,श्री अगंद गुप्ता,मुख्य अभियंता सिविल श्री दिनेष चन्द्र सचान, नगर स्वास्थ्य अधिकारी ओपी गौतम, नगर के व्यापार मण्डल पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति एवं समस्त सफाई एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में नवविवाहिता की मौत

**बरेली।** परीक्षा देने के बाद मोटरसाइकिल से घर वापस लौट रही एक नवविवाहिता को रास्ते में ही सड़क पर आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। टक्कर मारने वाले ट्रक का ड्राइवर मौका देखकर फरार हो गया।कासगंज के सुरपुरा निवासी 22 वर्षीय रेखा पत्नी अश्वनी की कल शाम बरेली में दिल्ली लखनऊ हाईवे पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतका के पति ने बताया कि उसका विवाह देखा से 6 माह पूर्व हुआ था और वह कल पत्नी रेखा के लिए सिद्धि विनायक इंस्टीट्यूट में आयोजित प्रतियोगी परीक्षा दिलाने के लिए ले गया था। जहां से वापस लौटते समय कुछ दूर चलने के बाद उसने मोटरसाइकिल सड़क किनारे रोक दी। और शौच के लिए जंगल में चला गया। पत्नी उसकी बाइक के पास ही खड़ी थी। इसी दौरान तेजी से आए ट्रक ने उसकी पत्नी को टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने टक्कर मारने वाले ट्रक का पीछा किया।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अल्पसंख्यक वर्ग की कन्याओं का हुआ निकाह

- हिंदू परिवार की कन्याओं ने लिये सात फेरे
- राज्यमंत्री, विधायक डीएम, एसपी, सीडीओ जिलाध्यक्ष आदि ने नवदंपतियों को दिया आर्शीवाद
- योजना गरीब के लिए वरदान, बेटियों के हुए हाथ पीले







संवाददाता। कानपुर देहात

**मुख्यमंत्री** की महत्वपूर्ण योजनाओं में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार को जिले भर में करीब 66 जोड़े विवाह बंधन में बंधकर एक.दूजे के हो गए। इसमें कई जोड़े मुस्लिम संप्रदाय के भी रहे जिनका निकाह पढ़वाया गया। इस मौके पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कई जनप्रतिनिगिण व प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे तथा वर.वधु को आशीर्वाद और उपहार दिया। सामूहिक रुप से दूल्हा तथा दुल्हन ने एक.दूसरे के गले में वर माला डाला। इसके बाद पंडितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विवाह कार्यक्रम को संपन्न कराया। अकबरपुर ईको पार्क में 21ए भोगनीपुर तहसील के अन्तर्गत वैंक्वेट हाल नगर पालिका परिषद पुखरायां 14ए डेरापुर गुढ़ादेवी श्याम बिहारी महाविद्यालय 10ए रसूलाबाद के स्नेहलता गुप्ता डिग्री कालेज 10ए सिकन्दरा जयसंतोषी माता मैरिज हॉल 11 जोडों का स्थानों पर इन सामूहिक विवाह के आयोजनों की धूम मची रही। इसी कडी में जहां 10 अल्पसंख्यक समुदाय व 56 हिन्दू जाति वर्ग के लोगों का विवाह विधि विधान मन्त्रोउच्चारण के मध्य सम्पन्न कराया गया। इसी कडी में अल्प संमुदाय के जोडों को निकाह कराते हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। माती मुख्यालय कलेक्टेब्र्ट के समीप ईको पार्क सामुदायिक भवन में 21 जोड़ों की सामूहिक शादी धार्मिक रीति.रिवाज से संपन्न हुई। हवन मंडप के सामने वर और कन्या ने एक दूसरे के गले में जयमाल डाला तथा अग्नि के फेरे लिए। इसमें एक मुस्लिम जोड़े का निकाह भी हुआ। शादी समारोह में पहुंचे राज्यमंत्री अजीत पाल सिंहए अकबरपुर रनियां विधायक प्रतिभा शुक्लाए जिलाध्यक्ष अविनाश सिंह चैहानए जिलाधिकारी डा0 दिनेश चन्द्रए पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरीए मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय आदि ने कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश जी की मूर्ति में पूर्जा अर्चन के साथ किया। इस मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह के अवसर पर राज्यमंत्री अजीत पाल सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि सरकार की इस तरह की योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गो को प्राप्त कराया जा रहा है। सरकार सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र के साथ बिना किसी भेदभाव इन योजनाओं का संचालन सुनिश्चित कर रही है। इस योजना के माध्यम से समाज के अन्तिम पायदान पर स्थिति व्यक्ति भी सम्मान पूर्ण ढंग से अपनी बेटी का विवाह कर रहा है। विधायक व जिलाध्यक्ष ने कहा कि यह योजना बहुत ही उपयोगी व जनकल्याण कारी हैएउन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने बेटियों के लिए अनेको योजनाएं संचालित की है तथा उन्होंने संकल्प लिया है कि किसी भी गरीब की बेटी की शादी धन के अभाव में नही रुकेगी। उन्होंने सभी के सुखमय जीवन की कामना करते हुये आशीर्वाद वचन दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विकास से सरकार द्वारा 51 हजार रूपये दिये जाते है जिसमें 35 हजार रुपये कन्या के खाते में भेजा जाता हैए 10 हजार रूपये में सामग्री दी जाती है तथा 6 हजार रूपये में खान पान की व्यवस्था की जाती है। उन्होंने कहा कि कोविड के चलते सभी लोग मास्क अवश्य लगाये तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य किया जाये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत जिन कन्याओं का अब तक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया है उनमे किसी प्रकार की कोई शिकायत नही आयी है। यह आयोजन लगातार सफ्लता के साथ आयोजित होता आया है और आज भी विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया गया। वहीं मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सरकार की मंशा है कि दहेज रूपी कुप्रथा समाप्त हो इसलिए सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से समाज में सामूहिकता का विकास होता है। साथ ही बिना किसी हीन भावना के समान रूप से एक साथ इतने सारे जोड़े विवाह बंधन में बंधते है। उन्होंने सभी नव दंपति को शुभकामना सहित सदा मंगलमय जीवन व्यतीत करने का आशीर्वाद भी दिया। वहीं उन्होंने मिशन शक्ति अभियान के तहत जानकारी दी तथा वर वधू को एक.एक पौध भी दिया गया तथा बनाये गये सेल्फी प्वाइंट में नवदंपतियों ने सेल्फी भी ली। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी अशोक कुमार, एएमए मणीन्द्र सिंह, अकबरपुर एसडीएम आनन्द कुमार सिंह, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राजीव राज, जिला क्रीडाधिकारी प्रदीप सिंह चैहान, कंचन मिश्रा जनप्रतिनिधिगण व अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

## ट्रैक्टर रोकने पर भाकियू ने लगाया जाम, जुलूस निकाल किया प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद।** किसान यूनियन नेताओं नें पुलिस द्वारा ट्रैक्टर रोंके जाने से खफा होकर जाम लगा दिया। जिसके बाद पुलिस के हाथ पैर फूल गये। बबाल बढ़ता देख पुलिस नें ट्रैक्टर ले जाने की अनुमति दे दी। उसके बाद किसान यूनियन नें जुलूस निकाल कर ज्ञापन सौपा। सरकार द्वारा बनाये गये किसान बिल के विरोध में जिले का अन्नदाता सड़कों पर है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत भारतीय किसान यूनियन (टिकैट गुट) के जिलाध्यक्ष अरविन्द राजपूत के नेतृत्व में किसान नेकपुर एसआरकोल्ड में एकत्रित हुए। जिसके बाद भाकियू डीजे साउंड को साथ लेकर कलेक्ट्रेट के लिए पैदल जुलूस लेकर रवाना हुए। इसके बाद उन्हें नेकपुर क्रासिंग तिराहे पर पुलिस नें उनके वाहन (ट्रैक्टर) आगे जाने से रोंक दिये। जिसके बाद भाकियू नेता आक्रोशित हो गये। उन्होंने नेकपुर क्रासिंग फ्तेहगढ़-फर्रुखाबाद मुख्य मार्ग पर सड़क पर बैठकर जाम लगा दिया। सड़क पर भाकियू नेताओं के बैठते ही मुख्य मार्ग जाम हो गया। जिसके बाद सीओ सिटी राजवीर सिंह नें उन्हें समझाकर शांत किया। इसके बाद उन्हें ट्रैक्टर ले जाने की अनुमति दी गयी। नेकपुर से कलेक्ट्रेट तक किसान यूनियन जुलूस लेकर पंहुची। कलेक्ट्रेट में भी भाकियू नेताओं नें जमकर हंगामा किया और सरकार के खिलाफ कड़ी वयानबाजी की।ज्ञापन लेनें के लिए सिटी मजिस्ट्रेट अशोक कुमार मौर्य को बुलाया गया। लेकिन भाकियू नेताओं नें उन्हें ज्ञापन देनें से मना कर दिया। इसके बाद जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौपा गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष प्रभाकान्त मिश्रा, हरिओम अग्निहोत्री, लक्ष्मी शंकर जोशी, गोपी शंकर, कुलदीप अवस्थी, मुकेश शर्मा संजीब कुमार आदि रहे।

## यमुना तट का सौंदर्यीकरण प्रारंभ

संवाददाता। औरैया

**एक** विचित्र पहल सेवा समिति रजिण्औरैया द्वारा स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विगत 8 फ्रवरी 2015 प्रथम चरण से अंत्येष्टि स्थलों पर साफसफईए पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण व जल संरक्षण अभियान चलाया जा रहा हैए समिति के संस्थापक आनन्द नाथ गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय कार्यक्रम स्वच्छता अभियान के अंतर्गत समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक रविवार को प्रात: 7 बजे से 9 बजे तक अंत्येष्टि स्थलों पर अनवरत सफाई अभियान चलाया जा रहा हैए जल संरक्षण के अंतर्गत समिति के सदस्यों द्वारा प्रत्येक अभियान में लगभग दो से तीन कुंटल अपशिष्ट कूड़ा करकट को आग द्वारा नष्ट कर यमुना नदी में जाने से रोका जा रहा हैए जिससे



करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र पवित्र यमुना जल प्रदूषण मुक्त रह सकेए समिति द्वारा 1 नवंबर 2020 तक 110 वें चरण तक लगभग 32 टन अपशिष्ट आग द्वारा नष्ट करके यमुना नदी में पहुंचने से रोका गया। समिति के संस्थापक ने बताया कि स्वच्छता अभियान के क्रम में पर्यावरण व जल संरक्षण के अंतर्गत यमुना तट पर स्थित अंत्येष्टि स्थलों पर समिति द्वारा सफाई अभियान अनवरत जारी रहेगाए समिति के संस्थापक ने बताया कि वहु. प्रतीक्षारत सदर विधायक निधि 15 लाख से यमुना तट पर प्रस्तावित निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ करा दिया गया हैए जिसके अंतर्गत यमुना तट पर गए लोगों की सुख सुविधा के लिए वाहनों की पार्किंग हेतु इंटरलॉकिंग सड़कए स्नान कुंडए स्नान चबूतराए क्षतिग्रस्त पुलियाए यमुना तट पर लोगों की प्यास बुझा रहे प्राकृतिक स्रोत से यमुना नदी तक लंबी नाली का निर्माण आदि कार्य प्रस्तावित हैए सदर विधायक रमेश दिवाकर ने जनहित को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित कार्यों को सोमवार को प्रात: 11 बजे हरी झंडी देकर राजकीय ठेकेदार भोले पांडे को यमुना तट पर निर्माण अथवा सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित कियाए भोले पांडे ने बताया कि यमुना तट पर निर्माण व सौंदर्यीकरण का कार्य अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। यमुना तट पर प्रमुख रूप से सभासद छैया त्रिपाठीए आनन्द गुप्ता ;डाबरद्धए सरदार गुरमीत सिंहए कपिल गुप्ताए शशि गुप्ताए अर्पित दुबे एडवोकेटए रानू पोरवाल, जूनियर शाखा अनमोल के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता, अभिषेक गोयल, शिवम गुप्ता आदि सदस्य मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### घाटमपुर में आज डीएम की अध्यक्षता में समाधान दिवस

**घाटमपुर।** करीब एक साल बाद आज मंगलवार को जिलाधिकारी आलोक तिवारी की अध्यक्षता में समाधान दिवस होगा। इसके लिये बीते दो दिनों से तहसील के अलावा दोनों बिकास खंण्डों तथा सीएचसी-पीएचसियों में पिछली शिकायतों के अलावा महीनों से फइलों में जमा धूल व कार्यालयों के सफई में संवन्धित कर्मी जुटे रहे है। मालुम हो कि बीते 22 मार्च के बाद कोरोना वायरस के चलते लागू लॉकडाउन के चलते समाधान दिवस स्थगित रहे थे ।

### रसोई गैस सिलेंडर में लगी आग बुझाते समय युवक झुलसा

**इटावा।** भरथना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बेटियापुर में रविवार की देर शाम उस समय चीख पुकार के साथ हाहाकार मच गया जब गांव के रवींद्र सिंह पुत्र बनबारी लाल के घर मे रसोई गैस सिलेंडर के रिसाव के कारण चाय बनाते समय भीषण आग लग गई। इस भीषण आग में घर की दीवारों पर रखा छप्पर सहित घर के अन्दर रखा ग्रहस्ती का सामान जल कर नष्ट हो गया। आग बुझाते समय ग्रहस्वामी रवींद्र सिंह का एक पुत्र नितिन कुमार 22 बर्ष के हाथ बुरी तरह झुलस गये है। घटना की जानकारी देते हुए अग्नि पीड़ित ग्रहस्वामी रवींद्र सिंह ने बताया कि देर शाम करीब साढ़े सात बजे उसके घर आई बेटी लाली देवी पत्नी खेतपाल रसोई गैस पर चाय बनाने का प्रयास कर रही थी इसी बीच गैस सिलेंडर से गैस रिसाव के कारण गैस सिलेंडर में भीषण आग लग गई। आग बुझाने के दौरान उसके बेटे नितिन कुमार के हाथ बुरी तरह झुलस गये और घर के छप्पर में रखा सारा सामान जलकर नष्ट हो गया। पीड़ित रवींद्र के अनुसार उसने बाजार से आकर अपने कपड़े छप्पर में टांग रखे थे। कपड़ो की जेब मे दस हजार रुपये रखे हुए थे अग्नि काण्ड में उसके कपड़ो समेत दस हजार रुपये भी आग की भेंट चढ़ गये। ग्रामीणों के सहयोग से किसी तरह गैस सिलेंडर समेत घर की आग पर बमुश्किल काबू तो पालिया गया लेकिन गृहस्थी का सारा सामान जल कर पूरी तरह नष्ट हो गया।

### पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सचिन सिंह यादव हाउस अरेस्ट

**फर्रुखाबाद।** पूर्व लोकसभा प्रत्याशी सचिन सिंह यादव को पुलिस ने उनके नई बस्ती स्थित आवास पर हाउस अरेस्ट कर दिया है। वह समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहान पर मोदी सरकार द्वारा लागू किये गये किसान बिलों के विरोध में चल रहे देश व्यापी आन्दोलन के समर्थन में फतेहगढ़ जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन करने के लिये घर से जाने की तैयारी कर रहे थे।

### प्रसपा नेता प्रदीप यादव कोल्ड स्टोरेज पर नजरबन्द

**फर्रुखाबाद।** प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के आवाहान पर प्रसपा नेता एंव जिला पंचायत सदस्य प्रदीप यादव को उनके फ्तेहगढ़.कमालगंज रोड़ पर स्थित कोल्ड स्टोरेज पर स्थानीय पुलिस ने नजरबन्द कर दिया। बाद में श्री यादव ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन मौके पर ही सौंप दिया। केन्द्र में काबिज भाजपा सरकार द्वारा लागू किये गये किसान बिलों के विरोध में चल रहे देश व्यापी किसान आन्दोलन के समर्थन में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी ;लोहियाद्ध भी उतर आयी है। प्रसपा प्रमुख शिवपाल सिंह यादव के आवाहन पर प्रसपा नेता व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप यादव किसान आन्दोलन के समर्थन में जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने के लिये अपने पैतृक गॉव नदौरा से अपने कोन्ड स्टोरेज पर रात में ही आ गये थे। उनके कोल्ड स्टोरेज पर प्रसपा कार्यकर्ता एकत्रित होने लगे थे। धरना प्रदर्शन की तैयारियों की भनक लगते ही पुलिस ने श्री यादव को उनके कोल्ड स्टोरेज पर ही घेर लिया और वहीं पर श्री यादव ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन पुलिस को सौंप दिया। श्री यादव को जिले में प्रसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव का अति नजदीकी माना जाता है। इस दौरान प्रसपा के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### वीरपुर नादी में दो पक्ष भिड़े, ताबड़तोड़ हुई फायरिंग

**फर्रुखाबाद।** वीरपुर नादी गांव में जमीन खरीदने को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। लाठी डंड चले और ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इससे गांव में लोग जान बचाने के लिए इधर उधर भाग खड़े हुए। जान बचाने के लिए घरों के ग्रामीणों ने दरवाजे भी बंद कर लिए। घटना की जानकारी पर पुलिस मौके पर पहुंची। आरोपित भाग गए। इस गांव के निवासी एक ग्रामीण ने अपनी जमीन बिक्री करने का सौदा तय किया। इसी जमीन को एक दूसरा व्यक्ति भी खरीदना चाह रहा है। उसे जब इसका पता चला तो उसने जमीन खरीदने के लिए दिए गए रुपए वापस करने के लिए कहा। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहा सुनी हो गई। विवाद बढ़ा तो दोनों के समर्थक भी आमने सामने आ गए और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। अचानक ताबड़तोड़ फ्यरिंग शुरू हो गई। करीब 70 राउंड से अधिक फ्यरिंग होना बताया जा रहा है। झगड़े की खबर पर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो पक्षों में मारपीट हुई है। गोली नहीं चली है। जांच पड़ताल की जा रही है। इसमें कार्रवाई की जाएगी।

### घरेलू कलह में महिला आग से जली,हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद।** घरेलू कलह में एक महिला ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली। पति ने जैसे तैसे उसे बचाया और इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। महिला की हालत गंभीर बनी हुई है। गगनी निवासी महेंद्र की पत्नी शिवानी को दोपहर में आग से गंभीर रूप से झुलस जाने के कारण इलाज के लिए सीएचसी पर लाया गया। डॉक्टर ने इलाज किया और हालत गंभीर देखते हुए उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि पति से आए दिन झगड़ा होता है। इसी से तंग आकर उसने आग लगाई है। जानकारी पाकर झुलसी महिला शिवानी के परिजन भी आ गए। सीएचसी में ही मायके और ससुरालीजनों के बीच झगड़ा होने लगा। मारपीट भी हुई। बाद में कुछ लोगों ने समझाया। डॉक्टर ने बताया कि महिला की हालत गंभीर बनी हुई है।

### महिला हेल्प डेस्क का सांसद ने किया उद्घाटन

**ताखा।** प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बढ़ते महिला उत्पीड़न को सख्ती से रोकने के लिए उसराहार थाने में महिला हेल्प डेस्क का शुभारंभ अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ओमवीर सिंह की उपस्थिति में सांसद रामशंकर कठेरिया के कर कमलों द्वारा किया गया सांसद रामशंकर कठेरिया ने बताया कि हमारी प्रदेश सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बेहद चिंतित है और इसलिए महिला हेल्प डेस्क की योजना अमल में लाई गई है अब पीड़ित महिलाएं जो कि पुरुष अधिकारियों को अपनी बात खुलकर नहीं बता पाती थी वह सभी पीड़ित महिलाएं महिला अधिकारी को अपनी बात खुलकर बता पाएंगी और शिकायत दर्ज करा सकेगी ताकि उन्हें त्वरित न्याय मिल सके। इस मौके पर ओमवीर सिंह अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी भरथना चंद्रपाल सिंह थानाध्यक्ष ऊसराहार गगन कुमार गौड अजय धाकरे जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी इटावा जिला महामंत्री प्रशांत राव चौबे जिला कोषाध्यक्ष संजीव भदौरिया जिला मीडिया प्रभारी प्रशांत मिश्रा राहुल राज सिंह मंडल अध्यक्ष ताखा स्वदेश शर्मा निशांत मिश्रा सर्वेश शाक्य जितेंद्र धनगर कमलेश यादव मधु तोमर जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा विमला देवी मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा ताखा राधा चौहान उपाध्यक्ष महिला मोर्चा और सैकड़ों कार्यकर्ता थाना परिसर में मौजूद रहे।

## सफाई कर्मचारियों का तहसील परिसर में हंगामा

संवाददाता। जसवंतनगर



**पालिका सफाई** कर्मचारियों ने वेतनए पेंशन सहित अन्य लाभों के भुगतान आदि की अपनी मांगों को लेकर तहसील परिषर किया हंगामाए एसडीएम से मिलकर ईओ के खिलाफ कर्मियों ने जोरदार ढंग से प्रदर्शन कर अपनी मांगो को उठाया।

पालिका अधिशाषी अधिकारी और सफाई कर्मचारियों के बीच पिछले कई दिनों से चल रहे विवाद ने सोमवार को उग्र रूप धारण कर लिया। नगर पालिका सफाई कर्मियों ने हड़ताल की रूप रेखा तैयार कर सफाई कर्मियों ने मॉडर्न तहसील परिषर पर पहुंचे और हड़ताल की धमकी देकर ईओ के खिलाफ नारेबाजी कर दी। इस घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी ज्योत्स्ना बंधु ने मौके पर पहुंच कर आक्रोशित सफाई कर्मचारियों को सुना। कर्मचारियों का आरोप था कि उन्हें वेतनए पेंशनए रिटायर्ड धनराशि आदि अन्य लाभ योजनाओं का भुगतान नही किया गया समय से पहले रिटायर्ड किये जाने की भी बात की गई और सर्दी में बर्दी की कोई व्यवस्था नही हुई। इस सभी शिकायतें कर्मचारियों द्वारा ईओ से करते हैं तो बदले में ईओ पर गालीगलौज देने का भी आरोप लगाया। दर्जनों सफाई कर्मियों ने ईओ की भाषा शैली पर सवाल उठाए व शिकायत की। एसडीएम ने आक्रोशित कर्मियों को समझाने के बाद सभी शिकायतें दर्ज कर जांच व जल्द निस्तारण का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। एसडीएम ने कहा सभी की शिकायतें दर्ज की गई है। ईओ से बातकर जायज मांगे जल्द पूरी होगी और सभी समस्याओं को निपटाया जाएगा। आरोपों में दोषी पाए जाने पर कानूनी कार्यवाही होगी। इधर ईओ रामेंद्र सिंह ने बताया है कि कोरोना के कारण राज्यवित्त में कटौती व मई व जून में राज्यवित्त शून्य रहा और कोरोना काल की बजह से पालिका द्वारा बसूली भी नही हुई जिससे वित्तीय संसाधन समाप्त होने से पालिका से सम्बंधित कर्मचारियों को वेतन व रिटायर कर्मियों वेशन व अन्य लाभ का भुगतान न करने कर्मचारियों रोष भी है वह जल्द से जल्द सभी समस्याएं दूर कर दी जाएगी लेकिन इसके अलावा कुछ अवांछित व राजनीतिक लोगो द्वारा उनके खिलाफ भड़कया जा रहा है।

## समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, लिए गए हिरासत में

संवाददाता। इटावा



**दिल्ली** में जारी किसान आंदोलन का समर्थन करने के लिए समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल यादव कथा जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में समाजवादी के कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी कार्यालय पहुंचकर किसानों के समर्थन में पैदल मार्च निकालने के लिए जुलूस निकालने की तैयारी की जा रही थी। इस बात की जानकारी जैसे ही उच्च अधिकारियों को हुई तो उन्होंने पार्टी कार्यालय पर पहुंचकर उन्हें रोकने का प्रयास किया। पार्टी कार्यालय से कचहरी परिषर पैदल जाने की जिद को लेकर कार्यकर्ताओं और पुलिस में रस्साकशी होती दिखाई दी। जहां पुलिस के जवान उन्हें कचहरी परिसर तक जाने के लिए रोक रहे थे तो वहीं के सपा के कार्यकर्ता कचहरी पहुंचने के लिए आतुर दिखाई दिए। जिस बात की जानकारी पुलिस द्वारा उच्च अधिकारियों को दी गई मौके पर पहंची पुलिस से जद्दोजहद हुई। क्षेत्राधिकारी उप जिलाधिकारी तथा सिटी मजिस्ट्रेट ने कार्यकर्ताओं तथा जिला अध्यक्ष से वार्तालाप की और उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस लाइन भेज दिया गया। सपा कार्यकर्ताओं में गिरफ्तारी देने वालों में जिला अध्यक्ष गोपाल यादव जिला पंचायत अध्यक्ष अंशुल यादव पूर्व चेयरमैन संटू गुप्ता वीरभान उर्फ वीरू भदौरिया और हजारों की संख्या में पुरुष व महिला कार्यकर्ताओं ने गिरफ्तारी दी।

## शातिर चोरों ने धावा बोल पचास हजार नगदी सहित लाखों का माल किया पार

**कायमगंज-फर्रुखाबाद ।** एक के बाद एक चोरी जैसी घिनौनी एवं जघन्य घटनाओं को शातिर चोर व गुंडे अंजाम देते चले जा रहे हैं। किंतु फिर भी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की रखवाली पुलिस न जाने क्यों हाथ पर हाथ धरे बैठी है । क्षेत्र में पहले भी कई जगह चोर चोरियां कर चुके हैं । शायद किसी भी चोरी का अब तक खुलासा नहीं हो सका है । इसीलिए चोरों के हौसले अब बुलंद होते जा रहे हैं । आज बीती रात फिर एक चोरी की घटना सामने आई। जिसमें चोर ने घर आए महिला मेहमान तक को नहीं बख्शाए घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली कायमगंज क्षेत्र के गांव रुटौल निवासी हरी मोहन पुत्र रामकिशोर यादव के घर में चोर घुस आए । हरीमोहन व परिवार की एक महिला अपने कमरे में सो रहे थे। बाकी सभी सदस्य मोहल्ले में हो रहे एक धार्मिक आयोजन में शामिल होने गए थे। जिसका फायदा उठाकर चोरों ने उस कमरे की बाहर से कुंडी लगा दी। जिसमें हरीमोहन सो रहे थे। इसके बाद आवास के दूसरे कमरे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और बक्से अलमारी खंगालते हुए। उसमें रखे 50हजार नगद तथा सोने का एक हार एपांच नग अंगूठी एएक सोने की चेन ,एक जोड़ी कुंडल ,एक मंगलसूत्र जिनका कुल वजन लगभग 10 तोला सोना से भी कुछ ज्यादा ही था। इसके अतिरिक्त 1 जोड़ी चांदी की तोड़िया एवं साड़ी व अन्य कपड़े चुरा लिए । अपनी करतूतों को अंजाम देने के बाद चोरों ने गृह स्वामी के मुख्य दरवाजे के सामने वाले कमरे में प्रवेश कर गली की ओर बाले गेट की कुंडी खोल कर बाहर निकल गए। निडर शातिरों ने घटनास्थल से चंद कदमों की दूरी पर चुराए गए कुछ कपड़े तथा खंगालने के बाद बैग एवं पर्स डाल दिए । जबकि एक पर्स छोटे झोला नुमा को साथ ले गए । समझा जाता है कि चोरों ने इसी थैले में चुराई गए कपड़े तथा नगदी एवं जेवरात रख लिए होंगे । जिसे वह अपने साथ ले गए।

## सपा नेताओं के यहां पुलिस का पहरा, चंद मिनटों में दिया ज्ञापन

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**किसानों** के समर्थन में धरना प्रदर्शन की तैयारी में लगे कई सपा नेताओं को पुलिस नें उसके घर में ही नजरबंद कर दिया। किसान आंदोलन के समर्थन में सड़क पर उतरने से पहले ही कई सपा नेताओं के यहां पुलिस ने सोमवार सुबह से ही डेरा डाल दिया है। उन्हें प्रदर्शन के लिए नहीं निकलने दिया।सपा नेता जब तक अपने-अपने घरों से निकल पाते, उससे पहले ही पुलिस ने उनके यहां डेरा डाल दिया है। जिससे वह धरना स्थल नही पंहुच सके। पुलिस नें धरना देंने पंहुचे सपा नेताओं का ज्ञापन लेकर उनेह चलता कर दिया। सपा नेता सचिन यादव अपने समर्थकों के साथ घर के पिछले दरवाजे से निकले। जिसकी भनक पुलिस को लग गयी। पुलिस नें उन्हें वहीं रोंक लिया। इसके बाद पुलिस नें उन्हें घर में ही नजरबंद रखा। उनके साथ यशवीर आर्य, पूर्व सयुस जिलाध्यक्ष, जितेन्द्र यादव, बंटी यादव, देवरामपुर प्रधान राजन यादव आदि को उनके साथ ही नजर बंद किया। महेंद्र कटियार को उनके नेकपुर स्थित आवास पर नजरबंद किया गया। अल्पसंख्यक सभा के पूर्व प्रदेश सचिव सरदार तोषित प्रीत सिंह के आवास पर पुलिस नें उन्हें नजर बंद कर लिया। लेकिन वह धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट तिराहे पर डीआईओएस कार्यालय के सामनें पूर्व जिला महासचिव मंदीप यादव व पूर्व महानगर अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा गया। सपाईयों नें जमकर खरीखोटी सुनाई। पुलिस की सख्ती के चलते ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय तक देनें सपाई नही गये। बल्कि मौके पर ही ज्ञापन सौप दिया। सपाईयों नें कहा कि उन्होंने कहा कि सरकार किसानों का उत्पीड़न करने में लगी है। विपक्ष जब उनके हक की आवाज बुलंद करना चाहता है तो सरकार तानाशाही रवैया अपनाकर उसे दबा रही है। भाजपा सरकार किसानों की हितैषी नहीं है। नये कानून लगाकर सरकार ने चंद बड़े घरानों को लाभ पहुंचाने का काम किया है। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन हुसैन सिद्दीकी, पूर्व मंत्री सर्वेश अम्बेडकर, युनूस अंसारी, बंटी यादव, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव विवेक यादव, शशांक सक्सेना, राघव दत्त मिश्रा, नागेन्द्र शाक्य आदि नें ज्ञापन सौपा।

# दस लाख श्रद्धालुओं ने की कामदगिरि की परिक्रमा

## सोमवती अमावस्या

संवाददाता। चित्रकूट



भगवान कामतानाथ।

**भगवान श्रीराम** की तपोभूमि चित्रकूट में सोमवती अमावस्या के उपलक्ष्य पर देश भर से आये करीब दस लाख श्रद्धालुओं ने पतित पावनी माँ मन्दाकिनी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए भगवान श्री कामतानाथ के दर्शन -पूजन करने के पश्चात कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। मेले को लेकर यूपी - एमपी प्रशासन पूरी तरह एलर्ट रहा। एसपी अंकित मित्तल ने स्वयं परिक्रमा लगा कर मेला व्यवस्था का गहनता से जायजा लिया। विश्व के आदि तीर्थों में सुमार भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट में कोरोना अनलॉक के बाद दीपावली के बाद सोमवती अमावस्या का पहला बड़ा मेला पड़ा है। इस पावन अवसर पर देश भर से लाखो श्रद्धालुओ के आगमन की संभावनाओं के चलते यूपी -एमपी प्रशासन पहले से ही चौकन्ना हो गया था। डीएम व पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल ने अधिकारियों के साथ बैठक कर मेला परिक्षेत्र को जोन और सेक्टर में बाँट कर मजिस्ट्रेटों की तैनाती कर दी थी।

चित्रकूट का प्रमुख मेला होने की वजह से रविवार की शाम से ही श्रद्धालुओ का आगमन शुरू हो गया था। सोमवार की तड़के से ही माता सती अनुसुईया के तपोबल से प्रकटी पतित पावनी माँ मन्दाकिनी नदी में आस्था की डुबकी लगाने के बाद श्रद्धालुओ ने मनोकामनाओ की पूर्ति के लिए जय श्री राम ,जय कामतानाथ भगवान के जयकारा लगाते हुए कामदगिरि पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाई। कामदगिरि प्रमुख द्वार के महंत मदन गोपाल दास महाराज ने सोमवती अमावस्या का महत्व बताते हुए कहा कि चित्रकूट विश्व का सर्वोत्तम पावन धाम है। इसी पवित्र तीर्थ में स्थित कामदगिरि पर्वत पर निवास कर भगवान श्रीराम ने वनवास काल का सर्वाधिक साढ़े 11 वर्ष का समय व्यतीत किया था। अमावस्या के दिन भगवान कामतानाथ के दर्शन पूजन पर पर्वत की पंचकोसीय परिक्रमा लगाने से लोगो के जीवन के समस्त कष्टों का नाश होता है। साथ ही जीवन में खुशहाली रूपी प्रकाश का फैलाव होता है। अमावस्या पर लाखो श्रद्धालु चित्रकूट पहुंचकर भगवान कामतानाथ के द्वार पर मत्था टेककर अपने जीवन को धन्य बनाते है।

# 16 को किसान सम्मेलन में विपक्ष की साजिश का करें पर्दाफाश: चंद्रप्रकाश खरे



भाजपा की बैठक में बोलते जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे।

**चित्रकूट।** भाजपा कानपुर बुन्देलखंड क्षेत्र के प्रथम कार्य समिति की बैठक की तैयारी बावत बैठक जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे की अध्यक्षता व क्षेत्रीय महामंत्री संतविलास शिवहरे के मुख्य आतिथ्य व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय की मौजूदगी में हुई। सोमवार को हुई बैठक में संतविलास शिवहरे ने कहा कि कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र की प्रथम कार्यसमिति की बैठक सफल बनाने को सभी कार्यकर्ता सक्रिय प्रयास करें। विपक्ष व विदेशी पूंजी पर शाहीन बाग की भाँति देश में अस्थिरता पैदा करने को जारी साजिश का पर्दाफाश करने को जनजागरण अभियान चलायें। जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने प्रयास से निरंतर दायित्वों का निर्वहन करते हुए बैठक को सफल बनायें। जहां कम वहां हम के नियम का पालन करते हुए अनुशासन का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए 16 दिसम्बर को होने वाले किसान सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा किसानों को लाकर विपक्ष की साजिश के प्रति किसानों को जागरूक करना है।

बैठक में राजेश जायसवाल, आलोक पाण्डेय, शैलेन्द्र जायसवाल, मनोज तिवारी, पंकज अग्रवाल, अंजू वर्मा, राजेश्वर द्विवेदी, बृजेश पाण्डेय, हरिओम करवरिया, पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश तिवारी, राज्यमंत्री चन्द्रिका उपाध्याय ने कार्यकर्ताओं से सक्रिय सहभागिता निभाने को कहा।

## क्विक न्यूज

### कुनेहटा में कई घरो में चोरी कर लाखों उड़ाए, दहशत

**मौदहा (हमीरपुर)।** थाना बिवार क्षेत्र के ग्राम कुनेहटा में अज्ञात चोरों ने देर रात पीछे से नकब कर नगदी व जेवरात सहित 10 लाख से ऊपर की चोरी को अंजाम दिया वही गांव के ही एक दूसरे परिवार को भी चोरों ने चोरी का शिकार बनाया और पांच हजार लेकर रफूचक्कर हो गए । गांव में देर रात जब मकान के सभी लोग सो रहे थे तभी भालेंद्र द्विवेदी के घर अज्ञात चोरों ने पीछे से नकब कर अंदर दाखिल हो गए और उनके यहां रखा हुआ जेवरात व 22हजार रुपये नगद सहित 10 लाख से ऊपर की कीमत का सामान लेकर चोर भाग गए घटना पर परिजन सदमे में है वही गांव के ब्रजकिशोर कुशवाहा के यहां भी चोरों ने हाथ साफकरते हुए पांच हजार लेकर रफूचक्कर हो गए घटना की तहरीर थाना बिवार में पीड़ित ने देकर कार्यवाही की मांग की है।

### कोतवाली से सटी तीन दुकानों में चोरी, चोर बेखौफ

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली से जुडी तीन दुकानों मे एक ही रात में हुई चोरियों के मामले में चोरों ने कोतवाली पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। लोगों ने एक नाबालिग चोर को पकड कर पुलिस के हवाले कर दिया है। कस्बे की कोतवाली से जुडी तीन दूकानों मे हुई चोरी के मामले में मोहम्मद इरफान, अकरम,मोहम्मद खालिक पुत्र मोहम्मद रफीक व शब्बीर ने पुलिस को बताया कि रविवार देर रात उनकी फल और सब्जी की दूकानें जो कोतवाली की बाउण्ड्री से जुडी हुई हैं मे देर रात अज्ञात चोरों ने चिल्लर पैसे जो तीनों दूकानों की मिलाकर दो हजार रुपये के लगभग थे के साथ ही फल चोरी कर लिए हैं। स्थानीय लोगों द्वारा एक नाबालिग चोर को पकड कर कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है।कोतवाली की बाउण्ड्री से जुडी दूकानों जहां पर कोतवाली के गेट और मुख्य चौराहे पर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं तो वहां पर चोरी कर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दे दी है।जबकि तीन दिन पहले भी कस्बे के मलींकुआं चौराहे पर भी सीसीटीवी कैमरे लगे होने के स्थान पर भी एक गुमटी मे चोरों ने हाथ साफकिया था। पुलिस अभी तक हाथ मल रही है।

### बालिका ने सल्फास खाकर कर जान दी

**मौदहा (हमीरपुर)।** ग्राम कम्हरिया में आज दोपहर एक बालिका ने अज्ञात कारणों सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली।कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम कम्हरिया निवासी शीलमा (18) वर्ष पुत्री छोटेलाल ने अज्ञात कारणों सोमवार की दोपहर अपने घर में रखी सल्फास की गोलियां निगल ली। हालत बिगड़ते देख उसके परिजनों ने उसे आनन-फानन सरकारी अस्पताल मौदहा मेंभर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देख उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन मौदहा अस्पताल से निकलते ही बालिका की मौत हो गई। मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका तीन भाई व तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी। कोतवाली पुलिस ने मृतका के शव को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### पुलिस ने तीन सौ ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**उरई (जालौन)।** पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह के निर्देशन में अपराधियों, वांछितो एवं मादक पदार्थ की बिक्री करने बालो के खिलाफचलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस को एक सफलता हाथ लगी। कोतवाली क्षेत्र में फेक्ट्री एरिया चौकी इंचार्ज ने तीन सौ ग्राम चरस के साथ पकड़ लिया जिसके खिलाफबैधानिक कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है। शहर कोतवाली के अंतर्गत फैक्ट्री चौकी इंचार्ज अशोक कुमार वर्मा ने दलगंजन चौराहा से बजरिया जाने बाले मार्ग पर चरस लेकर जाते हुए एक युवक को पकड़ लिया।पकडे गये अभियुक्त का नाम मो. इश्हाक खाँ उर्फटीपू पुत्र स्व. ईसा मंसूरी निबासी मुहल्ला नीलबरी जेल के पीछे थाना कोतवाली उरई बनाया गया है।

### मतदाता पुनरीक्षण बूथों पर लगाया गया शिविर

**कोंच(जालौन)।** निर्वाचन आयोग के निर्देशन में चलाये जाने वाले मतदाता पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत कोंच- माधोगढ़ 219 व कोंच-उरई 221 विधानसभा क्षेत्र में नियुक्त बीएलओ ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत रविवार को प्रत्येक बूथ पर आयोजित शिविर में नये मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में बढ़ाने, त्रुटिपूर्ण नाम,पता,फोटो में संशोधन करने,विवाह के बाद मायके से ससुराल जाने वाली महिलाओं के नाम मतदाता सूची से पृथक करने के लिये आने वाले लोगो के फॉर्म भरकर जमा किये।वहीं अधिकारियों ने बूथों पर पहुंचकर बीएलओ की उपस्थिति जाँचते हुए व्यवस्थायें परखीं और आवश्यकतानुसार दिशा निर्देश दिये।

### महिला ने मारपीट करने का लगाया आरोप

**कोंच(जालौन)।** घर के ही सदस्यों पर महिला ने मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही करने की गुहार लगायी है।रजनी कुशवाहा पत्नी गोधनसिंह निवासी ग्राम लौना ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर बताया कि शनिवार की सुबह करीब साढे 8 बजे वह अपने घर के अंदर थी तभी उसके चचिया ससुर कलू और उनके बेटे संजू व रामू पारिवारिक बंटवारे को लेकर घर में आकर उससे विवाद करने लगे और गालियां देने लगे।

# गैरहाजिर मिले मंडी सचिव का वेतन रोकने का आदेश



डीएम।

**चित्रकूट।** डीएम शेषमणि पाण्डेय ने कर करेत्तर, राजस्व की समीक्षा बैठक कर आबकारी, विद्युत, सिंचाई, वाणिज्य, मंडी, बांट माफ स्टाम्प, चकबन्दी आदि बिन्दु की समीक्षा कर एसडीएम व तहसीलदारों को निर्देश दिये कि भूमि संबंधी मामलों का निस्तारण कराकर तालाबों से अतिक्रमण अभियान चलाकर हटायें। कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम शेषमणि पाण्डेय ने कहा कि 15 दिसम्बर से 15 फरवरी तक अविवादित व वरासत के कार्य शासन के निर्देश पर प्रतिदिन करें। एडीएम से कहा कि प्रचार-प्रसार कर वरासत के कार्यो को करायें। जिन अधिकारियों के दायरे से अधिक निस्तारण नहीं हुए उसमें प्रगति बढायें।

खेल के मैदान जो खाली कराये गये हैं उनमें अवैध कब्जा न होने पाये। भूमाफियाओं को चिन्हित कर अभियान चलाकर कार्यवाही करायें। अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करें। बैंक की आरसी वसूली पर तहसीलदारों से कहा कि इसे बढायें। नगर निकाय की राजस्व वसूली पर कहा कि हाऊस टैक्स बढायें तथा अन्य मदों के लक्ष्य को पूरा करें। मंडी सचिव के हाजिर न होने पर उनका वेतन रोकने की कार्यवाही के साथ विभागीय कार्यवाही को शासन को पत्र भेजने के निर्देश दिये। एडीएम जीपी सिंह समस्त तहसीलदार व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# गोल्डन कार्ड विहीन परिवारों के लिए अभियान आज से

## ● आशा कार्यकर्ताओं को मिलेगी 5 रुपए प्रति परिवार प्रोत्साहन राशि

**चित्रकूट।** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में गोल्डनकार्ड विहीन परिवारों का गोल्डनकार्ड बनाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 15 दिसम्बर से प्रारम्भ होगा और 31 दिसम्बर तक चलेगा। सोमवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि इसके लिए अपर मुख्य सचिव ने निर्देश दिए हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने पत्र भेजकर कहा है कि 15 दिसंबर से चलने वाले इस अभियान में जीरो गोल्डन कार्ड वाले परिवारों में ज्यादा से ज्यादा लोगों के कार्ड बनवाए जाएं। आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के नोडल डॉ इम्तियाज अहमद ने बताया कि 15 दिसम्बर से सभी आशा, संगिनी व एएनएम व आंगनबाड़ी अपने क्षेत्रों के सभी लाभार्थी परिवारों के किसी एक सदस्य का गोल्डनकार्ड नजदीक के जन सुविधा केंद्र या लोकवाणी केंद्र पर जाकर बनवाएगी। इस काम मे बीसीपीएम व बीपीएम ब्लॉक के चिकित्सा अधीक्षक व प्रभारी चिकित्साधिकारी के निर्देशन में काम करेंगे। जन सुविधा केंद्रों पर गोल्डनकार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी को प्रति गोल्डनकार्ड 30 रुपए का शुल्क देना होगा। परिवार के सभी सदस्यों का अलग अलग गोल्डनकार्ड बनेगा। जिस तरह मतदान के समय सभी लाभार्थियों का अपना एक मतदाता पहचान पत्र होता है, ठीक उसी तरह देश के किसी भी पंजीकृत अस्पताल में योजनांतर्गत उपचार के लिए सभी का एक अलग गोल्डनकार्ड होना अनिवार्य है। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत समाज के गरीब व वंचित तबकों को प्रति वर्ष प्रति परिवार पांच लाख रुपए की सीमा तक निशुल्क उपचार की सुविधा दी जा रही है। इसका लाभ जिले के साथ प्रदेश व देश के किसी भी पंजीकृत राजकीय व निजी चिकित्सालय में लिया जा सकता है।



जानकारी देते सीएमओ।

डीपीसी डॉ आर के जैसवाल बताया कि इस अभियान के दौरान बनाये गए गोल्डन कार्ड के लिए संबंधित आशा को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। गोल्डनकार्ड विहीन परिवार में कम से कम एक सदस्य का गोल्डन कार्ड बनवाने पर आशा को 5 रुपए प्रति परिवार की प्रोत्साहन राशि दे जाएगी। जबकि गोल्डनकार्ड विहीन परिवार में एक से अधिक सदस्यों का कार्ड बनवाने पर आशा को 10 रुपए प्रति परिवार की दर से प्रोत्साहन धनराशि दी जाएगी। बीसीपीएम संबंधित ब्लॉक में बनाये जा रहे गोल्डनकार्ड की प्रतिदिन की सूचना जिला स्तरीय अधिकारियों को देंगे। इस विशेष अभियान की अवधि में आशा कार्यकर्ता संबंधित गांव के गोल्डनकार्ड विहीन परिवारो में संपर्क कर उन्हें आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए नजदीक के जन सुविधा केंद्र पर ले जाकर उनका कार्ड बनवाने में सहयोग करेगी। डिस्ट्रिक्ट इनफार्मेशन सिस्टम मैनेजर अवधेश कुमार और डिस्ट्रिक्ट ग्रीवांस मैनेजर दीपक गौतम ने बताया कि जनपद में ग्रामीण क्षेत्रों के 39282 पात्र परिवारो के कार्ड बनाए जाने है। यह ऐसे परिवार हैं जिसमे किसी भी सदस्य का गोल्डनकार्ड अभी तक नहीं बना है। अभियान में अधिक से अधिक संख्या में लाभार्थी परिवारों के गोल्डनकार्ड बनवाए जायेगें।

# पुलिस की धक्कामुक्की में मची भगदड़, सपा नेता का पैर फ्रैक्चर

**हमीरपुर।** प्रांतीय आवाह्न पर आज सपा द्वारा तीन काले बिल के विरोध में मुख्यालय में प्रदर्शन कर रहे सैकड़ो सपाईयो के साथ पुलिस की जमकर धक्का मुक्की हुई जिसमे एक सपाई के नाले में गिर जाने से उसका पैर फ्रैक्चर हो गया, कई कार्यकर्ता घायल हो गये जिन्हे अस्पताल में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। किसान विरोधी विधेयक के विरुद्ध सपा नेता कलक्ट्रेट प्रदर्शन करने आ रहे थे तभी पुलिस ने उन्हे पुलिस परेड में नजरबंद कर दिया, कई सपाईयो ने वहा से निकलने का प्रयास किया। सपा नेता रईस अहमद के नाले में पैर गिर जाने से उनका पैर फैक्चर हो गया, सपाईयो का कहना है कि पुलिस की लाठी चार्ज से कई कार्यकर्ता घायल हो गये है। 77 सपाईयों को नजरबंद कर निजी मुचलके में रिहा कर दिया है। सपा जिलाध्यक्ष राजबहादुर पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष इदरीश खान, ज्ञान सिंह



चुटहिल सपानेता को अस्पताल ले जाते सपाई

यादव, अम्रबेश कुमारी, मनोज प्रजापति, सचिव मोहनबाबू समेत कई लोग शामिल हुये है। राठ, मुस्करा कुरारा मौदहा में भी सपाइयो ने किसान विधेयक के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार को कोसा वही आज भाकियू ने कलक्ट्रेट प्रांगण में धरना देकर भाजपा सरकार को कोसते हुये कहा कि देश में पहली सरकार है जो किसानों को आतंकवादी की संज्ञा दे रही है जब कि हकीकत यह है कि सत्ता में बैठे लोग ही आतंकवादी है। निरंजन सिंह राजपूत, सचिन, मोहित, रामदास, शंकरलाल मुन्नालाल संदीप, प्रताप जराखर, राकेश रामगोपाल बद्री प्रसाद आदि लोग मौजूद रहे सभी किसानों ने एडीएम को ज्ञापन सौपा। आप पार्टी के कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रशासन ने पूरे जिले में 13 दिसम्बर से दस जनवरी तक धारा 144 लागू कर दी है।

## साहब! ससुरालीजनों ने मारपीट कर घर से निकाला

**जालौन ( उरई )।** अतिरिक्त दहेज के रूप में 50 हजार रुपये की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खर्रा निवासी रीना पत्नी कल्लू ने पुलिस को बताया कि वर्ष 2016 में उसके पिता रामप्रकाश ने उसकी शादी औरैया जिले के फफूंद थाना क्षेत्र के दौलतपुर निवासी कल्लू के साथ की थी। ससुरालियों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में 50 हजार रुपये की मांग शुरू कर दी। उसके पिता की हैसयत इतनी नहीं है कि वह ससुरालियों की 50 हजार रुपये की मांग को पूरा कर सकते। उसकी शादी में ही पिता ने काफी कर्ज लिया था। जिसे वह अभी तक चुका रहे हैं। ऐसे में 50 हजार रुपये अतिरिक्त की व्यवस्था कैसे करते। जब उसने यह बात ससुरालियों को बताई तो उन्होंने मारपीट शुरू कर दी। कई बार नाते रिश्तेदारों के समझाने के बाद कुछ समय तक वह ठीक रहते। इसके बाद उनकी मांग फिर से शुरू हो जाती।

# छह माह बाद भी नहीं लगे सौ सोलर पंप सेट, डीएम ने जताई नाराजगी

**हमीरपुर।** जिले में छह माह बाद भी प्रस्तावित सौ सोलर पंप सेटों की स्थापना नही हुई है। लिहाजा किसान इस महत्वपूर्ण योजना से बंचित होता जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर की है। जानकारी के मुताबिक बुन्देलखंड मे विजली बचाने की गरज से शासन सोलर पंप सेटों व सौर पनचक्की व सोलर यंत्रो को किसानो के लिये मुहैया कराने के लिये प्रयास रत है हालाकि किसानों को तकनीकि जानकारी न देने के कारण सोलर संबंधी कोई भी उपकरण जिले में सफल नही हो पाया है। शासन ने छह माह पहले सौ सोलर पंप सेटो की स्थापना का लक्ष्य रखा था इसके लिये किसानों का चयन कर लिया गया था मगर आज तक एक भी पंप सेट की स्थापना नही की गयी है। जिससे यह योजना खटाई में पड़ गयी है, सोलर फोटो बोल्टैइक सिचाई पंप की आपूर्ति का ठेका रोटोमैक कंपनी ने लिया है कंपनी व कृषि विभाग के मध्य क्या जनसहमति अनुबंध (एमओयू) हुआ है। इसमें कृषि विभाग की लापरवाही भी सामने आयी है। पिछले दिनों हुई बैठक में जिलाधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुये कृषि उपनिदेशक से कहा है कि एमओयू के सभी कागजात उपलब्ध कराये और कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराये ताकि किसानों का भला हो सके। यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके पहले जो भी सौर उर्जा से संबंधित प्लांट स्थापित किये गये थे वहसभी फेल हो गये है और शासन का करोड़ो रुपये पानी में चला गया है। इस मामले में उपकृषि निदेशक जेएम श्रीवास्तव का कहना है कि कोरोना काल में कंपनी सोलर पंप सेट स्थापित नही कर पायी थी अब धीरे धीरे काम करना शुरु कर दिया है। मगर किसानों का कहना है कि कृषि विभाग इस तरह के कई महीनो से आश्वासन दे रहा है मगर उसका कही अता पता नही चल रहा है।

# सपाइयों ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**बाँदा।** सपाइयों ने किसान विरोधी बिल को लेकर प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा । कांग्रेसियों ने किसान विरोधी बिल की वापसी की मांग करते हुए सरकार पर निधान साधा व किसानों के हित की लड़ाई लड़ने के साथ आंदोलन की भी चेतावनी दी व सरकार की उखाड़ फेंकने को कहा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यछ अखिलेश यादव के आह्वान पर आज बाँदा जिला मुख्यालय के कलेक्टर परिसर व शहर के विभिन्न क्षेत्रों में आज किसान विरोधी बिल को लेकर सपाइयों ने प्रदर्सन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा । पुलिस ने प्रदर्सन कर रहे सपाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन पहुँचाया । सपाइयों ने कहा कि सरकार द्वारा जो बिल पास किया गया है वो किसानों के हित मे नही हैए हम समाजवादी के सभी साथी इस बिल का विरोध करते हैंए कहा कि राष्ट्रीय अध्यछ अखिलेश यादव के आह्वान पर आज पूरे प्रदेश में किसान विरोधी बिल के विरुद्ध प्रदर्सन किया जा रहा है । सपाइयों ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार बेरोजगारोए मजबूरोंए व्यापरियों पर ध्यान नही दे रही हैए इस सरकार में हर तपके के लोग परेसान हैंए जब हम जनता की हित को आवाज उठाते है तो सरकार हिंदू.मुस्लिम का मुद्दा उठाकर लोगो का लड़वाने का काम करती हैए अब जनता जाग चुकी हैए ऐसी सरकार को हम उखाड़ फेंकने का काम करेंगे ।

# ई- रिक्शा पलटने से आधा दर्जन सवारियां हुईं घायल

**राठ( हमीरपुर )।** राठ-उरई मार्ग पर स्यावरी गांव के आगे एक ई-रिक्शा अनियांत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। रिक्शे में बैठी आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के स्यावरी गांव निवासी लाड़कुंवर पत्नी रतन सिंह, हेमेंद्र, पार्वती पत्नी मूलचंद्र, सोमवती पत्नी लखनलाल, जसोदा पत्नी ठाकुरदास, शीला पत्नी मूलचंद्र सोमवार की दोपहर ई-रिक्शा से उरई रोड स्थित लोधेश्वरधाम में एक शादी समारोह में पूड़ी बनाने के लिये जा रही थी। तभी उरई मार्ग स्थित गांव से कुछ दूरी पर सड़क में बड़ा गडढा आने पर रिक्शे का आगे का पहिया गडढ़े में चला जाने से वह अनियांत्रित होकर पलट गया। रिक्शा पलटने से उसमे सवार सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को इलाज के लिये सीएचसी ले जाया गया। डा.प्रभात शर्मा ने बताया कि महिलाओं को मामूली चोटें आईं थी। जिनका इलाज कर छुटटी कर दी गई है।

## अस्पताल में गंदगी देख एसीएमओ ने जतायी नाराजगी

**राठ ( हमीरपुर )।** अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राठ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सीएचसी में गंदगी देख नाराजगी व्याप्त की। सोमवार को एसीएमओ डा.महेशचंद्र ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान एसीएमओ ने उपस्थिति रजिस्टर, दवा स्टॉक रजिस्टर सहित इमरजेंसी कक्ष, ओपीडी कक्ष और मेटरनिंटी विंग का निरीक्षण किया। उन्होंने दो स्वास्थ्य कर्मियों के अनुपस्थित रहने पर फार्मासिस्ट विवेक कुमार गुप्ता से पूछताछ की। इसके बाद महिला अस्पताल में प्रसूता महिलाओं के बेड पर चादर व वहां साफ सफाई न होने पर नाराजगी जताई। एसीएमओ ने बताया कि सीएचसी में जो असुविधाएं वह जल्द दुरूस्त की जायेगी। इस दौरान शव वाहन के चालक के सेवानिवृत्त हो जाने पर उन्होने दूसरे चालक को जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश दिये।

## आर्थिक विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका:डा. नईम

**उरई ( जालौन )।** किसी भी राष्ट्र के सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा के अभाव में विकास की कल्पना नहीं की जा सकती होती है। अनुरागिनी संस्था द्वारा बरकातिया मेमोरियल स्कूल गणेशगंज में अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित अल्पसंख्यक महिलाओं के नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के पांचवे दिन बुंदेलखंड विश्व विद्यालय झांसी के समाज कार्य विभाग के संयोजक डॉ. नईम ने व्यक्त किए। शिक्षा का अधिकार प्रत्येक नागरिक का मानवीय अधिकार है। मुस्लिम महिला भी तो मानव है, फिर मुस्लिम महिला को इस शिक्षा के अधिकार से वंचित कर उनके साथ भेदभाव क्यों किया जाता है। पुरूष प्रधान समाज में मुस्लिम लड़कियां को शिक्षा से वंचित करने के कई कारण है। लड़कियों को विद्यालय न भेजना, बेटियां को पराया धन के रूप में मान्यता, लड़कियो को विद्यालय न भेजने की जगह उनसे घरेलू कामकाज करवाना, आर्थिक तंगी, परम्परागत पिछड़ी सोच व रूढ़िवादिता, शिक्षित लड़के न मिल पाने के कारण उनके विवाह में समस्या होती है।

# किसान आंदोलन के समर्थन में सिर मुंडवाए

**बाँदा।** मुख्यालय में बुंदेलखंड इंसाफ सेना के एक दर्जन प्रमुख आंदोलनकारी साथियों ने देश के किसान आंदोलन के समर्थन में सिर मुंडन करवाएं ! इसी बीच एण् एसण् नोमानी ने केंद्र की सरकार को ललकारते हुए कहा कि भाजपा के अनुसार पूरा देश बेवकूफहै सिर्फ और सिर्फएक भाजपा वाले ही समझदार हैंए इसलिए कि जनता की समझ में नोट बंदी के फायदे आज तक नहीं आएए व्यापारियों के समझ में जीएसण्टी नहीं आईए अल्पसंख्यक के समझ में सीएणएएण्नहीं आया !किसानों के समझ में नए कृषि कानून नहीं आ रहे हैं ए लॉकडाउन में भी भाजपा की सरकार में देश के करोड़ों मजदूर को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ! और मजे की बात तो यह है कि न ही इन सब से देश की इकोनॉमी बढ़ी है और न ही देश में भाईचारा !आज पिछले 7 साल से देश हमारा गर्त की ओर जा रहा हैए देश में बेरोजगारीए महंगाई एभूखमरीए सब चरम सीमा पर है !लगभग 20 दिनों से देश के किसान



टिकरी और सिंघु बॉर्डर पर एक.एक कर अब तक 11 किसान आंदोलनकारी दम तोड़ चुके हैंए किसी के पेट या सीने में दर्दए तो किसी के हादसे में जान गई हैए सर्दी में आसमान तले बैठे किसान लगातार बीमार पड़ रहे हैंए इसलिए बुंदेलखंड इंसाफसेना सरकार से मांग करती है कि किसानों के धरने पर मौतों का सिलसिला रुकना चाहिए इसके लिए जरूरी है कि किसान नेता और सरकार दोनों ही जल्द से जल्द गतिरोध से निकल कर समाधान की ओर बढ़ेए ताकि हमारा देश खुशहाली की ओर जा सकेए और किसी भी आंदोलनकारी किसान की मौत न हो सके।

# हाइवे पर जाम, प्रशासन ने बैरीकेडिग लगाकर आंदोलनकारियों को रोका

## ● भाकियू टिकैत ने जुलूस निकाल एसडीएम को सौपा ज्ञापन

संवाददाता। गुरसहायगंज (कन्नौज)

**भाकियू** टिकैत के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर तीनों कृषि कानूनों को वापस करने व एमएसपी पर कानून बनाने को लेकर देश में चल रहे किसानों के महा आंदोलन की श्रंखला में भारतीय किसान यूनियन टिकैत के द्वारा जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देने का आह्वान किया गया है।

सोमवार को भाकियू टिकैत जिलाध्यक्ष मो.शमीम सिद्दीकी के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारी जिला मुख्यालय के लिए रवाना हुए। जिस पर पहले तो प्रशासन ने काफिले को जिला कार्यालय पर ही रोकने का प्रयास किया। जिससे जीटी रोड पर वाहनों का लंबा जाम भी लग गया।



जुलूस निकालते व एसडीएम को ज्ञापन सौपते भाकियू पदाधिकारी।

पुलिस से झडप के बाद भाकियू कार्यकर्ताओं का हुजूम नगर के तिराहे पर पहुंचा तभी एसडीएम छिबरामऊ देवेश कुमार गुप्ता की मौजूदगी में कोतवाल राजा दिनेश सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ बैरिकेडिंग कर काफिले को जिला मुख्यालय जाने से रोका। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार भाकियू कार्यकर्ताओं को रोककर आंदोलन कुचलने का प्रयास कर रही है। लेकिन हमारा आंदोलन बिल बापसी तक जारी रहेगा।

जिलाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन छिबरामऊ एसडीएम को सौंपा। एसडीएम ने जनपद स्तर की समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर महिला जिलाध्यक्ष कुसुम चौहान, महेंद्र सिंह, सुधाकर दुबे, इरशाद अली, जिला कोषाध्यक्ष मारूफ खान, नगर अध्यक्ष मुईन अहमद, मतीन खान, जगमोहन त्रिपाठी, शेख जहीर, फरमान कुरैशी, जहीरूल खांन, दानिश खान, अकील फारूकी, प्रदीप कुमार, सचिन कुमार आदि मौजूद रहे।

# मार्च तक सभी तहसीलें होंगी सीएनजी फिलिंग स्टेशन से आच्छादित: रंगाराव

● आयुक्त की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक संपन्न

संवाददाता। गोंडा



**आयुक्त/अध्यक्ष** संभागीय परिवहन प्राधिकरण देवीपाटन मंडल एसवीएस रंगाराव की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्रधिकरण की बैठक आयुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। जिसमें आयुक्त ने उ0प्र0 मोटर नियमावली 1998 के नियम 1957 के अनुसार प्राधिकरण में प्रतिनिधानित शक्तियों के अंतर्गत किए गए कार्यों का अवलोकनोपरांत अनुमोदन पर विचार किया गया। इसके साथ ही टोरेंट गैस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ग्रीन गैस सीएनजी का जनपद गोंडा में एक फिलिंग स्टेशन खुलने के पश्चात यात्री वाहनों के परमिट जारी करने व उनके प्रतिस्थापन पर विचार विमर्श किया गया।

बैठक में टोरेंट गैस प्राइवेट लिमिटेड गैस की तरफ से अवगत कराया गया कि गोंडा जनपद में इस वित्तीय वर्ष में 06 सीएनजी फिलिंग सेंटर स्थापित किए जाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि आगामी मार्च 2021 तक जनपद गोंडा की सभी चारों तहसील सीएनजी फिलिंग सेंटर से आच्छादित हो जाएंगी। वर्तमान में जनपद में एक सीएनजी फिलिंग सेंटर चालू है तथा 02 फिलिंग सेंटर शीघ्र चालू होने की स्थिति में है। बैठक में अनुमन्य सीमा 3 माह से अधिक विलंब से स्टैज कैरिज परमिटों के नवीनीकरण हेतु प्रस्तुत किए गए आवेदन पत्रों, स्थाई स्टैज कैरिज परमिटों पर अनुमन्य समय के पश्चात विलंब से दूसरी बस प्रतिस्थापन हेतु प्रस्तुत प्रावधानों तथा अराष्ट्रीयकृत मार्ग में नये मार्गो को जोड़ने के प्रार्थना पत्रों पर भी विचार विमर्श किया गया।

वहीं अराष्ट्रीयकृत मार्ग बहराइच-महसी-रमपुरवा-खैरीघाट मूल मार्ग में रमपुरवा चौकी से चहलारी घाट तक 10 किमी का विस्तार किया गया । गोण्डा जनपद के शहरी क्षेत्रों में टैम्पो टैक्सी एवं ऑटो रिक्शा के सीएनजी वाहनों को ही नया परनिट जारी करने तथा 6 माह के अंदर पेट्रोल/डीजल चलित वाहनों को सीएनजी वाहनों से प्रतिस्थापन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाधिकारी गोंडा डॉ0 नितिन बंसल ने भी विचार-विमर्श के दौरान अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इस अवसर पर उप परिवहन आयुक्त अनिल कुमार मिश्र, संभागीय परिवहन अधिकारी सुरेंद्र कुमार व आरटीओ प्रवर्तन अजय यादव, आरएम प्रभाकर मिश्रा, अतुल कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## तहसील के बैरक निर्माण में शुरू हुआ अवरोध, वकील हुये आक्रोशित

संवाददाता। नवाबगंज उन्नाव

**हसनगंज** तहसील में बैरक के निर्माण को लेकर उप जिलाधिकारी द्वारा जूनियर अधिवक्ताओ के बस्ते हटाने की नोटिस भेजने का अधिवक्ता संघ ने विरोध किया। बार की बैठक अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वरिष्ठ उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में सम्पन्न हुयी। तहसील बार एसोसिएशन ने बैठक बुलाकर नोटिस को लेकर नाराजगी जाहिर की है।

आपको बताते चले 7 दिसम्बर को उपजिलाधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा ने नोटिस भेजकर दो दिन में सरकारी भूमि से बस्ता हटाने के निद्रेश दिए थे। नोटिस मिलने पर बार महामंत्री मुनेश्वर प्रसाद वर्मा ने अधिवक्ताओ गणो की राय मांगी। पूर्व बार अध्यक्ष एम पी दीक्षित ने जूनियर अधिवक्ताओ के समर्थन में उपजिलाधिकारी द्वारा नोटिस भेजने की निंदा की और संघर्स की बात कही। जिस पर सभी पूर्व व वर्तमान पदाधिकारियो ने खुलकर समर्थन किया। बैठक में मुख्य रूप से इल्डर कमेटी के चेयरमैन के एन शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष सजीवन सिंह, आशीष सिंह सेंगर, बी डी रावत, रामनरेश यादव, एम एस रिजवी, विजय सिंह, हरिकेश पाल, सहित आधा सैकड़ा अधिवक्ता मौजूद रहे।

### बोले जिम्मेदार

2016 में तहसील के लिये नई बैरक बनने हेतु प्रस्ताव आया था। जिस जगह का चयन किया गया हैं वहां कुछ वकीलों द्वारा सरकारी भूमि पर बस्ते बना लिए गये हैं। जिसे हटाने की नोटिस 4 दिन पूर्व की दी गई थी। जबकि उनसे यह कहा गया कि निर्माण होने के बाद कही समायोजित किया जायेगा इस पर वकीलों द्वारा वार्ता किये जाने की बात कही गई हैं।

**प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी हँसनगंज**

## क्विक न्यूज

### हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज से घर लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पूरे पासिन मजरे पंडित का पुरवा निवासी गोविंद व वीरेंद्र अपने पिता शिव कुमार के साथ एक ही बाइक से वापस घर आ रहे थे । जैसे ही हरीपुर के निकट पहुंचे शाहपुर की तरफसे आ रही एक बोलेरो ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वीरेंद्र व गोविंद गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी लालगंज ले जाया गया। जहां उनका इलाज कराया गया है। वीरेंद्र व गोविंद को गंभीर दशा में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### नशे में चूर दो नौजवानों ने वृद्ध को मारी टक्कर, गंभीर

**बछरावां रायबरेली।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मौरावा बछरावां रोड स्थित मदाखेडा गांव के पास उस वक्त हड़कंप मच गया जब दो युवकनशे मे चूर होकर किसी शादी समारोह से वापस अपने घर शेखपुर सामोधा जा रहा था तभी मदाखेडा चौराहे से चन्द दूरी पर सियाराम यादव खुद को गंभीर चोटें आई और हालत नाजुक बताई जा रही है मोटरसाइकिल चालक फरार बताया जा रहा है जो चालक का साथी था उसको भी गंभीर चोटें आई हैं मौके पर पहुंची डायल 112 ने आनन-फानन में 108 एंबुलेंस को सूचना दी मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने चोटिल मनोज पुत्र मेवालाल निवासी शेषपुर समोधा को लेकर सीएससी बछरावां पहुंची जहां पर इलाज जारी है मनोज ने बताया कि जो बाइक चला रहा था वह मौके से फरार हो गया है और वृद्ध सियाराम की भी हालत नाजुक बताई जा रही है इलाज चल रहा है थानाध्यक्ष राकेश ने बताया कि घटना की सूचना मिली है मौके पर पहुंची 112 ने एंबुलेंस बुलाकर चोटिल लोगों को इलाज के लिए भेजा है तहरीर मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष के आगमन को लेकर तैयारियां हुयी तेज

**लालगंज रायबरेली।** भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा के 16 दिसम्बर को रायबरेली प्रथम आगमन को लेकर तैयारियां जोरों पर चल रही है।कार्यक्रम की तैयारियों को देख रहे पूर्व जिलाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय मंत्री दिलीप यादव व वरिष्ठ भाजपा नेता अनुराग पाण्डेय ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी स्मृति फाउंडेसन पखवाडे भर कार्यक्रम करेगा,उसी के तहत मलिकमऊ स्थित गणपति उत्सव लान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसके मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष शेष नारायण मिश्रा होंगे।कार्यक्रम मे जहां अटलजी के कार्यों पर प्रकास डाला जायेगा वहीं समाजसेवा के क्षेत्र मे कार्य करने वाले महानुभावो का सम्मान भी किया जायेगा।कार्यक्रम 12 बजे दोपहर से प्रारम्भ होगा।

### संदिग्ध परिस्थितियों मे लगी आग, गाय झुलसी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत गांव पूरे महिपत मजरे सरायहरदो निवासी राजेश कुमार पुत्र बजरंगी मौर्य के घर के निकट झोपड़ी मे अज्ञात कारणो से आग लगने पर गाय व बछड़ा झुलस गया।जिसमे गाय व बछड़ा झुलसने पर पीड़ित ने गांव के चार लोगों पर आग लगाने का आरोप लगाया है।कोतवाली मे पीड़ित ने चारो के खिलाफनामजदगी तहरीर दिया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि जांच करके वैधानिक कार्यवाही किया जाएगा।

### सोमवारी आमवस्या पर हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**ऊंचाहार।** सोमवार के दिन सोमवंशी आमवस्या होने पर गोकना गंगा घाट पर हजारो श्रद्धालुओं के द्वारा आस्था की डुबकी लगाई गई। जिसमे मेला तट पर मेला तो नही लगा लेकिन स्नार्थियों का तांता लगा हुआ था जिसमे श्रद्धालु गंगा स्नान करने के बाद अपने अपने घरे के लिए गंतव्य होते रहे। जिसमे गोकना के साथ साथ तीरका पुरवा, बादशाहपुर, गोला, कोटराबहादुरगंज, कल्यानी आदि गंगा घाटो पर भी गंगा के स्नार्थियो का जमावड़ा था गंगा स्नान करने के बाद अपने अपने घरे की ओर रवाना होते रहे। जिससे कोविड-19 का अनुपालन भी जमकर स्नार्थियों ने किया है।

### कपड़े की दुकान में सेंध लगाकर हजारों की चोरी

**ऊंचाहार,रायबरेली।** रविवार की रात चोरों ने एक कपड़े की दुकान में नकब लगाकर हजारों का माल पार कर दिया है । मामला कोतवाली क्षेत्र के सवैया तिराहा का है । यहां पर सवैया मीरा गांव निवासी अनिल मौर्य की कपड़े की दुकान है। जिसको बीती रात चोरों ने अपना निशाना बनाया है। चोरों ने दुकान के पीछे की दीवार में नकब लगाकर दुकान से सारा सामान और नगदी को पार कर दिया । सोमवार की सुबह दुकानदार ने जब दुकान का सटर उठाया तो देखा सारा सामान बिखरा पडा था और दुकान के पीछे सेध कटी है।इसके पूर्व में भी सवैया तिराहा पर चोरी की कई बड़ी वारदातें हो चुकी है जिनका अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। ताजा घटना की तहरीर पीड़ित ने कोतवाली में दी है।

### बच्चों को विटामिन ए की खुराक देकर डीएम और एसपी ने अभियान का किया शुभारम्भ

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टी0के0 शिबु एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्या ने बाल स्वास्थ्य पोषण माह अभियान के तहत कलेक्ट्रेट मे बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने बताया की बाल स्वास्थ्य पोषण माह के अंतर्गत नौ माह से पांच वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को विटामिन.ए की खुराक पिलाई जाएगी। इसके साथ ही नौ से 12 माह एवं 16 से 24 माह के बच्चों को जेई एवं एम0आर0 के टीके भी लगाए जाएंगे। विटामिन ए की खुराक बच्चों को वर्ष में दो बार यह खुराक तब तक दी जाती रहेगी जब तक बच्चा पांच वर्ष का न हो जाए। इस अभियान मे बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाई जाएगी ने इस अभियान में एएनएम को लगाया गया है। ग्राम स्वास्थ्य पोषण केंद्र सहित सभी प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर को पोषण दिवस मनाया जाएगा। उन्होंने सभी का आवाहन करते हुए कहा कि इस दिन वे अपने नजदीकी केंद्र पर छोटे बच्चों के साथ जाकर दवा पिलवा कर उन्हें कुपोषित होने से बचाएं।

### कलेक्ट्रेट घेराव की तैयारी कर रहे सपा नेता गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** भिनगा. किसान आंदोलन के समर्थन में मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व समाजवादी पार्टी के द्वारा भारी संख्या में एकत्रित होकर कलेक्ट्रेट का घेराव करने की तैयारी कर रहे थे। जिसको लेकर पहले से ही सतर्क पुलिस ने इन सभी को गिरफ्तार कर कलेक्ट्रेट स्थित अस्थाई जेल में बन्द कर दिया। जहां पर सपाईयों ने सरकार विरोधी नारे लगाते हुए किसान विरोधी बिल को वापस लेने की मांग की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष सर्वजीत यादव ने कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों को बर्बाद करने के लिए तीन बिल लाए हैं जो पूरी तरह से गलत साबित हो रहे हैं। किसानों का अनाज बर्बाद हो रहा है लेकिन सरकारी धान क्रय केन्द्र पर धान नहीं बिक पा रहा है। धान खरीद के एवज में क्रय केंद्र प्रभारी किसानों से मोटी रकम वसूलते है जो देने से मना कर देता है उसका धान नही क्रय किया जाता है मजबूरन अन्नदाता ओने पौने दामों पर आढ़तियों को धान बेचने को मजबूर हैं। समाजवादी पार्टी इस कानून का पुरजोर विरोध करती रहेगी। सरकार चाहे हमे जेल में डाल दें हम इससे भी डरने वाले नही।

## स्वास्थ्य रक्षा सेवाओं की होगी वैश्विक पहुंच:किरण

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

**स्वास्थ्य** प्रणाली के विभिन्न क्षेत्रों से आने वाले प्रमुख साझीदारों की आवाज से प्रेरणा मिलेगी। इस कमीशन का काम भी शुरू हो गया। इसका लक्ष्य अगले दो वर्षों में इसकी खोजों और अनुशंसाओं की अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित करना है। द लैंसेट सिटिजंस कमीशन रिइमेजिनिंग इंडियाज हेल्थ सिस्टम के लांच के साथ अब यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज यूएचसी हासिल करने में मदद मिलेगी।

विश्व के अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय मेडिकल जर्नल द लैंसेट और द लक्ष्मी मित्तल एंड फैमिली साउथ एशिया इंस्टिट्यूट हारवार्ड यूनिवर्सिटी के साथ भागीदारी में गठित कमीशन का प्राथमिक मिशन होगा। प्रत्येक भारतीय के लिये गुणवत्तापूर्ण और किफायती स्वास्थ्य रक्षा सेवाओं तक वैश्विक पहुँच की गांरटी का मार्ग बनाना होगा। इस कमीशन का नेतृत्व चार विशिष्ट स्वास्थ्य एवं व्यवसाय नेतृत्वकर्ता को चेयर्स साथ में उल्लेखित करेंगे। जो शिक्षा जगत वैज्ञानिक समुदाय सिविल सोसायटी और निजी स्वास्थ्य रक्षा से तेरह विशेषज्ञों को एकजुट करेंगे। ताकि वह कमीशन में उनके साथ सेवा प्रदान करें। बायोकॉन की एक्जीक्यूटिव चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने कहा कि पहली परामर्शक और भागीदारीपूर्ण पहल है। जिसका लक्ष्य वैश्विक स्वास्थ्य समानता के माध्यम से सामाजिक आर्थिक समानता लाना है। यह देश भर के नागरिकों को शामिल करना और उन्हें भारत की स्वास्थ्य प्रणाली को बदलने के प्रयासों के केन्द्र में रखना और इस देश में वैश्विक स्वास्थ्य रक्षा को एक वास्तविकता बनाना है। शुरूआत कोविड 19 महामारी की छाया में हुई थी। जिसने ऐसी स्वास्थ्य प्रणाली की जरूरत पर प्रकाश डाला।

## जमुनहा तहसील के पूर्व महामंत्री के निधन पर अधिवक्ताओं में शोक की लहर

**श्रावस्ती।** जमुनहा तहसील के अधिवक्ता संघ के पूर्व महामंत्री दाताराम यादव का सोमवार रविवार की रात को आकस्मिक निधन हो गया उनके आकस्मिक निधन से अधिवक्ताओं में शोक की लहर छा गई और अपने साथी के आत्म शांति हेतु 5 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया कि उनके आत्मा को ईश्वर शांति दे जिनका अंतिम संस्कार उनके निवास स्थान मनिहार तारा पर किया गया है। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अजय कुमार पांडे अधिवक्ता संघ पूर्व अध्यक्ष कुलदीप वर्मा उपाध्यक्ष नरेंद्र दिनेश वर्मा दीपचंद वर्मा सिराज अहमद रामेंद्र यादव सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे। अध्यक्ष ने कहा कि हमने अपने अधिवक्ता दाताराम यादव को खो दिया है उसकी भरपाई नहीं हो पाएगी इन्होंने अपने जीवन काल में मेहनत और लगन से वकालत किया और हरदम सच्चाई का साथ दिया यह हमारे बीच जब तक रहे तब तक एक महत्वपूर्ण पद को निभा रहे थे और उन्होंने सभी अधिवक्ताओं से प्रेम व सद्भावना से अपना जीवन काल व्यतीत किया है इनको हमारा संघ सदैव भुला नहीं पायेगा।

## विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया गहन निरीक्षण



**श्रावस्ती।** जिला निर्वाचन अधिकारी. जिला मजिस्ट्रेट टी0 के0 शिबु ने कई बूथों पर चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की हकीकत को परखा।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01जनवरी 2021के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के लिए जारी विशेष विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के अंतर्गत आलेख्य प्रकाशन 17 नवम्बर 2020 से 15 दिसम्बर 2020 तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही है। इस अवधि की अन्तिम तिथि 13 दिसम्बर 2020 निर्धारित की गयी थी जिससे कोई भी अर्ह मतदाता का नाम मतदाता सूची से वंचित न रह जाय।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने विकास खण्ड सिरसिया के अंतर्गत बूथ क्रमश प्राथमिक विद्यालय परसोहना प्राथमिक विद्यालय चैलाही एवं प्राथमिक विद्यालय गुलरा सहित कई बूथों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा बी एल ओ को बेहतर ढंग से कार्य करके सही मतदाता सूची बनाने का निर्देश दिया।

## जिला अस्पताल में मानसिक विकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर आयोजित




**रायबरेली।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अब्दुल शाहिद के दिशा-निर्देशन में एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायबरेली के तत्वाधान मानसिक विकार विषय पर जिला अस्पताल, रायबरेली में विधिक साक्षरता एवं जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम के अन्तर्गत प्रावधानों के बाबत उपस्थित लोगों को उनके चिकित्सीय एवं विधिक अधिकारों के सम्बन्ध में विस्तार से बताया गया कि कैसे आप उक्त अधिनियम के अन्तर्गत अपने चिकित्सीय अधिकारों के प्रति जागरुक रहते हुए मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम का लाभ उठा सकते है। इस अवसर पर मेंटल हेल्थ एक्ट 2017 के सम्बन्ध में विस्तार से बताया एवं धारा 309 भा0द0सं0 के सम्बन्ध में अवगत कराया गया बताया गया कि यदि कोई मंदबुद्धि आत्महत्या का प्रयास करता है तो उसे आत्याधिक तनाव से ग्रस्त मानते हुए उसका अपराधीकरण नहीं किया जायगा अपितु उसे मानसिक रोगी मानते हुए उचित चिकित्सीय देख-रेख में रखा जाएगा। इस अवसर पर सीएमएस डा0 एनके श्रीवास्तव व मानसिक रोग विशेषज्ञ डा0 प्रदीप कुमार के अतिरिक्त पराविधिक स्वयं सेवक पवन कुमार श्रीवास्तव, जमुना प्रसाद, निहारिका शुक्ला, सुरेन्द्र पुनीत आदि उपस्थित रहे।

## बीएचयू वैदिक केन्द्र में दशोपनिषद का विमोचन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय वैदिक विज्ञान केन्द्र की छार्ता के पहल डिजिटल प्रिंटेड एल्बम 'दशोपनिषद्' लोकार्पण सोमवार को किया गया। इसे इंडियन बुक ऑफ़रिकार्ड्स में भी दर्ज किया गया है। वैदिक विज्ञान केन्द्र के एक वर्षीय पाठ्यक्रम सर्टीफिक्रेट कोर्स की छार्ता नेहा सिंह 'दशोपनिषद्' का पहला डिजिटल प्रिंटेड एल्बम बनाया है। नेहा सिंह को वैदिक विज्ञान केन्द्र के समन्वयक प्रो. उपेन्द्र कुमार त्रिपाठी, डा. सुनील मिश्र एवं पवन कुमार मिश्र ने सम्मानित किया। अधिवक्ता ने नेहा सिंह के बनाए चित्रकला युक्त 'दशोपनिषद्' एल्बम को इंडियन बुक ऑफ़रिकॉर्ड में दर्ज कराने का संस्तुति किया था। दशोपनिषद् के डिजिटल एल्बम का विमोचन वैदिक विज्ञान केंद्र में आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला के समापन अवसर पर किया गया।

## मजिस्ट्रीयल जांच सम्बन्धी साक्ष्य बयान 16 दिसम्बर तक दें

संवाददाता। रायबरेली

**जिला** मजिस्टेट वैभव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार उन्नव जिले के शुक्लागंज निवासी ऋषि नगर मोहल्ला के राजू तिवारी को भोजपुर चौकी प्रभारी द्वारा पिटाई के बाद तवे पर बैठाए जाने के सम्बन्ध में घटित घटना की मजिस्ट्रीरियल जांच अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष द्वारा की जा रही है। उक्त घटना के सम्बन्ध में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई साक्ष्यध्बयान अथवा कोई जानकारी देनी हो तो वह अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के कार्यालय में 16 दिसम्बर 2020 तक कार्यदिवस में प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे के मध्य उपस्थित होकर अपना साक्ष्य प्रस्तुत कर सकता है। यह जानकारी अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) राम अभिलाष ने दी है।

## महल वालों को मिल गया मकान गरीबों के लिए है खुला आसमान

**ऊंचाहार,रायबरेली।** प्रधानमंत्री आवास योजना में बड़ा खेल हुआ है। मुफलिसी में जीवन यापन करने वाले गरीबों की छत मुहैया कराने के सरकारी प्रयास धरातल पर अमीरों के हक में खड़ी नजर आ रही है । प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत आवास आवंटन में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आयी है । सारे नियमो को ताक पर रखकर न सिर्फमहल वालो को आवास दे दिए गए है अपितु ऐसे परिवारों को आवास दिया गया, जिनको पूर्व में तीन बार आवास का लाभ मिल चुका है।

ताजा मामला क्षेत्र की ग्राम पंचायत गंगौली का है। इस गांव में हाल ही में कुल 35 लोंगो को आवास आवंटित हुए है। जिनकी पहली किस्त भी लाभार्थी को मिल चुकी है। इस गांव के उमेश कुमार को प्रधानमंत्री आवास का लाभ बिना किसी पड़ताल किए दे दिया गया है । जबकि इससे पहले इनके पिता रामदास, इनके भाई खेमचंद्र व प्रेमचंद को आवास का लाभ मिल चुका है। मतलब एक ही परिवार को चार आवास मिल गए है। सिलसिला यहीं नहीं रुकता। गांव के रामदेव की पत्नी कृष्णावती और उनके बेटे सुनील कुमार को आवास आवंटित किया गया है। इस परिवार को दो आवास दे दिए गए है। इसी प्रकार गंज गांव निवासी भवानी दीन की पत्नी और उनके भाई अर्जुन को भी आवास दे दिया है। गंगौली गांव के रामू की पत्नी को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिया गया है। जबकि पूर्व में इनकी बहन और पिता को भी आवास मिल चुका है। आवास आवंटन में इससे भी बड़ा खेल हुआ है । गांव के पूर्व प्रधान और वर्तमान में कोटेदार अमृतलाल को भी गरीब बताकर आवास का लाभ दे दिया गया है। खास बात यह भी है कि गांव के दो ऐसे लोगो बदलू व राम बहादुर को आवास आवंटित किया गया, जो पूरी जिंदगी अविवाहित जीवन यापन किया है और अपने परिवार के भाइयों के संग रह रहे है।

इस गांव में आवास आवंटन में इस कदर अनदेखी की गई है कि करीब एक दर्जन ऐसे लोगो को आवास दिया गया है, जिनके पास पहले से ही महल बने हुए है। इसी गांव में दूसरा पहलू यह भी है कि करीब एक दर्जन अति गरीब परिवार है, जिनमें विकलांग भी है , उनके पास रहने को झोपड़ी भी मयस्सर नहीं है। ऐसे लोगो को आवास की पात्रता सूची से बाहर रखा गया है। इस बारे में खंड विकास अधिकारी विजयेन्द्र सिंह से संपर्क किया गया तो उन्होंने बैठक की व्यस्तता बताई और कोई भी जानकारी न होने की बात कही है।

## अनियंत्रित कार की टक्कर से घायल बालक की मौत



**खीरों, रायबरेली।** खीरों-गुरुबक्सगंज मार्ग पर स्थित गाँव नयापुरवा के पास सड़क पार कर रहे तीन वर्षीय अबोध बच्चे को अनियन्त्रित कार ने टक्कर मार दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद अनियन्त्रित कार सड़क के किनारे तालाब में चली गई। घायल बच्चे को परिवारजन व पड़ोसी इलाज के लिए सीएचसी खीरों लेकर पहुँचे। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में उसे जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई । नयापुरवा छेदानगर मजरे भीतरगाँव निवासी चेतन कुमार ने गुरुबक्सगंज थाने में तहरीर देकर बताया कि वह रविवार को निजी काम से लखनऊ गया था। घर में उसकी पत्नी बिट्टी देवी बेटा रचित कुमार, सौरभ और बेटी सभ्या थी। रविवार की शाम उसकी पत्नी बिट्टीदेवी छोटे बेटे ऋषभ (3) को साथ में लेकर खेत से मवेशियों का चारा लाने के लिए गई थी। देर शाम घर वापस लौटते समय जब उसका बेटा ऋषभ (3) सड़क पार कर रहा था। तभी खीरों की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार अनियन्त्रित कार के चालक ने लापरवाही के साथ कार चलाते हुए उसके बेटे को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ऋषभ गम्भीर रूप से घायल हो गया। ऋषभ की माँ बिट्टीदेवी ने पड़ोसियों की मदद से उसे सीएचसी खीरों पहुँचाया। जहाँ से नाजुक हालत में उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। वहां इलाज के दौरान देर रात ऋषभ ने दम तोड़ दिया। इधर टक्कर मारने के बाद अनियन्त्रित कार सड़क के बगल में एक तालाब में कूद गई। जब तक लोग ऋषभ की जान बचाने के प्रयास में लगे रहे इसी बीच मौका पाकर कार सवारों व चालक ने दूसरे वाहन में रस्सा बाँधकर कार को तालाब से बाहर निकाल लिया और मौके से भाग गए। पुलिस ने मृतक के पिता चेतन कुमार की तहरीर पर कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक गुरुबक्सगंज श्रीमती सन्तोष सिंह ने बताया कि मृतक के पिता की तहरीर के आधार पर अज्ञात कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शव का पीएम कराया जा रहा है। जाँच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क हादसे में नेत्र चिकित्सक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बछरावां विकासखंड के कसरावां ग्रामसभा के निवासी एम बी चौधरी की कल प्रयागराज जाते समय प्रयागराज से पहले लगभग दस किलोमीटर की दूरी पर सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे की सूचना परिवारी जनों को मिलने पर परिवार समेत पूरे गांव में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कसरावां ग्राम सभा निवासी एमबी चौधरी नेत्र चिकित्सक के पद पर प्रयागराज में तैनात थे। वह बछरावां में क्षेत्र की लोगों की नेत्र चिकित्सा के लिए गौरव ऑप्टिकल्स के नाम से केंद्र का संचालन भी करते थे। जिसमें आसपास के लोगों की नेत्र की चिकित्सा की सुविधा प्रदान करते थे। वह छुट्टी में अपने घर आए हुए थे। रविवार को वह प्रयागराज जा रहे थे। तभी चौपहिया वाहन सड़क दुर्घटना की चपेट में आ गया जिसमें उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही इस घटना की सूचना उनके परिवारी जनों को मिली तत्काल उनके परिवारी जन प्रयागराज पहुंच कर विधिक व पोस्टमार्टम की कार्यवाही पूर्ण करवाया। खबर लिखे जाने तक उनके पैतृक गांव कसरावां अंतिम क्रिया के लिए डेड बॉडी नहीं पहुंची थी।

## पुलिस प्रशासन की चौकसी से किसान आंदोलन असफल

**लालगंज, रायबरेली।** रायबरेली जा रहे किसानों को लालगंज से आगे बढ़ते ही पुलिस ने रोंक लिया। किसान भी वहीं धरने पर बैठे नारेबाजी करते रहे। मजदूर किसान सेवा समिति के बैनर तले डीएम को ज्ञापन सौंपने किसान रायबरेली जा रहे थे। लेकिन उन्हें पुलिस प्रशासन ने रास्ते में रोंक लिया। रेलकोच कारखाने के निकट स्थित पेट्राल पंप के बगल में सभी किसान पालीथिन बिछाकर वहीं बैठ गए और नारेबाजी करने लगे। किसान जिला मुख्यालय न जा पाने के चलते नाराजगी जताते रहे। उनका कहना था कि सरकार पुलिस व प्रशासन की मदद से किसानों का उत्पीड़न करने में जुटी है। उद्योग पतियों को लाभ पहुंचाने के लिए एक ओर तो मनमाने तरीके से किसान बिल पास कर दिया गया और अब लोकतंत्र में किसान अपनी बात न कहने पाएं इसके लिए उन्हें एक जगह एकत्र भी नही होने दिया जा रहा। गुस्साए किसान सरकार विरोधी नारेबाजी करते रहे। इस मौके पर मजदूर किसान सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष गंगा प्रसाद त्रिवेदी, संयोजक सुरेंद्र तिवारी, सहसंयोजक अनूप वाजपेई, प्रदेश महामंत्री अरूण सिंह, प्रचार मंत्री रोशनलाल तिवारी, जिला मीडियाप्रभारी संतोष मिश्र, प्रदेश कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्रतिवारी, महेश त्रिवेदी, पवन कुमार, शिवपूजन सिंह, विपिन शुक्ल, अजय,राजू सिंह आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपजिलाधिकारी जीतलाल सैनी,कोतवाल लालगंज अरूण कुमार सिंह, कस्बा इंचार्ज महेश यादव, सरेनी कोतवाल रवेंद्र सिंह, खीरों कोतवाल राजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 15 दिसंबर 2020



# एक जनवरी को 75 सौ कोरोना वारियर्स को लगेगा टीका

## अधिकारियों को दो दिन के भीतर माइक्रोप्लान प्रस्तुत करने के निर्देश

संवाददाता। बस्ती

**एक** जनवरी को जनपद के लगभग 7500 कोरोना वारियर्स को कोविड-19 वैक्सीन का टीका लगाया जाएगा। डीएम आशुतोष निरंजन ने यह जानकारी दी। कैम्प कार्यालय में आयोजित तैयारी बैठक में सीएमओ एवं अन्य विभागीय अधिकारियों को दो दिन के भीतर माइक्रोप्लान प्रस्तुत करने, टीकाकरण के लिए पर्याप्त केन्द्र निर्धारित करते हुए टीम गठित करने का निर्देश दिया। डीएम ने बताया कि वैक्सीन लगाने के लिए एक टीम में पांच कर्मचारी होंगे। डाक्यूमेंट सत्यापन के लिए दो कर्मचारी लगाए जाएंगे। टीकाकरण के लिए एएनएम की तैनाती की जाएगी। एक सुपरवाइजर, एक डाक्टर को टीकाकरण के लिए तैनात किया जाएगा। निर्देश दिया कि सभी 7500 हेल्थवर्कर को चिन्हित करते हुए उन्हें टीकाकरण केन्द्र एलाट किया जाए, ताकि प्रत्येक को यह मालूम रहे कि यह टीका कहां लगेगा। टीकाकरण केन्द्र पर टेन्ट लगाकर उनके बैठने, ठंडक को देखते हुए अलाव की व्यवस्था, पेयजल एंव टायलेट का समुचित प्रबन्ध किया जाय। टीकाकरण के लिए आने वाले प्रत्येक हेल्थवर्कर अपना पहचान पत्र की छायाप्रति अवश्य लाएं। प्रत्येक टीकाकरण केन्द्र पर शासन के निर्देशानुसार वैक्सीन के रख-रखाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। सभी वरिष्ठ अधिकारी प्रत्येक केन्द्र पर जाकर इसका सत्यापन करें, प्रमाण पत्र दें कि मानक के अनुसार सभी व्यवस्था की जा रही है। सीएमओ डा. एके गुप्ता ने बताया कि वर्तमान में 20 सरकारी तथा 18 निजी अस्पतालों को टीकाकरण केन्द्र बनाया जा रहा है। एक टीम द्वारा 50 लोगों को टीका लगाया जाएगा। 766 सरकारी तथा 330 निजी चिकित्सालयों के कर्मचारियों को टीकाकरण के लिए चिन्हित किया गया है। आवश्यकता पड़ने पर टीकाकरण केन्द्र एवं कर्मचारियों की संख्या बढायी जाएगी। सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका ने टीका लगने वाले सभी कर्मचारियों की सूची तैयार कर कोविड एप पर अपलोड कराए जाने, एक जनवरी को टीकाकरण हेतु इन्हें बुलावा पर्ची जारी करने का निदेश दिया।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को

**बस्ती।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का जो संषोधित कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जारी किया गया है, उसके अनुसार अब मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 22 जनवरी को होगा। 26 दिसंबर 20 तक डाफ्ट नामावलियों की कम्प्युटरीकृत पांडुलिपि तैयार होगा, 27 को प्रकाशन होगा, 28 से तीन जनवरी तक प्रकाशित नामावली का निरीक्षण होगा, इन्हीं दोनों तारीखों में दावा और आपत्तियों का निस्तारण होगा, एक जनवरी 21 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी दावे स्वीकार किए जाएगें, चार से 11जनवरी तक दावा और आपत्ति का निस्तारण होगा, 12 से 21 जनवरी तक आपत्ति और निस्तारण के बाद मतदाता सूची तैयार होगी, और 22 जनवरी 21 को जन सामान्य के लिए मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा।

# कुष्ठरोगियों, जेईएईएस और आपदा प्रभावितों को भी मिलेगा आवास

## इन तीन वर्गो के 108 कच्चा मकान के लाभार्थियों को मिलेगा मुख्यमंत्री आवास योजना

## प्रत्येक लाभार्थी को 1.20 लाख, 90 दिन की मजदूरी, शौचालय, गैस और बिजली होगा निशुल्क

संवाददाता। बस्ती

**प्रधानमंत्री** आवास योजना ग्रामीण के बाद सरकार अब मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत उन लाभार्थियों को भी आवास देने जा रही है, जो कुष्ठरोगी, जेईएईएस और ऐसे व्यक्ति जिनका मकान दैवी आपदा के दौरान तहस-नहस हो गया है। ऐसे लोगों के लिए सरकार ने 108 आवास देने का लक्ष्य दिया है। डीआरडीए के परियोजना निदेशक आरपी सिंह कहते हैं कि इस योजना चयनित लाभार्थी को तीन किष्तों में एक लाख 20 हजार, 90 दिन का मनरेगा में मजदूरी का लगभग 19 हजार, शौचालय का 12 हजार के अतिरिक्त घरेलू गैस और बिजली का निशुल्क कनेक्शन मिलेगा। इस योजना में 47 एससी और 61 अन्य जातियों के लिए आरक्षित किया गया है। ब्लॉकवार लक्ष्य निर्धारित कर दिया गया है।

रुधौली को 17, रामनगर को 12, परसुरामपुर को 11, बहादुरपुर में 10, साउंघाट, बस्ती सदर में नौ, कुदरहा एवं हर्रैया को आठ-आठ, बस्ती सदर एवं दुबौलिया को सात-सात, बनकटी एवं सल्टौआ को पांच-पांच, विक्रमजोत में चार और गौर एवं कप्तानगंज में तीन-तीन आवास आवंटित किए गए हैं। सरकार की योजना ग्रामीण और शहर के प्रत्येक उस व्यक्ति को पक्का आवास देने की है, जो हर आवासहीन है, और किसी तरह झोपड.पट्टी में रहकर मां, बहन और बेटियों के इज्जत को संभालकर रख रही है। अभी प्रधानमंत्री ग्रामीण और षहरी आवास योजना के तहत आवासहीन को छत दिया जारहा है। अब सरकार ने उन लोगों को भी आवास दे रही है, जो कुष्ठरोगी है, जेईएईएस और दैवी आपदा प्रभावित हो। इस योजना के तहत अब तक 51 लाभार्थियों के आवास को स्वीकृति भी दे दी गई। 104 का जीईओ टैग हो चुका है। 16 कुष्ठरोगी, 65 दैवी आपदा प्रभावित, पांच जेई और 22 एईएस प्रभावित को आवास मिलेगा।

### 5792 को नहीं मिलेगा पीएम आवास प्लस

**आनलाइन** डिलीशन के कारण प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस ग्रामीण में जिले का 5792 आवास का लक्ष्य कम हो गया है। अब 25405 को ही आवास मिलेगा। इसी तरह जनपद सिद्धार्थनगर में सबसे अधिक 20228 अपात्र पाए गए, इस तरह इस जिले का लक्ष्य घटकर 13271 ही रह गया। वहीं पर जनपद संतकबीरनगर में लक्ष्य घटने के बजाए बढ़ गया। यहां पर अब 16881 के स्थान पर 20895 को आवास मिलेगा, इस तरह 4014 का लक्ष्य बढ़ गया।

## पीएनबी ने बचत के लिए चलाया अभियान



संवाददाता। सेमरियावां (संतकबीरनगर)

**सोमवार** को विकास खण्ड सेमरियावां के नूरूल करीम मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बढ़यामाफी सेमरियावां में पंजाब नेशनल बैंक द्वारा ग्राम संपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान बैंक की विभिन्न योजनाओं तथा उनके लाभों के बारे में जानकारी दी गई। सेमरियावां ब्लाक क्षेत्र के नूरूल करीम मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज बढ़यामाफी सेमरियावां परिसर में पंजाब नेशनल बैंक सेमरियावां के तत्वाधान में ग्राम संपर्क अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान वरिष्ठ प्रबंधक धर्मशील हरिगोरा ने कहा कि आज के समय में अपने सुन्दर भविष्य के लिए अपनी आय का कुछ हिस्सा बचत करना बेहद जरूरी है। निरंतर बचत करने से एक अच्छी रकम पा सकते हैं।

# फरवरी के अंत में चुनाव की तैयारी!

## मुख्यमंत्री की चुनाव समीक्षा बैठक के बाद तैयारी करने का फरमान जारी

## विभाग में सरगर्मियां बढ़ी, लखनऊ से लेकर जिले तक के कामों में आई तेजी

**बस्ती।** कयास लगाया जा रहा था, कि मुख्यमंत्री की चुनाव समीक्षा के बाद चुनाव फरवरी में कराने पर कोई निर्णय हो जाएगा, हुआ भी वही, फरवरी के अंतिम में चुनाव कराने के संकेत दे दिए गए हैं, इसी को ध्यान में रखकर तैयारी करने का फरमान विभाग को जारी हो चुका है। हांलाकि अभी लिखित में कोई आदेष नहीं आया, बस मौखिक ही दिया गया है। इसका असर पंचस्थानी चुनाव कार्यालय में भी देखने को मिला। 'पायनियर' की ओर से फरवरी में चुनाव कराए जाने की खबर प्रकाषित हो चुकी है। फरवरी में चुनाव कराने के पीछे जो सबसे कड़ा कयास लगाया जा रहा है, वह है, चुनाव को अवसर में बदलना। पूरे देष में भाजपा के पक्ष में जो माहौल मन रहा है, उसे भाजपा कैष कराना चाहती है। चुनाव के बहाने पार्टी प्रदेष में अपनी बढ़ती ताकत को दिखाना चाहती है। इस चुनाव के बहाने पार्टी की मंषा विरोधियों का सफाया करने की भी है। अधिक से अधिक जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायतों पर कब्जा करने की है। चुनाव के जानकारों का कहना है कि अगर फरवरी तक चुनाव की पूरी तैयारी नहीं भी हुई तो पार्टी चुनाव ठीक उसी तरह कराना चाहेगी जिस तरह वर्ष 2005 में हुआ था। पहले यह कयास लगाया जा रहा था कि चुनाव अप्रैल और मई में हो सकता है, मगर मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के बाद एक तरह से तय हो गया कि चुनाव की प्रक्रिया फरवरी में षुरु हो सकता है। स्थानीय स्तर पर चुनाव की लगभग तैयारी पूरी हो चुकी है। मतदाता सूची के फीडिगं से लेकर बैलेट पेपर तक का काम लगभग पूरा हो चुका है। दो हजार में से एक हजार मतपेटी आ चुका है, 77 लाख मतपत्र आज दिल्ली से बस्ती पहुंचने वोला है। किताबें आनी बाकी है, बक्षा के रिपेरिगं का काम चल रहा है, दस हजार मतपेटियों के रिपेरिगं हो रही है।

**डुमरी में सबसे अधिक 533 फर्जी मतदाताओं का नाम कटा:** अगर सदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत खौरहवां के बीएलओ ने सबसे अधिक छह सौ फर्जी नामों को बढ़ाया तो रुधौली के ग्राम पंचायत डुमरी के बीएलओ ने सबसे अधिक फर्जी मतदाताओं के नामों को काटने में रिकार्ड बनाया। यहां पर 533 ऐसे फर्जी वोटरों का नाम काटा गया, जिन्होंने पिछले चुनाव में मतदान किया था। साउंघाट का मरवटिया दूसरा ग्राम पंचायत बना जहां पर 528 फर्जी वोट काटे गए। विक्रमजोत ब्लॉक का खानकला तीसरा सर्वाधिक फर्जी वोट काटने वाला पंचायत बना। यहां पर 525 फर्जी मतदाताओं का नाम काटा गया। सदर ब्लॉक के भैसहियां में 218, बनकटी के किथौरी में 324, दुबौलिया के लक्ष्मनपुर में 308, हर्रैया के सकरदहा में 197, खम्हरियागंगाराम में 355, कुदरहा के बैड़ारी मुस्तकहम में 363 एवं महुआपार कला में 378, सल्टौआ ब्लॉक के बेलवाडाड़ में 208 फर्जी मतदाता अप्रत्याषित रुप से बढ़ाए गए। उक्त सभी ग्राम पंचायतों में मतदाता जनसंख्या अनुपात मानक से बहुत अधिक है। 117 फीसद तक मतदाता बढ़ाए गए।

# किसानों की बात न मानी तो बड़ा आंदोलन करेगी सपा

## सैकड़ों सपाइयों को गिरफ्तार कर भेजा गया पुलिस लाइन



संवाददाता। सोनभद्र

**पूर्व** मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर जिला मुख्यालय पर किसान आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं तथा पदाधिकारियों के साथ शांतिपूर्ण धरना देने जा रहे थे लेकिन सैकड़ों सपाइयों को गिरफ्तार कर पुलिस लाइन भेज दिया गया समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय सोनभद्र को पुलिस प्रशासन ने छावनी में तब्दील कर दिया गया, पूर्व विधायक अविनाश कुशवाहा एवं वरिष्ठ नेताओं को उनके आवास पर ही नजरबंद कर दिया गया। जिसके बाद सपा नेता कार्यालय के बाहर जुलूस निकालकर धरना पर बैठ गए और धरना शुरू कर दिया धरना को संबोधित करते हुए समाजवादी पार्टी जिला अध्यक्ष विजय यादव ने कहा कि देश व प्रदेश में जब से भाजपा सरकार बनी है। भाजपा सरकार को शासन व किसान विरोधी नीतियों से देश व प्रदेश का किसान बेहाल और परेशान है भाजपा सरकार में किसानों की फसलों को आवारा पशु नष्ट कर रहे हैं नहरों और राजबाहों में समय से पानी नहीं मिलने से फसलें सूख रही है। भाजपा सरकार को हमारे देश के किसानों का शोषण करने से बचना चाहिए बाजार में गेहूं और धान का दाम कम जबकि गेहूं और धान के बीज का दाम ज्यादा है महंगाई से परेशान किसानों ने इससे किनारा कर लिया है उन्नत खेती की बात करने वाली भाजपा सरकार का यह अजीब हाल है धान क्रय केंद्रों पर घोर अव्यवस्था दिखाई पड़ रही है, इसमें भाजपा के नेता अपनी गुंडई दिखा करके अपना धान बेच रहे हैं। धान क्रय केंद्रों पर किसान कई कई दिन अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर है। देश व प्रदेश में भाजपा के नेता बिना नंबर लगाएं अपने धान की तौलाई मनमाने तरीके से करा ले रहे हैं, वे अपना भुगतान भी हाथों हाथ ले रहे हैं। पूर्व जिला पचांयत अध्यक्ष अनिल यादव ने कहा की भाजपा नेता किसानों के हितैषी बनने का झूठा नाटक कर कृषि का अंबानीकरण करना चाह रही है सरकार को किसानों की बातें माननी चाहिए उनकी आशंकाओं का निराकरण करने की जरूरत है किसानों के सैलाब के आगे कोई टिक नहीं पाएगा क्योंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है समाजवादी पार्टी ज्ञापन के माध्यम से यह मांग करती है कि किसानों के तीनों बिलों को तत्काल वापस लिया जाए नहीं तो समाजवादी पार्टी किसानों के समर्थन में बड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी समाजवादी पार्टी किसानों की मांगों का समर्थन करती है उसकी सहानुभूति किसानों के साथ है। गिरफ्तारी में मुख्य रुप से जिला महासचिव मोहम्मद सईद कुरैशी, अनिल कुमार यादव, राम प्यारे सिंह पटेल, रवि कुमार, परमेश्वर यादव आदि मौजूद रहे।

### धरना देने जा रहे सपाइयों को पुलिस ने पकड़ा

**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव के निर्देश पर सपाइयों द्वारा चलाई जा रही किसान पद यात्रा कार्यक्रम के तहत सोमवार को खलीलाबाद तहसील गेट के पास जिले के सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं का धरना-प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जैसे ही सभी सपाई एकत्रित हुए और धरना देने की तैयारी में थे कि पुलिस ने एक-एक सपाई को हिरासत में लेना शुरू करने लगे। पुलिस ने सभी सपाइयों को जबरन उठाकर हिरासत में लेते हुए पुलिस वाहन में बैठाया और उन्हें पुलिस लाइंस में ले जाया गया। धरना देने आए सपाइयों को पुलिस द्वारा हिरासत में ले लिया गया।

## विधायक ने उठाई टोल प्लाजा के अवैध वसूली के खिलाफ आवाज

**बस्ती।** रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने बस्ती के टोल प्लाजा पर मानक के विपरीत किए जा रहे अवैध वसूली को गंभीरता से लेते हुए डीएम से समुचित कार्रवाई का आग्रह किया है।

विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने बताया कि डीएम को भेजे पत्र में विधायक ने कहा है कि बस्ती जनपद में छावनी, मड़वानगर एवं कलवारी के खडौआ में स्थित है। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित चैनपुरवा ओवरब्रिज के दोनों तरफ पटेल चौराहे पर अस्थाई रूप से बैरिकेटिंग कर टोल कर्मियों द्वारा वाहनों से अवैध टैक्स की वसूली किया जा रहा है। यही नहीं बड़े वन स्थित टोल प्लाजा पर सिंगल कैश लेने ही चलाया जा रहा है जिससे आए दिन एक लेन पर अधिक वाहनों के आ जाने से लम्बी लाइन एवं जाम लग जाता है।

# विधायक ने सफाईकर्मियों की समस्याओं का कराया निदान

## कर्मचारियों ने सदर विधायक के समक्ष रखी अपनी पीड़ा

संवाददाता। संतकबीरनगर



**मृतक** आश्रितों की नियुक्ति एवं निलंबित सफाई कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष परमहंस गौतम की बहाली सहित अन्य मांगो को लेकर सोमवार को संघ के सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सदर विधायक और डीपीआरओ का घेराव किया। विधायक ने डीपीआरओ से मामले से बात की। इसके साथ ही उन्होंने पंचायतीराज विभाग के निदेशक से फोन पर बात करके समस्याओं के निस्तारण किए जाने को कहा। निदेशक द्वारा मृतक आश्रितों की नियुक्ति के संबंध में तत्काल कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया। वार्ता के बाद सदर विधायक दिग्विजय नारायण जय चौबे ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के कुछ बिन्दु थे, जिस वजह से कई दिनों से विरोध की स्थिति पैदा हो गई थी। कुल 11 सूत्री मांगों सफाईकर्मियों की थी। जिसमें दो प्रमुख मांग मृतक आश्रितों की नियुक्ति एवं संघ के जिलाध्यक्ष के निलंबन जो किन्ही कारणों से हो गया था। इन दोनों बिन्दुओं पर जिला पंचायत राज अधिकारी एवं इनके निदेशक से वार्ता हुई है। पंचायतीराज निदेशक द्वारा मृतक आश्रितों के संबंध में कार्रवाई करने की बात कही गई है। सप्ताह के अन्दर इन दोनों बिन्दुओं का निस्तारण हो जाएगा।

## ओठघनपुर कला को देखने आई राज्य की टीम

**बस्ती।** पूरे प्रदेश में चर्चा बना सदर ब्लॉक का अठघनपुर कला का सच जानने आए स्वच्छ भारत मिषन के राज्य सलाहकार माहिम कुमार ने गांव की साफ-सफाई और षौचालय को लेकर प्रधान राम तौल यादव के कार्यो की जमकर तारीफ की, और कहा कि इस तरह का गांव के होने से मिषन का मकसद सफल होता है। प्रधान ने इसके लिए सरकारी तंत्र और मीडिया को धन्यवाद दिया। विषेष रूप से 'पायनियर' के सहयोग की प्रशंसा की। इससे पहले राज्य सलाहकार ने विकास भवन के सभागार में चल रहे स्वच्च्छ सर्वेक्षण की समीक्षा की, आ रही कठिनाइयों को किस तरह दूर किया जाए तरीका बताया। बाद में उन्होंने सदर ब्लॉक के ओठघनपुर कला, बेलाड़ी और चिलवनिया में साफ-सफाई और शौचालय के कार्यो और गुणवत्ता को देखा। बाद में उन्होंने ओठघनपुर कला को सबसे अधिक बेहतर गांव बताया।

# गुरूपर्व पर डीएम ने वृद्धों को बांटे कम्बल



संवाददाता। संतकबीरनगर

**पूर्वांचल** सिख वेलफेयर सोसाइटी उप्र के तत्वावधान में हिंद की चादर शहीदों के सरताज श्री गुरु तेग बहादुर के 345 शहीदी पर्व पर संत कबीर नगर वृद्धाश्रम में अध्यक्ष सरदार जगबीर सिंह के संयोजन में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल द्वारा दीन-दुखियों को वृद्धाश्रम में कंबल वितरण किया गया और जिलाधिकारी और समाज कल्याण अधिकारी को सिरोपा भेट किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह और गुरुद्वारा साहब के ज्ञानी जोगिंदर सिंह बीवी बलवंत कौर ने शबद भजन सुना कर सबका मन मोह लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सम्मान के तौर पर सेवादारों को प्रमाण पत्र भी दिया गया। उन्होंने कहा कि निष्काम सेवा ही महान कार्य है। कार्यक्रम में समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, वृद्ध आश्रम के प्रबंधक काजल मिश्रा एवं रत्नाकर मिश्रा, नीरज सिंह, विष्णु मिश्र, मुरलीधर जायसवाल, बैजनाथ गुप्ता, निरंजन लोहिया, बलराम गुप्ता, परविंदर सिंह आदि उपस्थित रहे।

# सर्दी, खांसी व जुकाम को ना करें नजरअंदाज

## यह इन्फ्लूएंजा का हो सकता है संक्रमण

संवाददाता। सोनभद्र

**कई** दिन तक सर्दी, खांसी व जुकाम रहने पर लापरवाही ना बरतें, क्योंकि यह इन्फ्लूएंजा का संक्रमण भी हो सकता है । यह एक तरह का वायरस है जो स्वसन तंत्र को प्रभावित करता है। इसकी शुरुआत खांसी,जुकाम और हल्के बुखार के साथ होती है। इन्फ्लूएंजा वायरस नाक, आंख व मुंह के रास्ते शरीर में प्रवेश करता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एसके उपाध्याय ने बताया कि अक्सर सर्दी, खासी जैसे लक्षणों को लोग सामान्य समझ कर नजरअंदाज कर देते हैं, लेकिन सर्दियों के मौसम में अन्य संक्रमण के मुकाबले इन्फ्लूएंजा का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। यह बीमारी इनफ्लुएंजा वायरस से होती है जो सर्दियों में अधिक सक्रिय रहता है। कोविड-19 दौर में इस तरह की लापरवाही नुकसानदेह साबित हो सकती है।

**लक्षण**- बुखार तथा उल्टी आना, ठंड लगना और पसीना आना, सिर में दर्द होना सूखी खांसी आना कमजोरी और थकान महसूस होना, नाक बंद होना एवं गले में खराश, आंखों में दर्द होना और मांस पेशियों एवं जोड़ों में दर्द होना यह प्रमुख लक्षण है।

बचाव के उपाय- समय-समय पर हाथ को धोते रहना ,आंख नाक और मुंह को छूने से बचें , छींकते और खांसते समय रुमाल का इस्तेमाल करें, फ्लू के सीजन में भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाने से बचें।

वायरस स्वसनतंत्र नाक, गला और फेफड़ों में संक्रमण फैलाता है। हालांकि यह भी एक सामान्य फ्लू ही है इसके अधिकतर मामले एक से डेढ़ सप्ताह में अपने आप ही ठीक हो जाते हैं, लेकिन कभी-कभी इसके कारण होने वाली जटिलताएं परेशानी का सबब बन जाती है। उन्होंने बताया कि संक्रमित व्यक्ति को आराम और संतुलित आहार लेना चाहिए। तरल पदार्थों का सेवन संक्रमण ठीक करने में बहुत मददगार होता है। संक्रमण से 65 वर्ष से अधिक उम्र वाले तथा कमजोर इम्यूनिटी वाले और गंभीर बीमारियों से ग्रसित व्यक्ति को अधिक खतरा होता है। ऐसे में सर्दी ,जुकाम व खांसी होने पर कदापि लापरवाही ना बरतें।

### विटामिन ए की खुराक से तीन लाख से अधिक बच्चे होंगे लाभान्वित

#### बाल स्वास्थ्य पोषण अभियान शरू

**मीरजापुर।** कोरोना जैसी महामारी के बीच स्वास्थ्य विभाग ने विभाग स्तर से चल रहे योजना को शुरू कर दिया है। सोमवार को बाल स्वास्थ्य पोषण माह की शुरूआत नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र संगमोहाल में मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर पीडी गुप्ता ने बच्चे को खुराक देने से शुरू किया। मुख्य चिकित्साधिकार ने बताया कि विटामिन ए की खुराक जिले में 14 दिसम्बर से 15 जनवरी तक बच्चों को दिया जायेगा। इस बीच नौ माह से पांच वर्ष तक के तीन लाख से अधिक बच्चों को विटामिन ए की खुराक दिये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही जिले के 2000 आशाओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं समेत 534 एएनएम को भी इस कार्यक्रम में डोर-टू-डोर जागरूक करने के लिए लगाया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डाक्टर नीलेश श्रीवास्तव ने बताया कि यह अभियान स्वास्थ्य विभाग एवं बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार के सहयोग से जिले में 14 दिसम्बर से 15 जनवरी तक बाल स्वास्थ्य पोषण अभियान को चलाया जायेगा। इसके लिए जिले के नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रए 44 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों समेत 216 उपस्वास्थ्य केन्द्रों पर भी तैयारियां पूर्ण है।

पोषण माह के दौरान जिला चिकित्सालय समेत स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा। इस दौरान आने वाले नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को विटामिन ए की खुराक पिलाने का कार्य किया जायेगा। केन्द्र पर आने वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जायेगा। इसके अतिरिक्त जो बच्चे कुपोषित पाये जायेगे वे मण्डलीय चिकित्सालय स्थित एनआरसी सेन्टर पर उपचार के लिए भेजे जायेगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि पोषण माह के दौरान बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग विटामिन ए की खुराक को शत प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्ज करायेगा। इसके अलावा रोगों की रोकथाम करते हुए स्तनपान एवं उपरी आहार को बढ़ावा देने के साथ ही कुपोषण से बचाव के लिए लोगों को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जागरूक करने का काम किया जायेगा। टीकाकरण परामर्शदाता मायाशंकर का कहना है कि विटामिन ए की खुराक एक घुलनशील विटामिन है जो शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। ऐसे में नौ माह से पांच वर्ष तक के बच्चों को एक वर्ष में दो बार खुराक विभागीय स्तर से अभियान चलाकर दिया जाता है। इस खुराक को पीने से बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता में अत्यन्त वृद्धि होती है और बच्चा पूर्णत स्वस्थ्य रहता है।

# दूल्हे को देख शादी से दुल्हन ने कर दिया मना

संवाददाता। बीजपुर (सोनभद्र)

**बीजपुर** थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नेमना से एक बारात रविवार की शाम ग्राम सभा पिंडारी के टोला संचिराडाड गयी थी, जहां एक तरफ लड़की पक्ष के लोग बारात के स्वागत में लगे हुए थे वही दूसरी तरफशहनाई बज रही थी व महिलाएं मंगल गीत गा रही थी। द्वार पूजा का रस्म चल रहा था। इसी बीच दूल्हे और दुल्हन को स्टेज पर जयमाला रस्म के लिए लाया गया। माहौल उस वक्त बदल गया, जब दुल्हन ने दूल्हे को देखकर अपने हाथ का जयमाल तोड़कर फेंक दिया और कमरे में वापस चली गई। वह बारात में आए दूल्हे के साथ शादी करने से साफ इंकार कर दी। इस बाबत ग्राम प्रधान धीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि नेमना गांव से युवक की शादी पिंडारी गांव के टोला संचीराडाड निवासी एक व्यक्ति के के साथ पहले से तय हुई तिथि के अनुसार रविवार को बारात आयी हुई थी। जहां द्वार पूजा रस्म के समय ही लड़की ने वरमाला तोड़ कर फेंक दिया और शादी करने से साफमना कर दिया। पहले घराती और बाराती के बुजुर्ग लोग लड़की को काफी समझाने की कोशिश की, लेकिन दुल्हन अपने इरादे से जरा भी टस से मस नहीं हुई और एक स्वर में शादी से इनकार करती रही। इसी बीच किसी ने मामले की जानकारी बीजपुर पुलिस को दी। मौके पर पहुंची बीजपुर पुलिस और ग्राम प्रधान पिंडारी धीरेंद्र जायसवाल ने लड़की को काफी समझाने की कोशिश की लेकिन बात नही बनी और दुल्हन ने शादी करने से साफमना कर दिया। आखिरकार बारात रात्रि में ही वापस नेमना लौट आई।

पायनियर
लखनऊ, मंगलवार, 15 दिसंबर, 2020



## जिला विकास समन्वय व निगरानी समिति की बैठक 28 दिसम्बर को

**देवरिया।** मुख्य विकास अधिकारी शिवशरणप्पा जी एन ने बताया है कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ष्दिशाष् की बैठक आगामी 28 दिसम्बर को पूर्वान्ह् 11 बजे विकास भवन गांधी सभागार में निर्धारित है। उन्होने मा0 सदस्य गणों से बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है। साथ ही इससे जुडे संबंधित अधिकारियों को माह नवंबर की प्रगति रिपोर्ट के साथ बैठक में स्वयं अनिवार्य रुप से उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

## माह नवंबर की प्रगति समीक्षा बैठक कल

**देवरिया।** जिला विकास अधिकारी श्रीकृष्णा पाण्डेय ने बताया है कि आगामी 16 दिसम्बर को अपरान्ह् 2 बजे विकास भवन के गांधी सभागार में निर्माण कार्यो से संबंधित विकास प्राथमिकता कार्यक्रमों की माह नवंबर की प्रगति समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। इस बैठक में सभी कार्यदायी विभागों सहित जुडे विभागो के अधिकारियों को स्वयं उपस्थित रहने की अपेक्षा की गयी है।

## गाजीपुर का वारंटी पशु तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सकलडीहा,चन्दौली।** गाजीपुर जनपद का वांछित व वारंटी पशुतस्कर को कोतवाली पुलिस ने सोशल मिडिया की लोकेशन से गाजीपुर उसके आवास से रविवार को गिरफ्तार कर लिया। सोमवार को कागजी कार्रवाई पूरा करके न्यायालय से जेल भेज दिया। पुलिस की नयी तकनिकी से पशु तस्करों में खलबली मचा हुआ है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर लम्बे समय से वारंटी और वांछितों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है।

## बिहार का शातिर अपराधी पिस्टल और चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार

**चकिया शहाबगंज,चन्दौली ।** पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक शातिर अपराधी को एक पिस्टल 7.65 बोर व दो जिंदा कारतूस तथा एक चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में बताया गया कि अधिकारियों के द्वारा अपराध पर नियंत्रण एवं अपराधियों की धरपकड़ के लिए दिए गए निर्देश के क्रम में चलाए जा रहे वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस को या सफलता मिली है।

## हर्ष फायरिंग कर दहशत फैलाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**जौनपुर।** अपने लाइसेंसी शस्त्र से दहशत फैलाने के लिए फायर करने वाले अभियुक्त बृजेश सिह पुत्र शिवनाथ सिह निवासी ताजुद्दीनपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर को उसके लाइसेंसी पिस्टल 32 बोर तथा चार जिन्दा कारतूस 32 बोर के साथ पुलिस ने हिरासत पुलिस में लिया।

## कारतूस सहित गिरफ्तार

**जौनपुर।** अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान के क्रम में कार्यवाही करते हुए प्रभारी निरीक्षक दिग्विजय सिंह के नेतृत्व में चन्दवक पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मुर्खा नहर पुलिया के पास चन्दवक पुलिस टीम जौनपुर के सहयोग से चन्दवक अन्तर्गत ग्राम बोड़सर में एक शादी समारोह में अवैद्य असलहा लहराने संबंधी वायरल वीडियो में कार्यवाही करते हुए वायरल वीडियो से संबंधित शिवा सिंह उर्फ सरकार पुत्र स्व हनुमान सिंह नि पक्खनपुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ , अनुज सिंह पुत्र अनिल सिंह नि भौरा थाना केराकत जनपद जौनपुर को गिरफ्तार किया गया।

# 126 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

## सीएम सामूहिक विवाह के तहत उन्ड में आयोजन

## श्रीराम चौहान व अन्य अतिथियों ने दीं शुभकामनाएं



संवाददाता। देवरिया

**शुगर** मिल ग्राउण्ड पर आज आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 126 जोडे एक दुजे के बंधन में बंधेए जिसमें 115 हिन्दू जोडे का विवाह हिन्दू रीतियों से तथा 11 मुस्लिम जोडो का निकाह सम्पन्न कराया गया। शादी उपरान्त नवजोडो को उपस्थित जनो द्वारा भावभीनी बिदाई की गयी। आयोजित यह वैवाहिक कार्यक्रम भव्य एवं आकर्षक रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभारी मंत्री सहित सभी अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनपद प्रभारी मंत्रीध्कृषि विपणन व उद्यान राज्यमंत्री श्रीराम चौहान ने कहा कि कन्यादान जैसा पुण्य कार्य आज यहां जो इस समारोह आयोजित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत समाज को समर्पित किया गया हैए वह अत्यन्त ही सराहनीय तथा बेटी को संरक्षण देने वाला है। उन्होने कहा कि इस योजना को संचालित कर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के बेटी बचाओ.बेटी पढाओ के विचार को और संरक्षित करने का कार्य किया है। उन्होने नव दम्पत्तियों को बहुत.बहुत आर्शीवाद देते हुए उनके सुख समृद्धि की कामना की। समारोह को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने भी सम्बोधित करते हुए कहा कि यह सौभाग्य मुख्यमंत्री ने यह योजना संचालित कर दिया हैए कार्यक्रम में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। उन्होने नवदम्पतियों के जीवन सार्थक एवं मंगलमय होए इसकी कामना करते हुए कहा कि आर्थिक कठिनाईयों के कारण गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी के लिये कठिनाईयां होती थी। इस परेशानियों के दृष्टिगत मा0मुख्यमंत्री जी द्वारा यह योजना चलाई गईए ताकि खुशी व गाजे.बाजे व भव्य आयोजनो के साथ उनकी भी शादी हो सके। उन्होने कहा कि इस योजना के तहत 35 हजार रुपये की धनराशि लडकी के खाते में भेजी जाती है तथा घर.गृहस्थी व श्रृंगार के 10 हजार रुपये तक की सामाग्री उन्हे प्रदान कर बिदा की जाती है तथा 6 हजार रुपये प्रति जोडे पर खान.पान व अन्य व्यवस्थाओं पर व्यय किया जाता है। इस प्रकार 51 हजार रुपये की धनराशि एक जोडे की शादी पर व्यय की जाती है औ भव्य आयोजन कर उनकी शादियां सम्पन्न करायी जाती है। पशुधन राज्य मंत्री जयप्रकाश निषाद ने कहा कि कन्या घर में पैदा होने पर दुख की बात लोग मानते थे। सरकार ने अब इसे दूर करने के लिये कन्याओं को लक्ष्मी मानते हुए यह योजना संचालित कर अच्छा अवसर दिया है। इन जोडो की शादी में आज हम लोग सम्मिलित हुए यह हर्ष की बात है। सदर सांसद डा0रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि हर आदमी को रोटी व बेटी की चिन्ता होती है। बेटियों की चिन्ता को दूर करने के लिये अह महत्वाकांक्षी योजना चलाई गयी है। उन्होने भी नव विवाहितो की शुभकामना दी। सदर विधायक डा0सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि असहाय व गरीब लोगो के लिये यह योजना बरदान है उन्होने ने भी विवाहित जोडो को शुभकामना दी। समारोह को बरहज विधायक सुरेश तिवारी ने भी सम्बोधित किया और विवाहित जोडो को आर्शीवाद दिया। उन्होने कहा कि बधुओं को बेटी के समान समझें तथा उनके साथ कोई भेदभाव का रवैया न अपनायें। इससे परिवार खुशहाल रहेगा। जिलाधिकारी अमित किशोर ने नव दम्पतियों को उनके मंगलमय जीवन की कामना की तथा सभी अतिथियों के प्रति आभार जताया। यह कार्यक्रम कोविड.19 के दिशा निर्देशों का पालन कराते हुए सम्पन्न हुआ। सभी की थर्मल स्क्रीनिंग की गयी और मास्क आदि भी उपलब्ध कराया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा, गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही, सचिव विधिक साक्षरता एवं न्यायाधीश शिवेन्द्र मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जीएनए ज्वाईन्ट मजिस्ट्रेट सुमित यादवए उप जिलाधिकारी बरहज सुनील कुमार सिंह, जिला विकास अधिकारी श्रीकृष्ण पाण्डेय, डीसी मनरेगा गजेन्द्र तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, जिला समाज कल्याण अधिकारी रामपाल यादव, जिला कार्यक्रम अधिकारी कृष्णकान्त राय, पीओ डूडा विनोद कुमार मिश्र, सहित जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे।

## भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में निकली रैली

**सिद्धार्थनगर।** किसानों के मुद्दे को लेकर भारतीय किसान यूनियन अंबावता के जिला अध्यक्ष यार मोहम्मद चौधरी के नेतृत्व में जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर रैली निकाली गई। यह प्रदर्शन सबसे पहले कलेक्ट्रेट से शुरू होकर सांसद जगदंबिका पाल के आवास पर पहुंच कर जिला अधिकारी के प्रतिनिधि तथा सांसद प्रतिनिधि को महामहिम राष्ट्रपति को संबोधन ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में केंद्र सरकार का किसान विरोधी नीतियों व तीन अध्यादेश को वापस करने एवं अन्य समाधान करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया सबसे पहले तीनों किसान विरोधी काले कानून को तुरंत वापस लिया जाए एवं न्यूनतम समर्थन मूल्य पर पूरी फसल खरीद की गारंटी का कानून बनाया जाए संपूर्ण भारत के किसानों का कर्ज माफकिया जाय। तथा स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को लागू किया जाए इसको लेकर किसान यूनियन के लोगों ने कहा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक अनावर्त धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान कपिल देव राय विनोद कुमार चौधरी हरी प्रसाद शुक्ला पंकज वर्मा अनिल कुमार राव प्रेम प्रकाश चौधरी राजकुमार पांडे फगू गुप्ता रहमत अली ज्ञानदास लोधी नंदराम यादव तपसी प्रसाद नंदलाल कौशिक रामकरण रामनिवास लालचंद निषाद श्याम दुलारी देवी सुदामा देवी गीता देवी सुरेश आज भारी संख्या में लोग धरना प्रदर्शन में शामिल रहे।

## दिव्यांगों को 5.72 लाख के उपकरण बांटे



**मछलीशहर,जौनपुर।** स्थानीय खण्ड विकास कार्यालय में सामाजिक अधिकारिता शिविर द्वारा 63 दिव्यांगजनों को 5 लाख 72 हजार रूपये की लागत से 103 सहायक यन्त्र और उपकरण वितरित किये गये। समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद बीपी सरोज ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की भाजपा सरकारें समाज के अन्तिम निर्धन व्यक्ति तक पहुँचकर उनके समग्र कल्याण के लिए प्रयासरत हैं। उपजिलाधिकारी अंजनी सिंह ने कहा कि दिव्यांगों के लिए महॅगे उपकरणों को सरकार स्वयं खरीदकर नि:शुल्क वितरित कराकर सराहनीय काम कर रही है। जिला दिव्यांग अधिकारी सुरेश मौर्य ने बताया कि जो पात्र लाभार्थी छूट गये हैंए उन्हें भी अपना फार्म भरकर जमा करना होगा। शिविर में 41 दिव्यांगों को ट्राइसाइकिलए 13 को स्मार्ट केनए 12 वाकिंग स्टीकए 24 वैसाखीए 7 फोल्डिंग व्हील चेयरए 14 बीटीई ;कान की मशीनद्ध और 1.1 एमएसआईडी किट और रोलेटर प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बीडीओ राजन राय ने किया। इस अवसर पर विपणन अधिकारी विनय मौर्यए पुलिस क्षेत्राधिकारी विजय सिंहए भाजपा मण्डल अध्यक्ष मनोज जायसवालए जिला मीडिया प्रभारी अनुराग सिन्हाए मार्तण्ड महाराजए हरिओम गुप्ताए अभिषेक सिंह सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# किसान आंदोलन के पक्ष में उतरे सपाई

## कृषि कानून के खिलाफ सपाइयों ने दिया कलेक्ट्रेट में दिया धरना

## समय खत्म होने पर पुलिस से हुई नोकझोंक

संवाददाता। देवरिया

**किसान** कानून के खिलाफ्और किसानों के समर्थन को लेकर प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉ दिलीप यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट कचहरी में विशाल धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम आयोजन किया ।

इस दौरान भाटपार रानी के विधायक आशुतोष उपाध्याय उर्फबबलू ने धरना स्थल पर संबोधित करते हुए कहा कि सरकार किसानों का उत्पीड़न करने में जुटी है उसे तुरंत कृषि बिल वापस लेना चाहिए किसानों की मांगों को मानना चाहिए वहीं पूर्व सांसद श्रीमती कनकलाता सिंह ने कहा कि किसानों की दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है कोरोनावायरस के बाद किसानों के ऊपर कानून को ठोकना एक तरह से किसानों पर व्यापारियों का अधिकार जिसमें उद्योग घरानों को लाभ पहुंचाने का काम मोदी सरकार कर रही है ऐसे कानून को बिना हिचक वापस ले वहीं पूर्व सांसद व महासचिव रमाशंकर विद्यार्थी ने कहा कि भाजपा सरकार ईस्ट इंडिया कंपनी की याद दिला रही है जो गलती ढाई सौ साल 300 साल पहले राजघरानों की किया था वह मोदी अपने दोस्त व्यापारियों व उद्योगपतियों के दबाव में कर रहे हैं इस कानून को वापस ले अविलंब बात करें सभा को बेचू लाल चौधरी पूर्व विधायक मनबोध प्रसाद पूर्व विधायक स्वामीनाथ पूर्व एमएलसी जेपी जसवाल पीडी तिवारी एविजय रावत ,हरिओम यादव, तेज प्रताप जायसवाल, हरद नारायण जयसवाल, दिव्यांश श्रीवास्तव रणवीर यादव,अवनीश यादव धर्मेंद्र यादव एहरिओम गुप्ताए धर्मवीर गुप्ताए मोहन गुप्ताए ने संबोधित किया।

## मऊ शहर से लेकर गांव तक सड़कों पर जोरदार प्रदर्शन



### सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर सपाइयों ने दिखाई एकजुटता

### सपा के राष्ट्रीय सचिव समेत दर्जनों कार्यकर्ताओं को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मुस्तैद रहे पुलिस के जवान

**मऊ ।** किसानों की मांगों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर जिला मुख्यालयों पर सोमवार को प्रस्तावित धरना.प्रदर्शन के दौरान सपाईयों ने जमकर एकजुटता का प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पर जिला प्रशासन द्वारा धरना.प्रदर्शन की अनुमति नहीं दिए जाने पर सपाइयों ने बुनकर कालोनी में धरना देते हुए सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सपा नेताओं ने चेताया कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया आंदोलन को और तेज किया जाएगा। आंदोलन के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय समेत चार दर्जन से अधिक सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करते हुए पुलिस लाइन ले जाया गया। सपा कार्यकर्ताओं के आंदोलन के दौरान जिले के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर किसानों के आंदोलन के समर्थन में सोमवार को मऊ जिले के सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने पूरी तरह से एकजुटता का प्रदर्शन किया। अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी ने बताया कि कलेक्ट्रेट पर आयोजित बैठक के मद्देनजर धरना.प्रदर्शन की अनुमति नहीं प्रदान किया गया था। बावजूद इसके सपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने बुनकर कालोनी में बिना अनुमति के भीड़ को एकत्र किया। बिना अनुमति के भीड़ एकत्र करने पर चालीस से पैतालिस कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार करते हुए पुलिस लाइन भेज दिया गया है। उधर पुलिस अधीक्षक सुशील घुले ने सपा के राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय को एआरटीओ कार्यालय से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव राय ने पत्रकारों से सवालों के जवाब में आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यह भूल चुके हैं कि वह एक लोकतांत्रिक देश के पीएम और प्रदेश के सीएम है। जहां पर तानाशाही का कोई भी स्थान नहीं होता है। राजीव राय ने कहा कि पुलिस के बल पर किसानों की आवाज दबाने की उनकी मंशा पूरी नहीं होने वाली है बल्कि खुद बीजेपी रसातल में डूबने के लिए तैयार हो जाए। आंदोलन के दौरान विभिन्न स्थानों पर हुई गिरफ्तारी के दौरान सपा के राष्ट्रीय सचिव व राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रायए सपा जिलाध्यक्ष धर्मप्रकाश यादवए विधान परिषद सदस्य रामजतन राजभर,मुन्ना यादव, रमेश दुबेए अंशा यादव पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत, अरशद जमाल पूर्व चेयरमैन,एड दिलीप पाण्डेय निण् जिलाध्यक्ष सपा छात्र सभाए शाहनवाज आलम जिलाध्यक्ष युथ ब्रिगेड,श्रीकांत यादव, शशिराज यादव, गौरव पाण्डेय जिलाध्यक्ष समाजवादी प्रबुद्ध सभा आदि सपा नेता व कार्यकर्ता शामिल रहे।

## सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने लिया हिरासत में

**सिद्धार्थनगर।** किसानों के समर्थन में समाजवादी पार्टी के आह्वान पर कलेक्ट्रेट परिसर में धरना.प्रदर्शन आयोजित था। इसको देखते हुए जिला और पुलिस प्रशासन काफी चौकन्ना रहा। सक्रिय पदाधिकारियोंए कार्यकर्ताओं की गतिविधियों पर नजर रही। कई को उनके घरों में ही नजरबंद कर रखा था। पुलिस की नजरों से बचे सपाइयों को बीच रास्तेए सपा जिला कार्यालय और कलेक्ट्रेट पर हिरासत में ले लिया गया। इस दौरान पुलिस को चकमा देकर कलेक्ट्रेट परिसर में पहुंची सपा महिला सभा की जिलाध्यक्ष चमनआरा राइनी को भी हिरासत में ले लिया गया। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाह्न पर उत्तर प्रदेश में किसानों पर जारी सत्ता संरक्षित अत्याचार के विरोध में कलेक्ट्रेट परिसर में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डुमरियागंज चिंकू यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन किया जा रहा था शातिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे सपा कार्यकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार करके अस्थाई जेल जय किसान इंटर कालेज में भेज दिया है। प्रदर्शन के दौरान चिंकू यादव ने कहा भाजपा सरकार जनविरोधी काम कर रही है हर बार विपक्ष की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है। समाजवादी पार्टी इस तानाशाही और जनविरोधी मानसिकता के विरुद्ध हमेशा लड़ती रहेगी। विधानसभा प्रत्याशी शोहरतगढ़ व वरिष्ठ सपा नेता मोण् जमील सिद्दीकी ने गिरफ्तारी देते हुए कहा भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही हैए हमें किसानों की आवाज बनने से रोक रही है।

## भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लेते रहे उच्चाधिकारी

**मऊ।** किसानों के समर्थन में सपाइयों के आंदोलन को देखते हुए विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पल.पल की गतिविधि पर स्वयं पुलिस अधीक्षक सुशील घुलेए अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी भ्रमण करके जायजा लेते रहे। नगर क्षेत्र के बलिया मोड़ए गाजीपुर तिराहाए आजमगढ़ मोड़ए रोडवेजए रेलवे स्टेशनए भीटीए मुंशीपुराए सदर चौकए रौजा बाजारए मिर्जाहादीपुरा समेत सभी स्थानों पर पुलिस फोर्स काफी चौकस रहे।

## अधिवक्ता समिति चुनाव के लिये नामांकन शुरू, सरगर्मी हुई तेज

**मछलीशहर, जौनपुर।** स्थानीय तहसील अधिवक्ता समिति के चुनाव के लिये नामांकन प्रक्रिया सोमवार को शुरु हो गई। नामांकन के पहले दिन अध्यक्षए महामंत्री सहित 15 पदों के लिये प्रत्याशियों ने नामांकन किया। नामांकन शुरु होते ही तहसील परिसर में चुनावी सरगर्मी शुरु हो गई है। तहसील सभागार में नामांकन शुरु हुआ जहां अध्यक्ष हेतु भारत सिंहए महामंत्री हेतु अवनींद्र दूबे, बनवारी राम मौर्यए वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु जय प्रकाश दूबे, कनिष्ठ उपाध्यक्ष हेतु प्रसून श्रीवास्तव संयुक्त सचिव प्रशासन हेतु राजेश पटेल, शिव सागर पाल,कोषाध्यक्ष हेतु अच्छे लाल विश्वकर्माए कनिष्ठ उपाध्यक्ष 10 वर्ष से कम जितेंद्र प्रताप यादव, संयुक्त सचिव प्रकाशन हेतु आशीष चौबे, संयुक्त सचिव पुस्तकालय हेतु पवन गुप्ता,कार्यकारिणी सदस्य 15 वर्ष से कम हेतु अमित सिंहए शैलेंद्र यादवए अतुल श्रीवास्तवए उपाध्यक्ष ;10 वर्ष से कमद्ध हेतु हरिश्चंद्र यादव ने नामांकन किया। एल्डर्स कमेटी के सदस्य ;चुनाव अधिकारीद्ध राजेन्द्र प्रसाद सिंहए जगदंबा प्रसाद मिश्राए अशोक श्रीवास्तवए अध्यक्ष प्रेम बिहारी यादवए महामंत्री अजय सिंहए भरत लाल यादव की उपस्थिति में नामांकन प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## 17 अनुपस्थित कर्मचारियों का काटा गया वेतन

**डोभीए जौनपुर।** अक्सर अपनी व्यवस्थित कार्यप्रणाली से सुर्खियों में रहने वाली बीरीबारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर 17 कर्मचारियों का एक साथ अनुपस्थित मिलना व कुछ कर्मचारियों का वेतन काटा जाना विशेष रूप से अपनी तरफ ध्यान आकर्षित करता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीरीबारी सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र पर सोमवार की सुबह अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एसण्सीण् वर्मा औचक निरीक्षण के लिए पहुंचे। स्वास्थ्य केन्द्र पर कुल 21 कर्मचारी ही मौके पर मौजूद रहे तथा शेष 17 कर्मचारी अनुपस्थित मिले। निरीक्षण में आये डा एससी वर्मा ने सभी कर्मचारियों कों सुबह 9ण्45 बजे तक अस्पताल में आने की हिदायत दी। साथ ही कहा कि हमें शिकायत मिली है कि सीएचसी के कुछ कर्मचारी सुबह उपस्थिति रजिस्टर पर हस्ताक्षर कर दिन भर गायब रहते हैं जिसका संज्ञान लेते हुए किसी भी दिन पुन: औचक निरीक्षण किया जाएगा तथा ऐसे अनुपस्थित कर्मचारियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही जाएगी। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने अनुपस्थित मिले 17 कर्मचारियों का एक दिन का वेतन भी रोका। कार्यवाही के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डा एसके वर्मा उपस्थित रहे।

# अविवादित वरासत दर्ज करने के लिये कल से चलेगा अभियान

## अवशेष होने की दशा में होगी कार्रवाई : डीएम

संवाददाता। देवरिया

जिलाधिकारी अमित किशोर ने सभी उप जिलाधिकारियों को उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता में उल्लिखित प्राविधानों के अनुसार संक्रमणीय भूमिधरी अधिकार व अविवादित वरासत दर्ज कराने जाने के संबंध में विशेष अभियान कल 15 दिसम्बर से चलाये जाने का निर्देश दिया है। उन्होने इस अभियान कार्यक्रम के लिए समय सारिणी भी तय कर दी हैए जिसके अनुरुप अभियान कार्यक्रम को मूर्त रुप दिये जाने के निर्देश के साथ ही उन्होने किसी भी प्रकार की शिथिलता नही बरतने हेतु जुडे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आगाह भी किया है। अभियान कार्यक्रम तय समय सारिणी के विवरण में जिलाधिकारी ने बताया कि राजस्वध्तहसील अधिकारियों द्वारा भ्रमण कर राजस्व ग्रामों में प्रचारप्रसार तथा खतौनियों को पढा जाना एवं लेखपाल द्वारा वरासत हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त कर उन्हे आनलाईन भरे जाने का कार्य कल से 30 दिसम्बर तक किया जायेगा। 31 दिसम्बर से 15 जनवरी तक क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा आनलाईन जांच की प्रक्रिया के अनुसार कार्यवाही की जायेगी। राजस्व निरीक्षक जांच एवं आदेश पारित करने की प्रक्रिया 16 जनवरी से 31 जनवरी तक पूर्ण करेगें। राजस्व निरीक्षक कार्यालय द्वारा नामांत्रण आदेश को आर.6 में दर्ज करने के पश्चात् खतौनियों की प्रविष्टियों को भूलेख साफ्टवेयर में अद्यावधिक करने हेतु 16 जनवरी से 31 जनवरी तक की तिथि निर्धारित की गयी है। जिलाधिकारी द्वारा प्रत्येक लेखपालए राजस्व निरीक्षकए तहसीलदार तथा उप जिलाधिकारी से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जायेगा कि उनके क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित राजस्व ग्रामों में निर्विवाद उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण दर्ज होने से अवशेष नही है। इसके लिये 01 फरवरी से 7 फरवरी तक की तिथि तय की गयी है। 8 फरवरी से 15 फरवरी तक अभियान के अन्त में जिलाधिकारी द्वारा जनपद के प्रत्येक तहसील 10 प्रतिशत राजस्व ग्रामों को रैन्डमली चिन्हित करते हुए अपर जिलाधिकारीए एसडीएम व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा इस तथ्य की जांच करायी जायेगी ।

# सकलडीहा विधायक व पूर्व सांसद रहे हाउस अरेस्ट



## आंदोलन के समर्थन में उतरे सपाइयों व पुलिस के बीच नूराकुश्ती

**चन्दौली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सभी जिला मुख्यालय पर अहिंसात्मक किसान धरना प्रदर्शन का आह्वान किया है। जिसके मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड पर है । आईजी विजय सिंह मीणा दीनदयाल नगर रेलवे गेस्ट हाउस को कैम्प कार्यालय बनाए हुए थे तो वहीं समाजवादी पार्टी के बड़े नेताओं को हाउस अरेस्ट कर लिया गया । जबकि मुख्यालय पर प्रदर्शन के लिए पहुँचे सपा जिलाध्यक्ष समेत तमाम कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लियाण् इस दौरान पुलिस और सपा कार्यकर्ताओं के बीच गुत्थमगुत्थी देखने को मिली । जिला मुख्यालय पर सपाइयों ने दिखाया दम दरअसल 8 दिसंबर को किसानों के समर्थन में भारत बंद के बाद सोमवार को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर जुलूस निकालते हुए धरना स्थल जाने लगेण् इस दौरान कचहरी के पास पुलिस ने जुलूस निकाल रहे सपाइयों को रोक दियाण् जिसके बाद सपाई आंदोलित हो उठेण् सरकार के खिलाफनारेबाजी करते हुए पुलिस से आगे बढ़ने लगेण् इस दौरान पुलिस और सपाइयों में गुत्थमगुत्थी देखने को मिलीण् बाद में सभी सपाई कचहरी परिसर स्थित कमलापति त्रिपाठी पार्क में ही धरने पर बैठ गए। इसके अलावा पार्टी प्रवक्ता मनोज काका के नेतृत्व में सपाइयों का एक दल धरना स्थल पहुँचा । जहां पहले से ही मौजूद रही पुलिस ने सपाइयों को धरने पर बैठने से रोक दिया । इससे नाराज सपाई नेशनल हाइवे.2 जाम करने लगेण् इस दौरान एक बार फिर पुलिस और सपाई के बीच नोकझोंक देखने को मिलीण् सपाइयों को सड़क से हटाने में पसीने छूट गए । वहीं पिछली बार हाउस अरेस्टिंग तोड़ प्रदर्शन करने वाले पूर्व सांसद रामकिशुन यादव को हाउस अरेस्ट कर लिया इस दौरान आवास पर भारी पुलिस फोर्स मौजूद रही । हाउस अरेस्ट किये जाने की सूचना पर उनके समर्थन में सैकड़ो की संख्या में किसान पहुँच गए और सरकार के खिलाफ़ नारेबाजी करने लगे । वहीं किसानों के समर्थन से उत्साहित पूर्व सांसद रामकिशुन ने आवास पर ही संबोधन शुरू कियाण् उन्होंने इस नए कृषि कानून को काला कानून करार दियाण् इसके विरोध को रोकने के प्रयास को लोकतंत्र की हत्या करार दिया ।

सकलडीहा विधायक रहे हाउस अरेस्ट इसके अलावा जिलेभर के सपा के बड़े नेताओ को उनके घरों में ही नजरबन्द कर दिया गया हैण् जिसमें समाजवादी पार्टी के सकलडीहा से विधायक प्रभु नारायण यादव को उनके घर में ही नजर बंद कर दिया गया हैण्और उनके घर पर भारी फोर्स तैनात कर दी गई । पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू को पुलिस ने लिया हिरासत में वही सैयदराजा के पूर्व विधायक व राष्ट्रीय सचिव मनोज सिंह डब्लू को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया । पूर्व विधायक ने पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की आवाज उठाने पर पुलिस कर रही उत्पीड़न । उन्होंने मेन रोड की बजाय सीधे नहर के रास्ते ले जाने पर सवाल भी उठाए ।

## पुलिस की घेराबंदी तोड़कर सपाई पहुंचे कलेक्ट्रेट,गिरफ्तार

**जौनपुर ।** पुलिस की घेराबंदी को तोड़कर सपा कार्यकर्ताओ ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर किसानों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया ए पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे दो दर्जन से अधिक नेताओ को गिरफ्तार कर लिया । इस दरम्यान जमकर धक्का मुक्की हुआ' ।

किसान आंदोलन के समर्थन में समाजवादी पार्टी किसान पद यात्रा कर रही है । आज सपाइयों के प्रदर्शन को देखते हुए जिला प्रशासन ने पूरे कलेक्ट्रेट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया था। बड़े नेताओं के घरों पर पुलिस का पहरा बैठा दिया गया जिससे वे घरो से बाहर नही निकल सके ए लेकिन करीब 12 बजे भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता पुलिस की किलेबन्दी तोड़कर कलेक्ट्रेट पहुंच गए ए सपाइयों के डीएम ऑफिस तक पहुंचते ही खुद एसपी ने मोर्चा संभालते हुए दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओ को गिरफ्तार कर लिया ।

## किसानों के समर्थन में जौनपुर में प्रदर्शन

**जौनपुर।** कृषि पर बनाये गये काले कानूनों के विरोध में आन्दोलन कर रहे किसानों के समर्थन में उतरी समाजवादी पार्टी उनकी मांगों को उचित बताते हुए आन्दोलन को धार देने का काम कर रही है। इसी क्रम में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर सोमवार को भारत बंद का आह्वान कर सभी जिलों मुख्यालय पर एकत्र होकर सपाइयों द्वारा किसानों के आन्दोलन के समर्थन में अपना विरोध दर्ज कराना तय था। इसी को लेकर जनपद के सपाजनों ने कलेक्टेऊट पहुंचकर प्रदर्शन किया जहां जिला प्रशासन के आदेश पर सपाजनों को गिरफ्तार कर बाद में निजी मुचलके पर रिहा कर दिया गया।सपा जिलाध्यक्ष लाल बहादुर यादव के नेतृत्व में सपाजन कलेक्टेऊट के बल स्थित मोहल्ला मियांपुर में एकत्रित हुये जहां पहुंची पुलिस ने श्री यादव सहित तमाम सपाजनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद अन्य युवा सपाजन पुलिस के जवानों से धक्का.मुक्की करते हुये कलेक्टेऊट पहुंच गये जहां प्रदर्शन करते हुये सभी ने अपनी आवाज बुलंद की।

# पेड़ से टकराई बोलेरो, पांच की मौत

## सभी शादी समारोह से लौट रहे थे, मृतकों में एक सिपाही भी शामिल

### अन्य हादसों में दो की जान गई

संवाददाता। प्रतापगढ़

**शादी** समारोह में लौट रहे युवकों की बोलेरो रास्ते में कार से टकराने के बाद सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बोलेरो सवार सभी पांच लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक यूपी पुलिस का सिपाही भी था। हादसा रविवार देर रात कंधई थानाक्षेत्र में देवनमऊ मोड़ के पास हुआ। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



क्षतिग्रस्त बोलेरो जीप

पट्टी कोतवाली क्षेत्र के कुंदनपुर गांव में राम नारायण यादव की बेटी सोनम की रविवार रात शादी थी। इसमें शामिल होने के लिए नगर कोतवाली क्षेत्र के खजोहरी से सिपाही संदीप यादव (26) पुत्र विश्वनाथ यादव, अखिलेश यादव (28) पुत्र राजनाथ, संदीप यदव (23) पुत्र कन्हैयालाल, राहुल यादव (25) पुत्र अशोक यादव एवं नंदलाल यादव (45) पुत्र भगौती यादव गए थे। समारोह में शामिल होने के बाद देर रात सभी बोलेरो से घर लौट रहे थे। रास्ते में कंधई थानांतर्गत पट्टी-प्रतापगढ़ मार्ग पर देवनमऊ के पास मोड़ पर रात करीब 11 बजे बोलेरो सामने से आ रही ब्रेजा कार से टकराकर अनियंत्रित हो गई। टक्कर से ब्रेजा का टायर फट गया और करीब सौ मीटर आगे जाकर वह रुक गई। उसमें सवार परिवार बाल-बाल बच गया, लेकिन बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गढ्ढे में पेड़ से टकरा गई। हादसे में बोलेरो सवार उक्त सभी पांच लोगों की मौत हो गई। काफी देर बाद जानकारी होने पर पलिस मौके पर पहुंची। घटना की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक सिपाही संदीप यादव मऊ जनपद में तैनात था और रविवार को ही उसकी सगाई हुई थी।

संदीप यादव मऊ जिले में सिपाही था। 25 अप्रैल को उसकी शादी होनी तय हुई थी। रविवार को सगाई थी। इसमें वर-वधू ने एक-दूसरे को अंगूठी पहनाई थी। इसके बाद संदीप गांव के चार अन्य लोगों के साथ बोलेरो से अपने भाई की ससुराल पट्टी के कुंदनपुर में आयोजित शादी समारोह में चल गया। वहां से लौटते समय बोलेरो हादसे का शिकार हो गई और सभी के साथ सिपाही संदीप की भी मौत हो गई। घटना के बाद से घरवालों का बुरा हाल है।

इसी क्रम में पट्टी थाना क्षेत्र के नंदईपुर निवासी रामआसरे यादव (62) दिल्ली में दूरसंचार विभाग से रिटायर रामआसरे घर से दिल्ली जाने के लिए निकले थे। जामताली बाजार पहुंचने पर रानीगंज के लिए कोई साधन नहीं मिला तो वह पैदल ही चल पड़े। इस दौरान जामताली-रानीगंज मार्ग पर मठिया गांव के पास पीछे से आए तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। इससे रामआसरे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। हादसे के बाद वहां लोगों की भीड़ जुट गई। मौके पर जुटे आसपास के लोगों ने घायल बुजुर्ग को एंबुलेंस की मदद से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहां गंभीर हालत में उन्हें स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया गया। सोमवार सुबह इलाज के दौरान रामआसरे की मौत हो गई।

वहीं साइकिल से स्कूल जा रही छात्रा को सामने से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से छात्रा सड़क पर गिरी और पहिए के नीचे कुचलकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# किसानों की आवाज दबा रही केंद्र सरकार: प्रमोद तिवारी

### तीनों कानून तत्काल वापस ले सरकार

संवाददाता। लालगंज (प्रतापगढ़)

**कांग्रेस** वर्किंग कमेटी के सदस्य एवं यूपी आउटरीच तथा को-आर्डिनेशन कमेटी के इंचार्ज प्रमोद तिवारी ने किसान आंदोलन को लेकर मोदी सरकार पर ब्रिटिश हुकूमत से भी क्रूर तथा बर्बर दमनकारी रूख की तल्ख आलोचना की है। प्रमोद तिवारी ने कहा है कि सरकार किसानों की सही और कानूनी मांग पूरा करने के बजाय रोज पैतरेबाजी से उनके आंदोलन को दबाने के लिए देशहित के खिलाफ जिद पर अडी हुई है। सोमवार को मीडिया को यहां जारी बयान मे प्रमोद तिवारी ने कहा कि जिस तरह से बीजेपी नीति सरकार के इशारे पर हरियाणा की राज्य सरकार किसानो को दिल्ली कूच करने से रोकने के लिए लाठियां बरसा रही है और उनके शांतिपूर्ण आंदोलन को कुचलने का शर्मनाक हथकण्डा पेश कर रही है। उससे देश भर के किसानो के साथ अब सभी तबके के लोगों मे भी आक्रोश बढ़ता जा रहा है। उन्होने कहा कि किसान आंदोलन की उपज से लेकर इसके लगातार जारी रहने के लिए सिर्फ केंद्र सरकार की हठधर्मिता तथा कुछ पूंजीपतियो के प्रति ज्यादा वफादारी ही जिम्मेदार साबित हो रहा है। सीडब्लूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने सरकार को याद दिलाया है कि वह जिद छोड़े और उन्नींस सौ सात के लाला लाजपत राय की अगुवाई मे ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ नौ माह के किसान आंदोलन से सबक ले। बकौल प्रमोद तिवारी अंग्रेजी सरकार ने भी उस समय देश के किसानो पर तीन काले कानून थोपे थे, और तब अविभाजित पंजाब से उठा किसान आंदोलन सिर्फ नौ महीने तक चला ही नही बल्कि अंग्रेजी सरकार को नौ महीने के बाद लालफीताशाही से तैयार अपने उस समय के तीन के तीनो किसानो पर आबादकारी बिल के नाम पर थोपे गये काले कानूनों को वापस लेते हुए घुटने टेकने पडे थे। प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार को आगाह किया कि इतिहास दोहराने से वह किसानो को रोक नही सकती इसलिए न्यूनतम समर्थन मूल्य तथा किसानो की फसल का शत प्रतिशत लाभांश किसानो के ही हाथों सुरक्षित रखने के लिए वह इन तीनो कृषि विधेयकों को फौरन वापस ले ले। प्रमोद तिवारी ने कहा कि ब्रिटिश हुकूमत ने भी धनाड्य अंग्रेजो तथा देश के उस समय के कुछ चंद पूंजीपतियो के लिए किसानों की फसल की पैदावार की कीमत को जबरिया थोपने का दुस्साहस किया था।

## छुट्टा जानवरों से फसलों को बचाने के लिए किसानों ने लगाई सरकार से गुहार

संवाददाता। जगदीशपुर (अमेठी)

**किसानों** ने छुटटा जानवरों से निजात पाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगाई है। क्षेत्र में छुट्टा घूम रहे जानवरों से किसानों की फसल बर्बाद हो रही है। किसान फसल को बचाने के लिए तरह तरह के उपाय कर रहे हैं, लेकिन सरकार न चेती तो चुनाव में इसका भुगतान भुगतना पड़ सकता है।

जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित विभिन्न गांवों में छुट्टा जानवरों से फसल को बचाने के लिए किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिससे लोगों को काफी नुकसान हो रहा है जहां क्षेत्र के राजेश, सुमित, रचकला, नसीम, छोट्टन, श्याम लाल राजेन्द, प्यारेलाल सहित तमाम किसानों का कहना है कि मेहनत कर लागई गयी फसल आवारा पशुओं का शिकार हो रही है खेती की लागत पहले से अधिक हो गयी है क्यो कि खाद यूरिया बीज की कीमतों में काफी इजाफा हो गया है ऊपर से घूम रहे यह आवारा पशुओं द्वारा खेतों में खड़ी फसलों को चर रहे हैं जिससे किसानों को दो टाइम की रोटी भी मिलना मुश्किल हो रहा है और फसल को दुबारा तिबारा बोना पड़ता है तो वहीं किसान योगी सरकार से बेहद नाराज हैं।

उनका आरोप है कि सरकार ने न केवल खाद व बीज के दामों में बढ़ोतरी कर दी है बल्कि किसानों को मिलने वाली खाद की मात्रा को भी कम कर दिया जिससे आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा मोदी व योगी सरकार को भुगतना पड़ सकता है इन आवारा पशुओं के कारण लोग अपनी फसल बचाने के लिए कंटीले तार व ब्लेड तार से बैरिकेडिंग कर रहे हैं।

## तूल पकड़ता जा रहा है डग्गामार वाहनों के संचालन का मामला

**बाराबंकी**। डग्गामार वाहनो के संचालन का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सात दिवस में यदि इनके विरूद्ध कारवाई नही की गयी तो परमिट वाहन संचालक संघ एआरटीओ कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करेगा। यह निर्णय सोमवार को परमिट वाहन संचालक संघ की सम्पन्न हुई बैठक मे लिया गया है। पदाधिकारियों ने कहा कि बाराबंकी जैदपुर वाया कोला झलिया मार्ग पर अवैध डग्गामार वाहनों का संचालन किया जा रहा है। जिससे बस संचालको की आय काफी घट गयी है तथा सरकारी कर जमा करने मे भी लाले पड़ गये है, जिससे वाहन स्वामी सहित चालक परिचालक भुखमरी की कगार पर है। कहा गया कि इस संबंध मे एआरटीओ एवं पुलिस विभाग को भी पत्र द्वारा अवगत कराया जा चुका है किन्तु करवाई करने मे कोई विभाग दिलचस्पी नही दिखा रहा है। इस मौके पर मो. रिजवान, मो. इमरान, मो. मेराज, मो. आतिफ आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने कोविड कंट्रोल सेंटर में स्वास्थ्य अफसरों के साथ की गहन मंत्रणा

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेन्टर में कोविड-19 के संबंध में चल रही समस्त कार्रवाई की विस्तृत समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान समस्त उपजिलाधिकारी भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े रहे। बैठक में जिलाधिकारी ने प्रतिदिन जांच हेतु भेजे जाने वाले सैंपल के संबंध में जानकारी ली तथा सर्विलांस टीम की सक्रियता बढ़ाते हुए अधिक से अधिक लक्षण युक्त सैंपल जांच हेतु भेजने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि पाजिटिव व्यक्ति के सम्पर्क में आए सभी व्यक्तियों की जांच अवश्य किया जाये, तथा कोविड टेस्टिंग कार्य में वृद्धि की जाये। कोविड अस्पताल में मरीजों को गुणवत्तायुक्त भोजनए नाश्ता की व्यवस्था एवं अस्पताल में साफसफाई की समुचित व्यवस्था रखी जाये। कन्ट्रोल रूम में प्राप्त होने वाली शिकायतों को विशेष ध्यान देकर निस्तारण सुनिश्चित कराया जाये एवं मरीजों से फीडबैक अवश्य प्राप्त किया जाये। कोविड अस्पताल में भर्ती मरीजों को निर्धारित प्रोटोकॉल के मुताबिक भोजन देने के साथ.साथ उनका देखभाल भी बेहतर ढंग से किया जाये ताकि मरीजों को कोई दिक्कत ना होने पाये।

जिलाधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद अमेठी में 209965 सैंपल जांच हेतु भेजे गए हैंए जिनमें से 3404 मरीज पॉजिटिव आए हैं, अब तक 3277 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज किए गए हैं, वर्तमान में 94 एक्टिव केस हैं तथा अब तक जनपद में कुल 33 लोगों की कोरोना से मृत्यु हुई है।

## धान क्रय केन्द्रों पर अव्यवस्था का बोलबाला

लालगंज (**प्रतापगढ़**)। धान क्रय केंद्रो पर अव्यवस्था का बोलबाला दिख रहा है। किसान ट्रैक्टर पर फसल लेकर दिनरात परेशान देखे जा रहे है। खरीददारी के नाम पर किसानो को महीने भर से ज्यादा की तारीखें दी जा रही है। इससे ज्यादातर परेशान किसान गांव के साहूकारों और व्यापारियों को औने-पौने दाम पर अपनी फसल बेचने को मजबूर हो उठे है। धान क्रय केन्द्रों पर किसानो के लिए न तो पीने के पानी का प्रबन्ध है और न ही उन्हें सरकारी तौर पर बोरियां उपलब्ध कराई जा रही है। क्रय केन्द्रों पर भी बिचौलियों को किसानो को फसल बेचने के नाम पर बरगलाया भी जा रहा है। अफसर भी क्रय केन्द्रो पर निरीक्षण के नाम पर कागजी कोरम पूरा कर रहे है। क्रय केन्द्रो पर कोविड प्रोटोकॉल का भी अता पता नही है। धान की फसल औनेपौने दाम पर किसान बेचने को मजबूर हो उठा है। वहीं किसानों का कहना है कि प्रभावशाली बडे काश्तकारों की फसल तो बिना नंबर लगाए चोरी चुपके खरीदी जा रही है।

## मिलावटी देशी शराब बेचने के आरोप में दो गिरफ्तार



### कब्जे से 45 गत्ता शराब बरामद

संवाददाता। बाराबंकी

**पुलिस** ने शराब में मिलावट करके बेचने वाले देशी शराब के दुकानदार राजकुमार तिवारी व दुकान के सेल्समैन उमेश यादव गिरफ्तार किया है।उनके कब्जे से पुलिस ने भारी मात्रा देशी शराब नामक विंडीज ब्रांड की बरामद किया है। जानकारी के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के दाऊदपुर गांव में स्थित देशी शराब की दुकान पर सेल्समैन उमेश यादव पुत्र शिवनाथ यादव निवासी दाऊदपुर को शिकायत मिलनेपर पुलिस ने पकड़ा तो उसने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए कबूल किया कि वो शराब में मिलावट करके दुकान पर बेचता है। वहीं सेल्समैन की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दुकान के ठेकेदार राजकुमार तिवारी पुत्र महावीर प्रसाद तिवारी निवासी ओबरी थाना कोतवाली नगर को गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध धोखाधड़ी व साजिश रचने की धाराओं में कार्रवाई की है।

## किसानों के समर्थन में सपाइयों ने दी गिरफ्तारी

संवाददाता। बाराबंकी

**किसानों** के समर्थन में सोमवार को जिले के सपाई भी सड़को पर उतरे और प्रदर्शन किया। इससे पूर्व कई नेताओं को पुलिस ने नजरबंद कर दिया जिससे वे प्रदर्शन मे भाग नही ले सके। इस दौरान सपाई एवं पुलिस के बीच झड़पे भी हुई, जिसमे पुलिस ने हल्का बल प्रयोग कर सपाइयों को तितर बितर कर दिया। वही कई कार्यकर्ताओं ने अपनी गिरफ्तारी भी दी, जहां देर शाम उन्हें रिहा कर दिया गया। सपाइयों का हुजूम अलग-अलग स्थानों से निकला। जिला कार्यालय मे एकत्रित सपाइयों का नेतृत्व जिलाध्यक्ष हाफिज अयाज अहमद ने किया। इसमें प्रमुख रुप से सपा एम एल सी राजेश यादव राजू, सदर विधायक सुरेश यादव, पूर्व विधायक राममगन रावत, वरिष्ठ नेता हाफीज भारती, जिला उपाध्यक्ष मो. सबाह आदि नेता शामिल रहे। इनका काफिला शहर होते हुए जिला कलेक्ट्रेट की ओर जा रहा था तभी पुलिस ने इन्हे रोक लिया और गिरफ्तार कर पुलिस लाइन मे बनाये गये अस्थायी जेल ले गयी जहां शाम तक रखने के पश्चात उन्हे रिहा कर दिया गया। यहां पर सपाइयों ने सभा की ओर लोगों को सम्बोधित भी किया। इसी क्रम में जैदपुर विधायक गौरव रावत ने भी ट्रैक्टर चला कर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कार्यकर्ताओं को तहसील गेट पर रोक लिया गया और ज्ञापन लेकर वापस कर दिया गया, किन्तु कुछ कार्यकर्ता पुलिस की नजरों से बच निकले जहां पुलिसस ने हल्का बल प्रयोग कर उन्हे खदेड़ दिया। तब जाकर प्रदर्शनकारी भाग खड़े हुए इस दौरान विधायक प्रतिनिधि रिजवान संजय आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### किसान बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे सपाई



**गौरीगंज** (अमेठी)। सोमवार को सपाइयों ने जिला मुख्यालय जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव के नेतृत्व में सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। सपा कार्यकर्ताओं ने सरकार विरोधी नारेबाजी करते हुए कृषि बिल को वापस लेने की मांग की। देश भर में बीते कई दिनों से कृषि कानून के विरोध में लगातार जारी किसानों के आंदोलन के समर्थन में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश व्यापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के तहत स्थानीय जिला मुख्यालय पर सपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में सपा कार्यकर्ताओ ने प्रदर्शन करते हुए ज्ञापन सौंपा । कलेक्ट्रेट रोड के बगल स्थित सपा विधायक राकेश सिंह के आवास पर बड़ी संख्या में एकत्रित सपाइयों ने केंद्र सरकार द्वारा लाए गए कृषि कानून के विरोध में सड़क पर उतरे। सपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट रोड पर प्रदर्शन करते हुए सपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठ कर नारेबाजी शुरू कर दी । कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा जिलाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने कहा कि सरकार पूरी तरह से मनमानी नीति काम कर रही है। कृषि कानून को काला कानून बताते हुए उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता वर्तमान समय में सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार विपक्ष की आवाज को सुनने के बजाय पुलिस के दम पर दबाने की कोशिश में लगी है ।

### पुलिस ने सपा नेताओं को किया नजरबंद

मसौली (**बाराबंकी**)। किसान आंदोलन को लेकर सोमवार को जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करने जाने से पहले मसौली पुलिस ने जिला पंचायत सदस्य एव उनके साथ एक दर्जन से अधिक सपा कार्यकर्ताओं को नजरबन्द किया तथा पुलिस ने सपाइयों को दिन भर घर में कैद रखा। बता दें कि किसान आंदोलन को लेकर पुलिस रविवार रात से ही अलर्ट रही। सपा नेताओं पर कड़ी नजर रखी गयी और घर में ही नजरबंद कर दिया। सुबह से ही हॉइवे और टोल प्लाजा पर पुलिस फोर्स तैनात कर दिया गया। उल्लेखनीय हो कि कृषि कानूनों को लेकर किसान संगठन विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। जिनके समर्थन में सोमवार को समाजवादी पार्टी ने जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। समाजवादी पार्टी के जिला पंचायत सदस्य शकील सिददीकी के घर मसौली पुलिस ने एक दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओं को घर में कैद रखा।

### किसान अपने अधिकारों के लिए सड़कों पर उतरें: तिलक

**ललितपुर**। किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून के दायरे में लाकर निश्चित किया जाये। एमएसपी से कम दाम पर फसल खरीदने वाले उद्यमियों पर मुकद्मा दर्ज हो। समाजवादी पार्टी जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने किसानों से आहवान किया कि आंदोलन को तेज करें और केन्द्र व प्रदेश सरकार से अपने अधिकारों को प्राप्त करने के लिए सड़कों पर आएं। सोमवार को ललितपुर के घण्टाघर पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने लामबंद होकर किसानों के समर्थन में विशाल धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष तिलक यादव ने कहा कि किसानों द्वारा अपने खेत में साल भर मेहनत करके उगायी जाने वाली उपज का मूल्य क्या होगाए इसे तय करने का अधिकार किसानों से छीन लिया जायेगा। किसानों की उपज का मूल्य प्राईवेट सेक्टर यानी उद्यमी ही तय करेगा। इससे किसान बर्बादी की कगार पर पहुंच जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की किसान विरोधी कृषि नीतियों के फलस्वरूप केन्द्र सरकार द्वारा लागू तीन कृषि बिल एवं एमएसपी की गारंटी न देना पूर्णतया किसान विरोधी है, इसीलिए देश भर का किसान आन्दोलनरत है। किसानों की हर तकलीफ पर उल्टे उन्हें ही प्रताड़ित करने वाली भाजपा सरकार में किसान चौतरफा परेशान हाल है। किसान को ना तो फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य मिला है।

## सैकड़ों किसानों ने जगह-जगह किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। बाराबंकी



**किसान** बिल के विरोध मे सोमवार को जिले के सैकड़ों किसानो ने जगह जगह प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा एवं कृषि विधेयक बिल वापस लिये जाने की मांग की। वहीं चप्पे चप्पे पर पुलिस बल भी तैनात रहा जिससे मामूली झड़पे भी हुई लेकिन पुलिस ने सूझ-बूझ से काम लेते हुए रफा-दफा कर दिया। भाकियू टिकैत गुट के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष अनिल वर्मा की अगुवाई मे गन्ना दफ्तर मे प्रदर्शन किया और वहीं धरना देकर बैठ गये। इस दौरान वक्ताओं ने केन्द्र सरकार द्वारा लागू किसान बिल को किसान विरोधी बताया और कहा कि सरकार की नीतियो से परेशान किसान आज सर्द रात मे सड़को पर रहकर प्रदर्शन कर रहा है लेकिन सरकार के कानों मे जूं नहीं रेंग रहा है। इसी क्रम मे भाकियू अम्बांवत गुट, भारतीय किसान यूनियन भानू गुट, आजाद गुट एवं राधे गुट सहित किसानो के विभिन्न संगठनो ने अपने अपने साथियों के साथ प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा और किसान बिल का विरोध जताया। आम आदमी पार्टी ने भी समर्थन में धरना दिया और केन्द्र सरकार पर पूंजीपतियों की सरकार होने का आरोप लगाया। इस दौरान आजाद भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष निहाल अहमद सिद्दीकी, जिला अध्यक्ष लालजी यादव,युवामंडल अध्यक्ष अंकुर यादव,गजराज प्रधान जिला महासचिवसादत सरकार, युवा जिला अध्यक्ष मनीराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## बराक ओबामा को सम्मन नोटिस के लिए कोर्ट में दाखिल हुआ प्रत्यावेदन

संवाददाता। लालगंज (**प्रतापगढ़**)

**पूर्व** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा अपनी पुस्तक ए प्रामिस्ड लैण्ड मे पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह तथा राहुल गांधी पर टिप्पणी को लेकर स्थानीय सिविल न्यायालय में दाखिल परिवाद पर सोमवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता ऑल इण्डिया रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल की ओर से दाखिल प्रत्यावेदन मे कोर्ट से बराक ओबामा को दिल्ली स्थित यूएस दूतावास के जरिये नोटिस सम्मन तामील कराए जाने की मांग उठाई गई। सुनवाई करते हुए सिविल जज विनीत यादव ने परिवाद की पोषणीयता के विचारणीय बिंदुओं के तहत नोटिस सम्मन के भी क्षेत्राधिकार को देखने को कहा है। कोर्ट ने प्रत्यावेदन पर अगली सुनवाई के लिए 23 दिसंबर की तिथि मुकर्रर की है।

गौरतलब है कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा द्वारा अपनी पुस्तक मे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को अपरिपक्व छात्र तथा पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के चयन को लेकर सोनिया गांधी के निर्णय पर टिप्पणी अंकित की गई है। इसे लेकर रूरल बार एसोशिएसन के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने इसे विदेशी राजनेता द्वारा भारत के आंतरिक मामले में आपत्तिजनक दखलंदाजी करार देते हुए सिविल कोर्ट मे परिवाद दाखिल किया गया है। परिवाद मे ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने ओबामा की टिप्पणी को भारत के आंतरिक शांति को प्रभावित करने का आपराधिक षडयंत्र करार देते हुए कोर्ट से पुलिस को एफआईआर दर्ज कराए जाने के निर्देश दिये जाने की फरियाद की है।

### जगदम्बा बने तहसील बार के अध्यक्ष, सुरेश मिश्र महामंत्री

रामनगर (**बाराबंकी**)। तहसील रामनगर बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में अध्यक्ष पद पर जगदंबा सिंह व महामंत्री पद पर सुरेश मिश्र तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष मानसिंह एवं पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर अमर सिंह विजय घोषित हुए। शेष अन्य पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ। 108 बुद्धिमान मतदाताओं में अध्यक्ष पद के दो मतपत्र अवैध निकले यह एक सोचनीय बात है।

सोमवार को रामनगर तहसील बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में 108 अधिवक्ता मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। मतदान के बाद मतगणना शुरू हुई । चुनाव अधिकारी राकेश कांत मिश्र ने इसकी घोषणा की। जिसमें अध्यक्ष पद पर जगदंबा सिंह ने अपने प्रतिद्वंदी अनिल दीक्षित को 2 मतों से पराजित किया। वहीं पर 12 वोटों से सुरेश मिश्र अपने प्रतिद्वंदी सुरेश त्रिपाठी से अधिक वोट पाकर विजयी हुए।

## क्षेत्रीय विधायक ने दो दर्जन दिव्यागों को बांटीं ट्राई साइकिल

संवाददाता। रामसनेही घाट

**सोमवार** को कोटवा सड़क कस्बे में क्षेत्रीय विधायक सतीश चन्द्र शर्मा ने केयर एजुकेशनल ट्रस्ट लखनऊ व जीव दया फाउंडेशन अमेरिका द्वारा दो दर्जन से अधिक दिव्यांगों को ट्राई साइकिल का वितरण किया। ट्राई साइकिल वितरण समारोह को संबोधित करते हुए विधायक श्री शर्मा ने कहा कि केयर एजुकेशनल ट्रस्ट व जीव दया फाउंडेशन द्वारा किया गया यह प्रयास काफी सराहनीय है, इसकी जितनी प्रशंसा की जाए वह कम है। उन्होंने ट्रस्ट के लोगों से अपील की कि वह लोग समाज सेवा के कार्य में जहां भी उनकी जरूरत हो वह हर समय तन मन धन से प्रस्तुत रहेंगे और उन्हें इसका मौका दिया जाना चाहिए। दिव्यांगों को संबोधित करते हुए जीव दया फाउंडेशन की अध्यक्षा रश्मि मिश्र ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा दिव्यांगों को ट्राई साइकिल देकर उन्हें चलने फिरने की सहूलियत दी जा रही है। इसी के साथ उन्होंने दिव्यांगों से कहा कि वह लोग स्वयं आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रयास करें। वह लोग विभिन्न प्रकार के व्यवसाय करके अपनी और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकते हैं, इसके लिए संस्था उनका सहयोग करेगी। केयर एजुकेशनल ट्रस्ट की अध्यक्षा सीमा यादव ने दिव्यांगों का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि कोई काम मुश्किल नहीं है बल्कि मन से काम किया जाए। इस मौके पर संस्था द्वारा मुख्य अतिथि श्री शर्मा तथा जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा व रूपेश प्रताप सिंह तथा आचार्य मिथिलेश वर्मा को सम्मानित भी किया गया। आगनतओ आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संस्था के वेद प्रकाश शुक्ल,राहुल प्रभाकर यादव,रमेश चंद यादव, एसयन यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**परिषदीय विद्यालय के बच्चों को स्वेटर वितरित**

सिरौलीगौसपुर (बाराबंकी)। ठंडक बढ़ने के साथ ही परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को स्वेटर वितरण का कार्य तेजी पकड़ने लगा है। हालांकि सरकार द्वारा ठंठ शुरू होने से पूर्व ही बच्चों को स्वेटर देने का निर्देश दिया गया था। किंतु विभागीय लापरवाही के चलते बच्चों को दिसंबर माह में स्वेटर वितरित किए जा रहे हैं। सोमवार को कम्पोजिट विद्यालय किंतूर में करीब 200 बच्चों को स्वेटर वितरित किए गए। प्रभारी अध्यापक उदय प्रताप सिंह के साथ सौरभ दीक्षित, उमाशंकर, आरती, आदि शिक्षकों ने बच्चों को स्वेटर वितरित किए।